

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 2 अक्टूबर 2024 । वर्ष – 66 । अंक –168 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



गांधी-शास्त्री जयंती आज — पृष्ठ 2
पृष्ठ 3 ■ गांधी को भूलने से बार-बार इंकार करता हुआ भारत ■ महात्मा गांधी की समाज व्यवस्था का आधार है धर्मनिरपेक्षता
पृष्ठ 7 ■ थाईलैंड में बस में आग लगने से 25 विद्यार्थियों की मौत ■ जर्मनी ने लेबनान से अपने नागरिकों को निकाला
भविष्य में भारतीय क्रिकेट के बल्लेबाजी स्तंभ बनेंगे गिल-जायसवाल : अश्विन — पृष्ठ 8

# जम्मू-कश्मीर में 65 फीसदी से अधिक मतदान

## उधमपुर जिले में सबसे अधिक मतदान हुआ, बारामूला में सबसे कम 55.73 फीसदी मत पड़े

**जम्मू/श्रीनगर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण में मंगलवार को सात जिलों के 40 निर्वाचन क्षेत्रों में शाम 17.00 बजे तक औसतन 65.48 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सर्वाधिक वोट छंब विधानसभा सीट पर डाले गए। चुनाव आयोग के मुताबिक उधमपुर जिले में सबसे अधिक 72.91 प्रतिशत और बारामूला में सबसे कम 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा बांदीपोरा जिले में 63.33, जम्मू में 66.79, कठुआ में 70.53, कुपवाड़ा में 62.76 और सांबा जिले में 72.41 प्रतिशत मतदान हुआ। 415 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो गया।

कश्मीर संभाग की जिन 16 सीटों पर आज मतदान हो रहे हैं, वे करनाह, त्रेहगाम, कुपवाड़ा, लोलाब, हंदवाड़ा, लंगेट, सोपोर, रफियाबाद, उरी, बारामूला, गुलमर्ग, वागुरा-क्रीरी, पट्टन, सोनावारी, बांदीपोरा, गुरेज (सुरक्षित) हैं। वहीं जम्मू संभाग की जिन 24 सीटों पर मतदान हो रहे हैं, वे उधमपुर पश्चिम, उधमपुर पूर्व, चेनानी, रामनगर (सुरक्षित), बनी, बिलावर, बसोहली, जसरोटा, कठुआ, हीरानगर, रामगढ़ (सुरक्षित), सांबा, विजयपुर, बिश्नाह (सुरक्षित), सुचेतगढ़



(सुरक्षित), आर.एस.पुरा-जम्मू दक्षिण, बाहु, जम्मू पूर्व, नगरोटा, जम्मू पश्चिम, जम्मू उत्तर, मढ़ (सुरक्षित), अखनूर (सुरक्षित) और छंब हैं। तीसरे चरण के लिए 5060 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं। आयोग के मुताबिक इस दौरान छंब विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 77.25 और सोपोर में सबसे कम 41.44 प्रतिशत मतदान हुआ। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### मतदान के दौरान आतंकी बेटों से वापस लौटने की अपील

कश्मीर के सेबों के शहर सोपोर में आज उत्सव का माहौल था, क्योंकि एक दशक के बाद विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान हो रहा था। ब्राथ कलां इलाके में मतदान केंद्र के परिसर में एक दुर्लभ नजारा देखने को मिला। वोट डालने के बाद दो हताश लोगों को आंसू बहाते देखा जा सकता था, क्योंकि वे अपने आतंकवादी बेटों से वापस लौटने और अपने परिवारों के साथ खुशहाल जीवन जीने की अपील कर रहे थे। गुलाम हसन मीर, जिनके बेटे उमर कुछ साल पहले आतंकवाद में शामिल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### पाकिस्तान से आए शरणार्थियों ने पहली बार डाला वोट

**जम्मू**। जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहली बार वोट डालने के बाद वाल्मीकि और गोरखा समुदाय के अतिरिक्त वेस्ट पाकिस्तान से आए शरणार्थियों ने बेहद खुशी जाहिर की है। अनुच्छेद 370 और 35-ए के निरस्त होने के बाद, ये समुदाय, पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों (डब्ल्यूपीआर) के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र हो गए। गांधी नगर में वाल्मीकि कालोनी और बहू फोर्ट में गोरखा बस्ती में माहौल उत्साहपूर्ण रहा, जहां बड़ी संख्या में पहली बार मतदान करने वाले लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्सुकता से कतार में खड़े थे। 67 वर्षों में पहली बार वाल्मीकि और गोरखा समुदायों को वोट देने और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तक पहुंच का अधिकार मिला। वाल्मीकि परिवारों के लगभग 6,500 सदस्य और लगभग 900 गोरखा परिवार अब जम्मू में मतदान करने के पात्र हैं। जबकि वेस्ट पाकिस्तान के शरणार्थियों को लोकसभा चुनावों में मतदान का अधिकार तो था लेकिन अब वे विधानसभा के चुनावों में भी मतदान करने के अधिकारी बन गए हैं।

### मुख्यमंत्री साय की घोषणा

# 15 नवंबर को हर जिले में मनाया जाएगा 'जनजातीय गौरव दिवस'

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती है। छत्तीसगढ़ में भी इसे भव्य रूप से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने की। विधायक भईयालाल राजवाड़े विशेष अतिथि



के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजातीय समाज में हुआ। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परम्परा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, गैंदसिंह, गुण्डाधूर जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है, जो आज भी अनुकरणीय है। जनजातीय समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है। पूर्वी छत्तीसगढ़ में साल के पेड़ में जब फूल आते है तो सरहुल पर्व मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है। प्रकृति को सहेजकर, प्रकृति के अनुकूल जीवन जीना। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष में किसी तरह का भेदभाव नहीं। सब बराबर हैं और प्रकृति का उपहार सबके लिए है। ये बातें हमें इस समाज से सीखने की आवश्यकता है। वास्तव में जीवन जीने की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप



### अभिनेता गोविंदा को गलती से लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा को मंगलवार सुबह गोली लग गई। उन्हें उनकी ही बंदूक से गोली लगी, जिससे वह घायल हो गए हैं। यह घटना सुबह 4.45 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार जब अभिनेता गोविंदा कहीं जाने के लिए बाहर निकल रहे थे। कथित तौर पर एक्टर अपनी ही बंदूक को संभालते समय मिस फायर कर बैठे, जिससे उनके पैर में गोली लग गई। घटना के बाद तुरंत उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत ठीक है।

### हिरासत में लिए गए सोनम वांगचुक

**नई दिल्ली।** लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर राजधानी दिल्ली तक मार्च करने वाले जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित लद्दाख के करीब 120 लोगों को दिल्ली पुलिस ने शहर की सीमा पर हिरासत में ले लिया है।

### भारत और जमैका कई क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग

**नई दिल्ली।** भारत और कैरेबियाई देश जमैका ने कौशल विकास, क्षमता निर्माण, डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, लघु उद्योग, जैविक ईंधन, नवान्वेषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया।

# पवन देव डीजी पद पर हुए प्रमोट

## गृह विभाग ने जारी किया आदेश

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी पवन देव पुलिस महानिदेशक पद पर पदोन्नत किए गए है गृह विभाग ने आज उनकी पदोन्नति का आदेश जारी कर दिया है पवन देव इस वक्त पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन की कमान संभाल रहे हैं पवन देव को पदोन्नति का लाभ 2 जुलाई से लागू माना जाएगा। विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक जून माह के अंत में हुई थी राज्य कैडर के वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति पर विचार किया गया था इसमें 1992 बैच के अरुण देव गौतम पवन देव और 1994 बैच के हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल थे विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में अरुण गौतम और हिमांशु गुप्ता के नाम को हरी झंडी दे दी थी जबकि पवन देव के खिलाफएक लंबित मामले की चल रही जांच की वजह से उनके नाम को लिफाफे में बंद रखने का फ़ैसला लिया गया था पवन देव वरिष्ठता क्रम में अरुण देव गौतम से ऊपर हैं



### डीजीपी की रेस में सबसे आगे

प्रदेश के डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने वाला है प्रदेश में नए डीजीपी की तलाश जारी है इस बीच आईपीएस पवन देव को वरिष्ठता के आधार पर डीजीपी की रेस में सबसे आगे माना जा रहा है गौरतलब है कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पवन देव ने 10 जनवरी 1993 को आईपीएस के रूप में सेवा में प्रवेश किया। शुरुआत में वे बिलासपुर जिले में प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर कार्यरत रहे और इस दौरान मस्तूरी थाना प्रभारी के रूप में भी सेवा दी। बाद में वह बिलासपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बने और राजनांदगांव के पुलिस अधीक्षक के पद पर भी कार्य किया। इसके अलावा वह लोक अभियोजन के संचालक के साथ.साथ छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती एवं चयन का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल चुके हैं। इसके अलावाए वे आईजी सीआईडी के पद पर भी रहे हैं।

# शराब घोटाला: हाई कोर्ट ने खारिज की त्रिपाठी और ढिल्लन की जमानत याचिका

**बिलासपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाई कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में आरोपी अरुणपति त्रिपाठी और त्रिलोक सिंह ढिल्लन की ज़मानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपियों ने ईओडब्लू के द्वारा शराब घोटाला मामले में दर्ज एफआइआर को लेकर जमानत याचिका दायर थी, जिस पर जस्टिस अरविंद वर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई, दोनों पक्षों को सुनने के बाद बीते माह हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिस पर ऑर्डर जारी किया गया है।

दरअसल, ईडी ने शराब घोटाले मामले में मई 2023 में आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और शराब वितरण ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



### सड़क हादसे में घायल मरीज के इलाज में लापरवाही जिला अस्पताल प्रबंधक पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

सड़क हादसे के मरीज का जिला अस्पताल में इलाज नहीं किए जाने को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने संज्ञान में लिया है। इस मामले में न्यायाधीशों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और बिभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई डिवीजन बेंच ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर जमकर नाराजगी जताई। न्यायाधीश ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### भाजपा सरकार ने रोजगार के सारे रास्ते बंद किए : राहुल

**सोनीपत**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने रोजगार के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं और हरियाणा के युवा रोजगार के लिए विदेश जाने को मजबूर हो गए हैं। राहुल गांधी ने सोनीपत में कहा कि वे अमेरिका में हरियाणा के युवाओं से मिले, जिन्होंने बताया कि हरियाणा में एक तरफ महंगाई है तो दूसरी तरफ रिकार्ड बेरोजगारी है। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार ने जवानों की पेंशन की राशि को अडाणी की जेब में डालने का काम किया है और युवाओं के लिए अग्निवीर योजना लाकर उनके भविष्य से खिलवाड़ किया है।

### अर्बन नक्सलियों के शिकंजे में कांग्रेस : मोदी

**पलवल**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस को अपने निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आर्टिकल 370 घाटी में वापस लाने की बात करती है। लेकिन, एक बार भी यह नहीं कहा कि पीओके वापस लाएंगे। कांग्रेस देश की सबसे बेईमान और धोखेबाज पार्टी है। आज की कांग्रेस अर्बन नक्सलियों के शिकंजे में है। दुनिया में जो भारत को बदनाम करने में जुटे हैं, जो हमारे दुश्मनों के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं। कांग्रेस के नेता खुले आम उसे गले लगाते हैं, अर्बन नक्सली गठजोड़ भारत को कभी भी मजबूत होते नहीं देख सकता है, इसलिए ये लोग हमारी सेना पर भी हमला करते हैं, हमारी सेना ने दुश्मनों को बार-बार पीटा, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार दुश्मनों की तारीफ करता है, मैं सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट देख रहा था, वहां कांग्रेस को लेकर कुछ लोगों ने कुछ पोस्टर डाले थे। इनमें लिखा था कि कांग्रेस के लोग जोर-जोर से कहते हैं कि आर्टिकल 370 को वापस लाएंगे। लेकिन, कांग्रेस ने एक बार भी ये नहीं कहा कि पीओके वापस लाएंगे।

### छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग की भर्ती में आयु सीमा में मिली 5 साल की छूट

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल से सरकार द्वारा पुलिस के पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया-2024 के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने का आदेश जारी कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को दिए आश्वासन को पूरा करते छूट का आदेश जारी किया गया है। यह छूट सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में केवल एक बार के लिए निर्धारित अधिकतम आयूसीमा में 05 वर्ष (सभी छूटो को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी) का शिथिलीकरण करते हुए निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान किया गया है।

# छत्तीसगढ़ की तर्ज पर अब ओड़िशा में भी किसानों से होगी धान की खरीदी

### ओड़िशा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा के नेतृत्व में अध्ययन दल ने छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था और पीडीएस सिस्टम को सराहा

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ओड़िशा में भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। ओड़िशा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा के नेतृत्व में आए अध्ययन दल ने आज छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था और पीडीएस सिस्टम का अवलोकन किया और इसकी तारीफ की। पात्रा ने बताया कि अब छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ओड़िसा में भी किसानों से समर्थन मूल्य के साथ-साथ अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि के साथ धान की खरीदी की जाएगी। ओड़िसा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने पहले कैबिनेट की बैठक में ही इस संबंध में निर्णय लिया गया है।



ओड़िसा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने कहा कि सरल और सहज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री साय की प्रशंसा करते हुए पात्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति में खरा साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि ओड़िशा में भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने साय सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति अमल में लाई जाएगी। ओड़िसा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और ओड़िसा दोनों पड़ोसी राज्य है। डबल इंजन के सरकार के साथ दोनों राज्य तेज गति से विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर मंत्रियों द्वारा हमें हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया गया है। ओड़िसा में धान खरीदी व्यवस्था और पीडीएस सिस्टम में जहां-जहां कमी पाई जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के सिस्टम का अनुकरण कर योजनाओं ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



# देश

**उवाच**

मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान ने राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया है। उनके बयान में क्या गलत है। हम लोगों को उनसे इतनी बड़ी प्रेरणा मिली है। हम लोग फिर से आजादी का आंदोलन चला रहे हैं। इनसे हम देश को आजाद कराएंगे।

–पवन खेड़ा,कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 25.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# प्रौद्योगिकी की ताकत के इस्तेमाल में सक्षम बनें अधिकारी : द्रौपदी मुर्मू

■ राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज पाठ्यक्रम के संकाय सदस्यों से की मुलाकात

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सैन्य और सिविल अधिकारियों के लिए प्रौद्योगिकी की ताकत के इस्तेमाल में सक्षम होना जरूरी है क्योंकि इस ताकत के बिना वे संगठन, देश और समग्र रूप से मानव जाति की भलाई के लिए कुछ नहीं कर सकते। नवाचार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह भी एक दूसरा कारक है जो अधिकारियों को भविष्य के लिए तैयार रखेगा। मुर्मु ने मंगलवार को यहां 64वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज पाठ्यक्रम के संकाय और पाठ्यक्रम सदस्यों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि निरंतर बदल रही वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति कई तरह की चुनौतियां पेश कर रही हैं।

हाल के दिनों में जिस तेज गति से घटनाएं सामने आई हैं, शायद एक दशक पहले इसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को, चाहे वे सिविल सेवाओं से हों या रक्षा सेवाओं से, उन्हें अपने सामने आने वाली चुनौतियों और कमजोरियों के बारे में पता होना चाहिए, और उन शक्तियों के बारे में पता होना चाहिए जो ऐसी चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकती हैं। एक ताकत जो उनके पास होनी चाहिए और उसके बिना वे कुछ नहीं कर सकते, वह है अपने संगठनों, देशों और समग्र रूप से मानव जाति की भलाई के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में सक्षम होना।



निरंतर बदल रही वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति कई तरह की चुनौतियां कर रहीं हैं पेश : द्रौपदी मुर्मू

### राष्ट्रपति ने नवाचार पर दिया जोर

नवाचार एक अन्य कारक है जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रखेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि आज, हमारी सुरक्षा संबंधी चिंताएं क्षेत्रीय अखंडता से आगे बढ़कर राष्ट्रीय कल्याण के अन्य क्षेत्रों जैसे आर्थिक, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा मुद्दों तक भी पहुंच गई हैं। इन चिंताओं के समाधान के लिए गहन शोध तथा समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास ने राष्ट्रों के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना और उपयोग करना अनिवार्य बना दिया है। शासन प्रणालियों में भारी मात्रा में डेटा और संवेदनशील जानकारी भी उपलब्ध है जिसे असुरक्षित नहीं छोड़ा जा सकता है। उन्होंने सभी से इस मुद्दे की गंभीरता को समझने और इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरे हैं साइबर हमले : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरे हैं। साइबर हमलों से निपटने और उनका मुकाबला करने के लिए उच्च-स्तरीय तकनीकी हस्तक्षेप के साथ-साथ अच्छी तरह से प्रशिक्षित मानव संसाधन के साथ-साथ मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। यह उन क्षेत्रों में से एक है जहां सिविल सेवाओं और सशस्त्र बलों को ऐसे हमलों को विफल करने में सक्षम एक सुरक्षित राष्ट्रव्यापी प्रणाली बनाने के लिए हाथ मिलाना चाहिए।

## भाजपा से हाथ मिलाने में संकोच नहीं करेगी नेकां : इंजीनियर रशीद

**श्रीनगर,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के अध्यक्ष अब्दुल रशीद शेख ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) बहुमत हासिल नहीं कर पाई तो वह अगली सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाने में भी नहीं झिझकेगी। रशीद ने विधानसभा चुनाव के तीसरे और आखिरी चरण के मतदान के तहत कुपवाड़ा जिले के लंगेट में एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने के बाद यह बात कही। रशीद ने संवाददाताओं से कहा कि अगर भाजपा और नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को लगेगा है कि पीडीपी के साथ हाथ मिलाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है...तो मेरी भविष्यवाणी है कि नेकां और भाजपा जम्मू-कश्मीर में मिलकर अगली सरकार बनाने से परहेज नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए और भी बुरी चीजें होंगी, जिन्हें नेकां-भाजपा सरकार को देखना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के भूखे इन नेताओं के लिए लोगों पर शासन करने से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग कश्मीर में सत्ता के लिए लड़ रहे हैं, वे यहां के लोगों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं बल्कि कश्मीर में दिल्ली के हितों की रक्षा कर रहे हैं। बारामूला से सांसद रशीद को अपनी एआईपी पार्टी के सदस्यों के पक्ष में प्रचार करने के लिए 20 दिनों की अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहा किया गया है और उनकी जमानत बुधवार को समाप्त हो जाएगी।



■ चुनाव में नेकां के बहुमत हासिल नहीं करने पर जताई संभावना

## देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में वायुसेना पूरी तरह सक्षम : राजनाथ सिंह

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें गर्व है अपनी वायुसेना पर, जो कि दुश्मनों के दांत खट्टे करने में पूरी तरह से सक्षम है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने आत्मनिर्भर भारत पहल के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारतीय वायुसेना को अत्याधुनिक तकनीक से मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर वायु वीर विजेता कार रैली के प्रतिभागियों को विदाई भी दी। लद्दाख के थोइस से शुरू होने वाला यह अनूठा कार्यक्रम, जो समुद्र तल से 3,068 मीटर ऊपर दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है, का उद्देश्य भारतीय वायुसेना की वर्षगांठ मनाना है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7,000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह रैली 8 अक्टूबर, 1932 को भारतीय वायुसेना की स्थापना का जश्न मनाना चाहती है। सिंह ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके साहस, समर्पण और देशभक्तिपूर्ण सेवा के लिए वायु योद्धाओं की प्रशंसा की। यह रैली महज जश्न मनाने से कहीं बढ़कर एक महत्वपूर्ण उद्देश्य पूरा करती है। इसे युवाओं और भारतीय वायुसेना के सदस्यों के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देने, वायुसेना में रुचि जगाने और छात्रों में इसके प्रति सम्मान पैदा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पहल के जरिए, रक्षा मंत्री को उम्मीद है कि ज़्यादा से ज़्यादा युवा भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए आकर्षित होंगे। गौरव, गर्व और राष्ट्रीय सेवा से भरे एक संपूर्ण जीवन की संभावनाओं को प्रदर्शित करके, इस कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक भूमिकाओं से परे भारत के युवाओं की करियर आकांक्षाओं को व्यापक बनाना है। इस कार्यक्रम में सिंह का संबोधन सिर्फ सेना की ताकत के बारे में ही नहीं था, बल्कि देश के युवाओं को प्रेरित करने के बारे में भी था।

उन्होंने भारत के प्रतिभाशाली व्यक्तियों के लिए सशस्त्र बलों में भविष्य की कल्पना करने की इच्छा व्यक्त की, जहां वे देश के लिए सम्मान और समर्पण से भरा जीवन जी सकें। रैली के प्रतिभागी लेह, कारगिल और जम्मू सहित विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर रुकेंगे और 29 अक्टूबर को तवांग में अपनी यात्रा का समापन करेंगे। यह मार्ग भारतीय वायुसेना के ऐतिहासिक महत्व और भारत की संप्रभुता की रक्षा में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है।



■ वायु सेना की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

## सार संक्षेप

### मोदी ने कोविंद को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मोदी ने शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। समाज के प्रति उनकी सेवा और राष्ट्रीय प्रगति में योगदान के लिए उन्हें व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। विभिन्न विषयों पर उनकी अंतर्दृष्टि भी बहुत समृद्ध है। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

### पायलट कांग्रेस की 'न्याय यात्रा' की समाप्ति पर लेंगे भाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की 'न्याय यात्रा' मंगलवार को राजधानी के नगर निगम सीमा में प्रवेश कर गयी। यात्रा का रात्रि विश्राम सड्डू में होगा, जहां से यात्रा बुधवार यानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दो अक्टूबर को गांधी मैदान में विशाल आमसभा में परिवर्तित हो जायेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट शास्त्री चौक से यात्रा में शामिल होंगे तथा वह गांधी चौक आमसभा में भी शामिल होंगे।

### मुंबई में ट्रक ने स्कूली छात्रा को कुचला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपनगर मुंबई में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने एक स्कूली छात्रा को कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा तब हुआ जब बालिका अपने पिता के साथ स्कूल जा रही थी। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गोरेगांव में ओबेरॉय मॉल के पास हुई और लड़की की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता सुरक्षित बच गए। पुलिस ने ड्राइवर की गिरफ्तारी के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

### बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापितों को न्याय नहीं मिला : हेमन्त सोरेन

**बोकारो।** झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एशिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट बोकारो में है लेकिन आज तक बोकारो के विस्थापितों को न्याय नहीं मिला। सोरेन ने मंगलवार को बोकारो जिले के चंदनकियारी में आयोजित योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, चाहे वह मइँया योजना हो या 200 यूनिट मुफ्त बिजली या बिजली बिल माफ। अधिकारियों को गांव-गांव के घर तक पहुंच रहे हैं।

## भागलपुर में जोरदार बम धमाके से मचा हड़कंप

**पटना/भागलपुर,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भागलपुर में जोरदार बम धमाके से हड़कंप मच गया है। इसकी चपेट में आने से मैदान में खेल रहे तीन बच्चे बुरी तरह से झुलस गए हैं। घटना हबीबपुर थाना क्षेत्र के शाहजंही मैदान में हुआ है। दरअसल, शाहजंही मैदान इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अचानक बम का जोरदार धमाका हुआ। तेज धमाके की आवाज लोगों ने दूर तक सुनी। बम विस्फोट की बात सामने आ रही है। इसकी चपेट में आने से मैदान में खेल रहे तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मो. इरसाद के दो बेटे मन्ना और गोलू बुरी तरह से झुलस गए हैं। आनन-फानन में घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर रुप से झुलसे दो बच्चों को मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले के छानबीन में जुट गई है। धमाका बम का था या किसी दूसरी चीज का था, इसकी जांच चल रही है।



■ तीन बच्चे बुरी तरह से झुलसे

## नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक में 45 एजेंडों पर लगी सरकार की मुहर

# शिक्षकों के ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर नहीं मिली मंजूरी

**पटना,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सचिवालय में चल रही नीतीश कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 45 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी है। हालांकि शिक्षकों के ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर मंजूरी नहीं मिली है। ऐसे में अभी बिहार के शिक्षकों को और इंतेजार करना पड़ेगा।

मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में खगड़िया के गोगरी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में 10 कोर्ट भवन, हाजत भवन एवं एमिनिटी भवन के निर्माण के लिए 32 करोड़ 56 लाख 94 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। वही पूर्णिया के बनमनखी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में 10 कोर्ट भवन, हाजत भवन एवं एमिनिटी भवन के निर्माण कार्य के लिए 34 करोड़ 98 लाख 89 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। कटिहार के मनिहारी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में 10 कोर्ट भवन, हाजत भवन और एमिनिटी भवन बनेगा। इसके लिए 36 करोड़ 96 लाख 54 हजार की स्वीकृति दी गई है। वही वैशाली के महनार अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में भी 10 कोर्ट भवन के निर्माण के लिए 26 करोड़ 83 लाख 13 हजार रूपये, कैदी हाजत भवन के लिए 1 करोड़ 21 लाख 41 हजार और एमिनिटी भवन के लिए 6 करोड़ 83 लाख 60 हजार यानि कुल 34 करोड़ 88 लाख 14 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

वही सामान्य प्रशासन विभाग ने 2025 के लिए बिहार सरकार के कार्यालयों में अवकाश और निगोसियेबुल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत बिहार राज्य में अवकाश की घोषणा की है। वही बिहार सिविल सेवा (न्याय शाखा) (प्रशिक्षण एवं विभागीय परीक्षा) (संसोधन) नियमावली 2024 की स्वीकृति दी गई है। वही सारण समाहरणालय परिसर, छपरा में प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण में 44 करोड़ 37 लाख 74 हजार रुपये खर्च होंगे। इसके लिए भी स्वीकृति दी गई है। 11 नवम्बर से 20 नवम्बर तक राजगीर में हॉकी एशियन चैम्पियनशीप महिला ट्रॉफी के आयोजन के लिए बिहार सरकार ने हॉकी इंडिया को 10 करोड़ की राशि देने का फैसला लिया है। भवन निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन बापू टॉवर समिति के गठन एवं बिहार सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत निबंधन के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। वही मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में नया केयर यूनिट बनाया जाएगा। मुख्य अभियंता संजय कुमार सिंह को 1 साल के लिए संविदा के आधार पर नियोजन दिया गया है।



■ अब बिहार के शिक्षकों को करना पड़ेगा और इंतेजार

### चौथे कृषि रोड मैप के लिए 6212 करोड़ की मिली मंजूरी

पटना के बिहटा में 300 बेड का एक नया अस्पताल बनाने का भी फैसला लिया गया है। चौथी कृषि रोड मैप के लिए 6212 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है। ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विज्ञान संस्थान के सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी दी गई। भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पटना राकेश कुमार को दो साल का एक्सटेंशन दे दिया गया। निगरानी विभाग में सीबीआई से सेवा प्राप्त पुलिस अधीक्षक को संविदा के आधार पर रखने को मंजूरी दी गई है। बिहार विधानसभा के सदस्य और बिहार विधान परिषद के सदस्य पूर्व सदस्य को चिकित्सा नियमावली में संशोधन किया गया है। उन्हें अब पहले से अधिक सुविधा मिलेगी। बिहार में मुख्यमंत्री वाहन चालक कल्याण योजना 2024 को मंजूरी दी गई है। सिवान के चंचूआ और जगदीशपुर को नगर पंचायत में शामिल किया जाएगा।

## बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में तेजी लाए सरकार : पप्पू यादव

**दरभंगा,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मंगलवार को कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में सरकार तेजी लाए और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की हेलीकॉप्टर से मॉनिटरिंग की जाए। यादव ने मंगलवार को बाइक पर सवार होकर दरभंगा जिले के अलग-अलग बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। सांसद ने बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक मदद पहुंचाई।

उन्होंने किरतपुर में कोसी नदी के टूटे तटबंध को देखा और बाढ़ पीड़ितों से उसका हालचाल भी जाना। यादव ने बाढ़ की त्रासदी को देखकर केंद्र और राज्य सरकार से बाढ़ पीड़तों की हर संभव मदद करने की मांग करते हुए कहा की चुनाव में तीस-चालीस हेलीकप्टर नेता और पार्टी लगाती है लेकिन बाढ़ पीड़ितों के लिए एक भी हेलीकप्टर मॉनिटर करने के लिए नहीं लगाया गया है।



■ बाइक पर सवार होकर दरभंगा में बाढ़ पीड़ितों का जाना हाल
■ केंद्र और राज्य सरकार से की बाढ़ पीड़तों की मदद की मांग

उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि कोशी इलाके के लोगो का क्या दोष है। उन्होंने कहा कि सरकार को लगता है बाढ़ पीड़ितों को एक क्वींटल अनाज दे देंगे और फिर 2025 के चुनाव में उनकी सरकार बन जाएगी। सांसद ने कहा कि बाढ़ की विभिषिका को देखते हुए सरकार को बाढ़ पीड़ित के लिए अपना खजाना खोल देना चाहिए।

### समूहिक रसोई चालू कराने की घोषणा की

जमालपुर पंचायत में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो के दौरा के क्रम में बाढ़ पीड़ितों का दर्द सुनकर पप्पू यादव भावुक हो गए और तत्काल उन्होंने दो जगहों पर अपनी तरफ से बाढ़ पीड़ितों के लिए कम्युनिटी किचन चालू कराने की न सिर्फ घोषणा की बल्कि इसके लिए उन्होंने तत्काल पचास-पचास हजार रुपए भी दिए, जिससे बाढ़ पीड़ितो का पेट भरा जा सके।

## मप्र में एसबीआई के तत्कालीन अधिकारी समेत छह को सजा

**भोपाल,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश ने लगभग बीस वर्ष पुराने अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने के मामले में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के तत्कालीन सहायक महाप्रबंधक जितेंद्र प्रताप सिंह और पांच अन्य परिजनों रिश्तेदारों को दोषी पाए जाने पर सश्रम कारावास और 33 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना सुनाया है। सीबीआई की ओर से आज मुहैया करायी गयी जानकारी के अनुसार विशेष न्यायाधीश ने भोपाल एसबीआई में पदस्थ रहे तत्कालीन सहायक महाप्रबंधक जितेंद्र प्रताप सिंह को पांच वर्ष का सश्रम कारावास और 33 लाख 22 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा उनकी पत्नी किरण सिंह, पुत्रियों नम्रता सिंह और अंवेषा सिंह, गरिमा सिंह और दादाद समीर सिंह को एक एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा कुल 25 हजार रुपए का जुर्माना सुनाया गया है। सीबीआई ने जून 2005 में मुख्य आरोपी जितेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामला जांच में लिया था। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर वर्ष 1999 से 2005 के दौरान लाखों रुपयों की अनुपातहीन संपत्ति बनायी।




## कार्यालय, नगरपालिका परिषद महासमुन्द जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

Tele Phone No-07723-224985, Email ID- nppmahasamund@gmail.com

क्र./1272/न.पा./ लो.नि.वि./2023-24 महासमुन्द दिनांक 30/9/24

**// ई- निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगरपालिका परिषद महासमुन्द के अधीन निम्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा प्रपत्र "A" में छ.ग. लोक स्वास्थ यांत्रिक विभाग पी.एच.ई.डी एस.ओ.आर. (दिनांक 07.02.2013 एवं 07.02.2020 से प्रभावशील), एवं छ.ग. लोक निर्माण विभाग में प्रचलित भवन / सड़क एस.ओ.आर. (दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील) एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. (दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील), प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

1 Date of Issue of Tender :- 30.09.2024 5.30 PM
2 Last Date for On Line Submission for Technical & Financial Bid :- 21.10.2024 5.30 PM
3 Last Date for Submission of physical bid :- 25.10.2024 3.00 PM
4 Bid Open Date :- 25.10.2024 4.00 PM

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम एवं स्थल | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि | एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 159314 | वार्ड 14 में पी.डब्ल्यू.डी. ओवरब्रिज के नीचे गार्डन में प्रीकास्ट इंटरलाकिंग कांक्रीट कार्य | 25.24 | 19,000.00 | "A" | 1500.00 | 04 माह | CG PWD Building/Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 |
| 2 | 159333 | वार्ड 14 में पी.डब्ल्यू.डी. ओवरब्रिज के नीचे गार्डन के लिए बाउंड्रीवाल, हार्टीकल्चर एवं लैण्ड स्केपिंग कार्य | 36.47 | 27400.00 | "A" | 1500.00 | 04 माह | CG PWD Building/Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 |
| 3 | 159334 | गुलशन चौक से आयोध्या नगर से होते हुये राम वाटिका कालोनी ट्यूबलर पोल प्रदाय व स्थापना कार्य। | 35.06 | 26300.00 | "A" | 1500.00 | 04 माह | CG PWD Building/Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 |
| 4 | 159336 | मोती गार्डन से रेल्वे स्टेशन रोड तक ट्यूबलर पोल प्रदाय व स्थापना कार्य। | 45.82 | 34400.00 | "A" | 1500.00 | 04 माह | CG PWD Building/Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 |
| 5 | 159337 | दशहरा मैदान से मंडी गेट तक ट्यूबलर पोल प्रदाय व स्थापना कार्य। | 28.40 | 21100.00 | "A" | 1500.00 | 04 माह | CG PWD Building/Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 |
| 6 | 159338 | कुशाभाउ ठाकरे गार्डन के पास ओव्हर हेड टैंक हेतु सम्पवेल (क्षमता -1.00 लाख लीटर, मोटर व पाईप लाईन सहित) निर्माण कार्य (41.82 लाख) एवं पंप हाउस निर्माण कार्य (1.17 लाख) | 42.99 | 32500.00 | "A" | 1500.00 | 06 माह | CG PHED SOR 07.02.2013 & CG PWD Building/Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 |
| 7 | 159340 | कुशाभाउ ठाकरे गार्डन के पास ओव्हर हेड टैंक निर्माण कार्य (क्षमता 5.00 लाख लीटर, स्टेजिंग 20.00 मीटर) | 50.00 | 37500.00 | "A" | 1500.00 | 06 माह | CG PHED SOR 07.02.2020 & CG PWD Building/Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा,निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in/** से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद महासमुंद



## भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता- 700020. CIN नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेंद्र सरकार/ब्लॉक 7/23, वार्ड नंबर 8, हरि मंदिर के पास, माना कैंप, छत्तीसगढ़, रायपुर-492015/ LBRPR00005359381 | प्लॉट नंबर एलआईजी 416 (एल/416), खसरा नंबर 162/5 का भाग, सेजबहार दीनदयाल आवास योजना, मौजा सेजबहार, पी.एच. नंबर 82, सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आर.एन.एम. रायपुर 18, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 83.62 वर्ग मीटर या 900 वर्ग फीट/ भौतिक कब्जे की तिथि 26.09.2024 | 23/12/2022 रु. 11,93,090/- | रायपुर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(यों) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अक्टूबर 01, 2024**
**स्थान : रायपुर**

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

## मेरी फिल्मों की तरह मेरा संगीत भी किसी फॉर्मूले में बंधा नहीं है : आयुष्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आयुष्मान खुराना ने इंटरनेशनल म्यूजिक डे पर अपने गानों को लेकर खुलकर बात की। अभिनेता ने कहा कि मेरी फिल्मों की तरह मेरा म्यूजिक भी किसी फॉर्मूले में बंधा नहीं है। ड्रीम गर्ल में अपने मजेदार किरदार से लोगों का दिल जीतने वाले आयुष्मान ने अपने गानों के बारे बताया कि मेरी फिल्मों की तरह, मेरा संगीत भी किसी फॉर्मूले में बंधा हुआ नहीं है। मैं एक कलाकार होने के नाते कोई खास रूल फॉलो नहीं करता और न ही कभी करना चाहता हूं। मैंने अपने संगीत के माध्यम से हमेशा अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ न्याय करने की कोशिश की है और मुझे खुशी है कि लोगों ने इसे स्वीकार किया है और मुझे इतना प्यार दिया है।

## गर्भवती होने के बावजूद लगातार शूटिंग कर रही हैं देवोलीना

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी इन दिनों मां बनने की यात्रा का आनंद उठा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे वह अपने जीवन और करियर के बीच संतुलन बना रही हैं। देवोलीना ने कहा कि उन्हें आजकल अक्सर सहायता की आवश्यकता पड़ती है।



उन्होंने बताया कि गर्भवती होने के बावजूद मैंने अपनी शूटिंग जारी रखी है, ताकि मेरे दर्शक मुझे स्क्रीन पर देखते रहें और मैं उनका मनोरंजन करना जारी रख सकूं। गर्भवती होने के चलते मुझे सेट पर अपना खास ध्यान रखना पड़ता है, इसके लिए मुझे अक्सर दूसरों से सहायता की जरूरत पड़ती है। गर्भवती होने के दौरान सेट पर आने वाली चुनौतियों पर बात करते हुए देवोलीना भट्टाचार्जी ने कहा कि मैं इस सन नियो शो में देवी छठी मैया का किरदार निभा रही हूं, इसलिए मुझे भारी आभूषण पहनने पड़ते हैं। खासतौर पर मुझे हार और मुकुट पहनना पड़ता है, जो मुझे बोझिल लगता है। लेकिन यह मेरे लिए एक नया अनुभव है और कुछ अलग करने में कोई बुराई नहीं है। देवोलीना ने शो में अपने किरदार को अपने स्वभाव के साथ जोड़ते हुए कहा कि जिस तरह मेरा किरदार क्रोधित होने पर काली माता का उग्र रूप धारण कर लेता हैं, उसी तरह मैं भी तब तक शांत रहती हूं, जब तक कोई जानबूझकर मुझे परेशान करने की कोशिश नहीं करता। लेकिन अगर कोई ऐसा करता है तो मैं काली माता की तरह ही उग्र हो जाती हूं। शो छठी मैया की बिटिया सन नियो पर प्रसारित होती है। पारिवारिक ड्रामा वैष्णवी पर केंद्रित है, जो अनाथ है और छठी मैया को अपनी मां मानती है।



## की बीमारी व मधुमेह से जूझ रहे लोगों की मुश्किलों को कम करेगा आंतरायिक उपवास

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंटरमिटेंट फास्टिंग जिसे हिंदी में आंतरायिक उपवास कहते हैं दिल की बीमारी और डायबिटीज से जूझ रहे लोगों की मुश्किलों को काफी हद तक कम कर सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, अपने भोजन में प्रतिदिन 10 घंटे का अंतर रखने से ब्लड शुगर को नियंत्रित किया जा सकता है।

दो वक्त के आहार के मध्य 10 घंटे का अंतर रखना, इंटरमिटेंट फास्टिंग का एक प्रकार है। ये आपके मेटाबॉलिक सिंड्रोम को मैनेज करने में भी मदद कर सकता है। अब ये मेटाबॉलिक सिंड्रोम क्या है? तो ये एक ऐसी मेडिकल स्थिति है जो आपको हृदय रोगी बना सकती है या फिर मधुमेह और स्ट्रोक का कारण बन सकती है।

सिंड्रोम के लिए जिम्मेदार जोखिम कारकों में हाई ब्लड शुगर, हाई बीपी (उच्च रक्तचाप) और उच्च कोलेस्ट्रॉल शामिल हैं। और ये सभी प्रमुख कारक दिल के लिए ठीक नहीं होते।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया सैन डिएगो और अमेरिका में साल्क इंस्टीट्यूट के नेतृत्व में ये अध्ययन किया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि निष्कर्ष से उन लोगों की मदद हो सकती है जो अपने मेटाबॉलिक सिंड्रोम को लेकर फिक्रमंद हैं और टाइप 2 मधुमेह का जोखिम कम करना चाहते हैं। ट्रायल स्टेज की रिपोर्ट, एनल्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन में ऑनलाइन प्रकाशित की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, मेटाबॉलिक सिंड्रोम वाले 108 वयस्क रोगियों



को या तो समय-प्रतिबंधित आहार समूह और नियंत्रण समूह में विभाजित किया गया। दोनों समूहों को तय मानक के मुताबिक ट्रीटमेंट दिया गया और इन्हें मेडिटेरियन डाईट (फल,

**■ भोजन में प्रतिदिन 10 घंटे का अंतर रखने से ब्लड शुगर होगा नियंत्रित**

सब्जी, फिश जैसा आहार) के पोषक तत्वों के फायदे समझाए गए।समय-प्रतिबंधित आहार लेने वाले समूह के प्रत्येक व्यक्ति को अपने खाने में 10 घंटे का अंतर रखना था, जो जागने के कम से कम एक घंटे बाद शुरू होता था और सोने से कम से कम तीन घंटे पहले समाप्त होता था।तीन महीने बाद, जिन रोगियों ने समय-प्रतिबंधित आहार का नियमानुसार पालन किया उनमें हृदय स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया। साल्क इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर सच्चिदानंद पांडा ने बताया कि दिन का समय मानव शरीर में शुगर और फैट की प्रोसेसिंग में अहम भूमिका निभाता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि इंटरमिटेंट फास्टिंग ने लोगों को शरीर का वजन कम करने, उचित बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) बनाए रखने और एब्डॉमिनल ट्रंक फैट (एक प्रकार का वसा जो मेटाबॉलिक डिजीज से जुड़ा है) को मैनेज करने में अहम भूमिका निभाई।

## 'प्लेटफॉर्म बुसान' में आमंत्रित होनेवाले ओडिशा के पहले फिल्म निर्देशक बने प्रणब आईच

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रणब आईच ओडिशा के पहले फिल्म निर्देशक बन गए हैं, जिन्हें दक्षिण कोरिया के मशहूर 'बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' के प्लेटफॉर्म बुसान 2024 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ख़ास तौर से आमंत्रित किया गया है। 'प्लेटफॉर्म बुसान' 5 से 8 अक्टूबर तक दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित किया जाएगा। 'प्लेटफॉर्म बुसान' एशिया के सबसे सम्मानित मंचों में से एक है, जो नए और उभरते फिल्म निर्देशकों को मास्टरक्लास में भाग लेने और अपनी फिल्मों को विश्व के अनेक फिल्म निर्माताओं, वितरकों और फिल्म फेस्टिवल के प्रोग्रामर्स के सामने दिखाने का सुनहरा मौका देता है। प्लेटफॉर्म बुसान के दौरान प्रणब अपनी पहली डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म 'नंदा मास्टर का चटशाली' दिखाएंगे। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण अभय पती ने अभिस्मिता फिल्म्स के बैनर तले किया है। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्मश्री पुरस्कार' से नवाजे गए मशहूर शिक्षाप्रेमी स्वर्गीय श्री नंदा प्रुष्टी के जीवन को दर्शाया गया है। नंदा प्रुष्टी जिन्हें प्यार से 'नंदा मास्टर' बुलाया जाता था, उन्होंने अपने जीवनकाल के लगभग सत्तर साल उड़ीसा के कांतिरा गांव में रहनेवाले गरीब बच्चों और ग्रामीणों को मुफ्त शिक्षा देने और उनका भविष्य बनाने के लिए समर्पित कर दिया। वर्ष 2021 में उन्हें शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## सेम की फली के फायदे बेशुमार

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। जब बात पोषक आहार की आती है तो सब्जियों का विशेष महत्व है। सब्जियों में अच्छी मात्रा में विटामिन और फाइबर होते हैं जो हमारे शरीर की क्रियात्मक क्षमता में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा सब्जियों में कैलोरी इतनी कम होती है कि इनके सेवन से वजन बढ़ने जैसी भी कोई समस्या नहीं होती है।

वैसे तो अलग-अलग तरह की सब्जियां हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार होती है लेकिन सेम की सब्जी का अपना महत्व है। सेम सेहत के लिए काफी गुणकारी माना जाता है। यह खाने में भी स्वादिष्ट होता हैं। लोग इसे अपनी डाइट में भी शामिल करते है। मटर जैसी दिखने वाली सेम की फली में विटामिन सी और विटामिन ए होता है। फाइबर भी उच्च मात्रा में होता है। जिसके चलते यह मधुमेह, हाई कोलेस्ट्रोल, अधिक वजन जैसी समस्याओं में एक बढ़िया आहार बन जाती है। फाइबर के चलते पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में सेम की सब्जी बेहद असरदार मानी जाती है। इसमें पाए जाने वाला फाइबर लंबे समय तक पेट भरे रहने का एहसास दिलाता है। इसलिए डाइट वाले लोग भी सेम की फली क ो



**■ सेम की फली में होता है विटामिन सी और विटामिन ए**

से हत के लिए बेहद फायदेमंद मानते है। इसके अलावा, सेम की फली में कई औषधीय गुण भी पाए जाते हैं, जो कई रोगों के लिए रामबाण का काम करते है। सेम के सेवन से गले का दर्द, सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं से फौरन आराम मिलता है। बुखार, सूजन, खुजली की परेशानी, उल्टी, दस्त, मूत्र संबंधी समस्या, पेट से जुड़ी समस्याओं के लिए भी सेम का उपयोग बेहद गुणकारी है।

सेम में मौजूद आयरन हीमोग्लोबिन के स्तर को नियंत्रित रखने में मददगार होता है और एनीमिया से बचाव करता है। इसके अलावा सेम का सेवन हृदय संबंधी रोगों में भी लाभदायक हो सकता है। सेम की फली में मौजूद मैग्नीशियम अनिद्रा की समस्या को दूर करता है। अगर आपको नींद नहीं आने की समस्या है तो इसका नियमित सेवन करने से लाभ मिल सकता है। इसके अलावा, सेम में पाए जाने वाले तत्व हड्डी को मजबूत बनाने के साथ मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इतना ही नहीं, सेम मस्तिष्क के विकास के लिए भी लाभदायक है।

इस तरह से सेम आपके सेहत के लिए काफी अच्छी है और आहार में अन्य सब्जियों के साथ इसका भी नियमित सेवन करने की सलाह दी जाती है।

## फिल्म 'शक्ति' के लिए जावेद अख्तर ने सुझाया था मेरा नाम : अनिल कपूर

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेता अनिल कपूर हिंदी सिनेमा में अपनी फिल्म 'शक्ति' के 42 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस फिल्म के पीछे का एक राज खोलते हुए अनिल कपूर ने बताया कि इस फिल्म के लिए लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने उनके नाम की सिफारिश की थी। अनिल कपूर ने हिंदी सिनेमा में अपनी फिल्म 'शक्ति' के 42 साल पूरे होने खुशी जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, फिल्म 'शक्ति' ने अपने 42 साल पूरे कर लिए हैं। इस बेहतरीन और सुपरहिट फिल्म के लिए मेरा



नाम सुझाने के लिए मैं जावेद साहब का आभारी हूं। इसके बाद अभिनेता अनिल कपूर ने फिल्म की शूटिंग से जुड़ा एक किस्सा शेयर करते हुए कहा कि मैं एक होटल में काफी दूर रुका हुआ था। स्मिता जी ने अपना दयालुपन दिखाते हुए कहा कि मैं वहां से कमरा खाली कर पास आ जाऊं। यहां तक कि उन्होंने मुझे अपने कमरे में रहने के लिए भी कहा, जिससे मुझे परिवार जैसा महसूस हुआ।

1982 में रमेश सिप्पी के निर्देशन में बनी फिल्म 'शक्ति' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसे सलीम-जावेद की जोड़ी ने लिखा है। फिल्म में दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन, राखी गुलजार, स्मिता पाटिल, कुलभूषण खरबंदा और अमरीश पुरी भी हैं। फिल्म में अनिल कपूर का छोटा सा किरदार था।

बता दें कि 'शक्ति' पहली और एकमात्र फिल्म थी जिसमें दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार और अमिताभ बच्चन एक साथ स्क्रीन पर नजर आए थे। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक मानी जाने वाली यह फिल्म उस साल बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शुमार थी। फिल्म में एक ईमानदार पुलिसकर्मी की कहानी बताई गई है जो एक गैंगस्टर द्वारा अपने बेटे विजय का अपहरण कर लेने के बाद उसे छुड़ाने के बदले पकड़े गए गैंगस्टर को छोड़ने से इंकार कर देता है।

## बस्तर दशहरा में रथ निर्माण करने वालों को जुर्माने की दी जाती है सजा

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा में विशालकाय रथ आकर्षण का केन्द्र होता है। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष एक विशालकाय रथ निर्माण किया जाता है पर, क्या आपको मालूम है कि रथ के निर्माण करने वालों को रूढीवादिता के चलते अपने ही समाज से दण्डित किया जाता है और जुर्माने की अदायगी के बाद पुन: जाति में सम्मलित किया जाता है। इस तरह की गलत परंपरा एक बार अथवा भूलवश नहीं बल्कि पिछले कई दशकों से भी अधिक वर्षों से चला आ रहा है। पिछले कई वर्षों से रथ बनाने वाले प्रतिवर्ष अपने गांव के सामाजिक पंचायत में लगभग दो हजार रुपए का आर्थिक दण्ड भरते आ रहे हैं। यह सिलसिला आज भी बदस्तूर जारी है। बस्तर के साहित्यकार रुद्रनारण पाणिग्राही ने बताया कि वस्तुत: रियासत काल से ही रथ बनाने का जिम्मा अंचल के सबस जाति को सौंपा गया था। लगभग 610 वर्ष से अधिक, बस्तर दशहरा की परम्पराएं किसी न किसी रूप में विद्यमान हैं। प्रत्येक जाति तथा अनुसूचित जाति के लोगों को तथा ग्रामीणों को अलग-अलग कार्य सौंपा गया है। इसी क्रम में झार उमरगांव और बेड़ा उमरगांव के संवरा लोगों को रथ निर्माण का कार्य सौंपा गया था। इस कार्य के लिए पूरा का पूरा गांव समर्पित रूप से लगभग एक महीने के लिए घर-परिवार और कृषि कार्य को छोडकर रथ निर्माण के लिए जगदलपुर पहुंचता है।

उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे संवरा

**■ लगभग दो हजार रुपए का आर्थिक दण्ड भरते आ रहे सामाजिक पंचायत के लोग**

जाति के लोगों की उदासीनता के चलते गिने-चुने लोग ही रथ निर्माण के लिए पहुंचने लगे, जिससे निर्माण की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होने लगी। इस कार्य के लिए लगभग 150 लोंगो की आवश्यकता होती है। इस संबंध में रथ निर्माण के वर्तमान मुखिया दलपति ने जानकारी दी कि रियासत काल में समर्पण की भावना अलग थी अब यह कार्य सर्मपण की भावना से करना कठिन है। लोग अपने घर बार, खेती-किसानी छोड़कर अगर यहां आते हैं तो साल भर का नुकसान हो जाता है। रथ निर्माण के लिए लोगों को पारिश्रमिक नहीं मिलता, इसलिए संवरा जाति के लोग अपना काम छोड़कर नहीं आते। इन कारणों से अन्य जाति के लोगों से, संवरा जाति के नाम से काम लिया जाता है। जब ये रथ बनाकर अपने गांव लौटते हैं तो अन्य जाति, जनजाति के लोगों को पुन: अपने मूल जाति में सम्मलित करने के लिए सामाजिक रिवाजों का पालन करना होता है।

## बिग बी को 'गधे' लगते हैं 'कर्मयोगी'

### वाल्मीकि रामायण में गधे का जिक्र

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिग बी के विचार गधों को लेकर कुछ अलग हैं। वह इन्हें कर्मयोगी मानते हैं और वजह क्या है ये क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16' के अगले एपिसोड में दिखेगा। प्रोमो में जिक्र भर है। पौराणिक महाकाव्य रामायण से संबंधित एक जानकारी मिलेनियम स्टार अमिताभ बच्चन ने साझा की और बताया कि 'गधा' क्यों दिलचस्प जीव है। नए प्रोमो में बिग बी हॉट सीट पर बैठे एक प्रतियोगी से गधे की अहमियत बताते देखे और सुने जा सकते हैं।

निर्माताओं ने भी प्रोमो को कैप्शन दिया है, एबी ने हमें रामायण के बारे में एक दिलचस्प तथ्य बताया। वीडियो की शुरुआत इस तरह हुई, पुष्पक विमान के बारे में अधिक लोग जानते हैं लेकिन रावण के पास कई जादूई वास्तुएं थीं। जिन में से ये एक रथ भी था ये हवा में भी उड़ सकता था। गधे काफी मेहनती जीव होते हैं, इसलिए ज्यादातर लोग पुष्पक विमान के बारे में जानते हैं। बिग बी ने आगे कहा कि बहुत से लोग ऐसे हैं जो गधे शब्द के साथ अनाप-शनाप बोलते रहते हैं, अरे बहुत बड़ा गधा है ये बिल्कुल समझ नहीं आता, लेकिन जैसा अभी हमने कहा कर्मयोगी जानवर माने जाते हैं, बहुत मेहनत करते हैं। बस प्रोमो यहीं समाप्त हो जाता है। आखिर बिग बी ने ऐसा क्यों कहा? दरअसल, वाल्मीकि रामायण में गधे का जिक्र है। इसका कनेक्शन रावण से था। महाग्रंथ के मुताबिक रावण के रथ में घोड़े नहीं गधे बंधे जुते होते थे। 81 साल के अमिताभ बच्चन उम्र के इस पड़ाव पर भी स्मॉल ही नहीं बल्कि बिग स्क्रीन पर भी छाए हुए हैं। हाल ही में वो नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमर अश्वत्थामा के रूप में दिखाई दिए। इस साइ-फाइ थ्रिलर में प्रभास, दीपिका पादुकोण, कमल हासन, दिशा पटानी, सास्वता चटर्जी, अन्ना बेन, पसुपति और शोभना भी प्रमुख भूमिकाओं में थे।

## सांबा जिले में पहली बार बना बॉर्डर पोलिंग स्टेशन, ग्रामीणों में खुशी

**सांबा,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को विधानसभा के तीसरे चरण का चुनाव चल रहा है। इसी क्रम में राज्य में सांबा जिले की रामगढ़ विधानसभा के सीमावर्ती इलाके के गांव जेरडा में वोटिंग के लिए पहली बार एक बॉर्डर पोलिंग स्टेशन बनाया गया। गांव के पूर्व सरपंच मोहन सिंह भट्टी ने बताया कि पहले उन्हें वोट डालने के लिए गांव से चार किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। बॉर्डर पर हालात खराब होने के कारण उनके गांव में पोलिंग स्टेशन नहीं बनाया जाता था। मोहन सिंह भट्टी ने चुनाव आयोग और जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह पहली बार हुआ है, जब लोग अपने ही गांव में वोट डाल




सकेंगे। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर इलाके में कई मुद्दे हैं, जिनका समाधान होना आवश्यक है, और वे ऐसी सरकार की चाह रखते हैं, जो बॉर्डर के लोगों की समस्याओं का हल निकाल सके। भट्टी ने कहा कि यह गांव सीमा से एक किलोमीटर की दूरी पर है, और यहां अक्सर फायरिंग होती रहती है, जिससे पड़ोसी देशों के साथ संबंध तनावपूर्ण है। सरकार ने सुरक्षा कारणों से हमें यहां पोलिंग स्टेशन उपलब्ध कराया है। पहले हमें चार किलोमीटर दूर जाकर वोट डालना पड़ता था, और ट्रांसपोर्ट की दिक्कतें भी थीं। इस कारण मतदान प्रतिशत काफी कम रहता था। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह एक अच्छा कदम है। हम बुजुर्ग लोगों को भी अपने गांव में वोट डालते देख रहे हैं, जो पहले ऐसा नहीं कर पाते थे। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, हमने पाकिस्तान को एक संदेश भी दिया है कि वे जो चाहें करें, लेकिन हम अपने अधिकारों के लिए खड़े रहेंगे। भट्टी ने बताया कि उनके गांव में सीमा पर खेती, बेरोजगारी, और नशे की समस्या है।

### लाल बहादुर शास्त्री

## जिनकी 'दहाड़' ने बदल दिया था अयूब खान का नजरिया

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो अक्टूबर भारत के ऐसे प्रधानमंत्री का जन्मदिन है, जिन्हें उनकी जीवटता, सादगी, उच्च आदर्श और शालीनता के लिए जाना जाता है। 5 फुट 2 इंच का कद और ऊंचे हौसलों वाले भारत के ये प्रधानमंत्री थे लाल बहादुर शास्त्री। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री शास्त्री की आवाज का मजाक कभी पाकिस्तान के मोहम्मद अयूब खान ने उड़ाया था। लेकिन शास्त्री के निधन पर भारत के साथ न केवल पाकिस्तान बल्कि सोवियत संघ का झंडा भी झुक गया था और अयूब खान उस दिन दुनिया के गमगीन व्यक्तियों में एक थे। साल 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल की अहम घटना थी, जिसमें उन्होंने सफलतापूर्वक भारत का नेतृत्व किया था। इस युद्ध की समाप्ति के चार दिन बाद जब वह दिल्ली के रामलीला मैदान पर बोल रहे थे तो उनका आत्मविश्वास देखने लायक था। जिस आवाज का एक साल पहले अयूब खान ने मजाक उड़ाया था, वह तब हजारों लोगों के सामने दहाड़ रही थी।



उस समय शास्त्री ने कहा था, 'अयूब साहब का इरादा अपने सैकड़ों टैंकों के साथ टहलते हुए दिल्ली पहुंचने का था। जब ऐसा इरादा हो तो हम भी थोड़ा लाहौर की तरफ टहलकर चले गए। मैं समझता हूं कि ऐसा करके हम लोगों ने कोई गलत बात तो नहीं की।' लाल बहादुर शास्त्री से पहले जवाहर लाल नेहरू को देश की आवाज माना जाता था। पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त रहे शंकर वाजपेयी ने बताया था कि अयूब नेहरू के निधन के बाद दिल्ली सिर्फ इसलिए ही नहीं आए थे कि भारत में अब नेहरू के जाने के बाद वह किससे बात करें। उस समय शास्त्री ने कहा था, 'आप मत आइए, हम आ जाएंगे।' तब शास्त्री गुटनिरपेक्ष सम्मेलन में भाग लेने काहिरा गए हुए थे और लौटते वक्त वह कुछ घंटों के लिए कराची में भी रुके। हालांकि तब तक भी अयूब खान लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व को पूरी तरह से नहीं समझ पाए थे। उन्होंने भारत को कमजोर सोचना शुरू कर दिया था। लेकिन 1965 के युद्ध ने पाकिस्तान की इस सोच को कुचलकर रख दिया था।

युद्ध के दौर में शास्त्री की जीवटता का एक और उदाहरण तब मिला तब उन्होंने अमेरिका के आगे भी झुकने से मना कर दिया था। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने भारत को इस युद्ध से पीछे हटने को कहा था। भारत तब गेहूं के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं था। तब लाल गेंहू अमेरिका से निर्यात होता था और जॉनसन ने धमकी दी थी कि अगर पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध नहीं रोका गया तो गेंहू भी भारत नही भेजा जाएगा। स्वाभिमानी शास्त्री को यह दिल में चुभी थी। उन्होंने विदेशी मुल्क के आगे हाथ फैलाने से इंकार कर दिया और भारतवासियों से हफ्ते में एक समय भोजन नहीं करने का आह्वान किया था। लेकिन इससे पहले उन्होंने अपने घर में एक समय का खाना बनाने से मना किया था। जब उनके खुद के बच्चे एक समय भूखे रह पाए तो उन्होंने अगले दिन देशवासियों से इसका अनुसरण करने की अपील की थी।

## सरिस्का में पहले दिन ही बड़ी संख्या में पहुंचे देशी-विदेशी पर्यटक

**अलवर,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में अलवर का सरिस्का बाघ अभयारण्य मानसून के बाद मंगलवार से खुल गया और बाघों को देखने के लिए पहले दिन ही बड़ी संख्या में देशी- विदेशी पर्यटक पहुंचे।

सरिस्का प्रशासन की ओर से तिलक लगाकर और फूल माला से पर्यटकों का स्वागत किया गया। इस मौके पर सरिस्का के नेचर गाइड और सरिस्का कर्मी मौजूद थे। तीन महीने बाद खुले सरिस्का को लेकर पर्यटकों में भारी उत्साह देखा गया। पहली पारी में करीब 125 पर्यटक सरिस्का पहुंचे, हालांकि आज मंगलवार होने के कारण पर्यटकों की संख्या कम है लेकिन दो और तीन अक्टूबर को अवकाश होने के कारण पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी क्योंकि सबसे ज्यादा यहां पर्यटक शनिवार और रविवार या अन्य अवकाशों में आते हैं।

सीसीएफ संग्राम सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर सरिस्का में जिप्सी रवाना की गई। सरिस्का में हर साल लाखों की संख्या में देसी विदेशी पर्यटक आते



**■ बारिश अच्छी होने के कारण सरिस्का में हरियाली अच्छी**



**■ पहली पारी में करीब 125 पर्यटक सरिस्का पहुंच**

हैं। बाहर से आए पर्यटकों ने सरिस्का में इस बार साफ सफाई को लेकर संदेश दिया कि वन्यजीवों के जंगल में पॉलिथीन की थैली लेकर नहीं जाएं और पर्यावरण को स्वच्छ रखें, साफ रखें।

सिंह ने बताया कि तीन महीने बाद सरिस्का खुला है, हालांकि पहले भी खुला था लेकिन स्थाई रूप से पहली बार खुला है। इस बार बारिश अच्छी होने के कारण सरिस्का में हरियाली अच्छी है। बाघ को आसानी से देखा जा सकेगा। सभी ट्रैकों पर पर्यटक आसानी से घूम सकेंगे और बाघों को देख सकेंगे। बरसात के मौसम में तीन महीने जंगल बंद रहता है क्योंकि वन्य जीव एवं वनस्पति प्रजनन का समय रहता है, वही ट्रैक भी बरसात के समय खराब हो जाते हैं।

उन्होंने बताया कि सरिस्का में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसलिए बाघों के दर्शन होना सुगम हो गया है। जल स्रोतों पर पानी भी बहुत मात्रा में है। इसके अलावा जो रास्ते बरसात में खराब हो गए थे, उनको दुरुस्त किया गया है, जिसके कारण सरिस्का में तीन जोन में पर्यटक आसानी से घूम सकेंगे।

उन्होंने बताया कि सरिस्का में पहली पारी में आज 12 जिप्सियां एवं आठ कैंटरो द्वारा भ्रमण कराया जा रहा है। सबकी ऑनलाइन बुकिंग की गई है।

देशबन्धु

रायपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## भाजपा का अलोकतांत्रिक चेहरा

2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर नरेन्द्र मोदी झारखंड के हजारीबाग में 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' की शुरुआत करने जा रहे हैं। झारखंड में जल्द चुनाव होने वाले हैं तो नरेन्द्र मोदी का यहां होना लाजिमी है। इस आदिवासी बहुल राज्य में फिर से भाजपा की सरकार बन जाए, इसके लिए श्री मोदी पूरा जोर लगा रहे हैं। झारखंड में करोड़ों की परियोजनाएं शुरु करके श्री मोदी संभवत: ये दावा फिर से करेंगे कि भाजपा किस कदर आदिवासियों की हितैषी है। उसे जल, जंगल, जमीन के संरक्षण की कितनी चिंता है। लेकिन इसी चिंता के साथ जब लद्दाख से दिल्ली तक करीब 700 किमी की पदयात्रा करके लद्दाखी जनता दिल्ली पहुंचती है, तो नरेन्द्र मोदी की सरकार उनकी चिंता को सुनने से पहले ही उन्हें गिरफ्तार करवा देती है। इसी से भाजपा का लोकतंत्र के लिए दुचित्तापन जाहिर हो जाता है।

गौरतलब है कि शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर सोनम वांगचुक करीब डेढ़ सौ लोगों के साथ 1 सितंबर को लद्दाख से पदयात्रा पर निकले थे और तय समय पर गांधी जयंती के पहले दिल्ली पहुंच गए। लेकिन इन तमाम पदयात्रियों को दिल्ली सीमा पर ही रोक दिया गया और इसके बाद गिरफ्तार भी कर लिया गया। सोनम वांगचुक ने इस की जानकारी देते हुए सोमवार को एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'दिल्ली बॉर्डर पर 150 पदयात्रियों के साथ मुझे हिरासत में लिया जा रहा है। इसके लिए 100 पुलिस वाले हैं। कुछ का कहना है कि ये 1000 हैं। पदयात्रियों में 80 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग भी हैं। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। इसके साथ कुछ दर्जन सेना से रिटायर्ड लोग भी हैं। आगे क्या होगा, कुछ पता नहीं है। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में बापू की समाधि तक सबसे शांतिपूर्ण मार्च पर थे।'

दरअसल जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 वापस लेने और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद से लद्दाख के लोगों में भाजपा के फैसले पर नाराजगी देखी जा रही है। यहां के लोग फिर से राज्य का दर्जा वापस चाहते हैं। इसके अलावा लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करना भी एक अहम मांग है, जो स्थानीय आबादी को उनकी भूमि और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए कानून बनाने की शक्ति प्रदान करेगा। लेह और कारगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग भी लद्दाखी जनता की है।

लद्दाख की जनता ने ऐसा कुछ नहीं मांगा है, जो असंभाव्य है या गैरकानूनी है। लोकतांत्रिक देश में जनता को अपनी मांगें उठाने के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन करने का हक है, साथ ही सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भी कानून के दायरे में रहकर किया जा सकता है। सोनम वांगचुक और उनके साथी अपने इन्हीं लोकतांत्रिक अधिकारों का ही इस्तेमाल कर रहे थे। लेकिन नरेन्द्र मोदी को लोकतंत्र और जनता को मिले अधिकारों से इतना डर लगता है कि उनके कार्यकाल में बार-बार शांतिपूर्ण आंदोलनों को कुचलने की कोशिश हुई है। शाहीन बाग आंदोलन, किसान आंदोलन, महिला पहलवानों का विरोध ये सब पिछले चार-पांच सालों की ही घटनाएं हैं, जिनमें मोदी सरकार का अलोकतांत्रिक रवैया सामने आया है। इसी कड़ी में अब सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को भी देखा जा सकता है।

शायद लद्दाखी जनता के विरोध का ही डर था कि दिल्ली पुलिस ने 6 दिन के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 को लागू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक नई दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली, नॉर्थ दिल्ली के अलावा दिल्ली की सभी सीमाओं पर ये धारा लागू की गई है और पांच अक्टूबर तक इन जगहों पर धरना प्रदर्शन पर पाबंदी रहेगी।

बड़ी अजीब बात है कि पांच अक्टूबर को ही दिल्ली से सटे राज्य हरियाणा में चुनाव हैं और तब तक दिल्ली की सीमाओं और दिल्ली के भीतर कानून और व्यवस्था के मुद्दों का हवाला देते हुए पांच या अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने, बैनर, तख्तियां और हथियार रखने वाले लोगों या मध्य भाग और सीमावर्ती इलाकों में विरोध प्रदर्शन पर पुलिस ने प्रतिबंध लगा दिया है। सवाल यह है कि आखिर मोदी सरकार को किन लोगों के विरोध से डर लग रहा है और क्यों सरकार को अपनी ही पुलिस की क्षमता पर भरोसा नहीं है कि वह निहत्थे, शांतिपूर्ण आंदोलन पर निकले लोगों को संभाल नहीं पाएगी। क्या इसी लिए सोनम वांगचुक के साथ-साथ उनके साथ चल रहे वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं तक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी जब सोनम वांगचुक से मिलने बवाना पुलिस थाने पहुंची तो उन्हें भी मिलने नहीं दिया गया। मंगलवार सुबह लद्दाख सांसद हाजी हनीफा वांगचुक के प्रदर्शन से जुड़ने के लिए पहुंचे तो दिल्ली पुलिस ने उन्हें और उनके समर्थकों को भी हिरासत में लेकर नरेला पुलिस स्टेशन भेज दिया।

इन पंक्तियों के लिखे जाने तक खबर है कि सोनम वांगचुक ने इस दमनकारी रवैये के खिलाफ अनशन भी शुरु कर दिया है। इस बीच कांग्रेस, आप, सपा जैसे गैरभाजपाई दलों के नेताओं ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर मोदी सरकार की आलोचना की है। राहुल गांधी ने लिखा है कि जिस तरह कृषि कानूनों पर सरकार का चक्रव्यूह और नरेन्द्र मोदी का अहंकार टूटा, इस बार भी वैसा ही होगा। लद्दाख की जनता की आवाज सुननी ही पड़ेगी, वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस फैसले को अलोकतांत्रिक बताते हुए लिखा कि मोदी सरकार अपने करीबी मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए लद्दाख के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र का दोहन करना चाहती है।' श्री खड़गे का कहना है कि यह घटना हमें बताती है कि मोदी सरकार की निरंकुशता के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

अगर नरेन्द्र मोदी डेढ़ सौ लोगों के विरोध मार्च का सामना करने की हिम्मत दिखाते और सोनम वांगचुक को राजघाट तक जाने से नहीं रोकते, तो भाजपा को इस तरह के आरोपों का सामना नहीं करना पड़ता। लेकिन जम्मू-कश्मीर में तीसरे दौर के मतदान और हरियाणा चुनाव से ऐन पहले इस दमनकारी कदम से शायद भाजपा ने अपना नुकसान कर लिया है।

# गांधी को भूलने से बार-बार इंकार करता हुआ भारत

जिस प्रकार से लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी भारत को हमेशा भ्रमित रखना चाहती है, उसी तरह वह गांधी को लेकर नये भारत को असमंजस में डालने की कोशिश करती है। इस भ्रम को फैलाने के अभियान की अगुवाई स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। यह अलग बात है कि इस प्रक्रिया में वे खुद ही सर्वाधिक असमंजस में हैं। चूंकि गांधी के व्यक्तित्व के बरक्स मोदी पासंग भी नहीं हैं तथा बापू का नैसर्गिक आभामंडल मोदी की कृत्रिम चकाचौंध को फीका करता है, मोदी चाहते हैं कि भारत गांधीजी को भूल जाये। उनका दुर्भाग्य कि पिछले 10-11 वर्षों की उनकी अथक मेहनत के बावजूद भारत गांधी को भूलने से बार-बार इंकार करता रहा है।

जिस विचारधारा के मोदी प्रतिनिधि हैं वह गांधी के खिलाफ़ तभी से विद्यमान है जब वे दक्षिण अफ्रीका से लौटे थे- कुछ और पहले से। उनके भारत आगमन के कुछ आगे-पीछे एक ऐसी विचारधारा पनप रही थी जो आजादी के बाद भारत को एक आधुनिक देश बनाने की बजाय मध्ययुगीन समाज की ओर लौटाना चाहती थी। महात्मा गांधी और उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। स्वतंत्रता किस तरह से हासिल करनी है और आजाद भारत किस दिशा में बढ़ेगा- इसका ब्लू प्रिंट बापू के पास 'हिंद स्वराज्य' के रूप में बना-बुनाया था। इसलिये आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने के लिये जनता ने महात्मा गांधी और कांग्रेस की वैचारिकी को चुना था। लोग देख रहे थे कि जो विचारधारा गांधी विरोधियों की है वह समावेशी नहीं है और उसका असली उद्देश्य अंग्रेजों के जाने के बाद देश की सामाजिक व्यवस्था को कुछ लोगों के हाथों में सौंप देना था जो एक सामंती व्यवस्था के जरिये ही सम्भव था। इसलिये उसे बचाने के लिये अंग्रेजों के खिलाफ इस विचारधारा की लड़ाई कालांतर में फिरंगियों के अप्रत्यक्ष समर्थन में बदल गई। लोगों ने कोई गलती नहीं की और स्वतंत्र भारत की सत्ता सौंपी उसी संगठन को जिसने स्वतंत्रता की लड़ाई का नेतृत्व किया था।

2014 में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता मिली, तो उसने आजादी के बाद देश का जो पुनर्निर्माण हुआ, उससे कुछ सीखने की बजाय छह दशकों की संचित अपनी खीज और कुंठा को निकालना शुरू किया। मोदी ने लोगों को बताया कि 'इतने समय तक देश ने कुछ हासिल नहीं किया।' दरअसल मोदी उस पीढ़ी का नेतृत्व कर रहे हैं जो मानता है कि 'भारत को असली आजादी 2014 के बाद मिली है'; या, 'देश स्वतंत्र नहीं हुआ है बल्कि अंग्रेज उसे 99 वर्षों की लीज़ पर दे गये हैं'। मोदी इसी नये भारत के नेता हैं, जिनके अनुसार '2014 के पहले आदमी भारत में जन्म लेने पर पछताता था।' गांधी जहां समानता और धर्मनिरपेक्षता के पैरोकार थे, वहीं ये शक्तियां वर्ण व्यवस्था पर आधारित समाज बनाने की इच्छुक हैं। इन प्रतिगामी ताकतों की विकसित भारत की अवधारणा ऐसी है जहां कुछ लोगों को तो जन्मजात विशेषाधिकार हों, शेष पांच किलो राशन पर गुजारा करें। अमीरों की थालियों से रिसते हुए भोजन से बाकी पेट भरें- यही इस वर्ग का अर्थशास्त्र है।

ऐसे अनेक कारण हैं जिनके चलते इनकी गांधी से कभी न बनी। बनती अब भी नहीं, लेकिन देश और दुनिया में गांधी जो अर्जित कर गये हैं उससे किसी में इतनी हिम्मत और नैतिक बल नहीं है कि वे गांधी की सार्वजनिक आलोचना कर सकें। सीमित सदस्यों वाली बैठकों, गोदी मीडिया के कार्यक्रमों, ड्राइंग रूम के चुटकुलों, वाट्सएप विश्वविद्यालय के सिलेबस आदि में वे चाहे जितना गांधी को गरियाएं- अपने ऐसे किसी भी बयान को रिकॉर्ड पर लाने का साहस न मोदी में है, न उनके सिपहसालारों में है, न उनकी पार्टी में। चाहे गांधी का हत्यारा उनका अपना रहा हो, उसकी यह पूरी बिरादरी मन ही मन तारीफ़ करती हो परन्तु जहां देश के भीतर अपनी छवि को साफ-सुथरा दिखाना हो, उन्हें गांधी के समक्ष सिर नवाना ही पड़ता है; और विदेश में खुद को गांधी के देश से आया हुआ बतलाना ज़रूरी हो जाता है। दूसरी ओर मोदी के लिये यह भी ज़रूरी है कि उनके प्रिय काडर में से कोई गांधी की तस्वीर पर गोलियां चलाए तो उन्हें कहना पड़ता है कि 'उसे वे दिल से कभी माफ़ नहीं करेंगे।'



डॉ. दीपक पाचपोर

**एक पुष्ट संसदीय लोकतंत्र हो या संविधान अथवा फिर आरक्षण- यह सारा कुछ भारत को गांधीजी के मरने के बाद ही मिला। तो भी इनमें गांधी के प्राण बसते हैं और उनकी आत्मा का निवास है। दक्षिण अफ्रीका से शुरू हुआ रंगभेद के खिलाफ उनका आंदोलन एक तरह से लोकतंत्र की ही लड़ाई थी, समानता का संदेश था और एक ऐसी व्यवस्था की ज़रूरत को प्रतिपादित करता था।**

गांधी जी को लेकर मोदी और उनकी सरकार की दुविधा ऐसी सघन है कि एक ओर तो वे कहते हैं कि 'दुनिया के बच्चे-बच्चे की जुबान पर गांधी का नाम होना चाहिये', दूसरी ओर संसद भवन के मुख्य द्वार पर बनी गांधी की मूर्ति उन्हें कोने में रखवानी पड़ती है। वे जानते हैं कि मूर्ति निष्प्राण ही सही, लेकिन है तो प्रेरणादायिनी। बापू की विचारधारा भारत के कोटि-कोटि लोगों के मन में अंत:सलिला बनकर प्रवाहित होती है जो सम्पूर्ण भारत के नैतिक मूल्यों को जीवन्त बनाये रखती है। गांधी अपने पीछे प्रतिरोध का जो साहस छोड़ गये हैं वह उनकी मृत्यु के लगभग चौथाई सदी के बाद भी मोदी जैसे शासकों तथा उनके जैसों को डराने के लिये काफी होता है। तभी तो सारे साल गांधी के खिलाफ विषवमन कर नयी पीढ़ी के मन में उनके प्रति घृणा फैलाने की लाख कोशिशों के बावजूद हर साल कम से कम 2 अक्टूबर और 30 जनवरी को उनके सामने झुकना ही पड़ता है। उनके लिये ये दुखदायी प्रसंग तब भी आते हैं, जब विदेश यात्रा के शौकीन मोदी को मेजबान किसी शहर में बनी गांधी प्रतिमा के समक्ष खड़ा कर देते हैं।

यह भी मोदी के लिये तकलीफ़देह होता है जब वे यह कहकर गांधी का कद छांटने का प्रयास करते हैं कि 'रिचर्ड एटनबरो द्वारा उन पर फिल्म बनाने से पहले गांधी को दुनिया बहुत नहीं जानती थी', परन्तु लोग उनकी अज्ञानता पर हंसते हैं, आलोचना करते हैं। ऐसा नहीं कि मोदी गांधी की महानता से अपरिचित हों। सच कहा जाये तो उनका यही प्रयास होता है कि लोग गांधी को भूल जायें। उल्टे, गांधीजी के इतने प्रसंग सामने आ जाते हैं कि मोदी पहले से और भी बौने हो जाते हैं। देश उस महामानव को भूलने की बजाय और शिद्दत से याद कर उठता है। अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में मोदी ने अनेक प्रयास किये कि देश गांधी को भूल जाये और केवल उन्हें याद रखे। कभी उनके आईटी सेल ने कहानी गढ़ी कि गांधी चाहते तो भगत सिंह को बचा सकते थे; या फिर उन्हीं के कारण पाकिस्तान बना... आदि।

देश को गांधी से विमुख करने की बहुतेरी कोशिश मोदी के नेतृत्व में इन ताकतों ने की लेकिन गांधी का नाम भारत के सीने पर इतने गाढ़े अक्षरों में गोदा हुआ है कि वह मिटाये नहीं मिटता। एक पुष्ट संसदीय लोकतंत्र हो या संविधान अथवा फिर आरक्षण- यह सारा कुछ भारत को गांधीजी के मरने के बाद ही मिला। तो भी इनमें गांधी के प्राण बसते हैं और उनकी आत्मा का निवास है। दक्षिण अफ्रीका से शुरू हुआ रंगभेद के खिलाफ उनका आंदोलन एक तरह से लोकतंत्र की ही लड़ाई थी, समानता का संदेश था और एक ऐसी व्यवस्था की ज़रूरत को प्रतिपादित करता था जिसे कोई संविधान ही संजोकर, संरक्षित और सुनिश्चित कर सकता है। सत्य व अहिंसा पर आधारित इस देश का औपनिवेशिक दासता के खिलाफ महान संघर्ष गांधी को भारत ही नहीं विश्व का महानतम नेता बनाता है। मोदी के भुलाये भारत गांधी को कभी नहीं भूलेगा।

**( लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं )**

### गांधी जयंती पर विशेष

# महात्मा गांधी की समाज व्यवस्था का आधार है धर्मनिरपेक्षता

इस समय सम्पूर्ण देश में इस बात पर बहस जारी है कि सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) भारतीय मूल्य है या यूरोपीय है। इस बात पर बहस तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा प्रारंभ की गयी है। परंतु जिस धर्मनिरपेक्षता को हम मानते हैं, जिसे इस देश की बहुसंख्यक जनता मानती है वह पूरी तरह से भारतीय है। हम धर्मनिरपेक्षता की उस परिभाषा को मानते हैं जो बापू ने की है। उनका धर्मनिरपेक्षता या सेक्युलरिज्म के प्रति जो विचार था वही हमारा विचार है।

गांधी जी की नज़र में धर्मनिरपेक्षता क्या है? उन्होंने अनेक अवसरों पर इसकी परिभाषा की थी। हमारा तमिलनाडु के राज्यपाल से अनुरोध है कि वे भी गांधीजी द्वारा परिभाषित धर्मनिरपेक्षता को स्वीकार करें।



एल.एस. हरदेनिया

**गांधी जी के अनुसार, आजाद भारत में पुलिस व सेना पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। उसका मुख्य कर्तव्य देश में शांति और भाईचारा स्थापित करना होना चाहिए। उन्हें गरीबों और असहायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें हमेशा अल्पसंख्यकों और दलितों के अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। स्वयं पुलिस व सेना के भीतर जाति तथा धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए।**

धर्मनिरपेक्षता ही थी गांधीजी की समाज व्यवस्था का आधार। उनसे एक विदेशी पत्रकार ने पूछा कि ''यह कैसे हो सकता है कि आप धार्मिक भी हैं और धर्मनिरपेक्ष भी।'

उनका उत्तर था ''हां मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी। मेरी मेरे सनातन धर्म में अगाध आस्था है। यदि कोई मेरी आस्था पर हमला करेगा तो मैं अपने धर्म की रक्षा करते हुए अपनी जान भी दे दूंगा। परंतु मेरे पड़ोस में किसी अन्य धर्म का पालन करने वाला परिवार रहता है और उसकी आस्था पर कोई हमला करता है तो मैं उसकी रक्षा करते हुए भी अपनी जान दे सकता हूं''। यह है गांधी जी की धर्मनिरपेक्षता अर्थात भारत की धर्मनिरपेक्षता।

इस समय हमारे देश में धर्म के आधार पर प्राय: संघर्ष की स्थिति निर्मित हो जाती है। परंतु ऐसी स्थिति में हम तटस्थ हो जाते हैं और मूकदर्शक बनकर खून-खराबा होने देते हैं। यहां तक कि हमारी पुलिस भी तमाशबीन बन जाती है। पिछले 70 वर्षों में हमारे देश में धार्मिक वैमनस्य के कारण हुए दंगों से देश काफी कमजोर हुआ है। गांधीजी ने साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए मैदानी संघर्ष किया। नौआखली और दिल्ली के दंगों के दौरान उनकी भूमिका इतिहास का हिस्सा बन गयी। धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षाऔर विकास गांधीजी की धर्मनिरपेक्षता का अभिन्न अंग था।

एक अवसर पर गांधीजी ने कहा था, ''यदि आजाद भारत में अल्पसंख्यक, दलित और स्त्रियां अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करेंगीं तो वह भारत मेरे सपनों का भारत नहीं होगा। मेरे भारत में छुआछूत नहीं होगी। मेरे भारत में सभी को अपने धर्म का पालनकरने का पूरा अधिकार होगा। मेरे भारत के नागरिकों को कोई यह आदेश नहीं देगा कि वह क्या खाये और क्या न खाये, क्या पहने और क्या न पहने। मेरे भारत की सरकार सभी धर्मों के अनुयायियों को बराबर सुरक्षा देगी और किसी एक धर्म को संरक्षण प्रदान नहीं करेगी।'

गांधीजी की इच्छा थी कि भारत सही अर्थों में एक लोकतंत्र बने। उनकी मान्यता थी कि लोकतंत्र में ही धर्मनिरपेक्ष समाज का अस्तित्व हो सकता है। उनके लोकतंत्र में ऐसी राजनीतिक पार्टियों का कोई स्थान नहीं होगा जो संकुचित हों, निहित स्वार्थों को बढ़ावा दें, जो सिर्फ पैसे की ताकत से सत्ता पर कब्जा करें और जो षड़यंत्र करके सत्ता हथियाएं।

लोकतंत्रात्मक समाज में पुलिस और सेना की क्या भूमिका होगी इसके बारे में गांधीजी के स्पष्ट विचार थे। गांधी जी के अनुसार, आजाद भारत में पुलिस व सेना पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। उसका मुख्य कर्तव्य देश में शांति और भाईचारा स्थापित करना होना चाहिए। उन्हें गरीबों और असहायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें हमेशा अल्पसंख्यकों और दलितों के अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। स्वयं पुलिस व सेना के भीतर जाति तथा धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए।

गांधी जी का कहना था कि ''धार्मिक समरसता के साथ-साथ सभी के सिर पर छांव, सभी को भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिलनी चाहिए। सभी को सुलभता से न्याय प्राप्त होना चाहिए। सभी के बीच सीमेंट के समान एकता रहनी चाहिए। मैं स्वयं इस एकता के लिए सीमेंट की भूमिका अदा करने को तैयार हूं। इस एकता के लिए मैं अपना खून भी दे सकता हूं।' फिर गांधी जी ने ऐसा किया भी।

नाथूराम गोडसे गांधीजी के इन्हीं विचारों से नाराज था और इसी के चलते उसने बापू की हत्या की और बापू ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्होंने इस समरसता को कायम रखने के लिए सीमेंट का काम किया।

जान ब्रिले, जिन्होंने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि लिखी थी, से पूछा गया कि आपने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि क्यों लिखी? उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि ''मुझे गांधीजी के अभूतपूर्व साहस, उनकी नम्रता, उनकी प्रतिबद्धता, सहनशीलता, उनकी दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने की चुंबकीय शक्ति, जिस शक्ति से गांधीजी विभिन्न संस्कृतियों के जीते-जागते प्रतीक जवाहर लाल नेहरू और हठ की हद तक दृढ़ निश्चयी और रूखे व्यक्तित्व के धनी सरदार पटेल को अपनी ओर आकर्षित कर सके। उनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी, इसी क्षमता के बलबूते उन्होंने कांग्रेस को, जो शुरू में एक क्लब था, एक ताकतवर संगठन बना दिया। विरोध प्रकट करने के वे ऐसे तरीके निकालते थे जिनकी कोई कल्पना तक नहीं कर सकता था। नमक सत्याग्रह उनका ऐसा ही एक नायाब तरीका था। दांडी यात्रा के अंत में मुट्ठी भर नमक बनाते हुए उन्होंने यह कहा था कि इसके द्वारा मैंने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी है।'

### आपके पत्र

## विकास पर राजनीति भारी

आज की राजनीति में निरंतर प्रयोग और गठबंधन के खेल ने लोकतंत्र की जड़ों को हिला दिया है। हर चुनाव के साथ नए समीकरण बनते हैं, परंतु इसका दीर्घकालिक प्रभाव अधिकतर नकारात्मक रहा है। राजनीतिक दल जनता के हित की बजाय अपने स्वार्थों को साधने में लगे हुए प्रतीत होते हैं, जिससे राज्य और देश के विकास पर प्रश्नचिह्न लग जाता है।

यदि हम बिहार या उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को देखें, तो राजनीतिक अस्थिरता और बार-बार होने वाले गठजोड़ ने प्रशासनिक कार्यकुशलता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। चुनावी वादों की लंबी फेहरिस्त अक्सर केवल कागज़ों तक सीमित रह जाती है, जबकि जमीन पर उन वादों का कार्यान्वयन नदारद रहता है। यह स्थिति न केवल सरकार की विश्वसनीयता पर चोट करती है, बल्कि जनता के विश्वास को भी कमज़ोर करती है।

समस्या की जड़ में जनता की निष्क्रियता भी एक अहम भूमिका निभाती है। मतदाता अक्सर चुनावी वादों के बहकावे में आकर तात्कालिक लाभ की ओर आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि वे दीर्घकालिक सोच के साथ चुनाव करें, ताकि राजनीतिक दल भी जनता के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें।

राजनीतिक दलों के लिए भी यह जरूरी है कि वे अपने चुनावी रणनीतियों के बजाय स्थायी नीतियों पर ध्यान दें। सिर्फ चुनावी लाभ के लिए नई योजनाओं और वादों को लागू करना सही नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे प्राथमिकता बनने चाहिए, ताकि जनता का भरोसा सरकारों पर बना रहे और स्थिरता बनी रहे।

राजनीतिक दलों को अपने व्यवहार में बदलाव लाने की आवश्यकता है। स्थायी और प्रभावी नीतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो वास्तविक समस्याओं का समाधान कर सकें। जब तक राजनीति में स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण नहीं अपनाया जाएगा, तब तक देश का विकास बाधित होता रहेगा।

**अवनीश कुमार गुप्ता**
**आजमगढ़, उत्तर प्रदेश**



## ललित सुरजन की कलम से

## मेरा चुनावी घोषणापत्र

**( पिछले अंक का शेष )**

*12. जल के अविरल व निर्मल प्रवाह के लिए पांच-पांच, दस-दस किलोमीटर की दूरी पर बने स्टापडेम योजनाबद्ध तरीके से खत्म करना।*

*13. जिन पर्वतों, पहाड़ियों से वर्षा जल नीचे उतरता है वहां प्राथमिकता से वृक्षारोपण।*

*14. जनता के साथ खुले संवाद के माध्यम से प्रदेश की खनिज सम्पदा व वन सम्पदा के दोहन की नई नीति।*

*15. गांवों में स्थित चरागान आदि सामुदायिक भूमि तथा शहरों में तालाब, मैदान, बगीचे की भूमि किसी भी सूरत में अन्य उपयोग के लिए नहीं।*

*16. प्रदेश में सार्वजनिक यातायात सेवा का अधिकतम विस्तार तथा निजी वाहनों की बढ़ती संख्या रोकने के लिए उचित उपाय।*

*17. रोजगार के अधिकतम अवसर हेतु हाथकरघा व कुटीर उद्योगों को प्राथमिकता के साथ संरक्षण।*

*18. हमारा प्रदेश आदिवासी बहुल है। यहां कृषक और श्रमजीवी समुदाय की बहुतायत है। हर हाल में इनका हित संरक्षण।*

*19. पंचायतीराज कानून व पेसा कानून को संविधान की भावना के अनुरूप लागू करना।*

*20. हर ग्राम में धान भंडारण, पंचायत के माध्यम से धान की मिलिंग, जिससे किसान को उचित मूल्य मिल पाए।*

*21. हर ग्राम में गौशाला परिसर का निर्माण। बायोगैस से बिजली उत्पादन व सड़कों पर आवारा मवेशियों पर रोक।*

*22. विश्वविद्यालयों को संपूर्ण स्वायत्तता।*

*यह घोषणापत्र आधा-अधूरा है। इसमें बहुत से बिन्दु अभी जोड़ना बाकी है*

**( देशबन्धु में 01 नवंबर 2018 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/10/blog-post_31.html

### विश्व अहिंसा दिवस

## यूं ही गांधी महात्मा नहीं हुए

भारत के महान सपूत गांधी ने पूरे विश्व में भारत में स्वतंत्रता आंदोलन के रूप में विश्व को अहिंसा का संदेश दिया और शायद कोई विश्वास करेगा कि अहिंसा से ही महात्मा गांधी ने भारत देश को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराया और अंग्रेजों को भारत से रुखसत करने का दुष्कर कार्य किया। 2 अक्टूबर को गांधी जी के जन्मदिवस पर पूरे विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। महात्मा गांधी युगकालीन अहिंसक वैचारिक क्रांति के एक बड़े और सशक्त सूत्रधार थे। यह भारत का सौभाग्य ही है कि 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर गुजरात में एक महान व्यक्तित्व ने जन्म लिया था। जिनका पूरा नाम मोहन दास करमचंद गांधी था। भावनगर के श्यामल दास कॉलेज में उनकी शिक्षा हुई तत्पश्चात उनके भाई लक्ष्मी दास ने उन्हें बैरिस्टर की शिक्षा प्राप्त करने के लिए इंग्लैंड भेज दिया था। इंग्लैंड जाने से पहले मात्र 13 वर्ष की आयु में उनका विवाह कस्तूरबा गांधी से हो गया था। 1891 में गांधीजी इंग्लैंड से वकालत पास कर मुंबई में वकालत प्रारंभ कर दी थी। गांधी जी के समाज क्रांतिकारी जीवन का शुभारंभ 1893 में तब हुआ जब एक मुकदमे के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ा। वहां उन्होंने अंग्रेजों को भारतीयों एवं वहां के मूल निवासियों के साथ बुरा व्यवहार करते देखा था। वहां अंग्रेजों ने महात्मा गांधी को भी कई बार अपमानित किया था। गांधी जी ने अंग्रेजों के अपमान के विरुद्ध मोर्चा संभालते हुए उनके विरोध के लिए सत्याग्रह और अहिंसा का मार्ग चुना था। दक्षिण अफ्रीका के दौरान उन्होंने अध्यापक, चिकित्सक और कानूनी अधिकार की लड़ाई के लिए अधिवक्ता के रूप में जनता को जागरूक करने के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की और महत्वपूर्ण काम किए। अपने जीवन काल में उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन कर समाज की सेवा की। उनकी एक महत्वपूर्ण पुस्तक 'माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ' विश्व प्रसिद्ध आत्मकथा बनी। दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी के कार्यों तथा सतत प्रयत्नों की ख्याति भारत में फैल चुकी थी और जब वे भारत लौटे तो उनका गोपाल कृष्ण गोखले, लोकमान्य गंगाधर तिलक जैसे नेताओं ने स्वागत किया। भारत में आते ही गांधी जी ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य बिहार के चंपारण जिले के नीलहे किसानों को अंग्रेजों से मुक्ति दिलानें का किया, 1917 में गांधी जी के सत्याग्रह के फलस्वरूप ही चंपारण के किसानों का शोषण समाप्त हो पाया था। अहमदाबाद में आश्रम की स्थापना के साथ-साथ अंग्रेज सरकार के विरुद्ध उनका संघर्ष प्रारंभ हुआ और भारतीय राजनीति की बागडोर अब महात्मा गांधी के हाथों में आ चुकी थी। गांधीजी इस बात को अच्छे से समझ चुके थे कि सामरिक तौर पर अंग्रेजों से लड़ाई नहीं की जा सकती है, भारत को अंग्रेजों से मुक्ति लाठी, बंदूक के बल पर नहीं प्राप्त हो सकती थी, इसीलिए उन्होंने सत्य और अहिंसा की शक्ति का सहारा लिया। स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। गांधी जी हमारे बीच नहीं है, पर उन्हें युगों तक याद किया जाता रहेगा। उनके द्वारा प्रतिपादित चार आधारभूत सिद्धांत सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भाव को आज भी पूरे विश्व में करोड़ों लोगों द्वारा अंगीकार किया जा रहा है।

**संजीव ठाकुर**

# देश विदेश

## जापान की संसद ने शिगेरू इशिबा को चुना प्रधानमंत्री

**टोक्यो।** जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेता शिगेरू इशिबा को मंगलवार को संसदीय मतदान में देश का अगला प्रधानमंत्री चुना गया। वह फूमियो किशिदा की जगह लेंगे। जापानी संसद के निचले और ऊपरी दोनों सदनों ने इशिबा का समर्थन किया। इससे पहले निर्वतमान पीएम किशिदा ने अपने मंत्रिमंडल के साथ सामूहिक इस्तीफा देने का फैसला किया। उन्होंने एक बयान में कहा कि जापान घरेलू और विदेशी, दोनों मोर्चों पर एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि नए मंत्रिमंडल के तहत जापान के भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाली महत्वपूर्ण नीतियों को सख्ती से लागू किया जाएगा। मैं अगले मंत्रिमंडल और नए प्रधानमंत्री के लिए आपके निरंतर समर्थन की मांग करता हूं।

# थाईलैंड में बस में आग लगने से 25 विद्यार्थियों की मौत

**बैंकॉक,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। थाईलैंड में एक बड़ा बस हादसा हुआ है, जिसमें 44 बच्चों को लेकर जा रही एक बस में अचानक आग लग गई। इस भीषण आग की चपेट में आने से करीब 25 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. हालांकि, आग कैसे लगी, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। यह दुर्घटना तब हुई जब बस राजधानी बैंकॉक से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर की ओर जा रही थी। बस कहा जा रही थी इसके बारे में अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

हादसा थाईलैंड के स्थानीय समयानुसार लगभग 12:30 बजे हुआ। बस में 6 टीचर भी सवार थे. पुलिस अब तक 16 छात्रों और 3 शिक्षकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा चुकी है। थाईलैंड के परिवहन मंत्री सुरिया जुआंगरुंगआंगकिट ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



### पीएम ने संवेदना व्यक्त की

प्रधानमंत्री पैटोंगटर्न शिनावात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट के माध्यम से अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सा खर्चों का ध्यान रखेगी और पीड़ितों के परिवारों को मुआवजा प्रदान करेगी। गृह मंत्री अनुटिन चारनवीराकुल ने कहा कि अधिकारी अभी तक हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं कर सके हैं, क्योंकि घटनास्थल की जांच पूरी नहीं हुई है। हालांकि, बचे हुए लोगों की संख्या के आधार पर 25 लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।

### आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं

सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि पूरी बस आग की चपेट में आ गई थी, और काले धुएं के बड़े-बड़े गुबार सड़क पर खड़ी बस से निकल रहे थे। छात्रों की उम्र और अन्य विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं. घटनास्थल पर मौजूद एक बचावकर्मी ने बताया कि आग संभवत: तब लगी जब बस का एक टायर फट गया और वाहन सड़क के बैरियर से टकरा गया।

# जर्मनी ने लेबनान से अपने नागरिकों को निकाला

**बैंकॉक,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। जर्मनी के संघीय रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र में बढ़ती चिंताओं के बीच लेबनान से जर्मन नागरिकों को निकालने के लिए वायु सेना का ए321 विमान बेरूत के लिए उड़ान भर चुका है। संघीय विदेश कार्यालय ने सोमवार को लेबनान की यात्रा के खिलाफ चेतावनी दी तथा जर्मन नागरिकों को देश छोड़ देने की सलाह दी। जर्मन विदेश मंत्रालय ने सप्ताहांत में बेरूत, रामल्लाह और तेल अवीव स्थित दूतावासों के लिए संकट स्तर फिर से बढ़ा दिया, हालांकि वहां स्थित दूतावास अभी भी कार्यरत हैं। एक सरकारी बयान के अनुसार, बेरूत में जर्मन दूतावास खुला रहेगा, लेकिन कर्मचारियों और गैर-जरूरी कर्मियों के परिवार के सदस्यों को विमान से बाहर निकाला जा रहा है। जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि वर्तमान में लेबनान में 1,800 पंजीकृत जर्मन नागरिक हैं। इसके अलावा, बेरूत स्थित जर्मन दूतावास भी शेष जर्मन नागरिकों के साथ समन्वय कर रहा है ताकि वाणिज्यिक उड़ानों और अन्य उपलब्ध साधनों के माध्यम से उनके प्रस्थान को सुविधाजनक बनाया जा सके। मंत्रालय ने कहा कि सोमवार की उड़ान में चिकित्सा जोखिम का सामना कर रहे नागरिकों को निकालने को प्राथमिकता दी जाएगी। इजराइल ने लेबनान पर दो सप्ताह तक लगातार हमले किए हैं, जिसमें हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह और कई कमांडरों को मार गिराया गया है, साथ ही करीब 1,000 लेबनानी लोगों को भी मार डाला गया है और दस लाख लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। हिजबुल्लाह ने लेबनान पर किसी भी इजराइली जमीनी हमले का सामना करने का संकल्प लिया है।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 2 अक्टूबर, 2024 आश्विन कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे। शरीर और मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ खूब आनंद में दिन व्यतीत होगा।

वृषभ - विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे। बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। पठन एवं लेखन में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन - महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा। अनिद्रा के कारण शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

कर्क - काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे। लघु यात्रा का योग है। भाई- बंधुओं से मेलजोल बना रहेगा।

सिंह - दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। अपनी बोली से किसी के मन को जीत सकते हैं। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी।

कन्या - वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला - अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है। परोपकार का बदला उपकार से मिल सकता है। आय की अपेक्षा खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

वृश्चिक - गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे। नौकरी-धंधे में अच्छे अवसर खड़े होने से आय में वृद्धि होगी।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।

मकर - बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा। संतान की समस्या चिंता का कारण बनेगी। लंबी यात्रा की संभावना है।

कुंभ - अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में खटराग होने की संभावना रहेगी।

मीन - आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक गहरा होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1869 – महात्मा गांधी का गुजरात के पोरबंदर में जन्म।
1904 – भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ।
1929 – गांधी जी ने नवजीवन कार्यालय को एक सार्वजनिक न्यास बनाया।
1951 – श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जन संघ की स्थापना की।
1952 – भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत 1952 में हुई।
1961 – बम्बई (अब मुंबई) में शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का गठन 1961 में हुआ।
1968 – मेक्सिको सिटी में ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले छात्रों का पुलिस के साथ खूनी संघर्ष होन में 25 लोगों की मौत।
1971 – राष्ट्रपति ने बिरला सदन को देश को समर्पित किया।
1982 – ईरान की राजधानी तेहरान में बम विस्फोट से 60 मरे, 700 घायल।
1985 – दहेज निषेधाज्ञा संशोधन कानून अस्तित्व में आया।
1988 – मंडपम और पंबन को जोड़ने वाले समुद्र के ऊपर बने उस समय के सबसे बड़े सड़क पुल को यातायात के लिए खोला गया।
1989 – तमिलनाडु में मंडपम और पम्बन के बीच समुद्र के ऊपर सबसे लंबा पुल खुला।
2001 – 19 देशों के संगठन नाटो ने अफगानिस्तान पर हमले के लिए हरी झंडी दी।
2004 – संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कांगों में 5900 सैनिक भेजने का प्रस्ताव मंजूर किया।
2006 – दक्षिण अफ्रीका ने परमाणु ईंधन आपूर्ति मामले पर भारत को समर्थन देने का फैसला किया।
2007 – उत्तर कोरिया तथा दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरी शिखर बैठक सम्पन्न हुई।

# विदेश मंत्री ने की अमेरिकी वाणिज्य मंत्री से मुलाकात

**वाशिंगटन,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की और उन्होंने सेमीकंडक्टर, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित किये जाने के मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज वाशिंगटन डीसी में वाणिज्य मंत्री रायमोंडो से मिल कर बहुत खुशी हुई। हमने सेमीकंडक्टर्स, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों, विश्वसनीय साझीदारियों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला पर चर्चा की। हम अपने तकनीकी सहयोग और आर्थिक साझीदारी में जो प्रगति कर रहे हैं, उसके महत्व पर भी बातचीत हुई। डॉ. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें अधिवेशन में एक सप्ताह के दौरान अपने कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा 79 में एक बेहद उपयोगी सप्ताह समाप्त हुआ। विश्व के 75 विदेश मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों के साथ बातचीत हुई। जी20, जी4, आईबीएसए, ब्रिक्स, एल-69 और सी-10, भारत-कैरिकॉम, भारत-सीईएलएसी, बिम्सटेक सहित 8 बहुपक्षीय सम्मेलनों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सिंथेटिक ड्रग खतरों का मुकाबला करने के लिए वैश्विक गठबंधन शिखर सम्मेलन, बीबीएनजे संधि पर हस्ताक्षर, एशिया सोसायटी, ओआरएफ और पैनआईआईटी एलुमनी फाउंडेशन सहित कार्यक्रमों में भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत का वक्तव्य दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन के दौरान भारत की गतिविधियां वास्तव में भारत की विश्वबंधुता तथा बहुपक्षवाद के सुधारों के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करतीं हैं।



■ वाशिंगटन डीसी में वाणिज्य मंत्री रायमोंडो से मिल कर बहुत खुशी हुई : एस. जयशंकर

## गाजा शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले में 12 लोगों की मौत

**गाजा,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर पर सोमवार रात इजरायली हवाई हमले में 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने शिविर में निकटवर्ती दो घरों को निशाना बनाया, जिसमें 12 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। प्रवक्ता बसल ने कहा कि नागरिक सुरक्षा और स्थानीय निवासियों की एक टीम पीड़ितों की तलाश में जुटी है जबकि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इजरायली सेना ने फिलहाल इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले का बदला लेने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया है। इस दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली हमलों में फिलीस्तीनी मरने वालों की संख्या बढ़कर 41,615 हो गई है।

**नागरिक सुरक्षा और स्थानीय निवासियों की एक टीम पीड़ितों की तलाश में जुटी है जबकि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है : महमूद बसल**

# दक्षिण कोरिया ने दुनिया को दिखाई अपनी सबसे ताकतवर 'मॉन्स्टर' मिसाइल

सियोंगनाम, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया ने आर्म्ड फोर्सेज डे के अवसर पर मंगलवार को पहली बार अपनी सबसे शक्तिशाली 'मॉन्स्टर' मिसाइल, को सार्वजनिक प्रदर्शन किया। यह उत्तर कोरिया की परमाणु और मिसाइल धमकियों के बीच सोल की प्योंगयांग को स्पष्ट चेतावनी है। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि राजधानी के दक्षिण में सियोल एयर बेस पर आयोजित एक समारोह में दो मोबाइल मिसाइल लॉन्चर, 'ह्यूनमू-5' ले जा रहे थे। यह मिसाइल उत्तर कोरिया के बड़े हमले की सूरत में दक्षिण कोरिया की जवाबी कार्रवाई की योजना का मुख्य हिस्सा है। यह सैन्य उपकरण राजधानी के दक्षिण में सियोल एयर बेस पर प्रदर्शित किए गए। जमीन से जमीन पर मार करने वाली इस बैलिस्टिक मिसाइल को इसके आकार के कारण 'मॉन्स्टर' कहा जाता है। इसे सामरिक महत्व के कारण गोपनीयता में रखा गया था। यह लगभग 8 टन वजन का वारहेड ले जाने में सक्षम है और अंडरग्राउंड बंकरों को नष्ट करने में सक्षम है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जम्मू-कश्मीर में 65 फीसदी से...

इसके अलावा अखनूर में 76.28, बाहू में 57.07, बांदीपोरा में 58.60, बनी में 71.24, बारामूला में 47.95, बसोहली में 67.24, बिल्लावर में 69.64, बिशनाह(सुरक्षित) में 72.75, चेनानी में 73.79, गुलमर्ग में 64.19, गुरेज (सु) में 75.89, हंदवाडा में 69.06, हीरा नगर में 71.18, जम्मू पूर्व में 60.21, जम्मू उत्तर में 60.79, जम्मू पश्चिम में 56.31, जसरोटा में 71.79, करनाह में 66.30, कठुआ (सु) में 61.49, कुपवाड़ा में 59.68, लंगेट में 59.81, लोलाब में 61.22, मढ (सु) में 76.10, नगरोटा में 72.94, पट्टन में 60.87, आर एस पुरा-जम्मू दक्षिण में 61.65, रफियाबाद में 58.39, रामगढ़(सु) में 73.10, रामनगर (सुरक्षित) में 70.38, सांबा में 71.16, सोनावारी में 65.56, सुचेतगढ़ (सु) में 68.02, त्रेहगाम में 62.27, उधमपुर पूर्व में 74.07, उधमपुर पश्चिम में 73.20, उरी में 64.81, विजयपुर में 73.05 और वागूर-क्रीरी में 56.43 प्रतिशत मतदान हुआ।

जम्मू कश्मीर में पहले दो चरणों में पड़े मत

केन्द्र शासित प्रदेश की कुल 90 सीटों में से पहले दो चरणों में 18 सितंबर और 25 सितंबर को क्रमश: 24 और 26 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए हैं। पहले चरण में 61.38 और दूसरे चरण में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव परिणाम 08 अक्टूबर को आएंगे और चुनाव प्रक्रिया 10 अक्टूबर को संपन्न हो जाएगी।

### मतदान के दौरान ...

हो गए थे और फरार हैं, के लिए मतदान एक ऐसा अवसर है, जो लोग बंदूक और हथगोले के जरिए हासिल नहीं कर सकते। मीर ने आंसू बहाते हुए कहा कि मैं अपने बेटे उमर से घर लौटने और हमारे साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का आग्रह करता हूं। बंदूक के लिए वोट हमारे लिए कुछ भी हासिल कर सकता है। पिछले 35 सालों से बंदूकों ने कई लोगों की जान ली है और कई पिताओं और माताओं के सपनों को चकनाचूर कर दिया है।

### 15 नवंबर को हर जिले में...

कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। जनजातीय समाज में दहेज जैसी सामाजिक बुराई का अस्तित्व नहीं है। भगवान बिरसा मुण्डा का शौर्य हमें हमेशा जीवन में साहस की राह दिखाता है। उन्होंने शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ कर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री कल हजारीबाग से प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करेंगे, जिसमें जनजातीय बहुल 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय लोग कभी दिखावा नहीं करते, उनकी सरलता-सहजता मन मोह लेती है। जनजातीय समाज की खानपान की शैली बीपी-शुगर जैसी लाइफ स्टाईल से जुड़ी बीमारियों से दूर रखती है। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर आयोजित यह कार्यशाला जनजातीय समाज के गौरव को पूरे समाज के सामने लाने में मील का पत्थर साबित होगी।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस समाज में अनेक महापुरूषों ने जन्म लिया जिन्होंने 1857 क्रांति के पहले ही अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष की शुरूआत की। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों को बड़ा नुकसान जनजातीय क्षेत्रों में हुआ, अनेक मौकों पर उन्हें मजबूर होकर पीछे हटना पड़ा। श्री कश्यप ने कहा कि अंग्रेजों ने जब बस्तर में रेल लाईन बिछाने का काम शुरू किया उसमें लकड़ी का उपयोग किया जाता था। जनजातीय समाज ने इसका विरोध किया और यह भाव जताया कि हमारा जंगल कोई नहीं काटेगा। सामाजिक एकजुटता के कारण बहुत कुछ संरक्षित रहा। उन्होंने कहा कि आज किए जा रहे आयोजन के माध्यम से इतिहास के पन्नों में दर्ज जनजातीय समाज के गौरव की गाथा हमारी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरा सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा प्रमाण है। इस समाज में 80 प्रतिशत परिवार संयुक्त परिवार है। मिलेट का उपयोग, जैविक खेती जैसी अनेक बातें जनजातीय समाज से शिक्षित समाज को सीखने की आवश्कता है।

स्वागत भाषण उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने दिया। वनवासी विकास समिति के अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख श्री वैभव सुरंगे ने स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति में अनेक प्रगतिशील परम्पराएं हैं। भगवान से ये कुछ नहीं मांगते। वनवासी विकास समिति के सचिव डॉ. अनुराग जैन ने कहा कि जनजातीय समाज के गुमनाम महानायकों के योगदान से नई पीढ़ी को परीचित कराने की जरूरत है। कार्यक्रम में वनवासी विकास समिति के प्रांताध्यक्ष श्री उमेश कश्यप विश्व विद्यालय के कुलपति एवं प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने इस अवसर पर जनजातीय समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### शराब घोटाला: हाई कोर्ट ने खारिज की...

कंपनी सीएसएमसीएल के पूर्व एमडी अरुण पति त्रिपाठी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ कर ईडी की विशेष अदालत ने जेल भेज दिया था। उन्होंने विशेष अदालत में जमानत अर्जी लगाई, जहां अर्जी खारिज होने पर हाईकोर्ट में जमानत अर्जी लगाई। हाईकोर्ट ने पहली बार जमानत खारिज कर दिया, लेकिन दूसरी बार में बेल दे दिया था।

इसी दौरान ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाले और नकली होलोग्राम पर केस दर्ज कर जांच शुरू की, जिसके तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी के बाद एपी त्रिपाठी और कारोबारी त्रिलोक ढिल्लन ने हाईकोर्ट में अलग अलग जमानत अर्जी लगाई। याचिकाकर्ताओं ने ईडी और एसीबी की कार्रवाई को झूठा बताते हुए कहा, कि इस केस में उन्हें पहले से बेल मिल गई है। अब उसी केस पर EOW ने दूसरी FIR किया है, जो अवैधानिक है। मामले में सुनवाई के दौरान ज़मानत याचिका का विरोध करते हुए कोर्ट में तर्क दिया गया था, कि यह गंभीर आर्थिक अपराध है, राज्य के साथ सीधा छल है। सरकारी रेवेन्यू सरकार के ख़ज़ाने में जमा होने के बजाय सिंडिकेट की जेब में गया, यह एक संगठित अपराध गिरोह है।

### सड़क हादसे में घायल मरीज...

ने कहा कि अजीबो गरीब स्थिति बनी हुई है। इतना प्रयास हो रहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हो जाए, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। क्या मतलब ऐसे अस्पतालों का जहां इमरजेंसी के समय अटेंडर ही ना मिले।

इस पूरे मामले में डिवीजन बेंच ने महाधिवक्ता के माध्यम से प्रदेश सरकार को कड़े निर्देश जारी करने के लिए कहा है। वहीं अगली सुनवाई 4 अक्टूबर को रखी गई है। दरअसल रविवार को दयालबंद निवासी जगमीत सिंह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया जहां वे वह फर्श में पड़े इलाज के लिए तड़पते रहे। इस दौरान डॉक्टर और अटेंडर ने मरीज की सुध नहीं ली। इसके बाद उनके पिता अजीत सिंह पहुंचे और फिर 108 के माध्यम से सिम्स में इलाज कराने ले गए।अस्पताल की इस लापरवाही पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है।

### छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ...

का और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाएगा। श्री पात्रा ने कहा कि ओड़िशा में भी छत्तीसगढ़ की तर्ज पर धान खरीदी व्यवस्था लागू करने के लिए ओड़िशा का अध्ययन दल यहां आया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर पावर पॉइंट प्रेजेनटेशन के माध्यम से एक-एक तथ्यों का बारीकी से अध्ययन किया।

अध्ययन दल द्वारा कृषि उपज मंडी, अनाज गोदाम और शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जीरो पॉइंट पर जाकर सिस्टम का गहन रूप से अध्ययन किया गया।

## सुडोकू 6694

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | 6 | | | 5 | 9 |
| 8 | 6 | | | | | | | |
| 2 | | | | | 1 | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 9 | |
| | | 1 | 6 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 2 | 7 |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 5 |
| | | | 7 | | 9 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6694

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. मधु दैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला,व्यवस्थापक,नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर छुटा हुआ प्राय: सादा किनारा (उर्दू)
१४. कोमल
१५. चंदन
१७. दया, कृपा(उर्दू)
१९. चेहरे पर का काला धब्बा, खिजाब
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल या गिरोह का प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेकार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6693

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ध | म | २ त | री | ■ | ■ | ३ ग | जा | ४ न | न |
| र्म | ■ | दु | ■ | ५ प | र्व | ण | ■ | जा | ■ |
| ६ शा | स | प | त्रि | त | ■ | ७ रा | त | रा | ८ नी |
| ला | ■ | रां | ■ | ९ वा | रि | ज्य | ■ | ■ | म |
| ■ | १० इ | त | ११ वा | र | ■ | ■ | १२ शे | र | पा |
| ■ | च्छु | ■ | र | ■ | १३ प्र | मु | ख | ■ | ग |
| १४ प्र | क | १५ र | ण | ■ | वं | ■ | १६ र | १७ म | ल |
| शं | ■ | वा | ■ | १८ रो | ध | १९ क | ■ | र | ■ |
| २० सि | वा | य | ■ | क | ■ | २१ लं | बो | द | २२ र |
| त | ■ | २३ त | म | ना | श | क | ■ | ■ | क्षा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# लंदन में नस्लवाद की वजह से बढ़ रही असमानता

**लंदन,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। लंदन में संरचनात्मक नस्लवाद एक गंभीर समस्या है। यह जहां जातीय अल्पसंख्यक समुदायों के स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है वहीं जातीय समूहों के बीच असमानताओं को भी बढ़ावा दे रहा है। यूसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ इक्विटी (आईएचई) की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट में पाया गया कि जो लोग अपने दैनिक जीवन में बार-बार नस्लवाद के संपर्क में आते हैं, उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य खराब होता है। रिपोर्ट के अनुसार, लंदन में लगभग 70 फीसदी बांग्लादेशी और पाकिस्तानी बच्चे, 52 प्रतिशत अश्वेत बच्चे, गरीबी में बड़े हो रहे हैं। वहीं श्वेत परिवारों में 26 फीसदी बच्चे गरीबी में बड़े हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि गरीबी में बड़े होने वाले बच्चों के अच्छे आवास में रहने या पौष्टिक भोजन तक पहुंच की संभावना कम होती है। इसका उनकी शैक्षिक संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि वर्कप्लेस पर नस्लवाद के कारण शिक्षा में प्रगति, अच्छे रोजगार या आय में तब्दील नहीं हो पाती।

# खेल जगत

## मैं खुद को 'जादूगर' कहलाए जाने के बारे में नहीं सोचता : बुमराह

**कानपुर।** भारत की बांग्लादेश पर सात विकेट की जीत में कुल छह विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खुद को जादूगर कहलाये जाने के बारे में नहीं सोचते। दोनों पारियों में तीन-तीन विकेट लेने वाले बुमराह ने मैच के बाद कहा कि यह वाकई बहुत अच्छा लग रहा है। मैं उन सभी विशेषणों के बारे में नहीं सोचता। यह जीत हासिल करना वाकई अच्छा है, हमने कुछ दिन गंवाए थे.. जिस तरह से हमने कल बल्लेबाजी की और यह हमारी फिटनेस के लिए एक परीक्षा थी और साथ ही आप देख सकते हैं कि मौसम कितना गर्म है, हर दिन गेंदबाजी करना और प्रभाव पैदा करने की कोशिश करना, यह वाकई एक खास जीत है। उन्होंने कहा कि आप अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हैं लेकिन यह कहना आसान है, करना मुश्किल, क्योंकि आपने बहुत क्रिकेट खेला है और अलग-अलग सतहों पर खेला है।



# कानपुर में टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाएं हाथ के नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोनों पारियों मे जड़े तूफानी अर्द्धशतकों तथा स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ,रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरी

■ यशस्वी ने दोनों पारियों में जड़े तूफानी अर्द्धशतक

■ बुमराह ने दूसरे टेस्ट में चटकाए कुल 6 विकेट

पारी में चटकाए तीन-तीन विकेट की बदौलत भारत ने बांग्लादेश से दूसरा व अंतिम क्रिकेट टेस्ट पांचवें व अंतिम दिन दूसरे सत्र में सात विकेट से जीतने के साथ उसका सूपड़ा साफ कर सीरीज 2-0 से जीत ली। बारिश, कम होती रोशनी और कानपुर में ग्रीन पार्क मैदान के घटिया ड्रेनेज के चलते ढाई दिन का खेल न होने के बावजूद भारत ने अपने नए चीफ कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा की नई सोच की बदौलत अंतिम दिन एक पूरा सत्र बाकी रहते जीत दर्ज कर साबित किया की संकल्प हो तो फिर किसी भी स्थिति में जीत मुमकिन है। भारत यह टेस्ट सीरीज कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में शीर्ष पर बरकरार रहा। भारत की यह जीत इसलिए ऐतिहासिक है जब सभी ने दूसरे टेस्ट को ड्रॉ मान लिया तो उसने हर किसी को गलत साबित कर यह जीत दर्ज की। भारत की दूसरे टेस्ट की जीत का कोई एक नहीं बल्कि पूरी टीम नायक रही। दिलचस्प बात यह रही कि भारत ने इस टेस्ट में एक ओवर भी मेडन ओवर नहीं खेला। भारत ने अपने घर में लगातार 18 वी टेस्ट जीत सीरीज कर अपना दबदबा बरकरार रखा। भारत के लिए दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में मिला कर जसप्रीत बुमराह ने छह, रविचंद्रन अश्विन ने पांच, रवींद्र जडेजा ने चार तथा आकाशदीप ने तीन तथा सिराज ने दो विकेट चटकाए। पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक जड़ने के साथ दोनों टेस्ट में कुल मिलाकर कुल 11 विकेट चटकाने वाले ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन मैन ऑफ द' मैच रहे। भारत के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन, बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट चटका कर सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम के अर्द्धशतक के बावजूद बांग्लादेश की दूसरी पारी 47 ओवर में 146 पर समेट दी। भारत से पहली पारी में 52 रन से पिछड़ने के बाद बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी अंतिम दिन दो विकेट पर 26 रन से आगे शुरू करने के बाद बाकी के आगे बढ़ाएं लंच के समय अंतिम आठ विकेट 120 रन और जोड़ कर खो दिए। भारत को जीत के लिए दूसरी पारी में 95 रन बनाने का लक्ष्य मिला। कप्तान रोहित शर्मा और मैन ऑफ द' मैच यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया।



## हम जोखिम लेने के लिए तैयार थे : रोहित



**कानपुर।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में दूसरा टेस्ट सात विकेट से जीतने और सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद मंगलवार को कहा कि टीम जीत के लिए कोई भी जोखिम उठाने को तैयार थी। रोहित ने मैच के बाद कहा कि हम सभी आगे बढ़ते रहते हैं। जाहिर है कि किसी न किसी स्तर पर हमें अलग-अलग लोगों के साथ काम करना शुरू करना पड़ा। जब राहुल भाई ने कहा कि वह यहां नहीं रह सकते -हमने शानदार समय बिताया लेकिन जीवन आगे बढ़ता रहता है। हम सभी को आगे बढ़ना है। कप्तान ने कहा कि कोच गौतम गंभीर, मैंने उनके साथ खेला है और जानता हूं कि वह किस तरह की मानसिकता के साथ आते हैं और खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति देते हैं। शुरुआती दिन लेकिन यह एक अच्छी शुरुआत रही है। हमें इस बारे में बहुत सोचना था कि खेल को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। एक बार जब हमने ढाई दिन खो दिए, जब हम चौथे दिन आए तो हम उन्हें जितनी जल्दी हो सके आउट करना चाहते थे और देखना चाहते थे कि हम बल्ले से क्या कर सकते हैं। रोहित ने कहा कि सब कुछ इस बात पर निर्भर करता था कि वे कितने रन बनाते हैं। जब वे 230 रन पर आउट हो गए, तो यह हमारे द्वारा बनाए गए रनों के बारे में नहीं था, बल्कि उन ओवरों के बारे में था जिन्हें हम उन्हें फेंकना चाहते थे। इसका मतलब था कि हमें रन रेट बढ़ाने की कोशिश करनी थी और जितना संभव हो सके उतने रन बनाने थे। उन्होंने कहा कि पिच में गेंदबाजों के लिए बहुत कुछ नहीं था। उस पिच पर खेल को बेहतर बनाना गेंदबाजों का शानदार प्रयास था। और फिर बल्लेबाज़ों ने इस मानसिकता के साथ जल्दी से जल्दी रन बनाने की सोची।

## भारत ने डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान किया मजबूत

**कानपुर।** बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 की टेस्ट सीरीज जीत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) स्टैंडिंग में भारत की शीर्ष पर स्थिति को और मजबूत कर दिया है। कानपुर टेस्ट मैच सात विकेट की जीत के साथ भारत ने अपने अंक प्रतिशत में सुधार करते हुए इसे 74.24 तक पहुंचा दिया, जबकि बांग्लादेश की हार के बाद वह 34.38 प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। मेहमान टीम से आगे दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड है, जो क्रमश: पांचवें और छठे स्थान काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया 12 मैचों में आठ जीत के बाद 62.50 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि श्रीलंका (तीसरे), इंग्लैंड (चौथे) स्थान पर 55.56 और 42.19 अंक प्रतिशत के साथ हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज क्लीन स्वीप की। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत नंबर 1 पर बरकरार है और उसकी स्थिति और मजबूत हो गई है। भारत पिछले 12 साल से घर में टेस्ट सीरीज नहीं हारा है और यह टीम की लगातार 18वीं सीरीज जीत है। कानपुर टेस्ट तीन दिन बारिश से प्रभावित रहा लेकिन यहां पानी के साथ रिकार्डों की भी बारिश हुई।

## अश्विन ने मुरलीधरन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की

**कानपुर।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपने विजयी आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब जीतकर श्रीलंका के ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कानपुर टेस्ट की पहली पारी में दो और दूसरी पारी में तीन विकेट लेने वाले अश्विन ने इस सीरीज में कुल 114 रन बनाये और 11 विकेट लिए जिसकी बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला जो उनके करियर में 11वीं बार था। मुरलीधरन ने भी अपने करियर में 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार हासिल किये थे। इस उपलब्धि के बाद अश्विन ने कहा कि यह गेम जीतना हमारे लिए महत्वपूर्ण था। डब्लूटीसी के संदर्भ में हमारे लिए बहुत बड़ी जीत। जब हमने उन्हें कल आउट किया, तो लंच के बाद बहुत कम समय बचा था। रोहित चाहते थे कि हमें उन्हें आउट करने के लिए 80 ओवर की ज़रूरत हो। उन्होंने कहा कि अगर हम 230 रन पर आउट भी हो जाते हैं, तो कोई बात नहीं। और उन्होंने जिस तरह से पहली गेंद पर कदम रखा, उससे उन्होंने लय सेट कर दी। आपको पुरानी गेंद की तुलना में नई गेंद से ज़्यादा पकड़ मिलती है।



## भारत की घर में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत

**कानपुर,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने कानपूर के ग्रीन पार्क में बांग्लादेश को पांचवें और अंतिम दिन मंगलवार को सात विकेट से हराकर दूसरा टेस्ट जीत लिया और दो मैचों की सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। भारत की अपने घर में यह लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत है जिसका सिलसिला 2013 में शुरू हुआ था। भारत की अपने टेस्ट इतिहास में यह 180वीं जीत है और वह सर्वाधिक टेस्ट जीतने के मामले में दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

**घरेलू मैदान पर लगातार सबसे ज़्यादा टेस्ट सीरीज जीत**

- 18* - भारत (2013 - 2024)
- 10 - ऑस्ट्रेलिया (1994-2000)
- 10 - ऑस्ट्रेलिया (2004-2008)
- 8 - वेस्टइंडीज (1976-1986)
- 8 - न्यूज़ीलैंड (2017-2020)

**टेस्ट में सबसे ज़्यादा जीत**

- 414 - ऑस्ट्रेलिया
- 397 - इंग्लैंड
- 183 - वेस्टइंडीज
- 180 - भारत
- 179 - दक्षिण अफ्रीका



# भविष्य में भारतीय क्रिकेट के बल्लेबाजी स्तंभ बनेंगे गिल-जायसवाल : अश्विन

**कानपुर,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट का 'स्वर्णिम युग' चल रहा है, बीते कुछ महीने इस टीम ने हर फॉर्मेट में अपनी छाप छोड़ी है। हालांकि कई मौकों पर

■ युवा खिलाड़ियों के रूप में भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्जवल नजर आ रहा है : रविचंद्रन अश्विन

टीम की आलोचना भी हुई और उन्हें हार का मुंह भी देखना पड़ा, लेकिन इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। खास तौर पर युवा खिलाड़ियों के रूप में भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्जवल नजर आ रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने टेस्ट सीरीज अपने नाम की। इस दौरान भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी शानदार लय में नजर आई। स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को देश के दो युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल से बहुत उम्मीदें हैं। दोनों खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ भारत की हालिया 2-0 की टेस्ट स्वीप के दौरान प्रभावित किया। जायसवाल 47.25 की औसत से 189 रन बनाकर श्रृंखला के शीर्ष रन-स्कोरर रहे जबकि, शुभमन गिल ने 54.66 की प्रभावशाली औसत से 164 रन बनाए, जिसमें पहले टेस्ट में एक शतक भी शामिल है। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अश्विन ने दोनों युवा बल्लेबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा की वे भारत के लिए अहम खिलाड़ी बन सकते हैं, खास तौर पर विदेशी परिस्थितियों में उनसे काफी उम्मीदें रहेगी। अश्विन ने कहा कि मुझे लगता है कि यशस्वी जायसवाल एक खास प्रतिभा है। वह खुलकर और आक्रामक खेलते हैं। उसने अभी-अभी अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू किया है, जबकि शुभमन गिल भी युवा हैं। वे दोनों अभी टेस्ट क्रिकेट खेलने के शुरुआती दौर में हैं, लेकिन मेरा मानना है कि वे भारतीय क्रिकेट के भविष्य के स्तंभ और विदेशी सरजमीं के सितारे होंगे। जायसवाल अपने आक्रामक अंदाज के लिए मशहूर हैं, जबकि शुभमन गिल एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो अपनी क्लास और शॉट चयन पर भरोसा करते हैं। टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी और भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक अश्विन ने माना कि दोनों का भविष्य उज्जवल है, लेकिन उन्हें लगातार अपने खेल में सुधार करने की आवश्यकता है।



# सीएम योगी सरकार ने खिलाड़ियों का किया सम्मान

**लखनऊ,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को सम्मानित किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने युवाओं और खिलाड़ियों को सफलता का मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए आज स्मार्ट फोन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को नशे से दूर रहना चाहिए, नशा नाश का का कारण है, जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा कि युवा अपने आप को तैयार करें, उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार उनके लिए समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल के अपने जीवन का हिस्सा बनाएं इसके लिए प्रदेश के शहरों और गांवों में खेल की सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ-साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योगी ने इस अवसर पर 14 ओलंपियंस व पैरालंपिक एथलीट्स को सम्मानित किया और इन सभी खिलाड़ियों को 22.70 करोड़ रुपए की पुरस्कार सम्मान राशि वितरित की। इनमें पदक विजेता कुल सात ओलंपियंस व पैरालंपियंस और सात अन्य प्रतिभाग करने वाले ओलंपियंस व पैरालंपियंस मौजूद रहे। सम्मानित होने वाले पदक विजेताओं में प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल शामिल रहे।



## सार संक्षेप

### दिल्ली प्रीमियर लीग: सुदेवा और डीएफसी की आसान जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम पर दिल्ली एफसी ने वाटिका फुटबाल क्लब को 3-0 से हरा कर पहली जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में सुदेवा एफसी ने फ्रेंड्स यूनाइटेड क्लब को 5-1 से परास्त किया। आज की विजेता टीमों ने एक जीत और एक एक ड्रॉ के साथ 4-4 अंक जुटाए हैं। दिल्ली एफसी के लिए सैमसन कीशिंग, मैन ऑफ द मैच आरिस खान और अबेल्सन जैची ने गोल जमाए। सुदेवा दिल्ली की जीत का आकर्षण एजाज अहमद के दो दर्शनीय गोल रहे। पहली प्रीमियर लीग की विजेता वाटिका एफसी एक बार फिर अपनी ख्याति के अनुरूप नहीं खेल पाई । हालांकि 19वें मिनट में सैमसन द्वारा जमाए गोल के बाद लगभग साठ मिनट तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन दो मिनट में दो गोल जमा कर विजेता टीम ने परीणाम को एकतरफा कर दिया। सुदेवा दिल्ली और फ्रेंड्स यूनाइटेड का मैच उतार चढ़ाव वाला रहा लेकिन युवा शक्ति के सामने अनुभव को कठिन समय गुजारना पड़ा। फ्रेंड्स यूनाइटेड के मयंक देसवाल को रेफरी राहुल कुमार गुप्ता ने फाउल प्ले के लिए लाल कार्ड दिखाया।

### यूएई में हमारा लक्ष्य खिताब जीतना होगा: जेमिमा रोड्रिग्स

**दुबई।** महिला टी20 विश्व कप 2024 जीतने के इरादे से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया यूएई पहुंच चुकी है। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हैं, लेकिन दबाव में नहीं बल्कि अपना नेचुरल गेम खेलकर। खाड़ी देश में खेलने का अनुभव होने के बावजूद, दुबई और शारजाह के गर्म और उमस भरे मौसम से तालमेल बिठाना टीम के लिए अहम होगा। भारत ने रविवार को अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज को 20 रन से हराकर 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप में अपने पहले मुकाबले की तैयारी की। टीम में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, जेमिमा टीम की सफलता में अपना बेस्ट प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स को बताया कि मेरे लिए, यह परिस्थितियों का आकलन करने और स्थिति के अनुसार खेलने के बारे में है। मैं बस इसे सरल रखना चाहती हूं और टीम को जीतने में मदद करने के लिए जो भी करना है और जो भी टीम की जरूरत है, वह करना चाहती हूं।

# टी-20 विश्व कप को लेकर थोड़ी नर्वस हैं सोफी मोलिनेक्स

**दुबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। महिला टी20 विश्व कप काउंटडाउन शुरू हो चुका है। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत और खतरनाक टीम ऑस्ट्रेलिया एक बार फिर अपना

■ सोफी ने गंभीर चोटों के कारण दो साल से अधिक समय तक टीम से बाहर बिताया

दबदबा कायम करना चाहेगी। वहीं, स्टार ऑलराउंडर सोफी मोलिनेक्स राष्ट्रीय टीम में वापसी के बाद यूएई में होने वाले मेगा इवेंट को लेकर थोड़ी नर्वस हैं। दो बार की विश्व कप विजेता ने 2021 और 2024 के बीच पैर और घुटने की गंभीर चोटों के कारण दो साल से अधिक समय तक टीम से बाहर बिताया। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे विश्व कप 2022, राष्ट्रमंडल खेल और टी20 विश्व कप 2023 से चूक गईं। अब टीम में वापसी के बाद यह ऑलराउंडर कोई भी भूमिका निभाने के लिए तैयार है लेकिन, यह उनके लिए इतना आसान नहीं होगा। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने मोलिनेक्स के हवाले से कहा कि मैं पिछले कुछ वर्षों से विश्व कप के लिए नहीं खेली हूं। इसलिए इस समय मैं थोड़ा नर्वस महसूस कर रही हूं, लेकिन यह टी20 विश्व कप है और मुझे अपना बेस्ट देना होगा। 26 वर्षीय खिलाड़ी इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम में लौटी। मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। हालांकि, चोट के कारण उनकी विश्व कप की तैयारियां बाधित हुईं, लेकिन उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में टी20 सीरीज में शानदार वापसी की। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं इस टीम में किसी भी भूमिका का आनंद लेती हूं। काफी महत्वपूर्ण हैं और मुझे लगता है कि उन परिस्थितियों में एक गेंदबाज के रूप में आप हमेशा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे लेकिन, ऐसी चुनौतियों से लड़ना और कमबैक करने में सक्षम होना ही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान है।



# मेरी रणनीति बेंगलुरु बुल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है' : नरवाल

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 से पहले, बेंगलुरु बुल्स के स्टार खिलाड़ी और 'रिकॉर्ड ब्रेकर' प्रदीप नरवाल ने उस टीम में फिर से शामिल होने को लेकर उत्साह व्यक्त किया, जहां से सीजन 2 में उनकी यात्रा शुरू हुई थी। 18 अक्टूबर को हैदराबाद में तेलुगु टाइटन्स के खिलाफ होने वाले पीकेएल 2024 के ओपनिंग मैच के लिए भी उन्होंने अपना उत्साह शेयर किया। 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' के पहले सीजन में प्रदीप नरवाल ने टीम के शुरुआती मैच के बारे में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं क्योंकि हम पहला मैच खेल रहे हैं। हम तेलुगु टाइटन्स के होमटाउन हैदराबाद जा रहे हैं और जहां प्रशंसक उनका समर्थन करेंगे, जबकि हमारे प्रशंसक भी पीछे नहीं है, भले ही उन्हें घरेलू मैदान का लाभ हो लेकिन हम अपना बेस्ट प्रदर्शन करेंगे। पिछले कुछ सीजन में 'डुबकी स्पेशलिस्ट' के नाम से मशहूर होने और इस साल अपने कौन से नए कौशल दिखाने की योजना पर उन्होंने कहा कि मेरी रणनीति टीम और खुद के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है, ताकि टीम को शीर्ष पर ले जाने में मदद मिल सके। मैं इस सीजन में नए कौशल लेकर आऊंगा और एक-एक करके आपको दिखाऊंगा। मेरे पास निश्चित रूप से कुछ नया होगा जिसे मैं पेश कर सकता हूं। पिछले कुछ वर्षों में उनका खेल जिस तरह से विकसित हुआ है, उस पर प्रदीप ने बताया कि दूसरे सीजन में मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। लेकिन अगले सीजन में मैंने लगातार सुधार किया। खेल दिन-ब-दिन बदलता रहता है, यह हमेशा एक जैसा नहीं रहता।



# पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर इयान बेल का आईपीएल के नए नियमों पर आया रिएक्शन

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां। बीसीसीआई ने 2025 में होने वाली मेगा नीलामी से पहले आईपीएल खिलाड़ी विनियम 2025-27 की घोषणा की है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट इयान बेल ने नए नियमों पर अपने विचार साझा करते हुए दावा किया कि यह 'निष्पक्ष' है लेकिन 'संतुलन की आवश्यकता है'। आईपीएल के नए नियम आने के बाद टूर्नामेंट को लेकर चर्चा काफी तेज हो गई है। टीम किस खिलाड़ी को रिटेन करेगी और किसे नहीं यह मामला काफी रोमांचक हो गया। हालांकि, इसमें सबसे बड़ा फेरबदल विदेशी खिलाड़ियों को लेकर हुए नियमों में बदलाव को लेकर है। इन नियमों पर पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर इयान बेल का बयान भी सामने आया है। इयान बेल ने आईएएनएस से कहा कि एक उचित नियम है। अगर आपको नीलामी में चुना जाता है और फिर आप नहीं आते हैं तो यह गलत है, क्योंकि टीमें एक रणनीति बनाती हैं, विशिष्ट खिलाड़ियों की भर्ती करती हैं और फिर अगर खिलाड़ी नहीं आता है तो इसे स्टेबल करना काफी परेशानी का सबब है।

# पार्थ माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप में जीता दोहरा स्वर्ण पदक

**लीमा,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन तीन स्वर्ण पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं। पुरुषों की स्पर्धा में पार्थ माने, अजय मलिक और अभिनव शॉ ने 1883.5 का स्कोर अर्जित करके टीम का खिताब सुरक्षित किया। पार्थ माने ने पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार 10.0 से ऊपर शॉट लगाए। उनके 250.7 के स्कोर ने चीन के लिवानलिन हुआंग (250.0) को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। अमेरिका के ब्रैडेन वेन पेइजर ने 229.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि पेरिस 2024 ओलंपिक के रजत पदक विजेता विक्टर लिंडग्रेन 207.2 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। अजय मलिक को शूट-ऑफ में लिंडग्रेन से हार का सामना करना पड़ा और वह 186.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। पिछले साल व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाले अभिनव शॉ अपने खिताब को डिफेंड नहीं कर सके और 144.2 के साथ सातवें स्थान पर रहे। इससे पहले क्वालीफाइंग राउंड में अजय मलिक 628.8 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। पार्थ माने (627.7) चौथे, जबकि अभिनव शॉ (627.0) छठे स्थान पर रहे। भारतीय निशानेबाजों ने 1883.5 के संयुक्त स्कोर के साथ टीम स्पर्धा में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका (1877.6) और जर्मनी (1873.9) को पीछे छोड़ने में कामयाब रहे। क्वालीफाइंग राउंड से आठ निशानेबाजों ने व्यक्तिगत फाइनल 10 मीटर एयर राइफल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।



भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट में ऑन-फील्ड एक्शन से कोचिंग में भी मिलेगी मदद : इयान बेल

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्रिकेट का बढ़ता क्रेज और फ्रेंचाइजी लीग की बढ़ती डिमांड इन दिनों आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। खास तौर पर रिटायर हो चुके क्रिकेटरों के लिए भी फ्रेंचाइजी लीग शानदार मंच तैयार कर रही है। वहीं, लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 3 में इंडिया कैपिटल्स के कप्तान इयान बेल ने इस लीग की तारीफ करते हुए कहा कि इसने उन्हें एक बार फिर खेल का लुत्फ उठाने का मौका दिया है। इयान बेल ने कहा कि खेल में वापसी से उन्हें अपनी कोचिंग रोल में भी नई तकनीक विकसित करने में मदद मिलेगी। बेल ने आईएएनएस से कहा कि हमारे पास एक अच्छी टीम है, जो अच्छी बात है क्योंकि इससे मुझ पर कम दबाव होगा। जहां तक मेरी बात है, मैं फ्रेंचाइजी और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की कोचिंग में शामिल रहा हूं और यह आपको शारीरिक रूप से फिट रखता है। थोड़ा मौज-मस्ती करना और नेट्स में जाना अच्छा है, क्योंकि आपको इसका मौका नहीं मिलता। यह आपको खेल के मानसिक पक्ष की याद दिलाता है, क्योंकि यह ऐसी चीज है जिसे आप कोचिंग की भूमिका में होने पर भूल जाते हैं। जैसे-जैसे हम टूर्नामेंट के अंतिम चरण में पहुंचेंगे, उम्मीद है कि हम मैच जीतेंगे और फाइनल में पहुंचेंगे। 2020 में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले बेल अब दुनिया की कई टीमों के लिए कोचिंग की भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें अगस्त 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम के लिए बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया गया था।

## सुडोकू 6694 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 |

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.93 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.22 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.50 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.48 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.19 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 2.68 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.54 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.27 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.96 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.86 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 77,563 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 98,000 |
| वायदा | 68,426 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 133. 63 | 134. 23 |
| पौंड स्टर्लिंग | 178. 94 | 179. 74 |
| यूरो | 149. 00 | 149. 81 |
| चीन युआन | 18.47 | 18.55 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2700-2800 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4200-4300 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 7200-7300 |
| दाल चना | 8200-8300 |
| मसूर काली | 7450-7550 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9800-9900 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## यूपीआई से सितम्बर में हुए 20.64 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन, ट्रांजैक्शन की संख्या 15.04 अरब के पार

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए होने वाले लेनदेन का मूल्य सितंबर में सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 20.64 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इस दौरान ट्रांजैक्शन की संख्या भी सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 15.04 अरब हो गई है। यह जानकारी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की ओर से मंगलवार को जारी किए गए डेटा से मिली। बीते महीने यूपीआई पर प्रतिदिन 50.1 करोड़ लेनदेन हुए थे। अगस्त में यह आंकड़ा 48.3 करोड़ पर था। इस दौरान यूपीआई पर प्रतिदिन औसत 68,800 करोड़ रुपए के मूल्य के लेनदेन हुए। अगस्त में यह आंकड़ा 66,475 करोड़ रुपए पर था। यह लगातार पांचवां महीना है, जब मासिक यूपीआई लेनदेन की वैल्यू 20 लाख करोड़ रुपए रही है। सितम्बर में आधार आधारित पेमेंट सिस्टम (एईपीएस) से 10 करोड़ के करीब लेनदेन हुए हैं और इनकी वैल्यू 24,143 करोड़ रुपए थी। इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) के



- **लगातार पांचवां महीना मासिक यूपीआई लेनदेन की वैल्यू 20 लाख करोड़ रुपए रही**
- **अगस्त में यह आंकड़ा 48.3 करोड़ पर था**

जरिए सितंबर में 5.65 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए हैं। इसमें सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। बीते महीने प्रतिदिन औसत 1.4 करोड़ आईएमपीएस लेनदेन हुए हैं और इनकी प्रतिदिन की औसत वैल्यू 18,841 करोड़ रुपये रही थी।

सितम्बर में फास्टैग में 31.8 करोड़ लेनदेन हुए हैं। इसमें 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान फास्टैग में 5,620 करोड़ रुपए का संग्रह हुआ है और इसमें सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सितंबर के यूपीआई के आंकड़े दिखाते हैं कि देश में डिजिटल लेनदेन में तेजी से वृद्धि हो रही है।

वर्ल्डलाइन इंडिया में इनोवेशन, स्ट्रेटेजी और एनालिटिक्स के प्रमुख, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुनील रोंगला का कहना है कि इन आंकड़ों की सबसे अच्छी बात यह है कि जुलाई से लेकर सितंबर तक यूपीआई लेनदेन की वैल्यू 20.64 लाख करोड़ रुपये के ऊपर बनी हुई है, लेकिन लेनदेन की संख्या 14.44 अरब से बढ़कर 15.04 अरब पर पहुंच गई है, जो दिखाता है कि छोटे लेनदेन के लिए लोग पहले के मुकाबले ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## देश की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनी एससीआई को 63 वर्ष पूरे, कच्चे तेल परिवहन में अहम भूमिका

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी समुद्री जहाज कंपनी शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) के बुधवार को 63 वर्ष पूरे हो रहे हैं। कंपनी की स्थापना भारत सरकार ने 2 अक्टूबर, 1961 को ईस्टर्न शिपिंग कॉरपोरेशन और वेस्टर्न शिपिंग कॉरपोरेशन का विलय कर की थी। बाद में 1973 में जयंती शिपिंग कंपनी और 1986 में मुगल लाइन कंपनी का इसमें विलय किया गया।



एससीआई की देश के कच्चे तेल के आयात में बड़ी भूमिका मानी जाती है। कंपनी ने अपनी स्थापना के दो साल के बाद 1964 में कच्चे तेल परिवहन में कदम रख दिया था। एससीआई 1975 में बैरी लार्ज क्रूड कैरियर (वीएलसीसी) भारत में लाने वाली पहली शिपिंग कंपनी थी। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, कई बार इमरजेंसी और वैश्विक तनाव जैसी स्थिति में एससीआई ने देश के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित कर लाइफ लाइन का काम किया और अर्थव्यवस्था को रफ्तार दी। शुरुआत में कंपनी के पास 19 जहाजों का बेड़ा था, जिसकी संख्या अब बढ़कर 59 हो गई है। कंपनी के पास क्रूड ऑयल, उत्पाद, गैस, बल्क कैरियर्स और लाइनर जैसे जहाज हैं। 1992 में भारत सरकार की ओर से एससीआई को शेयर बाजार में लिस्ट किया गया। इस विनिवेश के दौरान कंपनी की 18.5 हिस्सेदारी की बिक्री की गई थी। 2000 के दौरान कंपनी को 'मिनी रत्न' का स्टेटस दिया गया। 2005 में कंपनी ने अपने इतिहास में पहली बार 1,000 करोड़ रुपए का मुनाफा हासिल किया था। सरकार की ओर से एससीआई को अगस्त 2008 में 'नवरत्न का दर्जा दिया गया था।

मौजूदा समय में इसके इंडियन ऑयल, बीएचईएल, सेल, ओएनजीसी, भारत फोर्ज, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, बीपी, कोच, पेट्रोनेट एलएनजी और जियो लॉजिस्टिक्स जैसे बड़े ग्राहक हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की बिक्री 5,046 करोड़ रुपए रही थी। इस दौरान कंपनी को 612 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

## 'विवाद से विश्वास स्कीम 2024' की गई शुरू

### करदाता निपटा पाएंगे पुराने इनकम टैक्स विवाद

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। करदाताओं के पुराने इनकम टैक्स विवादों को समाप्त करने के लिए लाई गई 'विवाद से विश्वास स्कीम 2024' सोमवार से लागू हो गई है। इस स्कीम का ऐलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आम बजट 2024 की स्पीच के दौरान किया गया था। इस स्कीम का उद्देश्य देश में इनकम टैक्स के पुराने विवाद को समाप्त करना है। विवाद से विश्वास स्कीम 2024 के जरिए 22 जुलाई, 2024 तक आयकर आयुक्त (अपील), आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित प्रत्यक्ष कर के मामलों को निपटाया जा सकता है। विवाद से विश्वास स्कीम 2024 का फायदा कोई भी व्यक्ति उठा सकता है, जिसका इनकम टैक्स के बकाया को लेकर मामला लंबित है। हालांकि, वे लोग इस स्कीम का फायदा नहीं उठा सकते हैं, जिन पर खोज और जब्ती, विदेशों में अघोषित आय जैसे गंभीर आयकर के मामले चल रहे हो। इस स्कीम का फायदा लेने के लिए आपको विवाद से विश्वास स्कीम 2024 के तहत जारी हुए फॉर्म 1 भरना होगा, जिसे इनकम टैक्स की वेबसाइट पर लाइव कर दिया गया है, जिसमें आपको डिक्लेरेशन देना होगा। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि आपके किसी भी डिक्लेरेशन को टैक्स अथॉरिटी की ओर से स्वीकार कर लिया जाएगा।



## छोटी बचत योजनाओं पर अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में समान रहेगी ब्याज दर

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की ओर से अक्टूबर से दिसंबर की अवधि के लिए छोटी बचत योजनाओं जैसे पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं गया है। सरकार के इस फैसले के बाद छोटी बचत योजनाओं पर जुलाई से सितंबर की अवधि में मिल रही ब्याज दर ही जारी रहेगी। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही यानी 1 अक्टूबर, 2024 से लेकर 31 दिसंबर 2024 तक की अवधि के लिए सभी छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (1 जुलाई, 2024 से 30 सितंबर, 2024) के लिए अधिसूचित की गई ब्याज दरें ही लागू रहेंगी। छोटी बचत योजनाओं में पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस), सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई), नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी), पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट (पीओटीडी), महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट (एमएसएससी) किसान विकास पत्र (केवीपी) और पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम (पीओएमआईएस) को शामिल किया जाता है। छोटी बचत योजनाओं में सबसे अधिक 8.2 प्रतिशत का ब्याज सुकन्या समृद्धि योजना और सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम पर मिल रहा है। इसके बाद नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट पर 7.7 प्रतिशत, किसान विकास पत्र और महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट पर 7.5 प्रतिशत, मंथली इनकम स्कीम पर 7.4 प्रतिशत और पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर 7.1 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है।

- **पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं**

## शुरूआती तेजी गंवाकर फिसला बाजार

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, यूटिलिटीज और तेल एवं गैस समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार शुरूआती तेजी गंवाकर लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.49 अंक टूटकर 84,266.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 13.95 अंक फिसलकर 25,796.90 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.27 प्रतिशत की बढ़त लेकर 49,484.46 अंक और स्मॉलकैप 0.56 प्रतिशत उछलकर 57,450.85 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4054 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2296 में लिवाली जबकि 1668 में बिकवाली हुई वहीं 90 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां लाल जबकि अन्य 21 हरे निशान पर रही। बीएसई के आठ समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे ऊर्जा 0.64, एफएमसीजी 0.17, दूरसंचार 0.86, यूटिलिटीज 0.35, कैपिटल गुड्स 0.04, तेल एवं गैस 0.71, पावर 0.17 और रियल्टी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.71, आईटी 1.05, टेक 0.72 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत मजबूत रहे।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.28, जर्मनी का डैक्स 0.22, जापान का निक्केई 1.93, हांगकांग का हैंगसेंग 2.43 और चीन के शंघाई कम्पोजिट ने 8.06 प्रतिशत की छलांग लगाई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 43 अंक गिरकर 84,257.17 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 84,648.40 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, बिकवाली होने से दोपहर से पहले 84,098.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 84,299.78 अंक के मुकाबले 0.04 प्रतिशत फिसलकर 84,266.29 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 22 अंक उतरकर 25,788.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,907.60 अंक के उच्चतम जबकि 25,739.20 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,810.85 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत कमजोर होकर 25,796.90 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 2.68, एशियन पेंट 1.54, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.27, टाटा मोटर्स 0.96, टाटा स्टील 0.86, टाइटन 0.83, रिलायंस 0.81, एनटीपीसी 0.70, एलटी 0.65, पावरग्रिड 0.58, एक्सिस बैंक 0.53, आईटीसी 0.41, भारती एयरटेल 0.40, मारुति 0.40, एचडीएफसी बैंक 0.34 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.22 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टेक महिंद्रा 2.93, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.22, इंफ़ोसिस 1.50, कोटक बैंक 1.48, एसबीआई 1.19, एचसीएल टेक 1.14, अडानी पोर्ट्स 0.93, नेस्ले इंडिया 0.66, आईसीआईसीआई बैंक 0.56, टीसीएस 0.42, अल्ट्रासिमको 0.33, बजाज फिनसर्व 0.12, बजाज फाइनेंस 0.01 और सन फार्मा के शेयर 0.01 प्रतिशत चढ़ गए।

## वेकफिटडॉटको का राजस्व 1000 करोड़ रुपए के स्तर पर बिक्री नेटवर्क बढ़ा रही

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर (एजेंसियां) देश की प्रमुख होम और स्लीप सॉल्यूशंस कंपनी वेकफिटडॉटको ने वित्त वर्ष 2023-24 में 24 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,017 करोड़ रुपए का राजस्व हासिल करके 1,000 करोड़ रुपये के राजस्व क्लब में अपनी जगह बना ली है। कंपनी ने कहा है कि वह चालू वित्त वर्ष में अपने बिक्री स्टोर की संख्या 80 से बढ़ा कर 120 करने जा रही है तथा बिक्री के सभी मंचों पर उपस्थिति बढ़ा रही है। कंपनी 2023-24 में 65 करोड़ रुपए का परिचालन लाभ दर्ज किया और वर्ष 2024-25 में भी उसे इसमें दहाई अंक में वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि वह अपनी उत्पाद सूची का विस्तार करने, बक्री के सभी मंचों पर अपनी मौजूदगी को दोगुना करने और ब्रांड निर्माण पर जोर देने के लिए निवेश जारी रखेगी। कंपनी सह संस्थापक एवं निदेशक चैतन्य रामालिंगेगौड़ा ने कहा, हमारी कंपनी ने 1000 करोड़ रुपए का राजस्व पार किया है, और यह हमारे ग्राहकों के भरोसे का परिणाम है। सालाना 24 प्रतिशत की वृद्धि यह दर्शाती है कि हम ऐसे नए और बेहतर उत्पाद बना रहे हैं जो लोगों को पसंद आ रहे हैं। हम ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों को समझते हैं और उन्हें पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। हम आगे नए उत्पाद लाएंगे, अपनी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की बिक्री बढ़ाएंगे और अपने ब्रांड को और भी मजबूत बनाएंगे ताकि लोग हमें और ज़्यादा पसंद करें। हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले साल में हम दहाई अंकों की वृद्धि को बनाए रखेंगे। वेकफिटडॉटको के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित गर्ग ने कहा, 'हम

- **बिक्री के सभी मंचों पर उपस्थिति बढ़ा रही है। कंपनी 2023-24 में 65 करोड़ रुपए का परिचालन लाभ दर्ज किया**

**सार संक्षेप**

### सितम्बर में सकल जीएसटी राजस्व 1.73 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में सितम्बर महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सकल राजस्व संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने के करीब 1.63 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी निदेशालय द्वारा मंगलवार को जारी मासिक आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2024 में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 152782 करोड़ रुपए रहा है जो सितम्बर 2023 के शुद्ध संग्रह 147098 करोड़ रुपए से 3.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 173240 करोड़ रुपये रहा है जो सितंबर 2023 के 162712 करोड़ रुपए की तुलना में 6.5प्रतिशत अधिक है। सितंबर में संग्रहित राजस्व में सीजीटी 31422 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 39283 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 90594 करोड़ रुपए है, जिसमें आयात पर संग्रहित 44507 करोड़ भी शामिल है। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति कर के तौर पर 11941 करोड़ रुपए, जिसमें आयात पर संग्रहित 883 करोड़ रुपए भी शामिल है।

### विशाल मेहता रेडिफ डॉट कॉम के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** इंफीबीम एवेन्यूज लिमिटेड द्वारा रेडिफ डॉट कॉम में अधिकांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण के बाद कंपनी ने आज श्री विशाल मेहता को अपने नए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी के निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। मेहता को अजीत बालकृष्णन का उत्तराधिकारी नियुक्त किया, जो 1996 में रेडिफ की स्थापना के बाद से ही इस पद पर हैं। यह कदम श्री मेहता की कंपनी को विकास और परिवर्तन के अगले चरण में मार्गदर्शन करने की क्षमता में बोर्ड के विश्वास को रेखांकित करता है। मेहता रेडिफ में अपनी नई भूमिका के अलावा, मेहता इंफीबीम एवेन्यूज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में काम करना जारी रखेंगे। बालकृष्णन, जिन्होंने भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में रेडिफ डॉट कॉम को एक घरेलू नाम के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, एक सहज परिवर्तन सुनिश्चित करेंगे।

### राकेश मखीजा कैस्ट्रॉल इंडिया के अध्यक्ष नियुक्त

**मुंबई।** ल्यूब्रिकेंट बनाने वाली कंपनी कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड ने राकेश मखीजा को अपना नया अध्यक्ष और श्रीमती सत्यबेती बेरेरा को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने की आज घोषणा की जो तत्काल प्रभावी हो गयी है। कंपनी के निदेशक मंडल में प्रमुख नेतृत्व परिवर्तनों की घोषणा की है। मखीजा की नियुक्ति आज से प्रभावी हो गयी है। मखीजा को आर. गोपाल कृष्णन की जगह अध्यक्ष की भूमिका दी गई है जो अध्यक्ष के रूप में पांच वर्षों सहित 24 वर्षों की सेवा के बाद पद छोड़ रहे हैं।

श्री गोपालकृष्णन ने कैस्ट्रॉल इंडिया में

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 46 रिंगिट की तेजी के साथ 4170 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.82 सेंट कमजोर होकर 42.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे।

अनाज = अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 7.4 प्रतिशत बढ़ी नौकरियां बीते एक दशक में आया सबसे बड़ा उछाल

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 2022-23 में सालाना आधार पर रोजगार के अवसर 7.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। ताजा सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के द्वारा जारी डेटा के मुताबिक, देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वित्त वर्ष 2022-23 में रोजगार बढ़कर 1.84 करोड़ हो गया है, जो कि 2021-22 में 1.72 करोड़ पर था। वित्त वर्ष 2022-23 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 55 प्रतिशत रोजगार के अवसर तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में थे। अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक के इंडस्ट्रीज के वार्षिक सर्वे (एएसआई) के मुताबिक, इंडस्ट्रीयल आउटपुट में पिछले साल के मुकाबले 21 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) 2021-22 के मुकाबले 2022-23 में 7.3 प्रतिशत बढ़ा है। सर्वे के मुताबिक, 2022-23 में 2021-22 के मुकाबले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में इनपुट 24.4 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, इस दौरान आउटपुट में 21.5 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। 2022-23 में धातु, पेट्रोलियम, खाद्य उत्पाद, केमिकल और केमिकल उत्पाद और मोटर वाहन इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा वृद्धि देखने को मिली है। समीक्षा अवधि में सेक्टर के कुल आउटपुट में इन इंडस्ट्री का योगदान 58 प्रतिशत था। इनके आउटपुट में 24.5 प्रतिशत और जीवीए में सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। एएसआई के आंकड़ों के मुताबिक 2022-23 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में काम करने वाले लोगों की संख्या महामारी के पहले (2018-19) के आंकड़े से 22.14 लाख अधिक हो गई है। 2022-23 में जीवीए में महाराष्ट्र पूरे भारत में शीर्ष पर रहा है। इसके बाद गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का नाम है। वित्त वर्ष 23 में ज्यादातर आर्थिक आंकड़ों में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें निवेशित पूंजी, इनपुट, आउटपुट, जीवीए और रोजगार शामिल हैं।



# सियानजनों की सेवा से मिलता है पुण्य और आशीर्वादः विष्णु देव साय

■ बुजुर्गों के दुख-दर्द को समझें और उन्हें उनकी सेवा का भरोसा दिलाएः मुख्यमंत्री



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज सूरजपुर जिला मुख्यालय में सियान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के वृद्धजनों का शॉल, श्रीफ़ल से अभिनंदन कर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज वृद्धजनों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि मैं सभी वृद्धजनों को प्रणाम करता हूँ और आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करें,उनके दु:ख दर्द को समझे और उन्हें अपने सेवाभाव से भरोसा दिलाए कि आप उनके साथ हैं। माता-पिता और वृद्धजनों की सेवा से आपको पुण्य और आशीर्वाद मिलेगा, खुशी मिलेगी और उनके आशीर्वाद से आप अपने मुकाम तक पहुँच पाएंगे।

मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्ग के लिए योजनाएं संचालित कर रही है और योजनाओं का लाभ गरीब, मजदूरों, किसानों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 14 लाख से अधिक सियानो को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके खाते में पेंशन की राशि दी जा रही है। वृद्धजनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही उनके उपचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की है। इसी कड़ी में हमने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हर बुजुर्गों की इच्छा होती है कि वह अपने जीवनकाल में एक बार तीर्थ यात्रा जाएं, उनकी भावनाओं और आस्था को ध्यान रखकर हमारी सरकार ने अयोध्या में रामलला के दर्शन की व्यवस्था की है। रेल, बस के माध्यम से अयोध्या जाने और आने के अलावा भोजन, ठहरने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना से माता कौशल्या की धरती छत्तीसगढ़ के लोग अपने भाँचा राम का दर्शन करने जा पा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किसानों का भरपूर ख्याल रखा है। उनसे 3100 रुपए में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और दो साल का बकाया बोनस की राशि भी प्रदान की है। हमारी सरकार द्वारा सरगुजा से लेकर बस्तर तक के तेंदूपत्ता श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए तेंदूपत्ता के प्रति मानक बोरा दर में वृद्धि कर 4000 से 5500 रुपए किया गया और 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने महतारी वंदन योजना लागू कर महीने में एक हजार की राशि महिलाओं के खाते भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा अभी हमारी सरकार को महज नौ माह ही हुए हैं और प्रदेश के सभी वर्ग के लिए योजना बनाकर राज्य के विकास की दिशा में कार्य करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं, आने वाले समय में यहां विकास की गति और बढ़ेगी।

### मुख्यमंत्री ने मंच से किया हितग्राहियों को सामग्री का वितरण

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय सियान सम्मान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंच से समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत हितग्राहियों को 200 श्रवण यंत्र, 100 व्हीलचेयर, 7 हजार से अधिक छड़ी, एवं 150 नग ट्राइपॉड बेस्ड छड़ी का वितरण किया। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के हितग्राहियों में पांच-पांच हितग्राहियों को व्योवृद्ध कार्ड और आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के पांच हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं पांच ग्राम के हितग्राहियों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र का वितरण किया गया।

# सनातन काल से ही स्वच्छता हमारे संस्कार और स्वभाव का हिस्सा :अरुण साव



■ 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

■ एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव आज बिलासपुर की तकनीकी शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने पखवाड़ा के दौरान बेहतरीन काम करने वाले एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि साव ने कहा कि स्वच्छता हमारे लिए कोई नई चीज नहीं है। आदिकाल से यह हमारी आदत और संस्कार में शामिल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला ने की।

उप मुख्यमंत्री साव ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से एक दशक पहले स्वच्छ भारत मिशन का शुभारंभ किया। उस समय बहुत से लोग सोचते थे कि यह क्या नई चीज है! लोगों के मन में स्वच्छता अभियान को लेकर आशंका थी। लेकिन लोग अब इतने दिनों में इसकी महत्ता समझ चुके हैं। सबको साफ-सुथरा रहना पसंद आने लगा है। साव ने कहा कि स्वच्छता सनातन काल से हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा रही है। 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्नीक कॉलेज, आदर्श आईटीआई और शासकीय कृषि महाविद्यालय द्वारा किया गया था।

श्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि हम कितने भी महंगे कपड़े पहन लें, यदि वह साफ-सुथरा नहीं है तो उसका कोई मतलब नहीं है। हम अपने घर के भीतर तो साफ-सफाई रखते हैं, लेकिन आसपास की स्वच्छता को भूल जाते हैं। इसकी चिंता नहीं करते। घर की ही तरह अपने परिवेश, गांव, मोहल्ला और शहर की सफाई पर भी ध्यान देना है। 'स्वच्छता परमो धर्म:' के ध्येय को सामने रखकर लोगों को जागरुक करने प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अवनीश शरण, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह और शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य टी.एस. चावला सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षक, एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवक तथा गणमान्य नागरिक भी समारोह में मौजूद थे।

**जांजगीर पुलिस की त्वरित कार्यवाही**

# करोड़ों कीधोखाधड़ी कर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जांजगीर चाँम्पा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रार्थी सतेंद्र पटनवार निवासी कोरिया हाल मुकाम द्वारिका सेक्टर 18 दिल्ली ने रिपोर्ट दर्ज कराया था की आरोपी अनुराग राठौर, अंशुल गुहा एवं तीन अन्य लोगों को प्रार्थी का भांजा अमन कौशिक ने कुल 1,60,00,000 ? (एक करोड़ साठ लाख रुपया) उधारी दिया था जिसे वापस मांग करने पर आरोपियों के द्वारा वापस न कर धोखाधडी कर दिए तथा अमन कौशिक को आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित करने लगे जिस पर अमन कौशिक के द्वारा आरोपियों के धोखाधडी और प्रताड़ना से तंग आकर दिनाक 10.09.24 आत्महत्या करने के लिए जहर सेवन कर लिया था। जिसे उपचार के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती किए थे की रिपोर्ट पर मूल अपराध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 741/24 अपराध कायम कर विवेचन में लिया गया।

# नए सुरक्षा कैंप के आस-पास के गांवों में भी मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का लाभ दिलाएंः मुख्य सचिव

■ वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के जरिए नियद नेल्ला नार योजना की प्रगति की समीक्षा

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि माओवादी आंतकवाद से प्रभावित ईलाकों में शुरू किए गए नये सुरक्षा कैंप क्षेत्रों में भी वहां के निवासियों के लिए योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं का सेचुरेशन किया जाए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों का सर्वे कर शत्-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। वे आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में बस्तर संभाग के कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा जिले में संचालित की जा रही नियद नेल्ला नार योजना की वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के जरिए समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों में लोगों की सभी बुनियादी सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों का घर-घर की डेटा रखने की निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि सुविधा प्रदान करने वाले सभी विभागीय सचिवों के पास कार्ययोजना एवं दी जा रही सुविधाओं की सभी जिलों में प्रत्येक घर की अपडेट जानकारी रहे। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को योजना क्षेत्र के गांवों में सभी हितग्राहियों को राशनकार्ड पर चावल, गुड़, चीनी, चना इत्यादि सामग्री अनिवार्य रूप से मिले इसकी निगरानी लगातार करें। जैन ने बस्तर संभागायुक्त को नियद नेल्लानार योजना की सतत् निगरानी के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्य सचिव जैन ने उज्जवला योजना के तहत मुक्त गैस कनेक्शन, नि:शुल्क खाद्यान्न सामग्री, पेयजल, नल से जल, जल-जीवन मिशन, कौशल विकास प्रशिक्षण और खेल सामग्री, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास, बारहमासी सड़कों की सुविधा, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड सहित योजनांतर्गत आने वाले गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र और स्कूल भवनों की स्थिति और लघु वनोपज की खरीदी सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों को पात्रतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने एवं शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित जिलों के कलेक्टरों को दिए। इसी प्रकार से जिला कलेक्टरों को कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षणार्थियों की आवश्यकतानुसार सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए गए है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में गृह एवं जेल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, कृषि विभाग की सचिव श्रीमती शहला निगार, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित संभागायुक्त बस्तर और आईजी सहित कलेक्टर कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा, कोण्डागांव, गरियाबंद, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और इन सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक और अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# साय सरकार केवल नाम बदलने का काम कर रहीः भूपेश बघेल



**रायपुर,** 01 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में चल रही कई योजनाओं का नाम बदल दिया है, जिससे अब प्रदेश में सियासत भी तेज हो गई है। इसको लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह नेम चेंजर सरकार है। जिसपर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि यह विचारों का टकराव है सरकार बदलती है तो नाम भी बदलता है। वहीं इसपर मुख्यमंत्री साय के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने 2019 का पत्र वायरल कर कहा पहले ऐसा अनुचित था न।

योजनाओं का नाम बदलने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस सरकार के पास काम करने के लिए कुछ नहीं है।यह काम को छोड़कर बस नाम बदलने का काम कर रही है।यह नेम चेंजर सरकार है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने भी पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 2019 का पत्र पोस्ट करते हुए कहा, च्पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी को आती है। इसी दिन भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने उनके नाम वाली योजनाओं का नाम बदलकर उसे कथित गांधी परिवार वालों के नाम पर रख दिया था। ऐसा करना अनुचित था न भूपेश बघेल जी ?

साय सरकार ने राजीव गांधी स्वावलंबन योजना का नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजना और राजीव गांधी आजीविका केंद्र योजना का नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र योजना कर दिया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में चल रही दो योजनाओं का नाम बदल दिया है. ये योजनाएं नगरीय प्रशासन विभाग से जुड़ी हुई हैं।अब राजीव गांधी स्वावलंबन योजना का नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजना और राजीव गांधी आजीविका केंद्र योजना का नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र योजना रखा गया है।

यह आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा जारी किया गया है। 18 सितंबर को जारी किए गए इस आदेश के तहत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम से चल रही योजनाओं के नाम में यह बदलाव किया है।

2018 में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद लगभग आधा दर्जन योजनाओं के नाम बदले गए थे। जिसके बाद अब साय सरकार ने दो योजनाओं के नाम में बदलाव किया है।

# खेत में मिला मगरमच्छ किसान के उड़े होश

**वन विभाग ने किया रेस्क्यु**

**कोरबा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पाली इलाके में एक विशालकाय मगरमच्छ देखा गया। बतरा गांव के समीप खेत में करीब 2 मीटर लंबे मगरमच्छ को देखकर लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जैसे ही मगरमच्छ की खबर इलाके में फैली इसे देखने लोगों का हूजूम उमड़ पड़ा।

बता दें कि पूरा मामला जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर पाली ब्लॉक के बिजराभौना गांव का है। जहां किसान राजकुमार यादव सुबह के वक्त अपने खेत पहुंचा। जहां काम करने के दौरान उसे फसलों के बीच से कुछ हलचल दिखाई दी। किसान ने जब पास जाकर देखा तो खेत में विशालकाय मगरमच्छ मिला। जिसे देखकर पहले तो किसान हैरत में पड़ गया, फिर जब उसे कुछ समझ नहीं आया, तो वह खेत से चिल्लाते हुए भागा, इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर वन अमला पहुंचा और मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू किया, और उसे खुटाघाट जलाशय में छोड़ दिया गया। बता दें कि पूर्व में भी इस क्षेत्र में मगरमच्छ आने की घटना हो चुकी है।

# कारोबारी केके श्रीवास्तव की अग्रिम जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

**बिलासपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाई कोर्ट में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी और अनुरागी धाम के कर्ता-धर्ता कारोबारी केके श्रीवास्तव की अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई. मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी.

दरअसल, ब्लैक स्मिथ कंपनी के कारोबारी केके श्रीवास्तव और उनकी पत्नी कंचन श्रीवास्तव के खिलाफ रायपुर पुलिस ने करोड़ों रुपए की ठगी का जुर्म दर्ज किया है. केके श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को 500 करोड़ रुपए के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का ठेका दिलाने का वादा किया था, जिसके बदले में कंपनी ने 15 करोड़ रुपए दिए, लेकिन कोई ठेका नहीं मिला.

ठगी का मामला सामने आने के बाद, कंपनी के मालिक अर्जुन रावत ने तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. तब से श्रीवास्तव और उनकी पत्नी फरार हैं. केके श्रीवास्तव ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई है. मामले में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की किज् इट इज ए ह्यूज फ्रॉडज् पहले भी याचिका लगाकर वापस ली गयी है.

इस पर श्रीवास्तव के वकील ने कहा कि वो दूसरा मामला था. उन्होंने एफआईआर की तारीख और घटना की तारीखों की ओर कोर्ट का ध्यान दिलाते हुए अंतरिम राहत की मांग की. जिस पर चीफ जस्टिस सिन्हा ने केस डायरी आने पर ही अगली सुनवाई का आदेश देते हुए सुनवाई की तारीख 7 अक्टूबर तय की है.

**लोहारीडीह मामला**

# हाईकोर्ट में शिव प्रसाद साहू की मौत मामले में हुई सुनवाई

■ याचिकाकर्ता को कोर्ट मप्र के ज्यूरीडिक्शन केस फाइल करने की छूट

**बिलासपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोहारीडीह संदिग्ध मौत मामले को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई है। मृतक शिव प्रसाद साहू की बेटी की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता को मध्यप्रदेश के ज्यूरीडिक्शन में केस फाइल करने छूट दी है। याचिकाकर्ता ने रिपोस्टमार्टम की मांग को लेकर याचिका लगाई थी।

बता दें कि, संदिग्ध परिस्थितियों में मृतक की फांसी पर लाश लटकी मिली थी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वकील संदीप दुबे ने बताया कि 15 सितम्बर को शिवप्रसाद साहू का शव मध्यप्रदेश के गांव बिरसा में एक पेड़ पर संदिग्ध परिस्थिति में फांसी पर लटका हुआ शव मिला था। इसके बाद एमपी पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस को शॉर्ट पोस्टमार्टम कर शव सौंप दिया। इसके बाद आनन फानन में पुलिस ने मृतक के परिवार के बड़े सदस्यों को बिना बताए केवल एक 9 वर्षीय बच्चे की मौजूदगी में शव को दफन भी कर दिया।

मृतक के परिजनों को शक है कि, रघुनाथ साहू और उसके परिवार वालों ने शिवप्रसाद की हत्या की थी। क्योंकि शिवप्रसाद के मध्यप्रदेश जाते समय जनक साहू, जो रघुनाथ के परिवार का सदस्य है वह गायब है। इसलिए मामले में विस्तृत पोस्टमार्टम किया जाए और जांच कर कार्रवाई की जाए।



मामले में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि, क्योंकि यह घटना मध्यप्रदेश बॉर्डर के अंतर्गत हुई है और वहां की पुलिस मामले में जांच कर रही है। इसलिए छत्तीसगढ़ की पुलिस मामले में जांच नहीं कर सकती। इसके बाद चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच ने मृतक को बेटी को एमपी के अदालत में याचिका दायर करने की छूट दे दी। मृतक का शव लोहारीडीह में इस वक्त दफन है। कोर्ट ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस के छत्तीसगढ़ आने पर राज्य की पुलिस जांच में सहयोग करेगी। मृतक की तरफ से मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने पैरवी की।

**हाईकोर्ट में फर्जी ओआईसी का मामला**

# जल संसाधन विभाग के 2 अधिकारी फंसे

■ महाधिवक्ता ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

हाईकोर्ट में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक अधिकारी ने अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को ओआईसी (प्रभारी अधिकारी) बनाकर जवाब प्रस्तुत करने भेज दिया. महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है.

दरअसल, हाईकोर्ट की नोटिस के बाद महाधिवक्ता कार्यालय ने जल संसाधन विभाग के ओआईसी को जवाब फाइल कराने बुलाया था. अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जब जरूरी दस्तावेजों के संबंध में जानकारी मांगी, तो यह गड़बड़ी सामने आई. इससे नाराज महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दोनों अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने कहा है. साथ ही एजी आफिस में जवाब दावा बनवाने के लिए अब शासन द्वारा नियुक्त ओआईसी को ही भेजने को कहा है.

बता दें कि सुरेश कुमार पांडे, ईई जल संसाधन विभाग, तांदुला डिवीजन, दुर्ग को राज्य शासन ने हाईकोर्ट के विभाग संबन्धी मामलों में प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया. 25 जनवरी 2024 को संबंधित प्रभारी अधिकारी को फ़ाइल आवंटित की गई थी और उसके बाद, 25 सितंबर 2024 को जवाब-दावा तैयार किया गया था. 26 सितंबर 2024 को प्रदीप कुमार वासनिक, ईई, डब्ल्यूआरडी, कोरबा सुरेश कुमार पांडे बनकर जवाब-दावा बनवाने महाधिवक्ता कार्यालय पहुंचे. महाधिवक्ता कार्यालय के लॉ अफसरों ने ओआईसी सुरेश पांडेय समझकर फाइल प्रदीप वासनिक के हवाले कर दी. कोर्ट के लिए जवाब तैयार करने के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जब जरूरी दस्तावेजों और शासन के दिशा निर्देशों के बारे में पूछा तो प्रदीप वासनिक जवाब नहीं दे सके. आखिरकार उन्होंने स्वीकार किया कि वे जवाब फाइल कराने के लिए सुरेश कुमार पांडेय बनकर महाधिवक्ता कार्यालय पहुंचे हैं. वास्तव में वह प्रदीप वासनिक हैं.

महाधिवक्ता ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि यह गंभीर चूक है. इससे राज्य शासन को नुकसान भी हो सकता है. दो जिम्मेदार अफसरों द्वारा की गई इस धोखाधड़ी के कारण जवाब भी फाइल नहीं हो सका है. एजी ने लिखा है कि जल संसाधन विभाग के दोनों अफसर सुरेश कुमार पांडेय और प्रदीप वासनिक का कृत्य न केवल न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के बराबर है बल्कि धोखाधड़ी भी है. जो भारतीय न्याय संहिता-2023 के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध है.


**देशबन्धु पाठकों के लिए**

माह सितम्बर 2024 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | = 120.00 |
| कुल 30 दिन | | 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 अक्टूबर 2024 तक बिल का भुगतान करें।

प्रसार व्यवस्थापक


**NECC**

| 02.10.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 510 | 80 | 160 |
| चिल्हर | 6.25 | 105 | 185 |

डिलीवरी 525 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

बैंक की कैशियर ने खिड़की पर खड़े आदमी को कहा 'पैसे नहीं हैं'।
ग्राहक- और दो मोदी माल्या को पैसा, सारे पैसे लेकर भाग गए विदेश में
कैशियर ने खिड़की में से हाथ निकाला और उसकी गर्दन दबोच कर कहा 'साले बैंक में तो है तेरे खाते में नहीं है' भिखारी।

## संपादकीय

# वंदे भारत पर पत्थरबाजी चिंतनीय

छत्तीसगढ़ से हाल ही में शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस पर दोबारा हुई पत्थरबाजी चिंताजनक है। दुर्ग से विशाखापतनम तक चलने वाली इस ट्रेन पर ट्रायल रन के दौरान ही पत्थरबाजी हुई थी। महासमुन्द के पास इस पर पत्थर चलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अभी यह मामला ठंडा हुआ भी नहीं हुआ है कि शनिवार की रात को ऐसी ही घटना हो गयी। हालांकि जब इस पर पत्थर चले तब वह पड़ोसी राज्य ओडिशा के नुआपाड़ा जिले में खरियार रोड स्टेशन के पहले थी। कोच क्रमांक ई-2 के सीट नंबर 34-35 की खिड़की पर किन्हीं अज्ञात तत्वों ने पत्थर फेंके। चूंकि उस ट्रेन कोच में केवल दो ही यात्री थे, कोई घायल नहीं हुआ। इससे खिड़की के शीशे तड़क गये। इसकी जानकारी टीटीई को उन्हीं दो यात्रियों ने दी। इसकी शिकायत दर्ज की गयी है और असामाजिक तत्वों की छान-बीन की जा रही है।

प्रदेश से चलने वाली यह दूसरी वंदे भारत ट्रेन है जो बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें विशाखापतनम जाने वाले ज्यादातर इसी प्रदेश के लोग होते हैं। इसे केवल यह कहकर उपेक्षित नहीं किया जा सकता कि पथराव की यह घटना दूसरे राज्य में घटी है। साफ है कि यह हर उस राज्य के नागरिकों की सुरक्षा का मामला है जहां से होकर यह गुजरती है। रेलवे को चाहिये कि जिस मार्ग से यह ट्रेन गुजरती है उस पूरे मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था हो। सुरक्षा के अलावा यह राष्ट्रीय सम्पत्ति का भी मामला है। इसका होने वाला कोई भी नुकसान नागरिकों की अपनी हानि है।

अपराधियों की धरपकड़ इसलिये आवश्यक है क्योंकि यदि ऐसी घटनाएं बार-बार हुई तो लोग इस ट्रेन से यात्रा करने में घबराएंगे। वैसे भी इस ट्रेन का किराया काफी ज्यादा होने से इनमें यात्रियों की संख्या काफी कम होती है। इसी घटना में देखें तो जिस कोच पर पत्थर चलाये गये, उसमें केवल दो ही लोग थे। यदि यह ट्रेन भरी होती तो किसी का घायल होना तय था। यह संदेश लोगों तक नहीं जाना चाहिये। वरना पहले से घाटे में चल रही यह ट्रेन और भी नुकसान उठाकर चलेगी। छग के बिलासपुर से इतवारी तक चलने वाली दूसरी ऐसी ही ट्रेन है। पथराव का असर उस ट्रेन पर भी पड़ेगा और उसमें भी यात्रियों की संख्या घटेगी जिसके चलते उसका भी राजस्व नुकसान बढ़ेगा। अधिक घाटे से यह ट्रेन ही बंद हो सकती है।

देश भर में जितनी भी ऐसी ट्रेनें चल रही हैं, उनमें से कई ट्रेनों पर पथराव हो चुके हैं। सरकार इसे कोई साजिश बतलाती है। ऐसा है तो उसका पर्दाफाश करना और इन ट्रेनों से यात्रा को निरापद बनाना सरकार और रेलवे का ही काम है। यात्रियों को सुरक्षित माहौल में यात्रा की सुविधा देना रेलवे एवं सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।

# बुजुर्गों की सेवा-सुश्रुषा करना हमारा कर्तव्य : किरण देव

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विधायक किरण देव एवं जनप्रतिनिधियों ने बुजुर्गों को किया सम्मानित

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर नकटी सेमरा स्थित आशा वृद्धाश्रम में आयोजित वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम में विधायक जगदलपुर किरणदेव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने 90 बुजुर्गों को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से 42 वरिष्ठजनों को छड़ी प्रदान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 51 वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाई प्रदान करने सहित स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श दी गई।



इस अवसर पर विधायक किरणदेव ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा-सुश्रुषा करना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि कर्तव्य है। उनके अनुभव और सीख से हमें संस्कार मिलता है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। इसलिए किसी एक दिन उनका सम्मान करना नहीं अपितु हर दिन उनका आदर कर समुचित देखभाल का दायित्व निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान करने का यह क्षण आत्मिक शांति और अपार खुशी प्रदान कर रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी वरिष्ठजनों के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद देने का आग्रह किया। उक्त कार्यक्रम में पहुंचे विधायक किरण देव ने वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी कुशल क्षेम पूछा। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी बुजुर्गों का आदर-सम्मान कर उनकी समुचित देखभाल करने के संस्कार को सदैव बना कर रखने पर बल देते हुए भावी पीढ़ी को इस दिशा में तत्पर रहने कहा। इस दौरान आशा वृद्धाश्रम की संचालक मदर सिनसी ने बताया कि वर्ष 1978 में 04 निसहाय बुजुर्गों की देखभाल से शुरू यह संस्था अब तक 600 से अधिक वरिष्ठजनों को अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी है। शासन की सहायता से संस्था अपने उद्देश्य के अनुरूप संवेदनशील प्रयासों को अनवरत जारी रखने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित अपर कलेक्टर सीपी बघेल तथा अन्य अधिकारियों के अलावा वरिष्ठजन और आशा वृद्धाश्रम के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों को सम्मानित किया

**सुकमा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना, उनके सम्मान और गरिमा को बनाए रखना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस दिवस पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रम और आयोजन किए जाते हैं ताकि समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाई जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शबरी आडिटोरियम भवन कुम्हाररास सुकमा में जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों को साल एवम् श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ जनों का श्रीफल एवं वॉकिंग स्टिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी वृद्धजन, नागरिकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण व छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति एवं स्वच्छता ही सेवा के तहत शपथ ली गई। इस अवसर पर जनपद सुकमा उपाध्यक्ष डमरूराम नाग, विश्वराज सिंह चौहान एवं स्थानीय



जनप्रतिनिधिगण सहित नगर पालिका परिषद सुकमा सीएमओ तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवम् वृद्धजन एवं छात्रगण शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनीराम बारसे ने कहा कि वृद्धजनों का समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज, परिवार और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव और ज्ञान हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन हमें इस बात की याद दिलाता है कि वृद्धजन हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं और उनकी देखभाल और सम्मान हमारी जिम्मेदारी है। वृद्धजनों के प्रति समाज में सम्मान और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। यह आयोजन उन्हें यह एहसास दिलाने का एक प्रयास है कि वे समाज के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं और उनके अनुभव और ज्ञान आज भी हमारी धरोहर हैं। अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मानव के जीवन में हर कदम में वृद्ध जनों की महत्व को बताया। समाज कल्याण विभाग डीडी संजय पांडेण्य ने बताया कि शासन द्वारा वृद्धजनों के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से वृद्धावस्था पेंशन योजना, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं शामिल हैं। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत वृद्धजनों को हर महीने एक निश्चित राशि दी जाती है, जिससे वे अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। उन्होने बताया कि योजनाओं के माध्यम से वृद्धजनों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना और उन्हें आर्थिक, सामाजिक और मानसिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजनाएं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी गाय को राज्यमाता घोषित करें : बाफना

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी गाय को राज्यमाता घोषित करने की मांग की है।



बाफना ने कहा है कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी गाय के धार्मिक महत्व के साथ ही लंबे समय तक खेती और एक आबादी की आजीविका का आधार रही है और भारतीय संस्कृति व हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनसार गाय महज एक पशु नहीं बल्कि हमारे लिए आस्था भी है किन्तु वर्तमान समय में उसकी दुर्दशा भी किसी से छिपी नहीं है। हाल यह है कि, जो गाय दूध देने के काबिल नहीं रहती, उन्हें सड़कों पर खुला छोड़ दिया जाता है। नतीजन वे अक्सर दुर्घटनाओं का शिकार होती हैं। इसके अलावा गौ-वध जैसी घटनाएं भारतीय समाज की आस्था पर चोट करती हैं जो नहीं होनी चाहिए। इसके उपरांत भी प्रदेश में कहीं भी गायों के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं जिसे हमारी संस्कृति एवं धर्मग्रंथों के अनुसार "गौमाता" की संज्ञा दी गई है। इसलिए छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी गौवंश को बचाने उनके संरक्षण एवं संर्वधन के साथ ही महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर गौ-हिंसा को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की अति आवश्यकता है और यह तभी संभव होगा जब छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अमूल्य : सांसद महेश

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद महेश कश्यप ने मंगलवार को जगदलपुर शहर के धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महापौर सफीरा साहू, पार्षदगण, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी और गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं नगर निगम के स्वच्छता दीदियां भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान क्रीड़ा परिसर एवं कन्या पॉलिटेक्नीक परिसर की साफ-सफाई किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला के जरिए बस्तर एवं गांधी जी के चश्मे की प्रतिकृति बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस मौके पर सांसद श्री कश्यप ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता एवं साफ-सफाई को मानव जीवन का जरूरी हिस्सा मानकर इसे पूरे देशवासियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। पूज्य बापूजी की यह प्रेरणास्पद पहल हमारे जीवन के लिए अमूल्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महात्मा गांधी की इस पहल को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं और शहरों एवं गांवों तक स्वच्छता की अलख जगा रहे हैं। आईये हम सभी अपने शहर, गांव और प्रदेश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाएं। वहीं अन्य लोगों को भी स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति प्रोत्साहित करें। इस मौके पर महापौर श्रीमती साहू ने भी उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई की दिशा में सजग रहकर सहभागी बनने का आग्रह किया। विदित हो कि 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें स्वच्छता एवं साफ-सफाई के साथ ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



- सांसद ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत दिलाई स्वच्छता की शपथ
- सांसद, महापौर, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

# विभिन्न मंदिरों में घी से प्रज्वलित ज्योति कलशों की हो जांच

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मां दंतेश्वरी मंदिर सहित जिला के जितने भी मंदिरों में घी के ज्योति कलश प्रज्वलित किए जा रहे हैं। उसकी निगरानी हिंदू संगठनों और खाद्य विभाग द्वारा की जानी चाहिए। जिस हिसाब से बालाजी मंदिर तथा देश के दूसरे मंदिरों से घी के नाम पर भक्तों की भावनाओं को आहत किया जा रहा है। इसे देखते हुए जगदलपुर में भी हिंदू संगठनों और खाद्य विभाग को सतर्क रहने की जरूरत है। मां दंतेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित कराने वाले बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। सोमवार को मीडिया से चर्चा करते हुए लोगों ने कहा कि लगभग सभी मंदिरों में घी और तेल के ज्योति कलश प्रज्वलित किए जा रहे हैं। घी ज्योति कलश स्थापना के नाम पर मोटी शुल्क वसूली जाती है। मंदिरों में घी का प्रयोग किया जा रहा है वह सात्विक है कि नहीं इसे लेकर लंबे समय से भक्तों के मन में संदेह है। भक्ति जब अपने ज्योति कलश का दर्शन करने मंदिर पहुंचने हैं तो उन्हें दूर से दर्शन कराया जाता है, इसलिए यह ज्ञात ही नहीं हो पता कि प्रज्वलित ज्योति कलश शुद्ध घी से जलाया गया है कि नहीं। कई मंदिरों में नकली घी का उपयोग किए जाने की शिकायत भी >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**ज्योति कलश प्रज्वलित करने वालों ने रखी मांग**

# 107-(16) के प्रकरणों पर केस दर्ज करने के बाद बॉड ओवर की कार्यवाही करें सुनिश्चित : कलेक्टर



राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्टर श्री हरिस ले रहे थे।

**राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक**

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कहा कि 6 माह के पहले के धारा 107-(16) के प्रकरणों पर केस दर्ज करने के बाद विशेष ध्यान देकर बॉड ओवर की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व गांव घोषित करने की कार्यवाही में सभी अनुविभागीय अधिकारी एक सप्ताह में सभी प्रक्रिया कर जल्द पूर्ण करवाएं। कलेक्टर ने नजूल के प्रकरणों का लंबित संख्या ज्यादा होने और निराकरण का प्रतिशत कम होने पर न्यायालयवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही डायवर्सन, आरबीसी 6-4, नक्शा बटांकन, गिरदावरी कार्य की प्रगति सहित अन्य राजस्व मामलों की समीक्षा की। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्टर श्री हरिस ले रहे थे। कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में समय पर निराकरण की पहल पर जोर दिया और फसल क्षति, मकान क्षति, पशु क्षति में प्राथमिकता से रिपोर्ट तैयार कर तत्काल आर्थिक सहायता देने के हेतु ज्यादा विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने फसल कटाई के उपरांत नक्शा बांटाकन के कार्य को एक नवम्बर से कार्यवाही करते हुए जनवरी तक 90 प्रतिशत तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस कार्य हेतु तहसीलवार बैठक लेकर इस कार्य में प्रगति दें कहा गया। बैठक में कलेक्टर ने स्कूली बच्चों का लक्ष्य निर्धारित कर उनके आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने की कार्यवाही करने कहा। इस हेतु राशन कार्ड के आधार पर सत्यापन कर सर्वे प्रारंभ किया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए पटवारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की संयुक्त बैठक लेकर समीक्षा करने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किए। बैठक में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति के लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण : कलेक्टर

**सुकमा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में राजस्व सहित शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र ही समय-सीमा में निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान भूमि रिकॉर्ड, नामांतरण, बंटवारा और अन्य लंबित मामलों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान करें और सुनिश्चित करें, आम जनता को विभागीय कार्यों में कोई परेशानी न हो। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व मामलों में पारदर्शिता और समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप सहित एसडीएम, तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**उचित मूल्य की दुकानों में राशन परिवहन करने वाले वाहनों में लगेगा जीपीएस:** कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी पीडीएस दुकानों में राशन परिवहन करने वाले वाहनों में जीपीएस लगाए जाएंगे। यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और राशन वितरण प्रक्रिया को अधिक सुचारू एवं निगरानी योग्य बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके साथ ही संबंधित पीडीएस दुकानों के लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उनके दूरभाष क्रमांक पंजीकृत किए जाएंगे, ताकि उन्हें समय-समय पर राशन की उपलब्धता और वितरण की सूचना सीधे प्राप्त हो सके। इस प्रक्रिया से वितरण में होने वाली किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर रोक लगाई जा सकेगी और जनता के बीच विश्वास और पारदर्शिता बनी रहेगी। कलेक्टर निर्देशित किया कि वाहनों में शीघ्र ही जीपीएस लगाया जाए ताकि राशन वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



- उचित मूल्य की दुकानों में राशन परिवहन करने वाले वाहनों में लगेगा जीपीएस
- बस्तर ओलपिंक के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

**बस्तर ओलपिंक के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश:** जिले में युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने और खेलों के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी माह में बस्तर ओलपिंक का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन की सफलता हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस वृहद आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में सकारात्मक खेल वातावरण तैयार करने और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर तैयारियों को पूरा करने और आयोजन को सफल बनाने के लिए निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से जन शिकायतों को भी प्राथमिकता देकर समय पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति के लिए मुआवजा दिलाने हेतु शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही शीघ्र निराकरण कर मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए।

**सफाई मित्रों का श्रम कार्ड बनाने के निर्देश दिए:** कलेक्टर ने सफाई मित्रों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सफाई मित्रों का श्रम कार्ड बनाने के निर्देश दिए ताकि शासन की योजनाओं का आसानी से लाभ मिल सके। उन्होंने जिले में नशामुक्ति अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक स्तर पर कार्योजना तैयार कर क्रियान्वयन करने को कहा और जिले में संचालित नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत हो रहे कार्यों को दिए गए दिशा-निर्देश के अनुरूप नियमित रूप से संबंधित पोर्टल में एंट्री करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने के लिए चिन्हित स्थलों, पशुओं की टेंगिंग, रेडियम पट्टी लगाने की जानकारी ली और चिन्हांकित स्थलों में पशुओं की टेंगिंग और सड़क से हटाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने हेतु निर्देश किये। बैठक में जिला चिकित्सालय की सुरक्षा के सम्बंध में सीसीटीवी, पास सिस्टम, वन अधिकार पत्र प्रदाय, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सहित विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

# बस्तर केरला समाजम का ओणम मिलन समारोह



**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर केरला समाजम जगदलपुर के द्वारा 29 सितम्बर जो रेलवे इंस्टीट्यूट में समाज का ओणम मिलन समारोह मनाया गया। ओणम पर्व केरला में हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई सभी समाज के लोगों के द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। यह फसल कटाई तथा राजा महाबली के सुख समृद्धि काल के आगमन की आशा में मनाया जाता है। मुख्य अतिथि फादर थॉमस वादकुंगर। तथा अध्यक्षता केऊके नायर ने किया तथा सदनंदन, सुरेश पिल्लई, मणि पिल्लई, शिवशंकर पिल्लई तथा थॉमस फिलिप ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाज के उत्थान के लिए मिलजुलकर एकता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। समाज के अध्यक्ष थॉमस फिलिप ने सामाजिक भवन के निर्माण एवं सामाजिक गतिविधियों को बढावा देने के लिए सभी को एकजुट होकर सहयोग करने का आव्हान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अय्यप्पा सेवा संगम से महिलाओं के द्वारा तिरूवादिरा नृत्य किया गया तथा एंजेल, काव्या, वृद्धी पिल्लई, डीन तथा क्राइस्ट नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं के द्वारा नृत्य प्रस्तुति की गई। सबिता नायर, शीबा तथा पिंटू सुजाता के द्वारा मधुर गीत ने समारोह में जान डाल दिया। महाबली राजा के रुप में शिव शंकर पिल्लई ने अपना रोल अदा किया। समाज के सभी सदस्यों के लिए सओणम सदया भोजन रखा गया था। भोजन तैयार करने एवं वितरण में सुरेश नायर, मोहन, शशि, जोशी, टॉजी, बबीचन, विजयन, साबू, संजीव, संजू थॉमस, विल्सन, जेम्स जॉर्ज, राजन पिल्लई, वरघिस, सुनील पिल्ले, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दुर्लभ प्रजातियों के वनस्पतियों का अद्भुत संग्रह बचेली

**दंतेवाड़ा**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन विभाग ने हाल ही में पारिस्थितिकीय रूप से बेहद महत्वपूर्ण वन क्षेत्र की पहचान की है, जो दंतेवाड़ा वन मंडल के बचेली वन परिक्षेत्र में स्थित है और यह वन क्षेत्र बीजापुर के गंगालूर वन परिक्षेत्र तक फैला हुआ है। इस विशेष वन क्षेत्र में कई प्राचीन वनस्पतियों की प्रजातियां पाई गई है, जो छत्तीसगढ़ राज्य की असाधारण जैव विविधता को प्रदर्शित करता है।

इस क्षेत्र को वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों ने जैव विविधता के लिए अत्यधिक समृद्ध और महत्वपूर्ण माना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह खोज न केवल इस क्षेत्र के पर्यावरणीय महत्व को दर्शाती है, बल्कि भविष्य में वन अनुसंधान और संरक्षण के प्रयासों को भी नई दिशा देगी। इस क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस क्षेत्र की जैव विविधता को संरक्षित करने और वन अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से राज्य को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी। सरकार इस क्षेत्र में शोध और अध्ययन के लिए विशेष प्रोत्साहन देगी, ताकि इन दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षित रखा जा सके। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्लभ वन क्षेत्र विशेष रूप से उन पौधों की प्रजातियों का घर है, जो करोड़ों साल पहले के समय में अस्तित्व में थीं। अब यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अध्ययन के लिए बल्कि पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

उल्लेखनीय है कि समुद्र तल से 1 हजार 240 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह वन क्षेत्र सबट्रॉपिकल ब्रॉड-लीव्ड हिल फॉरेस्ट (फॉरेस्ट टाइप 8) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। खास बात ये है कि यह



छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचाई वाला वन क्षेत्र हो सकता है, जबकि राज्य में मुख्य रूप से मॉइस्ट एंड ड्राय डेसिड्युअस फॉरेस्ट्स (फॉरेस्ट टाइप 3 एंड 5) के लिए जाना जाता है, यह विशेष वन पैच ब्रॉड-लीव्ड हिल फॉरेस्ट एक नया पारिस्थिति आयाम प्रस्तुत करता है। यहां की वनस्पति देश के पश्चिमी घाट की वनस्पतियों से काफी हद तक मेल खाती है। कांगेर घाटी के जंगलों की तरह, यह क्षेत्र भी विभिन्न प्रकार की प्रजातियों से समृद्ध है। इसके अलावा, मानवजनित दबाव की कमी होने कारण इन प्रजातियों को बिना किसी बाधा के पनपने

- वैज्ञानिकों ने की महत्वपूर्ण वन क्षेत्र की पहचान
- वन अधिकारियों के साथ जैव विविधता का अध्ययन
- सीएम विष्णुदेव सरकार के संकल्प को पूरा करने का प्रयास

में मदद मिली है। इस क्षेत्र को एक जीवित संग्रहालय माना जा रहा है, क्योंकि यहां कई प्राचीन पौधों की प्रजातियां संरक्षित हैं, जो संभवत: प्रागैतिहासिक काल, यहां तक कि डायनासोर युग से संबंधित हो सकती हैं। यहां पाई गई कुछ वनस्पतियों की प्रजातियों को छत्तीसगढ़ के वन पारिस्थितिकीय में पहली बार दर्ज भी माना जा रहा है। इस विशेष वन का तीन दिवसीय सर्वे अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास एवं योजना) अरुण कुमार पांडे, आईएफएस के नेतृत्व में किया गया। इस सर्वे दल में पर्यावरणविदों और वन अधिकारियों के साथ-साथ आईएफएस परिवीक्षाधीन अधिकारी एस. नवीन कुमार और वेंकटेशा एम.जी. भी शामिल थे। इसके अलावा, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के उप निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के पूर्व विभागाध्यक्ष एम.एल. नायक भी सर्वे टीम का हिस्सा थे।

सर्वे के दौरान, टीम ने दुर्लभ और प्राचीन वनस्पतियों की कई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया है, जिनमें ऐल्सोफिला स्पिनुलोसा (ट्री फर्न), ग्नेटम स्कैंडन्स, जिजिफस रूगोसस, एंटाडा रहीडी, विभिन्न रुबस प्रजातिया, कैंथियम डाइकोकूम, ओक्ना ऑब्टुसाटा, विटेक्स ल्यूकोजाइलन, डिलेनिया पेंटागाइना, माचरेन्जा साइनेंसिस, और फिकस कॉर्डिफोलिया शामिल हैं। इनमें से माचरेन्जा साइनेंसिस प्रजाति संभवत: छत्तीसगढ़ के केवल इसी वनीय पहाड़ी क्षेत्र में पाई गई है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव, आईएफएस ने इस विशेष वन क्षेत्र के बारे में कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ वन विभाग राज्य की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत रहा है। बचेली का ये बेहद विशेष वन क्षेत्र राज्य वन विभाग की जैव विविधता के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बचेली का ये विशेष वन, भविष्य के अनुसंधान एवं इको-टूरिज्म के विकास के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रस्तुत करता है। वन विभाग इस क्षेत्र की छिपी हुई जैव विविधता को और गहराई से समझने के लिए अधिक विस्तृत सर्वेक्षण करने की योजना बना रहा है।

# छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता की शपथ ली



**भानुप्रतापपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर को कैसे स्वच्छ बनाना व रखना है इसकी जानकारी दी। वहीं बच्चों को अपने-अपने घरों को साफ-सुथरा रखने व आसपास के घरों को भी स्वच्छ रखने व स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित करने की बातें कही गई। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के लिए शपथ ली, और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत की आवाज बुलंद की। साथ ही बच्चों ने स्वच्छता पर पेंटिंग बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, रमेश कुमार दर्रो, कमल किशोर प्रधान, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, एनईपी संयोजक रितेश कुमार नाग, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नन्दिनी ध्रुव, रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, क्रीड़ा अधिकारी चेतन श्रीवास, श्रीदाम ढाली, योगेश यादव, धनेश्वर बांधे, ईश्वर सिन्हा, किसान गावड़े, अनिल साहू, विवेक वर्मा, सूर्यकांत देवांगन, करन विश्वकर्मा, टुपेश कोसमा, आकांक्षा टांडिया, श्रद्धा विश्वकर्मा, निशा तिवारी, डॉली राव सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। संचालक प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला पंचायत कोण्डागांव द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिला एवं विकास खण्ड स्तर के सहायक अभियंता, लेखापाल, विकास खण्ड समन्वयक, डाटा एंट्री ऑपरेटर के संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस हेतु पूर्व में भी आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें समय-सीमा में प्राप्त आवेदन को मान्य किया जाएगा और उनके लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा नियुक्ति हेतु दर्शित पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफा में केवल स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के पते पर निर्धारित तिथि 10 अक्टूबर 2024 समय 5:30 बजे तक आमंत्रित किया गया है। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई-मेल अथवा इलेक्ट्रानिक एवं अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी जिला पंचायत कोण्डागांव के सूचना पटल एवं जिले के वेब साईट पर अवलोकन कर सकते हैं।

# शारदेय नवरात्रि पर्व की चल रही तैयारी जोरशोर से

**कोण्डागांव**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्गा मंदिर सेवा समिति बनियागांव जिला कोण्डागांव के द्वारा शारदेय नवरात्रि पर्व की जोरशोर से तैयारी किए जाने के सम्बन्ध में गोपाल दीक्षित अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि मनोकामना दुर्गा मंदिर धाम बनियागाँव में दुर्गा मंदिर सेवा समिति बनियागांव के द्वारा शारदेय नवरात्रि की तैयारी जोरषोर से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। जिसमें घी एवं तेल की मनोकामना ज्योति की पृथक-पृथक व्यवस्था की गई है। इस वर्ष नवरात्रि का पर्व 03 अक्टूबर 2024 से 12 अक्टूबर 2024 तक होने से 03 अक्टूबर 2024 को कलश स्थापना किया जाएगा। 11 अक्टूबर 2024 को अष्टमी पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया है, नवमी तिथि एवं दशहरा एक ही दिन होने से 12 अक्टूबर 2024 को सुबह 8 बजे से हवन प्रारम्भ किया जाएगा। हवन समाप्ति पश्चात् मुख्य कलश विसर्जन हेतु दोपहर 12 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर आरती पश्चात् प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है तथा संध्या 4 बजे से दशमी पूजन एवं रावण वध व दशहरा का कार्यक्रम रखा गया है।



कल से प्रज्वलित होगा ज्योति कलश

मनोकामना मंदिर दुर्गा मंदिर धाम बनियागांव में वर्ष 2022 में मंदिर निर्माण होने के पश्चात् माँ भगवती के विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा किया गया है। तब से मंदिर में भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। देश के विभिन्न हिस्सों से भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाती है। इस वर्ष भी प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से रामलीला का कार्यक्रम रखा गया है।

# शारदीय नवरात्र पर भव्य कॉरीडोर के भी दर्शन



**दंतेवाड़ा**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र पर दंतेवाड़ा में श्रद्धालु मांई दंतेश्वरी के दर्शन के साथ करोड़ों की लागत से निर्मित भव्य कॉरीडोर का भी दर्शन कर सकेंगे। कॉरीडोर बनकर तैयार है। नवरात्र पर इसका औपचारिक उद्घाटन होगा। इस कॉरीडोर से भक्तों की आवाजाही और बढ़ेगी और साथ ही पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

# लोहत्तर में जनसमस्या निवारण शिविर कल

**कांकेर**, 1 अक्टूबर। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का सतत् आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार 3 अक्टूबर को दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के कलस्टर दमकसा की ग्राम पंचायत लोहत्तर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शिविर ग्राम पंचायत लोहत्तर में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम परभेली, जाड़ेकुर्से, दमकसा, पेड़ावारी, राउरवाही, आमाकड़ा, बरहेली, चिहरो, कोण्डरूंज, कराकी और गुदुम के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

# हिंदी भाषा भारत की एकता की मजबूत कड़ी है : दर्रो

**भानुप्रतापपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी पखवाड़ा के तहत हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार दर्रो ने हिन्दी भाषा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदी भाषा भारत की एकता की मजबूत कड़ी है। हिंदी को सिर्फ भाषा नहीं कहा जा सकता है। यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यह हम भारतवासियों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करती है। यह हमारी पहचान का मजबूत आधार है। इसको सिर्फ भाषा के रूप में देखना बहुत ही छोटा दृष्टिकोण होगा, क्योंकि यह हमारे भावों की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और इसे हम सब बड़े प्यार से बोलते हैं। हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन हिंदी को हमारे देश की राजभाषा बनाया गया था। हिंदी बोलना और लिखना बहुत आसान है। हम रोज स्कूल में, घर में और अपने दोस्तों के साथ हिंदी में बात करते हैं। हिंदी में बात करने से हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हैं। यह हमारी मातृभाषा है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। कार्यक्रम को प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता, गीत, भाषण, नाटक आदि प्रस्तुत कर हिन्दी भाषा के महत्व को बताया।



लघु नाटिका के माध्यम से हिंदी भाषा का किया प्रचार-प्रसार

इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक कमल किशोर प्रधान, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, एनईपी संयोजक रितेश कुमार नाग, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नन्दिनी, रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, क्रीड़ा अधिकारी चेतन श्रीवास, मुकेश डहरवाल, श्रीदाम ढाली, योगेश यादव, धनेश्वर बांधे, ईश्वर सिन्हा, किसान गावड़े, अनिल साहू, विवेक वर्मा, सूर्यकांत देवांगन, करन विश्वकर्मा, टुपेश कोसमा, आकांक्षा टांडिया, श्रद्धा विश्वकर्मा, निशा तिवारी, डॉली राव सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नरहरपुर, चारामा व कांकेर ब्लॉक के पानी में फ्लोराइड की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक

**कांकेर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज फ्लोरोसिस की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंतर्विभागीय समन्वय बैठक ली गई, जिले के पेयजल में मौजूद फ्लोराइड की मात्रा पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से ऐसे ग्रामों और जल स्त्रोतों की जानकारी मांगी, जहां पानी में फ्लोराइड का स्तर अधिक व नुकसानदायक हो।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा मीटिंग के उपरांत आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि फ्लोरोसिस एक सार्वजनिक लोक स्वास्थ्य समस्या है, जो लंबे समय तक पीने के पानी, खाद्य उत्पादों एवं औद्योगिक उत्सर्जन के माध्यम से फ्लोराइड के अत्यधिक सेवन के कारण होता है, जिसके चलते दंत फ्लोरोसिस, स्केलेटल फ्लोरोसिस एवं नान-स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां होती हैं। उन्होंने बताया कि जब फ्लोराईड के स्तर में अत्यधिक वृद्धि होती है, तो यह दांतों और हड्डियों में विकृति, दर्द और हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैद्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 07 जिलों में फ्लोराइड की अधिकता पाई जाती है जिनमें कांकेर जिला भी शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतों में फ्लोराईड की मात्रा 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर सीमा से अधिक मिलने पर उस क्षेत्र के समस्त पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण प्रयोगशाला से पेयजल स्त्रोत के फ्लोराइड के स्तर की जांच कराई जानी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग के समन्वय से फ्लोरोसिस से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने, चयनित क्षेत्र में फ्लोरोसिस नियंत्रण के व्यापक प्रबंधन, फ्लोरोसिस के रोकथाम, निदान और प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। इस पर कलेक्टर ने ऐसे गांवों और उनके पेयजल स्त्रोतों को चिन्हांकित कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को दिए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के स्कूलों, बच्चों सहित समुदाय में फ्लोरोसिस की जांच करने हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया, जिससे मरीजों का चिन्हांकन कर समय पर उनका समुचित उपचार किया जा सके। साथ ही फ्लोरोसिस नियंत्रण के लिए फ्लोराइड की अधिकता से होने वाली बीमारियों की पहचान एवं जागरूकता लाने के भी निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ श्री आलोक वाजपेयी, अपर कलेक्टर श्री एस अहिरवार, बीएस उईके, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, जितेंद्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



फ्लोरोसिस की रोकथाम व प्रबंधन हेतु कलेक्टर ने ली बैठक

## प्रादेशिकी का शेष...

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर ...

वृद्धजनों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हैं और यह समाज में उनकी गरिमा को बनाए रखने का एक प्रयास है।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी ...

गाय को "राज्यमाता" का दर्जा दिया जाए। एवं उनके चारे और स्वास्थ्य का भी ध्यान रखते हुए सब्सिडी योजना लागू की जाए। बाफना ने आगे कहा है कि, सरकार के इस फैसले से छत्तीसगढ़ में भी गौकशी और तस्करी पर लगाम लगाई जा सकती है जिससे गायों की सुरक्षा और सम्मान में भी वृद्धि होगी। बता दें कि, अभी हालही में महाराष्ट्र सरकार द्वारा वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में गाय के महत्व एवं उसकी उपयोगिता को देखते हुए अपने राज्य में गाय को "राज्यमाता" का दर्जा देने एवं राज्य में स्थित समस्त गौशालाओं में गायों के भरण-पोषण के लिए 50 रूपये प्रतिदिन की दर से सब्सिडी योजना लागू करने का भी फैसला किया गया है।

### विभिन्न मंदिरों में घी...

मिलते रही हैं। ऐसी खबरें भक्तों की भावनाओं को आहत करती हैं, साथ ही मंदिर की पवित्रता भी नष्ट होती है। भक्तों ने यह मांग रखी है कि नगर के सक्रिय हिंदू संगठन खाद्य विभाग के साथ एक टीम बनाएं और जितने भी मंदिरों में घी ज्योति कलश प्रज्वलित किए जा रहे हैं। इसकी विधिवत से जांच की जानी चाहिए। ऐसा करने पर ही मंदिर की पवित्रता बरकरार रहेगी, वहीं भक्तों के भावनाएं आहत नहीं होगी।

### 107-( 16 ) के प्रकरणों पर ...

बस्तर दशहरा की ड्यूटी, मुख्यमंत्री जनदर्शन के प्रकरण और निर्वाचन से संबंधित आवश्यक निर्देश की जानकारी देकर निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

### बस्तर केरला समाजम ...

अखिल, जीनू, प्रवीन,मनीष अययर का विशेष योगदान रहा । धन्यवाद ज्ञापन डार्वि जॉन सचिव के द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सीजू जोसफ,सोनी वर्घेसे, अणसी सुनील, सुहास तथा जेसस्सी संजय के द्वारा किया गया ।

# डीएमएफ का पारदर्शी चेहरा, भर्ती की जानकारी सार्वजनिक

**दंतेवाड़ा**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला खनिज न्यास निधि यानि डीएमएफ दंतेवाड़ा के अधोसंरचना के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और ग्रामीण विकास के मामले में इस निधि से बेहतर कार्य हो रहे हैं। डीएमएफ से स्वीकृत कार्यो की मंजूरी सार्वजनिक की जा रही है। दंतेवाड़ा में यह पहली बार हुआ है जब प्रशासन ने डीएमएफ को लेकर पारदर्शिता बरती है।

डीएमएफ से स्वास्थ्य विभाग में होने वाली भर्ती की पूरी जानकारी दंतेवाड़ा के चौक-चौराहे पर फ्लेक्स और होर्डिंग्स के माध्यम से सार्वजनिक की गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों को इसका फायदा मिल सके। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की पदस्थापना के बाद डीएमएफ के प्रति यह पारदर्शी स्वरूप सामने आया है। जिले में पहले डीएमएफ ही विवादों का केन्द्र हुआ करता था, अब यह परिस्थिति बदली है। डीएमएफ से स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्यों की सूची भी प्रति दिन ऑन लाईन प्रदर्शित की जा रही है। डीएमएफ से स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर भर्ती हो रही है। इसकी प्रक्रिया नवरात्र से प्रारंभ हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं में रिक्त पदों पर पूर्ति हेतु स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके लिये कलेक्टर श्री चतुर्वेदी द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है। इस स्वीकृति के पश्चात् जिला चिकित्सालय एवं अन्य संस्थाओं में मानव संसाधन की कमी नहीं रहेगी। इन विभिन्न पदों पर व्यापक तौर से जिला खनिज न्यास निधि मद (डीएमएफ) के माध्यम से भर्तियां होंगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि ये नियुक्तियां शीघ्र करने हेतु तिथि अनुसार साक्षात्कार लिये जायेंगे। इस क्रम में लैब टेक्नीशियन के (9 पद), ईसीजी टेक्निशियन के (1 पद), सीटी स्कैन टेक्नीशियन के (3 पद), ओटी टेक्नीशियन के (3 पद), डायलिसिस टेक्निशियन के (2 पद) के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 3 अक्टूबर को लिये जायेंगे। इसके साथ ही एक्स-रे टेक्नीशियन, पीएसए टेक्नीशियन, ओटी टेण्डर के 3 पद, सीएसआर टेक्नीशियन के 2 पदों हेतु 4 अक्टूबर एवं इलेक्ट्रीशियन आईटीटी एवं ड्रेसर के 2-2 पदों के लिये 11 अक्टूबर को वॉक-इन-इंटरव्यू कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में लिया जायेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायतों के स्तर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 49 पद तथा पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 5 पदों के लिये 3,4,7,8,10 अक्टूबर, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के लिए 2 पदों के लिये 8 अक्टूबर को फार्मासिस्ट के 7 पदों के लिये 9,10,11 अक्टूबर, स्टॉफ नर्स के 22 पदों के लिये 11 अक्टूबर तथा प्रसाधन स्वच्छक सह वार्ड बाय के 20 पदों के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये तिथि निर्धारण किया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।



- दंतेवाड़ा के चौक-चौराहे पर फ्लेक्स-होर्डिंग्स से जानकारी
- कलेक्टर मयंक की पोस्टिंग के बाद पारदर्शिता का एक और प्रमाण

# जल जीवन मिशन हाटकर्रा बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम



**कांकेर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांकेर जिले अंतर्गत विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत हाटकर्रा में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्राम को प्रमाणीकरण किया गया। ग्राम सभा में जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की अनुरोध किया गया। उन्हें जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए योजना को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक संचालन करने को कहा ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उनके द्वारा जल जीवन मिशन की संपूर्ण जानकारी देते पाइपलाइन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा ग्राम हाटकर्रा में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीणजन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# भटके 5 साल की बालिका को अनंतपुर पुलिस ने सौंपा उसके माता-पिता को



**कोण्डागांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। 5 साल की भटकी हुई बालिका को अनंतपुर पुलिस द्वारा उसके माता-पिता को सौंपे जाने के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर मंगलवार को पांच वर्षीय बालिका को आवासपारा के पास भटकते हुए देखे जाने की सूचना पर जिले की अनंतपुर थाना पुलिस के स्वयं थाना प्रभारी अखिलेश धीवर और थाना स्टाफ सहा.उप निरी.डोमन दीवान, प्र.आर.नेमीचंद भंडारी उक्त घटना स्थल पर पहुंचे। भूखे हालत में लग रहे होने पर थाना स्टाफ द्वारा तत्काल होटल से नास्ता मंगवाकर बच्ची को खिलाया गया। बच्ची से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जयन्तिन बताया तथा अपने पिता का नाम लच्छिननाथ बघेल एवं माता का नाम गमती बघेल बताया। गांव और घर का नाम पता नहीं बता पा रही थी, जिसपर पुलिस द्वारा बच्ची के परिजनों के बारे में आसपास पता कर ही रहे थे, कि तभी बच्ची के माता-पिता बच्ची को खोजते हुए आए और बच्ची भी अपने माता-पिता को देखकर उनके पास चली गई। अपनी बच्ची को सुरक्षित देखकर भावुक होने के साथ खुश भी हुए। बच्ची के परिजनों ने बताया वे ग्राम बेड़ागांव के रहने वाले हैं। तस्दीक होने के उपरांत बच्ची को उसके माता-पिता को सकुशल सौंप दिया गया। बच्ची के माता पिता और आस पास के लोगों ने पुलिस के मानवता को देखते हुए प्रसन्नता जाहिर करने के साथ ही सहारना भी व्यक्त किया।

## लंबे समय से फरार 10 स्थायी वारंटियों को 2 दिन में किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2 दिन में ही लंबे समय से फरार 10 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में कोण्डागांव पुलिस को बड़ी सफलता मिलने के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार भापुसे से प्राप्त निर्देश कि लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान चलाकर किया जाए। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोण्डागांव प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में स्थायी वारंटियों का पता लगाया जा रहा था। जो कि थाना कोण्डागांव पुलिस के 02 दिवस के अंदर 10 स्थायी वारंटियों के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर 10 स्थायी वारंट तामिल कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी अभियुक्तों में आ.प्र.क. 548/14 अभियुक्त रामपत मुरिया पिता सुकमन मुरिया 45 वर्ष निवासी हिरामांदला जुनापारा थाना कोण्डागांव, आप.प्र.क.157/2018 अभियुक्त बालचन्द बघेल पिता सुकुराम बघेल 26 वर्ष साकिन बलासार पटेलपारा थाना व जिला कोण्डागांव छ.ग., आप.प्र.क. 108/08 अभियुक्त थाना कोण्डागांव धनर पिता अमलसाय 30 वर्ष निवासी वनउसरी, आप.प्र.क. 346/00 अभियुक्त घासीराम पिता भाटा गोंड निवासी सारेगांव थाना भानपुरी जिला बस्तर छ.ग., आप.प्र.क.346/00 अभियुक्त खुटी उर्फ लखमू पिता लच्छू गोंड 35 वर्ष निवासी सारेगांव थाना भानपुरी जिला बस्तर छ.ग., प्रकरण क्र 346/00 अभियुक्त मासो पिता बोजा गोंड निवासी सारेगांव थाना भानपुरी जिला बस्तर छ.ग. का स्थायी वारंट माननीय न्यायालय में स्थाई वारंट जारी किया गया। प्र.क्र.560/12 धारा 279, 338 भादंवि अभियुक्त सुकनाथ पिता चैतराम मरकाम निवासी लंजोड़ा, प्रकरण क्र.342/12 धारा 294, 323, 506 बी भादंवि अभियुक्त सोनुराम पिता लच्छुराम थाना भानपुरी, प्रकरण 43/22 धारा 294, 323, 506 बी, 34 भादंवि एवं प्रकरण क्र.347/12 धारा 304 ए भादंवि अभियुक्त युधिस्थिर मानिकपुरी पिता विश्वनाथ मानिकपुरी ग्राम जैतगिरी थाना बकावंड को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष उपस्थित किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, प्र.आर.90 नरेन्द्र देहारी, प्र.आर.79 दिलीप नेताम, आर.571 मोहन क्षत्री, म.आर.670 ममता प्रधान का विशेष योगदान रहा।

# नौकरी लगाने के नाम पर 7 बेरोजगारों से लिए थे 5 लाख से अधिक

**कोण्डागांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोक यांत्रिकी विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 7 बेरोजगारों से 5,14,200 रुपए की राषि लेने वाले आरोपी माफिद बेग को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार करने में कोण्डागांव पुलिस को बडी सफलता मिली है।

मामले के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 सितम्बर को प्रार्थी डिकेश कोर्राम पिता सुखलाल कोर्राम 28 वर्ष निवासी करंजी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 जुलाई 2024 को एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम नाम माफिद बेग पिता मुस्ताकीम बेग निवासी रायपुर का रहने वाला बताते हुए, अपने आप को लोक यांत्रिकी विभाग का बड़े बाबू बताकर कहा कि मंत्रालय में उसकी अच्छी जान पहचान है और लोक यांत्रिकी विभाग में गुप्त रूप से नौकरी लगा देने की बात बताया। माफिद बेग की बातों में आकर प्रार्थी डिकेश कोर्राम ने 45000 रूपये एवं उसके अन्य साथी राजूराम कोर्राम पिता धनीराम कोर्राम निवासी बाखरा ने 42500 रूपये, अमरजीत नेताम पिता आयतुराम नेताम निवासी आलवाड़ से 123000 रूपये, संतोष सोढ़ी पिता महावीर सोढ़ी निवासी चिखलपुटी से 149200 रूपये, विरेन्द्र कुमार पिता जमुराम नाग निवासी चिखलपुटी से 74000 रूपये, हिरासिंग मरकाम पिता सोमारूराम मरकाम निवासी चिखलपुटी से 51500 रूपये, योगेन्द्र नाग पिता पुरनसिंग नाग निवासी करन्डी से 56000 रूपये कुल 5,14,200 रूपये नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधड़ी कर ठगी किया है। जिस पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 284/2024 धारा 318 (4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिला कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार भा.पु.से.के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांवरूपेश कुमार एवं सायबर सेल प्रभारी उपपुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित किया गया एवं आरोपी का पता तलाश कर प्रकरण के आरोपी माफिद बेग पिता मुस्ताकीम बेग 36 वर्ष निवासी बृन्दावन कॉलोनी खमारडीह रायपुर को 01 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार किया गया। पुछताछ करने पर आरोपी ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करना बताया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, स.उ.नि.राजकुमार कोमरा प्र.आर.रोहित कोमरा एवं सायबार सेल कोण्डागाव का विशेष योगदान रहा।



**ठगी के आरोप में आरोपी को किया गिरफ्तार**

# बुजुर्गों के आशीर्वाद से जीवन होता है सफल : चैतराम

**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। वैसे तो वरिष्ठ जनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन में हुए इस सम्मान को व्यक्त करते के लिए एवं बुजुर्गों की देखभाल, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में और आम जनों को इस विषय में चिंतन की आवश्यकता है। इसके लिए विशेष तौर पर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस में मनाया जाता है।

इस कड़ी में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम, हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं नगरीय निकाय से लगभग 500 वृद्धजन, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा हमारा पहला कर्तव्य है। भारतीय परंपरा में बुजुर्ग माता-पिता का आशीर्वाद ही सर्वोपरि है। अत: मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, और हमने उन्हें सम्मानित उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील किया कि घर परिवार के शुभ अवसर पर अपने घर के वृद्धजनों के साथ कुछ समय अवश्य बताएं और उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ लेवें। आयोजन में 15 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल, 3 हितग्राहियों को सामान्य ट्राई साइकिल, 8 हितग्राहियों को व्हील चेयर तथा 31 वरिष्ठ नागरिकों को श्रवण यन्त्र एवं 50 नग छड़ी विधायक के द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि, उप संचालक समाज कल्याण विभाग संतोष टोप्पो तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



- **अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों का सम्मान**
- **विधायक ने कहा, माता-पिता की सेवा प्रथम कर्तव्य**

# कूड़ा प्रबंधन, स्वच्छता की अहम कड़ी : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा ऑनलाइन लिंक के माध्यम से साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। इस ऑनलाइन बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से समय-सीमा की लंबित प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए कहा कि ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन के लिए सभी नगरीय निकाय एवं जनपद सीईओ परस्पर समन्वय कर बेहतर परिणाम देवें।

इसी प्रकार कचरे के रिसाइक्लिंग और निपटान हेतु दोनों विभाग को रणनीति बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा सभी एनआरएलएम सेंटरों को वास्तविक रूप में रोजगार परक केन्द्र के रूप में विकसित करें। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र में घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन के लिए प्रभावी कार्यवाही पर जोर दिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के संदर्भ में 2 अक्टूबर को पूरे नगरीय निकायों में विशेष रूप से सफाई अभियान चलाने के लिए सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर द्वारा कहा गया कि 2 अक्टूबर को तड़के से ही सफाई अभियान प्रारंभ होकर 9 बजे तक पूर्ण हो जाना चाहिए। इसके अलावा कलेक्टर ने चतुर्थ एवं तृतीय वर्ग के कर्मचारियों के परिवारों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सेचुरेशन हेतु शिविर लगाने की भी बात कही।

इसके साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं को सुचारू तरीके से संचालन के संबंध में, जाति निवास प्रमाण पत्र प्रदाय, फौती नामांतरण, जिले में जन्म मृत्यु पंजीयन की स्थिति एवं अद्यतन जानकारी भी विभागों से चाही। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत सिकल सेल एवं मोतियाबिंद के संबंध में कार्य योजना, कृषि विभाग से किसान सम्मान निधि, आधार सीडिंग, किसान क्रेडिट कार्ड, एफआरए क्लस्टर,के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, डिप्टी कलेक्टर कमल किशोर सहित अन्य अधिकारी ऑनलाईन लिंक के माध्यम से जुड़े थे।




- **नगर व पंचायत निकायों को समन्वय के निर्देश**
- **गांधी जयंती पर आज विशेष सफाई अभियान**
- **कचरे के रिसाइक्लिंग और निपटान हेतु बनाए रणनीति**

## सार-संक्षेप

### भर्ती में फर्जीवाड़ा, दो न्यायालयीन कर्मी निलंबित

**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। परिवार न्यायालय दंतेवाड़ा में सहायक ग्रेड-3 एवं स्टेनोग्राफर की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला सामने आया है इस अनियमितता में न्यायालय के ही 2 कर्मचारियों मिलीभगत पाई गई थी, जिसकी जानकारी मिलने पर परिवार न्यायालय की ओर से एफआईआर दर्ज करायी गयी। इस पर कोतवाली दंतेवाड़ा द्वारा तुरंत कार्यवाही कर संबंधित दोनों कर्मचारियों एवं 3 परीक्षार्थियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। साथ ही न्यायालय के संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है।

### वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को दी विधिक जानकारी



**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अपूर्वा दांगी द्वारा गीदम के हारम स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। इस वृद्धाश्रम में वर्तमान में 10 वृद्ध निवासरत हैं। इस मौके पर श्रीमती दांगी द्वारा उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निदान के संबंध में वहां के कर्मचारियों को निर्देश दिए। साथ ही यहां के निवासरत वरिष्ठजन हेतु विधिक शिविर लगाकर संबंधित कानून एवं योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान कार्यालय के स्टाफ भीमा कवासी, पैरा लीगल वॉलंटियर सुखदेव, जमुना एवं वृद्धाश्रम में कार्यरत समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सोमनाथ नाग को ससम्मान किया गया विदा

**कोण्डागांव**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधान पाठक सोमनाथ नाग को सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन करके विदाई देने के साथ ही विद्यार्थियों हेतु न्यौता भोज का आयोजन भी किया गया। जिले के जनपद पंचायत कोण्डागांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम मड़ानार के पदरपारा में संचालित शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक सोमनाथ नाग को 41 वर्ष तक सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन करके सम्मानपुर्वक विदाई दिया गया। शिक्षक शिवचरण साहू के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधान अध्यापक पी.एल.नाग के मार्गदर्शन में सेवानिवृत्त शिक्षक सोमनाथ नाग और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती तुलेश्वरी नाग का विद्यालय के प्रवेश द्वार पर सनातन संस्कृति के अनुसार विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती आरती बेर, रंजीता तिग्गा, ललिता समरथ द्वारा पैर धुलाकर, रोली कुमकुम लगाकर एवं आरती से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय के बच्चों को श्री और श्रीमती नाग ने अपने हाथों से न्यौता भोज में बड़ा, पूड़ी, दाल, पनीर, चिकन परोसा गया।

नवाचारी शिक्षक सूरज नेताम ने मंच का संचालन करते हुए जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि इरशाद अंसारी एबीईओ, व्याख्याता जमील खान, राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक टी एकंट राव, टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, रामेश्वर राव, नरेश ठाकुर आदि का आयोजकों द्वारा मंच में गुलदस्ता भेंटकरवाकर स्वागत किया गया। वहीं अतिथियों के स्वागत में बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सोमनाथ नाग और उनकी पत्नी को सम्मानित करते हुए शॉल, श्रीफल, साड़ी और अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नवाचारी समूह इंद्रधनुष के शिक्षक नीरज ठाकुर, हीरालाल चुरेंद्र, रामानंद मंडावी, श्रीमती हीना साहू, मुकेश समरथ, लखेश बेर, जलन पटेल, मोरजध्वज चंद्राकर द्वारा शॉल, श्रीफल भेंट किया गया। सम्मान समारोह में नवनियुक्त सहायक शिक्षिका सुश्री ज्योति यादव और तुलेश्वर नाग का अतिथियों के द्वारा शिक्षकीय सेवा में स्वागत करते हुए डायरी पेन प्रदान किया गया। सोमनाथ नाग द्वारा उपस्थितजनों को सम्बोधित किए जाने के उपरांत ढोल नगाड़े की धुन में नृत्य करते हुए गांव की गली में सम्मान यात्रा निकालकर, उनके निवासगृह क ससम्मान पहुंचाया गया।



**न्यौता भोज का हुआ आयोजन**

# पोस्ट मैटिक कन्या छात्रावास विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर आयोजित

**कोण्डागांव**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पोस्ट मैटिक कन्या छात्रावास कोण्डागांव में विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि 30 सितम्बर को उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागॉव व कु.गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागॉव के निर्देशानुसार कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र (एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो) न्यायाधीश कोण्डागॉव, विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागॉव के द्वारा पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रवास कोण्डागॉव के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित छात्राओं को कानून के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह, बाल श्रम, साईबर क्राइम, मोबाईल से होने वाले अपराध, मोटरयान अधिनियम 2019, बाल मजदुर अधिनियम के तहत 6 वर्ष से 14 वर्ष तक बच्चों को किसी भी कारखाने व दुकानों में मजदुरी करवाना बाल श्रम अधिनियम 1986 के अंतर्गत कानूनी अपराध के संबंध में श्रमिकों को संवैधानिक अधिकारों, मजदुरी, समान वेतनमान, लैंगिग अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 व किसी भी मामले में नि:शुल्क अधिवक्ता के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागॉव, मधुलिका शील कन्या छात्रावास अधीक्षिका कोण्डागांव, पैरालीगल वालिंटियर पारेश्वर देवांगन, विवेक कश्यप व कर्मचारीगण उपस्थित थे।




# प्रा. शाला जोंदरापदर में शॉल व श्रीफल भेंटकर वरिष्ठजन का किया सम्मान




**कोण्डागांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक कल्याणी को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित करके विद्यार्थियों में वरिष्ठजनों/बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भाव जगाया गया। सयुंक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को शासकीय प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में बुजुर्गों के प्रति बच्चों के मन में सम्मान, सेवा एवं सहिष्णुता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्टीय वृद्ध जन दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राष्टपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिक एवं पालक कल्याणी का सम्मान शॉल व श्रीफल भेंट करके किया गया। इसके साथ ही मध्याह्न भोजन रसोइया का भी सम्मान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को बताया गया कि अपने बड़े बुजुर्गों को अपना पथ प्रदर्शक मानते हुए, माता-पिता, गुरुजनों बुजुर्गों का हमेशा आदर सम्मान करना चाहिए। इस बाद स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई।

# पंचायतों में ग्रामीणों की समस्याओं पर सुनवाई

**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रशासन के कार्यों को अधिक पारदर्शी बनाने एवं शासन की विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस से प्रत्येक ग्राम पंचायत में विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन एवं सचिवालय की स्थापना की गई है।

इस तारतम्य में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन एवं सचिवालय के अन्तर्गत ग्राम स्तर के प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु आज सम्पूर्ण जिले में विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन एवं सचिवालय का आयोजन किया गया।

स्व शासन हेतु पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में स्वशासन की अवधारणा के अंतर्गत 29 विषय निर्धारित किये गये है। जिसका क्रियान्वयन विभिन्न विभागों के द्वारा किया जाता है। इसके मद्देनजर विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन एवं सचिवालय के संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया था।

विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन एवं सचिवालय में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सचिवालय में आए हुए ग्रामीणों को कार्यवाही से लिखित अवगत कराया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायतों द्वारा संधारित 16 प्रकार के पंजियों एवं मनरेगा अंतर्गत संधारित समस्त प्रकार की पंजियों के साथ-साथ पलायन पंजी संधारण व अद्यतन होने की समीक्षा भी की गई। विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन एवं सचिवालय में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं की मजदूरी भुगतान, मस्टररोल वाचन, पेंशन भुगतान, मितानिन मानदेय, राशन दुकान के भंडारण एवं राशन कार्ड धारियों को समय पर सही मात्रा में वितरण का कार्य के अलावा अन्य सामयिक गतिविधियां, टीकाकरण, पलायन, शिक्षा, मौसमी बीमारी एवं स्वच्छता पर जागरूकता हेतु चर्चा तथा स्वच्छता अभियान अंतर्गत साफ-सफाई एवं श्रमदान जैसे गतिविधियों पर भी फोकस किया गया।

विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन एवं सचिवालय में प्राप्त ऐसे आवेदन पत्र जिनका निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर नहीं किया जा सके उन आवेदन पत्रों पर जनपद पंचायत, अनुभाग स्तर पर कार्यवाही 1 सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। इस क्रम में विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन एवं सचिवालय में कुल लगभग 668 आवेदनों प्राप्त हुए, जिनमें 257 आवेदन तत्काल निराकृत किए गये।



- **विकेन्द्रीकृत ग्रामीण जनदर्शन का मिला फायदा**
- **668 आवेदनों में से 257 का त्वरित निराकरण**

# स्वच्छता का संदेश देने मैराथन दौड़

## विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला कार्यालय से गायत्री मंदिर चौक तक जन जागरूकता मैराथन दौड़, का आयोजन हुआ। इस मैराथन दौड़ के शुभारंभ के अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, द्वारा प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौड़ में जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सरपंच, ग्राम पंचायत चितालंका समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों एवं यूनिसेफ के साथ-साथ महेन्द्र कर्मा कॉलेज के राष्ट्रीय स्वयं सेवक के छात्र-छात्राओं, युवोदय वॉलेंटियर शामिल हुए, इसके साथ ही अंत में प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई।

## संपादकीय

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी चिंतनीय

*छत्तीसगढ़ से हाल ही में शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस पर दोबारा हुई पत्थरबाजी चिंताजनक है। दुर्ग से विशाखापतनम तक चलने वाली इस ट्रेन पर ट्रायल रन के दौरान ही पत्थरबाजी हुई थी। महासमुन्द के पास इस पर पत्थर चलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अभी यह मामला ठंडा हुआ भी नहीं हुआ है कि शनिवार की रात को ऐसी ही घटना हो गयी। हालांकि जब इस पर पत्थर चले तब वह पड़ोसी राज्य ओडिशा के नुआपाड़ा जिले में खरियार रोड स्टेशन के पहले थी। कोच क्रमांक ई-2 के सीट नंबर 34-35 की खिड़की पर किन्हीं अज्ञात तत्वों ने पत्थर फेंके। चूंकि उस ट्रेन कोच में केवल दो ही यात्री थे, कोई घायल नहीं हुआ। इससे खिड़की के शीशे तड़क गये। इसकी जानकारी टीटीई को उन्हीं दो यात्रियों ने दी। इसकी शिकायत दर्ज की गयी है और असामाजिक तत्वों की छान-बीन की जा रही है।*

*प्रदेश से चलने वाली यह दूसरी वंदे भारत ट्रेन है जो बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें विशाखापतनम जाने वाले ज्यादातर इसी प्रदेश के लोग होते हैं। इसे केवल यह कहकर उपेक्षित नहीं किया जा सकता कि पथराव की यह घटना दूसरे राज्य में घटी है। साफ है कि यह हर उस राज्य के नागरिकों की सुरक्षा का मामला है जहां से होकर यह गुजरती है। रेलवे को चाहिये कि जिस मार्ग से यह ट्रेन गुजरती है उस पूरे मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था हो। सुरक्षा के अलावा यह राष्ट्रीय सम्पत्ति का भी मामला है। इसका होने वाला कोई भी नुकसान नागरिकों की अपनी हानि है।*

*अपराधियों की धरपकड़ इसलिये आवश्यक है क्योंकि यदि ऐसी घटनाएं बार-बार हुई तो लोग इस ट्रेन से यात्रा करने में घबराएंगे। वैसे भी इस ट्रेन का किराया काफी ज्यादा होने से इनमें यात्रियों की संख्या काफी कम होती है। इसी घटना में देखें तो जिस कोच पर पत्थर चलाये गये, उसमें केवल दो ही लोग थे। यदि यह ट्रेन भरी होती तो किसी का घायल होना तय था। यह संदेश लोगों तक नहीं जाना चाहिये। वरना पहले से घाटे में चल रही यह ट्रेन और भी नुकसान उठाकर चलेगी। छग के बिलासपुर से इतवारी तक चलने वाली दूसरी ऐसी ही ट्रेन है। पथराव का असर उस ट्रेन पर भी पड़ेगा और उसमें भी यात्रियों की संख्या घटेगी जिसके चलते उसका भी राजस्व नुकसान बढ़ेगा। अधिक घाटे से यह ट्रेन ही बंद हो सकती है।*

*देश भर में जितनी भी ऐसी ट्रेनें चल रही हैं, उनमें से कई ट्रेनों पर पथराव हो चुके हैं। सरकार इसे कोई साजिश बतलाती है। ऐसा है तो उसका पर्दाफाश करना और इन ट्रेनों से यात्रा को निरापद बनाना सरकार और रेलवे का ही काम हैं। यात्रियों को सुरक्षित माहौल में यात्रा की सुविधा देना रेलवे एवं सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।*

## उल्टा पुल्टा

पति- प्यास लगी है पानी लेके आओ..
पत्नी- क्यों ना आज तुम्हें मटर पनीर और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति- वाह वाह...! मुंह में पानी आ गया..
पत्नी- आ गया ना मुंह में पानी बस इसी से काम चला लो।

# भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने का मिलेगा मौका : बिग्रेडियर अमन आनंद

- भारतीय सेना की देशभक्ति जज्बा, शक्ति, क्षमताओं को देखकर युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का होगा संचार : कलेक्टर
- भारतीय सैनिकों के साथ दंतेवाड़ा के युवा घुड़सवारी में दिखायेंगे अपनी प्रतिभा
- आमजनों के साइंस कॉलेज ग्राउण्ड तक आने-जाने के लिए अलग-अलग स्थानों से रहेगी बस सुविधा
- बिग्रेडियर अमन आनंद एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जानकारी की साझा



**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह के पूर्व आज पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में बिग्रेडियर अमन आनंद (विशिष्ट सेवा मेडल) एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रेसवार्ता लेकर आयोजन की तैयारियों के बारे में जानकारी साझा की। बिग्रेडियर अमन आनंद ने कहा कि भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने को मिलेगा। युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने सशस्त्र सैन्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आनंद ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के कौशल एवं ताकत का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने एवं भारतीय सेना की शक्ति और क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे लोगों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति को बढ़ावा मिलेगा और नागरिक-सैन्य संबंध मजबूत के बारे में भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना से जुड़ने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन में बड़े-बड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगेगी। प्रमुख रूप से युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन की प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेगी। आनंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और आयोजन को सफल बनाया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय सेना की देश भक्ति जज्बा, शक्ति और क्षमताओं की ताकत सशस्त्र सैन्य समारोह में देखने को मिलेगा। भीष्म टैंक समेत अनेक उपकरणों का रोमांच देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दंतेवाड़ा के प्रतिभावान युवा घुड़सवारी के माध्यम से के कौशल दिखाई देंगे। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों के लिए साइंस कॉलेज मैदान तक पहुंचने के लिए अलग-अलग स्थानों से बस चलाए जाएंगे। अधिक से अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में ऐसे आयोजन होने के बाद सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर कर्नल सुदीप बोस, सुमीत शर्मा, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे।

दो दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह में शानदार प्रदर्शन और रोमांचकारी प्रदर्शनों की श्रृंखला देखी जाएगी। जिसमें विशेष बल कमांडो द्वारा स्लिदरिंग प्रदर्शन, बाइक शो और घुडसवारी प्रदर्शन शामिल है। टी-90 भीष्म टैंक, बीएमपी टू, पैदल सेना लड़ाकू वाहन, स्ट्रेला 10 एम सेना वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली, जेडयू 23 गन और आर्टिलरी की 105 एमएम लाइट फील्ड गन समेत आधुनिक हथियार और उपकरण भी सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक जनता के देखने के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे।

इसके अलावा ग्रेनेडियर्स, सिग्नल और गोरखा प्रशिक्षण केंद्रों के सैन्य पाइप और ब्रास बैंड और विशिष्ट गोरखा रेजिमेंट के सांस्कृतिक दल द्वारा खुखरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां भी होगी। आयोजन के दौरान सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा सशस्त्र बलों में शामिल होने युवाओं के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

## पद्मश्री सुरेंद्र दुबे की देश भक्ति की कविताओं ने बढ़ाया सैनिकों का हौसला





सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे आज रायपुर पहुंचे भारतीय सैनिकों का उत्साह बढ़ाने के लिए हास्य कविता का पाठ किया। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह भी शामिल हुए और देशभक्ति रंग में रंगने के लिए आजादी को संभाल कर रखेगें, बापू की अमानत है, राखी का रक्षा सूत्र है बेटिंया, टाइगर अभी जिंदा है जैसे कई कविता से शुरूआत की। इसके अलावा उन्होंने कई देशभक्ति कविता सुनाकर जवानों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर दुबे ने भारतीय सेना के जवानों के बारे में कहा कि सेना के जवान भारत के भगवान है। जैसे आदमी विपत्ति में लोग भगवान को याद करते है। वैसे ही सरहद पर किसी प्रकार की परेशानी आती है तो सेना के जवान ही निराकृत करते है। उन्होंने कहा कि भगवान को कोई अभी तक नहीं देखा है। हंसते है तो भगवान की पूजा करते है, और अगर किसी को हंसाते है तो भगवान आपकी पूजा करता है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सेना के जवानों की बलिदानी भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा कि सैनिक देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हैं और हमारे जीवन को सुरक्षित बनाते हैं। इस दौरान पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला, नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर, सहित सैकडो की संख्या में सेना के जवान उपस्थित थे।

## नगर निगम की आखिरी सामान्य सभा की बैठक 4 को

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम की समान्य सभा 4 अक्टूबर को होगी। महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल की यह आखिरी समान्य सभा है। सामान्य सभा में 31 एजेंडा शामिल किए गए हैं। इससे पहले सामान्य सभा 3 अक्टूबर को रखी गई थी। तारीख बदलने के साथ ही कुछ एजेंडों को बदला गया है। जिस पर भाजपा पार्षदों ने विरोध जताते हुए सभापति को पत्र लिखा है। आखिरी सामान्य सभा दो दिन होने के आसार हैं और घमासान मचना भी तय है।

## राशन दुकान संचालकों की हड़ताल शुरू

### 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राशन दुकान संचालकों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यव्यापी हड़ताल शुरू कर दी है। राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले संचालकों ने मंगलवार को नया रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। आज राजधानी में प्रदर्शन के बाद कल से सेल्समैन ब्लॉक जिला और तहसील स्तर पर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर रहेंगे। इस हड़ताल से राशन वितरण पूरी तरह प्रभावित हो सकता है जिससे सभी वर्गों को मिलने वाले खाद्य सामग्री की आपूर्ति रुकने की आशंका है। राशन दुकान संचालकों की मुख्य मांगें इस प्रकार हैं इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीनों की गुणवत्ता में सुधार, राशन आवंटन में अनियमितताओं का समाधान, वित्तीय सहायता की समय पर उपलब्धता और मार्जिन राशि में वृद्धि, राशन भंडारण में सुधार के लिए नई कनेक्टिविटी की व्यवस्था, राशन वितरण के अलावा अन्य कार्यों के लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक, कोरोना काल की अनुदान राशि का शीघ्र भुगतान।



**सरकार से संवाद विफल अब सड़कों पर आंदोलन**

राशन दुकान संचालक पहले भी अपनी मांगों को लेकर मंत्रियों और अधिकारियों से बातचीत कर चुके हैं। बीते दिनों संघ के पदाधिकारियों ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से मुलाकात की थी लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। इसके बाद संघ ने प्रदर्शन और हड़ताल का रास्ता चुना है।

**राशन वितरण प्रभावित**

इस हड़ताल के चलते पूरे प्रदेश में राशन वितरण व्यवस्था ठप हो सकती हैए जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

संघ का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतींए वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला हैए लेकिन उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत होगी ताकि प्रदेश की राशन वितरण व्यवस्था सामान्य हो सके।

**बालाजी के प्रसाद में मिलावट का मामला** | **ज्ञापन लेने पहुंचे मंत्री केदार कश्यप**

## विहिंप ने निकाली रैली, सड़क पर बैठ हनुमान चालीसा पाठ किया



**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। तिरुपति बालाजी के प्रसाद में मिलावट, गरबा सहित कई विषयों को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने आज राजधानी रायपुर में प्रदर्शन किया, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। विहिप ने रैली भी निकाली और सड़क पर बैठक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। मंत्री केदार कश्यप ज्ञापन लेने पहुंचे, जिसे विहिप के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मंत्री कश्यप ने सड़क में बैठकर हनुमान चालीसा भी सुना। तिरुपति बालाजी मंदिर सहित सभी सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों को तुरंत मुक्त किया जाए।

मंदिरों की संपत्ति और आय का दुरुपयोग बंद हो और इसे धार्मिक कार्यों के लिए ही उपयोग किया जाए। मंदिरों का प्रबंधन संतों और हिंदू समाज सौंपा जाए। तिरुपति बालाजी मंदिर में महाप्रसाद में हुई मिलावट की घटना की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**मांगों पर विचार करेंगे : केदार कश्यप**

मंत्री केदार कश्यप ने कहा, इस मामले को लेकर हमारा पूरा समाज व्यथित है। उनकी जो मांगे हैं निश्चित रूप से हमारे सनातनी लोगों की भावनाएं हैं। इस तरीके से घटनाक्रम ना हो और हमारे आस्था के केंद्रों के साथ यह खिलवाड़ ना हो। यह पूरी कोशिश रहेगी। विहिप ने जो आवेदन दिया है उस पर हम जनता से विचार करेंगे। मुख्यमंत्री बहुत संवेदनशील हैं. आने वाले समय में इस पर नीति बनाएंगे, यह पूरे देश का मामला है। कश्यप ने कहा, महाराष्ट्र में किस प्रकार से हुआ है उस पर हम अध्ययन करेंगे। जब सबकी सहमति होगी इस पर हम आगामी समय में आगे बढ़ेंगे। इनकी मांगों पर परीक्षण होगा। क्या बेहतर हो सकता है। उसकी दृष्टि से काम किया जाएगा. जहां तक हमारे जितने भी आस्था के केंद्र हैं, मंदिर हैं वहां किसी भी तरीके से कोई ऐसी घटना ना हो, इस पर जरूर कोशिश होगी।

## छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा पहुंची सड्डू



- समापन पर आज गांधी मैदान में होगी आम सभा
- प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट व वरिष्ठ नेता शामिल होंगे यात्रा और सभा में

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा राजधानी के नगर निगम सीमा में प्रवेश कर गई है। यात्रा का रात्रि सड्डू में पड़ाव होगा, जहां से यात्रा बुधवार 2 अक्टूबर को गांधी मैदान में आमसभा में परिवर्तित हो जायेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट शास्त्री चौक से यात्रा में शामिल होंगे तथा वे गांधी चौक आमसभा में भी शामिल होंगे। प्रभारी सचिव एस.ए. सम्पत कुमार एवं विजय जांगिड़ एवं जरिता लेफतलांग भी आमसभा में शामिल होंगे। न्याय यात्रा पांच दिन में 122 किमी की यात्रा पूरी कर चुकी है। पांचवे दिन की यात्रा में लोहारीडीह के मृतक प्रशांत साहू, कचरू साहू के परिवार तथा दोंदे के संतोष पटेल के परिवार भी शामिल हुये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा लगातार राजधानी की ओर बढ़ रहा है वैसी ही सरकार की दिल की धड़कन बढ़ते जा रही है। जिस मकसद से हम लोग न्याय यात्रा को लेकर चले है जोश और उत्साह दुगुनी होती जा रही है। कल अंतिम दिन है और राजधानी रायपुर में बहुत ही बड़ा वृहद रूप लेने वाला है। राजधानी रायपुर में ऐतिहासिक जनसभा होगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट कल आयेंगे और सभा को संबोधित करेंगे और छत्तीसगढ़ के बड़े नेता उपस्थित रहेंगे। सरकार के खिलाफ में जो कांग्रेस पार्टी का मकसद है उसको जनता तक पहुंचाने में सफल रहे। श्री बैज ने कहा कि जिनके साथ सरकार ने अन्याय किया है वह भी हमारे साथ न्याय यात्रा में शामिल होने आये है। जिनके इशारे पर तीन हत्या हुई और इतनी बड़ी घटना घटी। राज्य के गृहमंत्री के जिले मे इतनी बड़ी घटना हुयी है और भाजपा के शासनकाल में लगातार घटनाए हो रही है। भाजपा सरकार में आदिवासी की हत्या हुयी है। भाजपा सरकार में एसपी, कलेक्टर आफिस जलता है। लगातार मौते हो रही है। इस सबके के लिये भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। सरकार फर्जी आंकड़े जारी कर रही है और कांग्रेस को दोष देना बंद करे। सरकार के पास कोई मुद्दा नही है और न्याय यात्रा से सरकार घबरा गयी है। इसलिये सरकार कांग्रेस के लोगों के ऊपर मनगढ़त आरोप लगा रही है।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि न्याय यात्रा को बहुत सफलता और अपार जनसमर्थन मिल रहा है। इससे मुख्यमंत्री और मंत्री लोग घबरा गये है। इस यात्रा को लेकर कुछ भी बयानबाजी दे रहे है। भाजपा का कहना है कि इस यात्रा की क्या जरूरत थी ? भाजपा सरकार असफलता और अराजकता के कारण ही न्याय यात्रा करना पड़ रहा है। आज कानून व्यवस्था जैसा कोई चीज नही है। प्रदेश में अपराध तेजी से बढ़ रहे है और प्रदेश में भय का माहौल है। न्याय यात्रा को लेकर जनता मे जो धारणा बनी हैं। कांग्रेस पार्टी आम जनता को न्याय दिलाने के लिये लड़ाई लड़ रही है।

उन्होंने कहा लोहारीडीह की घटना में पुलिस प्रशासन और सरकार आनन फानन में गृहमंत्री के इशारे पर उसका पोस्टमार्टम कर हत्या की रिपोर्ट नहीं बनाकर आत्महत्या का रिपोर्ट बना दिया षड्यंत्र पूर्वक। लोहारीडीह घटना के मामले में न्याय दिलाने के लिये आज साक्षात दोनो साहू परिवार मिलने आये है।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि न्याय यात्रा को बहुत सफलता और अपार जनसमर्थन मिल रहा है। इससे मुख्यमंत्री और मंत्री लोग घबरा गये है। इस यात्रा को लेकर कुछ भी बयानबाजी दे रहे है। भाजपा का कहना है कि इस यात्रा की क्या जरूरत थी ?

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर दिल्ली में यूपीएससी तैयारी के लिए 135 सीटों की वृद्धि को वित्त विभाग से मंजूरी



**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में रहकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के इच्छुक छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने युवा उत्थान योजना के तहत ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 135 सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

युवा उत्थान योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को दिल्ली में रहकर निःशुल्क यूपीएससी कोचिंग की सुविधा दी जाती है। युवाओं के रहने, खाने और पढ़ाई का खर्च भी सरकार उठाती है। पूर्व में ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 50 नए और 15 रिपीटर बैच को यह सुविधा मिल रही थी। अब इस योजना में 135 सीटों की वृद्धि के बाद कुल 200 युवाओं को आवासीय सुविधा मिलेगी।

ट्रायबल यूथ हॉस्टल के अलावा अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार कोचिंग संस्थाओं के निकट आवासीय व्यवस्था भी कर सकेंगे। कोचिंग शुल्क के तहत अंग्रेजी माध्यम के लिए 2 लाख रुपये और हिन्दी माध्यम के लिए 1.5 लाख रुपये निर्धारित है। इसके साथ ही, आवास, मेस और अन्य सुविधाओं के लिए प्रति विद्यार्थी प्रति माह 12 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

वर्तमान में ट्रायबल यूथ हॉस्टल में अधिकतम 65 अभ्यर्थियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध थी। अब इस पहल के साथ छत्तीसगढ़ के युवा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में अधिक समर्थ बन सकेंगे।

## राज्योत्सव के सारे कार्यक्रम नवा रायपुर में

**दीपावली के बाद 4 से 6 नवंबर तक होंगे आयोजन**

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य स्थापना दिवस समारोह इस बार दीवाली के बाद होगा। दीपावली इस वर्ष 31 अक्टूबर को है। जिसके कारण स्थापना दिवस समारोह 4 नवंबर से शुरू होकर 6 नवंबर तक चलेगा। सारे कार्यक्रम नवा रायपुर में आयोजित किए जाएंगे। समापन मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति को आमंत्रित करने पर विचार चल रहा है।

दीपावली त्यौहार की वजह से इस बार राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम की तिथि आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इस बार राज्योत्सव तीन दिन का ही रहेगा। भूपेश सरकार के कार्यकाल में स्थापना दिवस समारोह साइंस कॉलेज मैदान में होते रहे हैं। लेकिन भाजपा सरकार ने नवा रायपुर में कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया है। इससे पहले रमन सरकार में ही नवा रायपुर में स्थापना दिवस समारोह हुआ था।

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में राज्य स्थापना दिवस (राज्योत्सव) के आयोजन को लेकर बैठक हुई थी। बैठक में 1 तारीख को दीपावली और 2 तारीख को गोवर्धन पूजा की वजह से उद्घघाटन समारोह 4 तारीख को करने का सुझाव दिया गया है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पर सहमति दे दी है और औपचारिक फैसला कैबिनेट की बैठक में लिया जाएगा।

समापन समारोह के दिन राज्य अलंकरण सम्मान दिए जाएंगे। अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अथवा प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने पर विचार चल रहा है। तीन दिन के स्थापना दिवस समारोह को रंगारंग करने की तैयारी चल रही है। इसमें कवि सम्मेलन, आदिवासी नृत्य महोत्सव और गीत-संगीत के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वही जिलों में तीन दिन कार्यक्रम आयोजन पर विचार चल रहा है।

# सड्डू में न्याय यात्रा का किया गया स्वागत



**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस की न्याय यात्रा गिरौदपुरी से आज रायपुर के सडढू स्थित ओम शांति निकेतन के निकट पहुंची। इस दौरान पूर्व प्रदेश महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में फूल-मालाओं के साथभव्य स्वागत किया गया। कल 2 अक्टूबर को सुबह नौ बजे न्याय यात्रा रायपुर ग्रामीण विधानसभा के सड्डू, दलदल सिवनी एवं मोवा होते हुए गांधी मैदान के लिए प्रस्थान करेगी । स्वागत के दौरान बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन, पार्षद गण, रायपुर नगर निगम के, तीनों ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

पंकज शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की नाकामी, प्रदेश में बढ रही हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार एवं नशे के अवैध करोबार पर अंकुश लगाने में प्रदेश सरकार की विफलता को जनता के सामने लाने के लिये गिरौदपुरी से रायपुर के लिये यह यात्रा निकाली गई है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से आम आदमी का अपने घर से निकलने में चितिंत रहता है कि कहीं उसके साथ मोबाईल, चेन स्नेचिंग के लिये हत्या जैसी वारदात न हो जाये। कामकाजी महिलाएं भी अंधेरा होने पर घर आने में भयभीत रहती है। पूरे प्रदेश में सरकार एवं प्रशासन की लापरवाही से खुलेआम नशे की अवैध सामाग्री मिल रही है नशे के कारोबारी सरकारी सरंक्षण में युवाओं को नशे की लत लगाकर अपराध की दुनिया में झोंक रहें हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रदेश की सोई हुई भाजपा सरकार सत्ते के मद मे चूर होकर आमजनता की आवश्यकताओं तक को भूल गई है। आने वाले चुनाव में इसका परिणाम भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

**आमसभा सफल बनाने कांग्रेस ने झोंकी ताकत**

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के समापन में होने वाले आमसभा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। राजधानी के विभिन्न चौक-चौराहों पर जनता को पॉम्पलेट देकर शामिल होने अपील की गई है। आज पश्चिम विधानसभा सहित स्टेशन रोड, फाफाडीह चौक, देवेन्द्र नगर नमस्ते चौक, नगर घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, पुरानी बस्ती, टिकरापारा, राठौर चौक, शास्त्री चौक सहित अनेक जगहों पर पॉम्पलेट वितरण किया गया।

# कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करें : केदार कश्यप

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की सख्त हिदायत दी।



मंत्री श्री कश्यप ने बैठक में सभी मुख्य अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के 100 दिवस के भीतर टेंडर लग जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लेट लतीफी और लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्री कश्यप ने जशपुर जिले के कुनकुरी में नया कार्यपालन अभियंता कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी।

मंत्री श्री कश्यप ने बिलासपुर और सरगुजा के मुख्य अभियंताओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं का टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बांध सुरक्षा संबंधी कार्यो के बजट का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कंसलटेंट, सार्वजनिक उपक्रम को लगाकर कार्य-योजना बनाकर कार्य में तेजी लाने तथा भू-जल सॉफ्टवेयर स्मार्ट मीटर का काम दिसम्बर तक पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता कार्यालय जगदलपुर एवं राज्य जल सूचना केन्द्र की स्थापना के संबंध में भी चर्चा की गई। मंत्री श्री कश्यप ने विभाग की सभी बड़ी योजनाएं को पीएफआईसी से अनुमोदित कराकर प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने और आगामी तीन माह में टेंडर लगवाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में रिक्त पदों पर भर्ती और पदोन्नति, कुनकुरी में नये अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के शुभारंभ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। सोलर पावर प्रोजेक्ट, जल संसाधन विभाग की सम्पतियों का व्यवसायिक उपयोग हेतु नीति, बांधो से गाद निकालने हेतु डेजिंग पॉलिसी बनाने, वन विभाग में लंबित व्यपवर्तन प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जल संसाधन सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, मुख्य अभियंता एस व्ही. भागवत, के.एस गुरूवर, एस.के.टीकम, डी. के. उमेरकर, आर. के. इंदवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रशासन से मिली संघर्ष मोर्चा को प्रदर्शन की अनुमति



**रायपुर,** 1 अक्टूबर। शिक्षकों के कल के प्रदर्शन की प्रशासन ने अनुमति दे दी है। देर शाम शिक्षक संघर्ष मोर्चा के साथ जिला प्रशासन की लंबी चर्चा के बाद शर्तों के साथ अनुमति दी गयी है। हालांकि चर्चा के दौरान शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, वीरेंद्र दुबे सहित अन्य शिक्षक नेता इस बात पर अड़े रहे, कि वो राजधानी के जयस्तंभ से पदयात्रा करेंगे। प्रशासन ने इस मुद्दे पर करीब एक घंटे तक खींचतान चलती रही। प्रशासन ने राजधानी रायपुर में प्रदर्शन की इजाजत से सिरे से इनकार कर दिया। आखिरकार तूता धरनास्थल पर ही धरना प्रदर्शन की इजाजत प्रशासन की तरफ से दी गयी है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संयोजकों के साथ वार्ता के दौरान जिला प्रशासन की तरफ से एडीएम और पुलिस की तरफ से एडिश्नल एसपी लखन पटले मौजूद थे। प्रशासन की तरफ से 9 अलग-अलग शर्तों के साथ कल प्रदर्शन की इजाजत दी है। जिसमें रैली नहीं निकालना भी शामिल है। ट्रैफि व्यवस्था बाधित नहीं करने, धरनास्थल परिसर के अतिरिक्त अन्य जगहों पर प्रदर्शन नहीं करने, किसी का कार्यालय व निवास घेराव नहीं करने, ज्ञापन सौंपने के तुरंत बाद धरनास्थल खाली करने जैसी शर्तें लगायी गयी है।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव की तैयारियां तेज

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने सोमवार को अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संचालित करने के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया, जिसमें छाया, पेयजल, शौचालय और रैंप की व्यवस्था शामिल है।



**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए सख्त निर्देश**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों को सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्वाचन के दौरान आईटी एप्लीकेशन्स और मोबाइल एप्स के उपयोग की जानकारी भी दी, ताकि प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सुगम हो सके। प्रशिक्षण सत्र में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पुलक भट्टाचार्य ने आदर्श आचरण संहिता के नियमों की बारीकियां बताईं, जबकि यूएस अग्रवाल ने नामांकन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल ने मीडिया प्रमाणन और अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) की भूमिका और पेड न्यूज पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही, जनमत सर्वेक्षण और एक्जिट पोल पर प्रतिबंध की भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान नौ सत्रों में चुनाव संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी अधिकारियों को दी गई। रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा भी इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

# पति ने झाड़ू वाले डंडे से पत्नी का फोड़ा माथा

## नशे की हालत में पहुंचा आरोपी

**रायपुर,** 1 अक्टूबर। पति ने अपनी पत्नी का जाला झाड़ू के डंडे से माथा फोड़ दिया। आरोपी पति ने नशे की हालत में खाना नहीं देने पर विवाद किया था। मारपीट के बाद महिला को गंभीर हालत में मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया। तेलीबांधा पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह तेलीबांधा इलाके की रहने वाली है। महिला ने बताया कि 28 सितंबर को आरोपी पति ने रात 2 बजे वारदात को अंजाम दिया है।

खाना मांगा और विवाद करने लगा

महिला ने बताया कि उसकी 14 साल पहले अहमद कुरैशी से शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। वह घरेलू काम करके अपना जीवन चलाती है। पति नशे की हालत में घर आया था। गाली गलौज कर रहा था। रात करीब 2 बजे आरोपी पति ने खाना मांगा और झगड़ा शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि पति को खाना देने के लिए किचन में गई। इसी दौरान आरोपी इरशाद जाला निकालने वाले झाड़ू से सिर पर हमला कर दिया जिससे महिला के माथे से खून निकलने लगा। पिटाई से दाहिने हाथ पैर और सीने में भी गंभीर चोट आई है। मारपीट के बाद बेटे ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रोटरी क्लब में पांच दिवसीय चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक्युप्रेशर , सुजोक , कंपिंग, वाइब्रेशन एवं चुंबकीय पद्धति से रोगों का उपचार डॉ एम ए चयनन एवं उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है । यह शिविर रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एवं इनर व्हील क्लब रायपुर के सयुक्त तत्वाधान में जलविहार कालोनी में आयोजित किया गया है । क्लब के अध्यक्ष एन सी मोरियानी ने बताया कि घुटने एवं कमर दर्द में इस उपचार से विशेष लाभ मिलता है । शुगर , पुराना सिर दर्द , साइटिका, थायराइड , मोटापा आदि के रोगियों के लिए भी यह इलाज अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा । जो भी महिला पुरुष इसका लाभ लेना चाहते हैं वे क्लब में प्रतिदिन प्रात: 9 से 12 एवम शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक संपर्क कर लाभान्वित हो सकते हैं । यह शिविर 3 अक्टूबर तक चलेगा।

# विसर्जन जुलुस में लेजर लाइट से युवक की आंख क्षतिग्रस्त

## उच्च क्षमता की लेजर लाईट आंखों के लिए नुकसानदायक : डॉ प्रांजल मिश्र



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पिछले सप्ताह गणेश विसर्जन के बाद एक शहर का गणेश यादव नामक 19 वर्षीय एक युवा डॉ दिनेश मिश्र के अस्पताल आया जो झांकी में शामिल हुआ था और जुलुस में जो लेजर लाइट चल रहीं थी, उस लेजर लाईट के आंख में पड़ने के बाद उसकी एक आंख की नजर कमजोर होने की शिकायत की , जब उसकी आंखो की जांच की तब पाया गया कि उसकी बांई आंख से कम दिख रहा है जबकि दाहिनी आंख की नजर ठीक है . जब उसकी आंखों के पर्दे की जांच की गई तब यह देखा गया कि उसकी आंखों के परदे में जो रक्त वाहिका है वह क्षतिग्रस्त हो गई है मेडिकल कॉलेज रायपुर के नेत्र एवम रेटिना विशेषज्ञ डॉक्टर प्रांजल मिश्र ने जब मरीज की परदे की ओ सी टी की, तब पाया कि उक्त मरीज के परदे की रक्त वाहिका लेजर किरणों के परदे में टकराने से उसमें छिद्र हो गया है और इस जगह से रक्त निकल कर पर्दे में जमा हो गया है. डॉ प्रांजल मिश्र ने जानकारी दी कि इस प्रकार सार्वजनिक कार्यक्रमो में जो लेजर लाइट उपयोग की जाती है वह अत्यधिक तीव्रता की होती है 3ष्ठ 3ड्ड या 4 कैटेगरी में आती है. जबकि एफडीए भी पांच मिली वाट से ज्यादा की लेजर किरणे उपयोग करना निषेध करती है इसमें से ब्लू स्पेक्ट्रम वाली लेजर आंखों को सबसे ज्यादा डैमेज करती है जैसे पर्दे में खून का बहाना और यहां तक की पर्दे में छेद भी हो जाता है कई बार मरीजों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती और आंखों की खराब होने की संभावना होती है, इस प्रकार से प्रभावित मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचना चाहिए ताकि सही समय पर उपचार हो सके. एवम उनकी दृष्टि बचाई जा सके. डॉ दिनेश मिश्र ने बताया हर साल इस प्रकार की घटनाएं होती हैं और ऐसे मरीज आते हैं जो अधिक क्षमता के लेजर के पड़ने कारण क्षतिग्रस्त हो जाते हैं इसलिए इस प्रकार की गैदरिंग में में उच्च क्षमता वाली लेजर का उपयोग नहीं करना चाहिए इससे किसी भी व्यक्ति को दृष्टिहीनता का शिकार होना पड़े.



# रायपुर में कल से 5 तक ग्रीन समिट का आयोजन

**रायपुर,** 1 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ का वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, विबग्योर एन.ई. फाउंडेशन, प्रज्ञा प्रवाह, एनआईटी रायपुर और एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ के सहयोग से, रायपुर के दीनदयाल ऑडिटोरियम में 3 से 5 अक्टूबर तक पहले छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट 2024 की मेजबानी करने जा रहा है । लोकमंथन संस्करण से पहले होने वाले इस कार्यक्रम में प्रमुख हितधारकों को पर्यावरण स्थिरता और विकास विमर्श में लोक परंपराओं के एकीकरण पर चर्चा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाया जाएगा। लोकमंथन - 2016 में शुरू हुआ और इसका उद्देश्य देश भर के हजारों कलाकारों, विचारकों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक साथ लाना है - यह एक सांस्कृतिक महाकुंभ है जो आख्यानों को नया रूप देता है और राष्ट्र को अपनी सभ्यतागत भूमिका को अपनाने के लिए तैयार करता है।

**पद्मश्री से सम्मानित हस्तियां और विशेषज्ञ होंगे शामिल**

3 अक्टूबर को उद्घाटन सत्र के साथ शिखर सम्मेलन की शुरुआत होगी। इसके बाद वनों और समुदायों, भारतीय वानिकी और इकोलॉजिकल सिस्टम सर्विसेज के बीच इंटररिलेशन पर केंद्रित तकनीकी सत्र होंगे। विशेषज्ञ पारिस्थितिकी बहाली और वनों द्वारा प्रदान किए जाने वाले पारिस्थितिकी तंत्र लाभों पर चर्चा करेंगे, जिसका उद्देश्य एक स्थायी मॉडल बनाना है जो इकोलॉजिकल बैलेंस और कम्युनिटी वेलफेयर दोनों का समर्थन करता है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों को पारंपरिक खाद्य पदार्थों, आदिवासी शिल्प, 100 से अधिक जनजातीय संगीत वाद्ययंत्रों, औषधीय पौधों और स्थानीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं का पता लगाने का अवसर भी मिलेगा। लाइव प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ का जनजातीय वाद्य संगीत, आदिवासी कहानी कहने पर इंटरैक्टिव सत्र और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का प्रदर्शन छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ के वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शिखर शामिल होंगे।

## निधन

### रमेश कुमार सेठ

**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त रमेश कुमार सेठ 72 वर्षीय का आज 1 अक्टूबर को प्रात: 6.30 बजे निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा 2 अक्टूबर उनके निवास प्लाट नंबर- 55, स्ट्रीट-6/ए, मैत्री नगर रिसाली से दोपहर 1.30 बजे रिसाली मुक्तिधाम हेतु निकलेगी। वे अपने पीछे अपनी पत्नी सीमा सेठ, पुत्र नीरज, उमा सेठ पुत्र, दक्ष, रघु, नीरू, मनोज कुमार, अंशु, आशीष दुग्गल को छोड़ गए।



### खेतमल लड्ढ़ा

**महासमुंद**, 1 अक्टूबर। स्थानीय तुमगांव रोड निवासी माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्य खेतमल लड्ढ़ा 86 वर्ष का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जीवन लाल, अशोक कुमार, बद्री नारायण के बड़े भाई व भारतभूषण, दिनेश कुमार लड्ढ़ा के पिता थे।



### अवध ताम्रकार

**धमधा,** 1 अक्टूबर। धमधा तमेर पारा निवासी नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति बर्तन व्यवसायी गोविंद सरल फ्यूल्स व कृषि केन्द्र के संचालक दाऊ अवध ताम्रकार का रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर भावभिनी श्रद्धांजलि दी। वे धमधा के राजेन्द्र ताम्रकार (अतरिया) कौशल ताम्रकार (धमधा), इंद्रविजय ताम्रकार बोरी के भतीजा थे। अहिवारा नगर पंचायत के अध्यक्ष अम्बरी्या ताम्रकार के भाई व बर्तन व्यवसायी आषुतो्या ताम्रकार एवं पारितो्या ताम्रकार के पिता थे।



# छत्तीसगढ़ में बारिश पर लगा ब्रेक!

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बारिश पर ब्रेक लग सकता है। इन दिनों मानसून कमजोर होने की वजह से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। आज मंगलवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के जिलों में सुबह से ही तेज धूप निकली है। बारिश का सिस्टम कमजोर होने की वजह से दिन का पारा 35 डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि इस बीच मानसून की वापसी पर बारिश हो सकती है।



**अब तेज धूप करेगी परेशान**

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मानसूनी तंत्र कमजोर हो गया है, जिसकी वजह से बारिश की गतिविधि में कमी आ गई है। हालांकि इस बीच मानसून की वापसी पर एक दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं बस्तर संभाग में दो से तीन दिनों तक एक दो जगह पर बारिश के आसार हैं। मौसम एक्सपर्ट के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की रेखा फिरोजपुर, सिरसा, चूरू, अजमेर, माउंट आबू, दिशा, सुरेंद्रनगर, जूनागढ़ 21 डिग्री उत्तर और 70 डिग्री पूर्व से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में मानसूनी तंत्र कमजोर पड़ गया है। यही वजह है की बारिश की गतिविधि में कमी आ गई है। आज मंगलवार को प्रदेश के एक-दो जगह पर हल्की से हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं राजधानी रायपुर में आकाश आंशिक मेघमय रहने की संभावना है। बीते दिनों सोमवार को प्रदेश में मानसून की सक्रियता सामान्य से कम रही प्रदेश में एक दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई है। वहीं राजधानी रायपुर में दोपहर के समय गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस से राहत मिली है। रितेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस सुकमा में दर्ज किया गया है नहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड में दर्ज किया गया है आगामी दिनों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बढ़ने की संभावना है वहीं रायपुर, राजनांदगांव में 35, माना एयरपोर्ट, बिलासपुर में 34.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

# रविवि में आधी रात छात्रों का अर्धनग्न प्रदर्शन

## कुलसचिव और वार्डन पर जातिगत भेदभाव का लगाया आरोप

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पं. रविशंकर शुक्ल विवि के हॉस्टल के छात्र जातिगत भेदभाव करने पर कैंपस में आधीरात अर्धनग्न प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा कि उन्हें प्रताड़ित किया गया, निजी कार्य कराया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि कुलसचिव ने धमकाया है। वार्डन ने प्रताड़ित किया। मामला रविवि के शहीद चंद्रशेखर आजाद छात्रावास का है।



इस दौरान छात्रों ने हॉस्टल में रहने के बजाय पं. रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के नीचे ही पूरी रात बिताई। वार्डन कमलेश शुक्ला पर स्न्नद्धक्रऔर कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं।

आजाद छात्रावास के छात्रों ने रविवि की प्रिवेंस कमेटी के अध्यक्ष, सांसद और मंत्री सहित अन्य लोगों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि छात्रावास अधीक्षक और बायोटेक्निक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कमलेश शुक्ला छात्रों को प्रताड़ित किया है।

**कुलसचिव ने धमकाया**

छात्रों का आरोप है कि कुलसचिव शैलेंद्र पटेल और अधीक्षक कमलेश शुक्ला की दोस्ती है। इसी का हवाला देकर वार्डन धमकाता है। इसके अलावा पत्र में लिखा गया है कि छात्रावास में विराजित गणेश भगवान की संध्या आरती के बाद 9 सितंबर को कुलसचिव ने भी धमकाया। उनके जाने के बाद अधीक्षक ने पावर देखे जाने की बात कहकर ताना मारा गया।

**पद से हटाए गए अधीक्षक, छात्र फिर भी नाखुश**

प्रोफेसर कमलेश शुक्ला को पद से हटाए जाने की मांग विद्यार्थियों ने की थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक्शन लेते हुए जांच बैठाई है। प्रोफेसर शुक्ला को पद से भी हटा दिया गया है, लेकिन छात्र इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं।

छात्रों का कहना है कि बीते 3 माह तक उनका जिस तरह से शारीरिक और मानसिक शोषण हुआ है, उसके आधार पर छात्रावास अधीक्षक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के साथ ही स्न्नद्धक्र भी होनी चाहिए। छात्र अब पुलिस में शिकायत की मांग पर अड़े हैं।

**धमकाने के आरोप बेबुनियाद : कुलसचिव**

कुलसचिव शैलेंद्र पटेल ने का कहना है कि मैं यूनिवर्सिटी का कुलसचिव हूं। शुक्ला जी प्रोफ़ेसर हैं। इसमें दोस्ती या दुश्मनी वाली कोई बात नहीं है। मैंने किसी को नहीं धमकाया। ये सब बेबुनियाद बातें हैं।

# सिंथेटिक ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़

## सरगना दिल्ली से गिरफ्तार, कई राज्यों में फैला नेटवर्क ध्वस्त

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग्स के एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए कई तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में हिमाचल प्रदेश से लेकर दिल्ली तक छापेमारी की गई जिसमें नाइजीरिया के एक मुख्य तस्कर सहित 7 आरोपी गिरफ्तार किए गए। इस ड्रग्स रैकेट का सरगना नाइजीरियन नागरिक मिस्टर इनोसेंट ओलोचुकु था जिसे दिल्ली के उत्तम नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में कुल 124 ग्राम एम डी एम ए कोकीन 98 एम डी एम ए टैबलेट्स चरस हथियार मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई जिसकी कुल कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई है।

रायपुर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एसीसीयू और टिकरापारा पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की। इस ऑपरेशन के तहत सबसे पहले 23 सितंबर 2024 को टिकरापारा इलाके में शुभम सोनी उर्फ पैब्लो स्कोबार अभिषेक साहू और सोनू अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से 98 नग एम डी एम ए टैबलेट्स 65 ग्राम एम डी एम कोकीन चार पैकेट चरस और 16 लाख रुपए की नगदी बरामद की गई थी। इस कार्रवाई के बाद पुलिस



ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जिससे अन्य तस्करों की जानकारी सामने आई। 25 सितंबर 2024 को पुलिस ने रायपुर के मुख्य सप्लायर आर्यन ठाकरे को भी गिरफ्तार किया जिसके बाद हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में छिपे तस्करों तक पहुंचने का रास्ता साफ हुआ।

**नशे के खिलाफ रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

### अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का खुलासा

पूछताछ के दौरान आर्यन ठाकरे ने बताया कि वह एम डी.एम.ए और अन्य ड्रग्स हिमाचल प्रदेश के कसोल स्थित होटल एप्पल पाई के संचालक अमनदीप सिंह छाबड़ा से प्राप्त करता था। छाबड़ा ने यह भी खुलासा किया कि वह चरस की सप्लाई कसोल के अशोक यादव से करता था जबकि एम डी एम ए और कोकीन की सप्लाई दिल्ली के उत्तम नगर से नाइजीरियन मूल के तस्कर मिस्टर इनोसेंट ओलोचुकु द्वारा की जाती थी। इसके बाद रायपुर पुलिस की टीम ने हिमाचल प्रदेश के कसोल में छापेमारी की और 29 सितंबर 2024 को अमनदीप सिंह छाबड़ा और अशोक यादव को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को दिल्ली के उत्तम नगर में छापेमारी करते हुए नाइजीरियन तस्कर इनोसेंट ओलोचुकु को गिरफ्तार कर लिया। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों से भारी मात्रा में नशीली सामग्री जब्त की। जब्त की गई सामग्री में शामिल हैं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश में पुलिस की विशेष टीम अब इस सिंथेटिक ड्रग्स सप्लाई चैन के बैकवर्ड लिंकेजेस की गहन जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस नेटवर्क से और कौन.कौन लोग जुड़े हुए हैं और क्या इसमें अन्य राज्यों या अंतरराष्ट्रीय स्तर के तस्करों की भी संलिप्तता है।

### पूर्व की कार्रवाइयां और नशे के खिलाफ अभियान

निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस ने पिछले दो महीनों में 19 अलग.अलग मामलों में कार्रवाई की है जिसमें 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया और कुल 1.60 करोड़ रुपये की नशीली सामग्री बरामद की गई। पुलिस अब ड्रग्स के व्यापार से जुड़े आदतन अपराधियों पर भी निगरानी रख रही है। पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत 23 ऐसे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और लगभग 200 लोगों को चिन्हित कर उनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

रायपुर पुलिस की इस कार्रवाई ने न केवल राज्य में बल्कि हिमाचल प्रदेश और दिल्ली जैसे अन्य राज्यों में भी सिंथेटिक ड्रग्स तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस का यह अभियान नशे के खिलाफ एक बड़ी जीत मानी जा रही है और इस तरह की कार्रवाइयाँ भविष्य में भी जारी रहेंगी।

# 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि का आगाज



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्रि 2024 की शुरुआत 3 अक्टूबर से हो रही है, और 13 अक्टूबर को विजयादशमी यानी दशहरा मनाया जाएगा। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा श्रद्धा और भक्तिभाव से की जाती है। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्वलित करना विशेष महत्व रखता है। बिना अखंड ज्योति के नवरात्रि पूजा को अधूरा माना जाता है। आइए जानते हैं अखंड ज्योति जलाने के नियम, इसका महत्व, और इससे मिलने वाले लाभ।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, नवरात्रि में अखंड ज्योति जलाने से जीवन में व्याप्त अंधकार दूर होता है। इसे जीवन की कठिनाइयों को समाप्त करने का प्रतीक माना गया है। अगर आप इस नवरात्रि में घर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं, तो अखंड ज्योति अवश्य जलाएं। ध्यान रखें, यह दीपक पूरे नौ दिनों तक जलते रहना चाहिए। इसके बीच में बुझ जाने से अशुभ संकेत माना जाता है।

अखंडज्योति जलाने के खास नियमों के अनुसार, कलश स्थापना के बाद दीपक को घी, सरसों या तिल के तेल में जलाना चाहिए। घी का दीपक मां दुर्गा की प्रतिमा के दाहिनी ओर और तेल का दीपक बाईं ओर रखना चाहिए। दीपक की ज्योति पूर्व, उत्तर या पश्चिम दिशा में होनी चाहिए।

पूरे नौ दिनों तक इस दीपक में घी और तेल की पर्याप्त मात्रा डालते रहें। अगर दीपक बुझ जाए, तो मां से माफी मांगकर इसे पुन: प्रज्वलित करें। पूजा के अंत में भी दीपक को फूंक मारकर न बुझाएं, बल्कि उसे स्वाभाविक रूप से बुझने दें। अखंडज्योति जलाने से घर में सुख-समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा, और खुशहाली आती है।

### प्राचीन शनिदेव मंदिर गोल बाज़ार में नवरात्र पर नवग्रह मनोकामना ज्योत प्रज्वलित करने पंजीयन जारी



छत्तीसगढ़ के सबसे ऐतिहासिक प्राचीन शनिदेव मंदिर गोल बाज़ार चूड़ी लाईन के शनि पुजारी रोहित शर्मा जी ने जानकारी दी कि नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य पर भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने हेतु नवग्रह शांति मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित की जा रही है जिसका पंजीयन भक्तगण मंदिर परिसर पर करा सकते हैं इस वर्ष शारदीय नवरात्रि तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मनाई जाएगी प्रत्येक वर्ष 400-500 भक्तजनों की ज्योत कलश प्रज्वलित की जाती है इस वर्ष 500 से 700 ज्योत की व्यवस्था रखी गई है इस मंदिर में पूरे शहर से एवं दूर दूर से लोग ज्योति कलश प्रज्वलित कराने पहुँचते हैं अष्टमी के दिन हवन का आयोजन रखा गया है एवं भोग प्रसाद वितरण भी किया जाएगा

# नशे की दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर्स पर होगी कार्रवाई



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने स्वापक औषधि मनरू प्रभावी पदार्थों के अनाधिकृत व्यवसायियों पर व्यापक और प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय कमेटी की बैठक ली। कलेक्टर डॉ सिंह एवं एसएसपी सिंह ने कहा कि नशा का दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की जाए। मेडिकल स्टोर से किसी भी प्रकार के नशे का दवा न बिकेए इसके लिए जांच की जाए। कलेक्टर डा सिंह ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं को नशे से बचाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाएं। स्कूलों एवं कॉलेजों के करीब में नशे का दुकान लगाने वालों पर भी कार्रवाई की जाए और नशे से लोगों को बचाने के लिए प्रचार.प्रसार किया जाएं। साथ ही मितानिनों के माध्यम से भी जन जागरूकता अभियान चलाया जाएं। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ मिथिलेश चौधरी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे

# जल्द जारी होगा सूबेदार-एसआई भर्ती का रिजल्ट

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने राज्य पुलिस में सूबेदार और उप निरीक्षक एसआई कैडर के लिए 341 नए पदों को मंजूरी दे दी है। इन पदों के लिए विज्ञापन जारी करने की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और पुलिस मुख्यालय पीएचक्यू द्वारा विज्ञापन तैयार कर लिया गया है। यह विज्ञापन आज या कल में जारी होने की संभावना है। इसके साथ ही 2018 से अटकी पड़ी सूबेदार और एसआई कैडर की भर्ती का रिजल्ट भी जारी करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। नए विज्ञापन के जारी होने के अगले ही दिन 2018 की भर्ती का रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाएगा।




**2018 की भर्ती लंबा इंतजार खत्म होने के कगार पर :** 2018 में सूबेदार एसआई और प्लाटून कमांडर सहित 975 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस भर्ती की सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं यहां तक कि साक्षात्कार भी। भर्ती समिति ने रिजल्ट तैयार कर रखा है जिसे अब सरकार के निर्देश मिलते ही घोषित किया जाएगा। छह साल से अटकी इस भर्ती पर कानूनी विवादों और कोर्ट केसों के चलते रिजल्ट जारी नहीं हो पा रहा था।

**341 नए पदों को भी मंजूरी**

**अभ्यर्थियों का धैर्य टूटा अनशन और विरोध प्रदर्शन :** इस बीच भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों ने हाल ही में धैर्य खो दिया और आमरण अनशन किया। वे दो बार डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा से मिल चुके है जिन्होंने जल्द ही रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया है। उच्च न्यायालय ने भी सितंबर में एक याचिका को खारिज करते हुए 45 दिनों में रिजल्ट जारी करने और 90 दिनों के भीतर नियुक्ति पत्र देने के निर्देश दिए हैं।

**नवरात्र के दौरान रिजल्ट जारी होने की संभावना :** सरकारी सूत्रों के अनुसार पुलिस मुख्यालय को रिजल्ट जारी करने का निर्देश दे दिया गया ह और भर्ती समिति से लिफाफ बंद रिजल्ट मांग लिया गया है। उम्मीद है कि नवरात्र के दौरान ही यह रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा जिससे लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी।

**आगामी भर्तियों की तैयारी :** नए 341 पदों के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी होगा जिससे राज्य पुलिस में नई भर्तियों का रास्ता साफहोगा। छत्तीसगढ़ पुलिस में इस भर्ती से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा।

# करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने करोडों रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी दशरथ कुकरेजा ने थाना देवेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित गोपाला इंटरप्राईजेस जिसकी प्रोपराईटर उसकी पत्नी है तथा उसका संचालन उसकी पत्नी के द्वारा ही किया जाता है। प्रार्थी के फर्म का कार्य स्टील सामग्री के कच्चे माल के क्रय.विक्रय करना है। प्रार्थी के अन्य फर्म बालाजी इस्पात में भूपेन्द्र सिंह ठाकुर एकाउटेंट के पद पर कार्यरत् था। प्रार्थी की पत्नी की स्वास्थ्य में अनियमितता होने के कारण भूपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा प्रार्थी की पत्नी के व्यवसाय में सहयोग करने हेत फर्म का प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु प्रार्थी को प्रस्ताव दिया तथा अधिक मुनाफा दिलाने का आश्वासन भी दिया तथा इसके बदले वह लाभांश प्राप्त करेगा। इसके बाद भूपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा गोपाला इंटरप्राईजेस का प्रतिनिधि बनकर फर्म के व्यवसाय का संचालन किया जाने लगा एवं फर्म की ओर से खरीदी.बिक्री का निर्णय लिया जाने लगा। भूपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा प्रार्थी की पत्नी को भरोसे में लेकर फर्म के बैंक खाते का आई डी पासवर्ड ओटीपी प्राप्त कर खाते का संचालन किया जाता रहा। कुछ दिनों बाद प्रार्थी को ज्ञात हुआ कि भूपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा अपेन साथी फैज अहमद एवं अन्य के साथ मिलकर प्रार्थी की फर्म के नाम पर अलग.अलग फर्म को माल आपूर्ति का झांसा देकर उनसे एडवांस कुल रकम लगभग 3,54,28,636 रूपये लेकर फर्म में जमा न



कर अपने साथियों के बैंक खाताओं में कमीशन के नाम पर स्थानांतरण कर प्रार्थी के साथ ठगी की गई है। प्रार्थी द्वारा भूपेन्द्र सिंह ठाकुर को इस संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपनी गलती स्वीकारते हुए जल्द ही पैसे वापस करने का आश्वासन देकर फरार हो गया। इस प्रकार भूपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा अपने साथी फैज अहमद एवं अन्य के साथ मिलकर अपराधिक षडयंत्र कर उनके बैंक खाताओं में फर्म को माल आपूर्ति हेतु प्राप्त एडवांस की रकम लगभग 3,54,28,636 रूपये को फर्म में जमा न अपने साथियों के खाते में जमा कर अमानत में खयानत कर ठगी किया गया है। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी उसकी पत्नी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी एवं उसके साथियों के संबंध में की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी फैज अहमद की पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी फैज अहमद द्वारा अपने साथी भूपेन्द्र सिंह ठाकुर तथा अन्य के साथ मिलकर ठगी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर प्रकरण में आरोपी फैज अहमद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

# नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर किया अनाचार, आरोपी युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर बलात्कार के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लड़की उम्र 12 वर्ष 3 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट थाना कबीर नगर में कायम कर अपहृत बालिका एवं अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया गया। पता तलाश दौरान अपहृत बालिका का पता तेलंगाना में होना पता चलने से तेलंगाना टीम भेज कर अपहृत बालिका को आरोपी गोलू उर्फ विनय जांगड़े पिता मनोज जांगड़े उम्र 20 साल निवासी ग्राम भैसामुड़ा थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा के कब्जे से बरामद की गई। अपहृत बालिका से पूछताछ करने पर बताई कि आरोपी काम करने रायपुर आया था जो जान पहचान बढ़ाकर बहला फुसलाकर अपने साथ इंद्रेशम नव्या कॉलोनी तेलंगाना ले जाकर निर्माणाधीन मकान में रखकर लगातार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया कि आरोपी गोलू उर्फ विनय जांगड़े को प्रकरण में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। अपहृत बालिका को उसके माता.पिता को सुपुर्दनामा में दिया गया।



### नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाला युवक पकड़ाया



नाबालिक के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल प्रार्थीया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की उक्त आरोपी प्रार्थी के नाबालिक पुत्री को अपने घर में मेरी बेटी बुला रही है कहकर ले जाकर गलत नियत से छेड़छाड़ किया की लिखित रिपोर्ट पर धारा 74 एवं 8 पोक्सो एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# कार के चेंबर छिपाकर गांजा की तस्करी



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पुलिस ने नशीले मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करते हुए 4 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन तस्करों के तस्करी का स्टाइल देखकर पुलिस भी हैरान रह गई क्योंकी यह तस्कर साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की मशहूर फिल्म पुष्पा की तर्ज पर गांजा तस्करी को अंजाम दे रहे थे। दरअसल इन शातिर तस्करों ने मारुती सुजुकी इको वैन चारपहिया वाहन में सीट के नीचे लोहे के एक चेंबर में करीब 40 किलो गांजा छिपाकर रखा जिसकी कीमत लाखों में है। वैन के नीचे बनाए गए चेंबर का वीडियो भी सामने आया है। मामला थाना पुरानी बस्ती क्षेत्र का है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग राधास्वामी नगर के पास गांजा का सप्लाई करने आने वाले हैं। जिसके बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम तस्करों को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंची इस दौरान उन्होंने मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर मारुती सुजुकी इको वैन में बैठे 4 तस्करों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम संतोष साहू तुलेश्वर साहू इतवारी नागर्ची और नीरज ताम्रकार बताया। टीम के सदस्यों ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए क्योंकि गाड़ी की सीट के नीचे बने चेंबर में अलग.अलग पैकेटों में करीब 40 किलों गांजा रखा हुआ था। पुलिस ने जब तस्करों से गांजे के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की तो उनमे से एक संतोष साहू ने बताया कि वह अपने साथी तुलेश्वर साहू और इतवारी नागर्ची के साथ नीरज ताम्रकार द्वारा गांजा मंगवाने पर उड़ीसा के बलांगीर से गांजा लाकर यहां नीरज ताम्रकार को सप्लाई करता है। बता दें कि नीरज ताम्रकार मध्यप्रदेश का रहने वाला है और पूर्व में नारकोटिक एक्ट में जेल जा चुका है। पुलिस सभी आरपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**पुलिस ने 4 अंतरराज्यीय तस्करों को किया गिरफ्तार**

# अपराध रोकने के लिए तेलीबांधा थाने का शुद्धिकरण

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के तेलीबांधा थाने से एक अनोखा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक पुलिस सिपाही को थाने के गेट पर पूजा करते और नारियल फोड़ते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों ने इसे अपराध रोकने के प्रयास से जोड़कर कई तरह के कमेंट्स किए हैं।



**वीडियो वायरल**

**सिपाही की पूजा को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया :** वीडियो में दिखाया गया सिपाही थाने के गेट पर पूजा करने के बाद नारियल फोड़ते नजर आ रहा है जिसके बाद वह थाने के अंदर प्रवेश करता है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर कई उपयोगकर्ताओं ने टिप्पणी की है कि यह थाने का शुद्धिकरण है जो इलाके में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए किया गया है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि यह एक धार्मिक आस्था का प्रतीक हो सकता हैए जबकि कुछ ने इसे व्यंग्यपूर्ण तरीके से लिया।

**अधिकारियों की प्रतिक्रिया :** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई हत्या और अन्य आपराधिक घटनाओं के चलते यह वीडियो और अधिक ध्यान आकर्षित कर रहा है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह सिपाही पेट्रोलिंग टीम का हिस्सा है और वह अपनी नियमित दिनचर्या के तहत थाने आने से पहले गेट की पूजा करता है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि यह सिपाही की व्यक्तिगत धार्मिक आस्था हो सकती है न कि अपराध रोकने की कोई आधिकारिक पहल। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में हाल ही में लगातार दो हत्याएं और अन्य आपराधिक घटनाओं के कारण स्थानीय लोग इस पूजा को अपराध से जोड़कर देख रहे हैं।

# बिजनेसमैन के घर से ढाई लाख की चोरी

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर में एक बिजनेसमैन के घर से करीब ढाई लाख की चोरी हो गई। बिजनेसमैन शहर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने सुनसान घर को टारगेट बनाया। मेन गेट का ताला तोड़कर उन्होंने चोरी की वारदात की। हालांकि इस मामले में पुलिस ने दोनों चोरों को नकली गहनों के साथ गिरफ्तार किया है। प्रार्थी योगेश कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसका स्कूल यूनिफॉर्म बनाने का व्यापार है। वह अपने बिजनेस के लिए करीब 20 दिनों से बलौदाबाजार में रह रहा था। 25 सितंबर को उनकी पत्नी बबिता घर पर अकेली थी। उनकी पत्नी को घर पर अकेले डर लगा तो वह सोने के लिए अपने पड़ोसी महिला के घर पर चली गई तभी रात में चोरों ने उनके घर के मेन गेट का ताला तोड़कर कैश और गहने की चोरी कर ली। चोरों ने करीब ढाई लाख का माल चोरी किया था। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर चोरों की पहचान की। पुलिस ने टिकरापारा के रहने वाले पुरुषोत्तम और सोनू धनगर और शेख शहशाह को गिरफ्तार किया। हालांकि पुलिस को आरोपियों के पास से जो गहने मिले ह वह नकली हैं। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

**उल्टा पुल्टा**

पति- प्यास लगी है पानी लेके आओ..
पत्नी- क्यों ना आज तुम्हें मटर पनीर और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति- वाह वाह...! मुंह में पानी आ गया..
पत्नी- आ गया ना मुंह में पानी बस इसी से काम चला लो।

# नोडल अधिकारी दस दिन गांव-गांव घूमकर सरकारी योजनाओं की करेंगे मॉनिटरिंग : कलेक्टर

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में कहा कि ग्राम पंचायतों में संचालित शासकीय योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी आगामी दस दिवस में संबंधित पंचायत का भ्रमण कर जानकारी अपलोड करना सुनिश्चित करें। भ्रमण के दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, धान फसल की स्थिति, जल जीवन मिशन के कार्य और स्वच्छता ही सेवा अभियान की गतिविधियों पर विशेष फोकस करें। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने विभागवार समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी विभाग को प्राप्त आवेदन लंबित न रखें, निराकरण समय-सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने सेवा निवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों के विभागों में पेंशन



के प्रकरण लंबित होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कोषालय स्तर, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा स्तर के लंबित प्रकरणों पर प्राथमिकता से निराकरण करने कहा। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अशक्त हितग्राहियों को बैंक सखी के माध्यम से पेंशन राशि भुगतान कराने जनपद सीईओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि जरूरत मंद लोगों को नि:शुल्क कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शिविर आयोजित किया जाना है। सभी जनपद सीईओ विकासखण्डवार हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पंजीयन एवं पीवीसी कार्ड वितरण की जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की अद्यतन स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए नगरीय निकायों एवं जनपद क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने अभियान चलाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि परिवार के प्रत्येक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनायी जाए। कलेक्टर ने अवगत कराया कि जनसुविधाओं में विस्तार के लिए दुर्ग से रसमड़ा तथा दुर्ग से बेमेतरा सिटी बस सेवा प्रारंभ किया जाना है। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को उक्त बस सेवा शीघ्र प्रारंभ करने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरौदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर विजेन्द्र सिंह एवं एच.एस. मिरी, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ एवं समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# सर्वाधिक ए ग्रेड प्राप्त सम्बद्ध महाविद्यालय वाला विवि बना हेमचंद यादव विश्वविद्यालय

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग छत्तीसगढ़ में नैक द्वारा मूल्यांकित सर्वाधिक 06 'ए' ग्रेड प्राप्त सम्बद्ध महाविद्यालय वाला एकमात्र वि.वि. बन गया है। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग से सम्बद्ध निजी महाविद्यालय मनसा शिक्षा महाविद्यालय, कोहका भिलाई को 3.13 सीजी पीए अंकों के साथ नैक बंगलुरू द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया है। वि.वि. में वर्तमान तक शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग को नैक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। जबकि अन्य 05 महाविद्यालयों



श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई, सेंट थॉमस कॉलेज, रूआबांधा कॉलेज, भिलाई, शैल देवी महाविद्यालय, अण्डा, दुर्ग, समाधान कॉलेज, बेमेतरा, मनसा कॉलेज कोहका भिलाई को नैक द्वारा ए ग्रेड प्रदान किया गया है।

कुलसचिव के अनुसार वि.वि. से सम्बद्ध 10 अन्य महाविद्यालय को बी डबल प्लस ग्रेड प्राप्त है। उन्होंने बताया कि वि.वि. प्रशासन एवं उच्च शिक्षा विभाग लगातार इस बात के लिए प्रयासरत है कि वि.वि. से सम्बद्ध ज्यादा से ज्यादा महाविद्यालयों को नैक द्वारा अच्छा ग्रेड प्राप्त हो। इसके लिए वि.वि. के पूर्व अधिकारी डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव, डॉ. प्रीता लाल, डॉ. विकास पंचाक्षरी आदि समय-समय पर विभिन्न महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन संबंधी परामर्ष देते है तथा वि.वि. द्वारा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# स्कूली बच्चों ने अपने पालकों के साथ ग्रहण की स्वच्छता की शपथ




**विधायक एवं महापौर ने दिलाई स्वच्छता शपथ**

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज सुराना महाविद्यालय के परिसर में शहर के विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता संबंधी शपथ विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल ने दिलाई। इन दोनों जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने उद्बोधन में बच्चों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ ही उनके अभिभावकों ने भी स्वच्छता संबंधी शपथ ली। इस कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा, एवं प्रधानपाठक, प्राचार्य एवं स्टाफ के लोग भी उपस्थित थे। नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# स्वच्छता हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य : शिवेन्द्र परिहार




**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवेंद्र परिहार, पार्षद दुर्ग नगर निगम आमंत्रित थे। उनके साथ नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी धर्मेन्द्र यादव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. ए. सिद्दकी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्री परिहार ने अपने उद्बोधन के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना का इतिहास, एनएसएस के उद्देश्य और प्रतीक चिन्ह के बारे में स्वयंसेवकों को सारगर्भित जानकारी दी। आगे उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता की पहली सीढ़ी परिवार से शुरू होती है और धीरे- धीरे परिवार से समाज, समाज से राज्य और राज्य से राष्ट्र तक का सफर तय होता है, अत: स्वच्छता का कर्तव्य हमारा नैतिक कर्तव्य है। अपने उद्बोधन के अंत में उन्होंने उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाया। तत्पश्चात ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दुर्ग बायपास में धमधा पुल से गिरी ट्रक, ड्रायवर की मौत

**ट्रक में स्टील की प्लेट भरी थी**

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग बाईपास रोड़ पर धमधा पुल से लोहे की प्लेट से लदी 16 चक्का ट्रक पलट गई। हादसे में ट्रक ड्राइवर कर्नल (40) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा आज दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत यह रही कि पुल से गिरी ट्रक सड़क पर किसी के ऊपर नहीं गिरी। वहीं हादसे के बाद ट्रक को निकालने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसानु 16 चक्का ट्रक के.ए.16 डी 4739 रायपुर से तमिलनाडू की ओर जा रही थी। ट्रक में चालक कर्नन अकेला था और वह रायपुर से लोहे की प्लेट लोडकर तमिलनाडू की ओर जा रहा था। इस बीच दोपहर बाद ट्रक दुर्ग बाई पास से गुजर रही थी। डीमार्ट के आगे धमधा रोड़ के ऊपर बने पुल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# जीत यादव सहित शासन की विभिन्न समितियों में यादवों को मिले पद

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा विभिन्न संस्था समितियों में दिवंगत पूर्व मंत्री हेमचंद यादव के पुत्र जीत यादव को माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। पचरीपारा निवासी ऋषि यादव को जिला अस्पताल की जीवन दीप समिति का सदस्य बनाया गया है। इसी तरह कसारीडीह निवासी अहिल्या यादव को आंतरिक शिकायत समिति व स्थानीय शिकायत समिति का सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा शासन ने यादव समाज के अनेक लोगों की नियुक्ति की है। दुर्ग जिला यादव ठेठवार महासभा ने इन नियुक्तियों के लिये उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं स्थानीय विधायक गजेन्द्र यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।



इसके अलावा जेल विभाग के तहत जेल संदर्शक पद पर अनूप यादव को जेल संदर्शक, जितेन्द्र यादव को ब्लाक स्तरीय बाल संरक्षक समिति का सदस्य बनाया गया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## विकास साहू बनाये गये भगवा हिन्द फौज के प्रदेशाध्यक्ष

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भगवा हिन्द फौज भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने जवाहर नगर दुर्ग निवासी विकास साहू सुपुत्र माखन लाल पुरविया को संगठन का छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष मनोनित किया है। उन्हें सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा का दायित्व सौंपते हुए

# शीतला मंदिर में अमेरिका, इटली के श्रद्धालुओं के भी जलेंगे ज्योति कलश

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह में नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना के लिये लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष अमेरिका व इटली से भी श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश स्थापित कराने मंदिर समिति को दानराशि प्रेषित की है। मनोकामना ज्योतिकलश नवरात्रि की सुबह 3 अक्टूबर को प्रज्जवलित किये जायेगें। इस वर्ष 15 सौ 51 ज्योतिकलश का लक्ष्य है।



मंदिर समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि नवरात्रि 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलेगी। इन पूरे दिनों में विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेगें। उन्होंने बताया कि यह प्रदेश का ऐसा मंदिर है जहां माता अपने सात रूपों में विराजमान है। श्री साहू ने बताया कि 5 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे प्रसिद्ध लोकगायक युगल किशोर साहू ग्राम मोखा बालोद की पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया की प्रस्तुतियां दी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

**पुण्यतिथि पर आज सादर नमन**



**पूज्य पिताजी स्व. दाऊ कन्हैयालाल जी हरमुख**

*जन्म तिथि* 15 अगस्त 1911 — *पुण्यतिथि* 2 अक्टूबर1993

आपका श्रम, सद्भाव और सभी को साथ लेकर चलने की अद्भूत कला और परमार्थ से भरा व्यक्तित्व हम सभी को सदैव प्रेरणा देता रहे, आज आपकी पुण्यतिथि पर आपके आदर्शो को आत्मसात का दृढ़ संकल्प लेते हुए आपके आर्शीवाद के आकांक्षी

*:: श्रद्धावनत ::*

मोहनलाल हरमुख, चंद्रशेखर हरमुख, केशव बंटी हरमुख, शैलेष हरमुख, एवं समस्त परिवार, थनौद, कोलिहापुरी जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)



# प्रतिवर्ष 100 घंटे सफाई करने की ली शपथ



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आज शासकीय शकुन्तला विद्यालय, शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शकुन्तला विद्यालय, शासकीय स्कूल, शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज, डीपीएस स्कूल दुर्ग के छात्र-छात्रा एवं उनके शिक्षक, प्राचार्य, प्रोफेसर आदि की उपस्थिति में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। सभी ने अपने घर, परिवार, कार्य स्थल से सफाई की शुरूवात करने का संकल्प लिये। विधायक रिकेश सेन ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि लोग पहले कुछ भी खाकर प्लास्टिक, रेपर इधर-उधर सड़को में फेंक देते थे। अब वही बच्चे स्वयं अपने माता-पिता को सचेत करते है। कुड़े, कचरे को डस्टबीन में ही डालने के लिए प्रेरित करते है। स्वच्छता से जुड़कर बच्चे स्वयं जागरूक हुए अपने परिवारो एवं दुसरे लोगो को भी जागरूक कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान गुब्बारा उड़ाकर स्वच्छता का संदेश दिये गये। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता स्लोगन लिखकर सभी ने हस्ताक्षर किये एवं हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम संचालित हुआ। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चैहान, स्वास्थ्य अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, आयुक्त बजरंग दुबे, शकुंतला विद्यालय के डायरेक्टर संजय ओझा, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त सतीश यादव, येशा लहरे, अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, अभियंता अरविंद शर्मा, स्वेता महेश्वर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना इत्यादि उपस्थित रहे। विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं स्पोर्ट्स ऑफिसर इत्यादि उपस्थित रहे। अंत में विधायक रिकेश सेन ने स्वच्छता जागरूकता के लिए कन्या शाला वैशाली नगर में जाकर बच्चो के साथ मिलकर सफाई भी किये।

# तलवार बाजी में चार युवक घायल एक गंभीर

**भिलाईनगर** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पारिवारिक विवाद के चलते खुर्सीपार में बीती देर रात्रि युवको के मध्य तलवारबाजी की घटना में चार लोग घायल हुए हैं। जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई गई है। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रायपुर रेफर किया गया है। खुर्सीपार पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कल रात लगभग1 बजे के करीब शहीद वीर नारायण चौक के पास पारिवारिक विवाद के चलते कुछ युवक आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ही पक्षों के मध्य जमकर तलवारबाजी हुई है । इस वारदात में 4 लोग घायल हुए हैं। इसमें एक की हालत गंभीर होने के कारण शासकीय लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल में इलाज के बाद घायल सतीश सेन को मेडिकल कॉलेज रफर किया गया है। खुर्सीपार पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर देर रात्रि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक दिन पूर्व ही छावनी पुलिस के द्वारा कटरबाजी के गिरफ्तार चार आरोपियों का जुलूस भी निकल गया था। उसके बावजूद अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह लगातार कानून व्यवस्था तोड़कर अपराध कर रहे हैं।



## मुस्कान अभियान के दौरान 65 लापता बच्चों को किया गया बरामद

भिलाईनगर। शासन की मंशा अनुरूप पुलिस महानिदेषक छत्तीसगढ़ द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में जिले में गुमशुदा बच्चों के पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशानुसार संजय पुंढीर उप पुलिस अधीक्षक विशेष किशोर पुलिस इकाई रेज स्तरीय नोडल अधिकारी जिला दुर्ग के पर्यवेक्षण में जिले में विशेष अभियान आपरेषन मुस्कान चलाकर बदामद किया गया। जिले में गुमशुदा बच्चों के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये अभियान के दौरान पूर्व वर्षो के लंबित गुमशुदा बालक, बालिका के पतासाजी हेतु पृथक से मानव तस्करी सेल गठित की जाकर प्रत्येक लंबित प्रकरणो की पुन: समीक्षा की गयी। गठित टीम एवं संबंधित थाना प्रभारियों द्वारा गुमशुदा के परिजनों एवं ग्रामीणों से सम्पर्क कर पुछताछ किया गया। गुमशुदा तथा संबंधितों के मोबाइल डाटा एवं लोकेशन एवं सोशल मिडिया का भी सहारा लेकर प्राप्त सूचना अनुसार अलग.अलग राज्यों को भी पुलिस टीम भेजी गयी। इस प्रकार 1 से 30 सितम्बर 2024 तक व्यापक स्तर पर चलाये गये अभियान के परिणाम स्वरूप 16 बालक, 49 बालिका सहित कुल 65 बालक-बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। जिसमें से राज्य स्तर पर 53 बालक-बालिका को एवं राज्य के बाहर से 12 बालक-बालिका को ढुंढने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुयी है। जिन्हे उनके परिजनों को सकशल सौपा गया। आपरेशन मुस्कानष् में कई परिवारों के चेहरे में मुस्कान ला दी है।

## छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भिलाईनगर। सुपेला क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 21 सितम्बर को पीड़िता अपने मौसी के बेटी के साथ रात्रि करीबन 9.30 बजे दवाई लेने मेडिकल गई थी। दवाई लेकर वापस आ रही थी उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति पीछे से आकर बेईज्जती करने के नियत से छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 78 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वालो के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही के निर्देश का परिपालन करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर भिलाई सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस द्वारा संदेही के पता तलाश में लग गई। मुखबीर सूचना व हुलिया के आधार पर संदेही शेख से बारिकी से पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म स्वीकारते हुए पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक संतोष राज, आरक्षक रवि कुमार एवं सूर्य प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा। सुपेला पुलिस ने धारा 78 बीएनएसए का अपराध दर्ज किया है।

# सांसद बने छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के निर्विरोध उपाध्यक्ष



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद विजय बघेल के छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के निर्विरोध उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाइयां। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक में अपना बेहतर प्रदर्शन करे इस दिशा में पहल की जाएगी और मेडल जीत कर लाएं देश और राज्य का नाम रोशन करें यह हमारी अपेक्षा है। खेल को आगे ले जाने के लिए हम पूरी टीम भावना के साथ काम करेंगे। छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। ज्ञात हो कि सांसद विजय बघेल स्वयं कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं और खेल के प्रति उनकी गहरी रुचि रहती है। समय समय पर विभिन्न खेल के राष्ट्रीय आयोजन करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांसद विजय बघेल के ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेश को लाभ होगा। बधाई देने वाली में प्रमुख रूप से शारदा गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, निशु पांडे, विनोद उपाध्याय, योगेश गुप्ता, अंजय दुबे, नंदकिशोर गुप्ता, बंटी नाहर, रामा, राव नायडू, सुधीर बंसल, राजेश सिंह, शैलेंद्र गुप्ता, नेहरु साहू, सुनील गुप्ता, प्रकाश सावंत, कृष्णा गुप्ता, आर डी गुप्ता, प्रकाश सावंत, सुधीर बंसल, भानु प्रताप, श्रीनिवास मिश्रा सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे ईश्वर ठाकुर

**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा 2 अक्टूबर को आयोजित स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान भवन नई दिल्ली में किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। जिसमें देश के चूनिंदा नगर पालिका अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर को सम्मेलन में भाग लेने आमंत्रित किया गया है। 01 अक्टूबर को नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर दिल्ली के लिये रवाना हुए। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में व्याख्याान होंगे। जिसमें जामुल के प्रतिनिधि के रूप में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर को आमंत्रित किया गया है। जो नगर पालिका जामुल के लिए गौरव एवं सम्मान का विषय है। ईश्वर ने बताया कि यह पल मेरे लिये सम्मान की बात है।

# वाहनों की पार्किंग को लेकर बैठक



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, सुश्री ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 मे बोरिया गेट, रोलिंग मिल गेट एवं मरोदा गेट, की यातायात व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग, बीएसपी प्रबंधन विभाग, सीआईएसएफ एवं ट्रांसपोर्टर की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बोरिया गेट की पार्किंग व्यवस्था को और व्यवस्थित करने एवं रोलिंग मिल, तथा मुर्गा चौक में अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। वाहनों के आसानी से आवागमन के लिए सीआईएसएफ के द्वारा वाहनों का नई तकनीकी सिस्टम से जांच कर प्रवेश दिया जाएगा ताकि जाम की स्थिति निर्मित ना हो, बोरिया गेट में टोकन सिस्टम, स्क्रीन डिस्प्ले एवं पीएम सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा ताकि वाहन अपनी अपनी बारी से प्रवेश करें। इस सिस्टम से अनावश्यक वाहन गेट पर लाकर वाहन खड़ा ना करेंगे, सर्विस व्हीकल वाहन जो प्लांट में प्रवेश करेंगे वे सभी वाहन मरोदा गेट से प्रवेश कराया जाएगा, भविष्य में भारी वाहनों के लिए एवं कर्मचारी वाहनों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। आज के इस बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, सत्य प्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, प्रिंस कुमार एसी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल निरीक्षक के.बी.नागे, निरीक्षक राजेश कुमार साहू, जे.एन.ठाकुर महाप्रबंधक एचआर, इंद्रजीत सिंह ट्रांसपोर्टर अध्यक्ष, विकास चंद्र महाप्रबंधक एचआर एवं बीएसपी प्रबंधन के अन्य अधिकारी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी, ट्रांसपोर्ट यूनियन के सदस्य सम्मिलित हुए।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र की सेवा से सितम्बर माह में कुल 70 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 9 कार्यपालक व 61 गैर कार्यपालक शामिल हैं। सितम्बर में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं आर के श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विजय शर्मा ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

# महाराष्ट्रीयन तेली समाज का चुनाव संपन्न



**भिलाईनगर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। महाराष्ट्रीयन तेली समाज का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संताजी जगनाडे जी महाराज की प्रतिमा में पुष्प अर्पित करके आरंभ किया गया। वर्तमान अध्यक्ष एवं महासचिव ने समाज की प्रगति रिपोर्ट और आगे की योजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय आर्य मलेवार ने किया। उन्होंने कहा समाज के लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही आगे बढ़ता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए कि मैं अपना समय अपना धन समाज के लिए भी खर्च करूंगा। बच्चों को समाज से जोड़ने की जिम्मेदारी बड़ों की है। बच्चों और महिलाओं को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जानी चाहिए। चुनाव अधिकारी सुनील कामडे अपने चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई। समाज के वर्तमान अध्यक्ष एवं महासचिव पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने फिर से अपना विश्वास व्यक्त किया। देवेंद्र पोहाने ने उनका नाम प्रस्तावित किया। कोषाध्यक्ष के रूप में संजय मरगड़े को चुना गया। अध्यक्ष राजेंद्र डोरले, महासचिव आशीष चिन्धालोरे, उपाध्यक्ष जितेंद्र भोंगाडे, उदय कुंभलकर, राजेंद्र भांग, मोहित साखरकर को चुना गया। अध्यक्ष महिला मंडल के रूप में निशा मलेवार को सर्वसम्मति से चुना गया। सचिव के रूप में रश्मि बागडकर, हेमा पोहाने, को चुना गया। युवा मंडल का अध्यक्ष देवेंद्र बरई तथा सचिन मोहित निखाडे को चुना गया। राजेन्द्र कुमार डोरले, आशीष चिंधालोरे, संजय मरघडे, सुनील कामडे, पन्नालाल अगासे, धीरेन्द्र पाटील, स्वाती निखाड़े, भुनेश्वरी निखाड़े, मनीषा तडस, रश्मि बागड़कर, हेमा पोहाने, निशा मलेवार, भारती साकोरे, चतुर्भुजे साकारे, जितेश भोगाई, भास्कार राव डोरल, भास्कर धुर्वे, राजेंद्र कुमार भागे, गोपालराव तहस, बी.आर. समरीत, जगेंद्र विसन, देवेन्द्र कुमार पोहान, मोहित साकरकर उपस्थित थे। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि शरद पूर्णिमा पर करेंगे पदभार ग्रहण। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी शरद पूर्णिमा के अवसर पर किया जाएगा।

# पीएम आवास से निर्मित मकानों का आबंटन कल

**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नागरिको को आवास का आबंटन निरंतर किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अलग-अलग जगहो पर पीएम आवास का निर्माण किया गया है एवं कुछ जगहो पर निर्माण कार्य जारी है। जिन मकानो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन मकानों को हितग्राहियो को आबंटन किया जा चुका है। इसी प्रकार जिन मकानो का निर्माण कार्य जारी है उन मकानो का आबंटन किया जाना है। निगम भिलाई क्षेत्र में अब तक 15 स्थानों पर कुल 3709 आवासों का स्वीकृति प्राप्त हुआ है। जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। कुल मकानो में से 1083 मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 1912 मकान पूर्णता पर है। जिसको दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। निर्माण किये गये मकानो मे से 1083 मकानो का आबंटन हितग्राहियो का किया जा चुका है। जिनमें से 1906 आवास आबंटन हेतु शेष है। जिसके लिए 2058 हितग्राहियो का चयन जिला चयन समिति के द्वारा किया जा चुका है। जैसे ही हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया जाएगा। उन्हे नियमानुसार लाटरी पद्धति से आवास आबंटन कर दिया जाएगा। निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में 3 अक्टूबर को समय प्रात: 11:00 बजे मकान आबंटन हेतु लाटरी रखा गया है। जिन हितग्राहियो द्वारा पहले से आवेदन जमा किये है और प्रथम किश्त की राशि जमा कर चुके है। उन्हे आगामी लाटरी पद्धति में शामिल हो सकते है। जिसकी सूचना हितग्राहियो को समाचार पत्रों, दुरभाष एवं सूचना पत्र के माध्यम से पृथक से दिया जाएगा। मकान आबंटन होने के पश्चात शेष बकाया राशि 9 समान किस्तों में जमा कर मकान की चाबी प्राप्त कर सकते है।

# दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में बैठक आयोजित



**भिलाई नगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनजीसी कोर ग्रुप एवं प्रबंधन के साथ दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में आयोजित बैठक का दृश्य।

बैठक में आई एन टी यू सी की ओर से जी डॉक्टर जी संजीव रेड्डी एवं वीरेंद्र चौबे, एआईटीयूसी के ओर से विद्यासागर गिरि एवं रामाश्रय प्रसाद सिंह सीटू के ललित मोहन मिश्रा, भारतीय मजदूर संघ की ओर से डीके पांडे एचएमएस की ओर से राजेंद्र सिंह सहित प्रबंधन की ओर से निर्देशक कार्मिक के के सिंह निदेशक वित्त तुलसियान अधिशासी निदेशक पोपली मुख्य महाप्रबंधक मानस रथ मुख्य रूप से उपस्थित थे। बोनस मुद्दे पर आयोजित इस बैठक में एरियर सहित अन्य मुद्दे भी श्रम पक्ष ने जोरदार ढंग से उठाया । विगत दिनों प्रबंधन की एकतरफा एवं मनमानी पूर्ण कार्रवाई एवं मनमाने ढंग से फैसला और एमओयू में सहमति के बाद भी 1 जनवरी 17 से वेतन बकाया भुगतान के मुद्दे को टालने एवं विगत साल एक तरफा ढंग से बोनस भुगतान पर मुख्य श्रम आयुक्त कार्यालय के साथ हुए समझौते, जिसमें 75 दिन के अंतर्गत सारे समस्याओं का समाधान किया जाना था के प्रति प्रबंधन के नकरात्मक रुख पर जोरदार आपत्ति जताई गई। प्रबंधन के 26500 बोनस के प्रस्ताव को ठुकरा दिया गया। कल संयुक्त बैठक होगी।

# पितृपक्ष में पिता की प्रतिमा नई परंपरा निभाई



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पितृ पक्ष में अपने माता-पिता की प्रतिमाएं बनवाने की नई परम्परा का आगाज प्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने ग्राम फुंडा में किया है। अंकुश ने रूमलाल साहू के हूबहू प्रतिमा बनाए जाने पर वेदांत साहू, परिवार तथा रुक्मणी फार्म हाउस फुंडा के समस्त सदस्यों ने मूर्तिकार अंकुश देवांगन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक महापुरुषों की प्रतिमाएं ही बनाया जाना प्रचलन में रहा है लेकिन शिक्षा और संस्कार की नई परिपाटी ने माता.पिता के प्रति एक नये नजरिये का सूत्रपात किया है। और समाज में अब तेजी से अपने माता.पिता को सम्मान देने का एक नया दौर शुरू हुआ है जो कि सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने कहा है कि इससे और लोग भी प्रेरित होंगे। उन्होंने बताया कि बस्तर के आदिवासी समाज में यह परम्परा प्राचीन काल से रही है। लेकिन वहां की मूर्तियां हूबहू न होकर प्रतीकात्मक बनाई जाती है। बहरहाल विद्यार्थी ने अंकुश द्वारा साहू की प्रतिमा बनाने पर उन्हें बधाई दी है।

# आईजी ने लिया दो दिव्यांग बच्चों की सिविल सेवा पढ़ाई का जिम्मा

**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सामाजिक संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से अंचल के दिव्यांग बच्चों को सांस्कृतिक मंच प्रदान करने अभिव्यक्ति की उड़ान का वार्षिक आयोजन में दिव्यांग बच्चों ने लोक नृत्य, फिल्मी डांस और देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। एकल प्रस्तुतियों में भी नृत्य गायन वादन से बच्चों ने समां बांध दिया। अपनी प्रस्तुतियों से इन बच्चों ने सामान्य बच्चों से कहीं अधिक कुशलता से प्रस्तुति देकर अतिथियों व दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। नाचते-गाते और झूमते इन बच्चों की प्रस्तुतियों को अतिथियों ने खूब सराहा। आयोजन में दुर्ग, भिलाई व धमतरी सहित अंचल की 12 विशेष स्कूलों के छात्र छात्राओं, शिक्षक एंव अभिभावकों ने अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रसनजीत दास, सीजीएम मैकेनिकल बी के बेहरा, सीजीएम इलेक्ट्रिकल टी के कृष्ण कुमार, सीजीएम स्टील मेल्टिंग शॉप प्रमोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक कार्मिक एंव प्रशासन विभाग एच शेखर, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह ग्रेवाल, हितवाद के ई वी मुरली और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान ने इन विशेष बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किए। जीई फाउंडेशन की ओर से स्वागत भाषण मृदुला शुक्ला ने दिया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्ले, मनीष टावरी, जावेद खान, प्रकाश देशमुख, रावेश गुप्ता, संजय मिश्रा, के विनोद, उमेश पटेल, मृदुल शुक्ला, डा हेमा कुलकर्णी, अनुपमा मेश्राम, स्वाति बारीक, स्वाति पंडवार, विशाखा, प्रतिभा पटेल, योगिता सहित सैंट थॉमस कॉलेज, बीआईटी और आत्मानंद साइंस कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला ओझा ने, आभार प्रदर्शन ज्योति पिल्लै ने किया। अभिव्यक्ति की उड़ान में सार्थक स्कूल धमतरी, आकांक्षा स्कूल रायपुर, अभिलाषा स्कूल राजनांदगांव, मुस्कान स्कूल, प्रगति स्कूल, स्नेह संपदा स्कूल, ब्राइट स्कूल, गुरुकुल स्कूल, नयनदीप और मानवता स्कूल के 300 से ज्यादा बच्चों ने दी भागीदारी। बच्चो की हौसला अफ्जाई के लिए अतिथियों में दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, राजनांदगांव रेंज के आईजी दीपक झा, दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, एफ एसएनएल के महाप्रबंधक पंकज त्यागी, पूर्व ईडी एम एल गदरे ने अपने विचार रखे आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि इन बच्चों को समुचित अवसर मिले तो ये किसी सामान्य बच्चे से भी आगे निकल सकते हैं। उन्होंने मंच से घोषणा की कि इनमें से अगर कोई सिविल सेवा में जाने का इच्छुक है तो ऐसे दो दिव्यांग बच्चों की पूरी जिम्मेदारी वह उठाएंगे।



# पुलिया के पास सड़क धसकने से हो सकती है दुर्घटना



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के राजू गुप्ता ने लिखित जारी बयान में कहां की करोड़ो रूपए खर्च करने के बाद भी भिलाई शंकर नगर छावनी वार्ड 40 इंडस्ट्रीज एरिया से राजीव नगर वार्ड नंबर 43 मोची मोहल्ला खुर्सीपार तीन तालाब जाने वाली सड़क पूरी तरह से धंस गई है तथा इसी के समीप बनी पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई। राजू गुप्ता ने बताया कि 1वर्ष पूर्व ही सीमेंट्रीकरण सड़क का निर्माण कार्य हुआ था। इंडस्ट्रीज एरिया की सड़क भारी वाहन के चलने से राजीव नगर वार्ड 43 के पास की पुलिया टूट गई वहीं सड़क भी भसक गई है। राजीव नगर से बापू नगर को जाने वाली सड़क के किनारे बने नाले की दीवाल टूटने से दुर्घटना की आशंका है सैकड़ों लोगों का इसी मार्ग से आना जाना होता है। कारखानों में काम करने वाले मजदूरों आमजनों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है शीघ्र ही क्षतिग्रस्त नाला की दिवाल व सड़क बनाई नहीं गई तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

## सीएसी द्वारा बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**गुरुर,** 1 अक्टूबर। शासकीय प्राथमिक शाला भानपुरी में संकुल समन्वयक आसाराम कोरटिया द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। यह  न्योता भोज अपनी स्व. माता की पुण्य स्मृति के उपलक्ष में कराया गया, जहां बच्चों को खीर, पूड़ी, चावल, दाल, सब्जी, पापड़ का वितरण किया गया।

# अपने मन रूपी कल्पतरु का सही इस्तेमाल करना सीखे : ऋषभ सागर

**बालोद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सहजानंद चातुर्मास में प्रवचन श्रृंखला के चौथे दिन महावीर भवन में विराजित परम पूज्य ऋषभ सागर जी ने कहा कि एकमात्र मनुष्य को ही मन रूपी ऐसी चीज मिली है जो देवताओं के पास भी नहीं है। हालांकि हम सभी चाहते हैं कि हमें कल्प तरु मिल जाए चिंतामणि कल्पवृक्ष उसे कहते हैं जिससे जो मांगो,जो चाहो  वह इच्छा पूरी हो जाती है।  लेकिन वास्तव में हमें मन के रूप में अद्भुत कल्पवृक्ष मिल चुका है। क्योंकि यह मन ही है जो हमें जो मांगेंगे उसे देने की ताकत रखता है। कई बार हमने देखा कि हमारे भीतर अच्छे भाव आते हैं तो सामने वाले के भीतर अच्छे भाव नहीं आते।  थोड़ी देर बाद भी हम कितना अच्छा बार करें तो आगे वाले सुधरने वाले नहीं होते हैं।

नकारात्मक सोच  वैसे ही स्थिति वापस ला देती है। इसलिए हमें मन रूपी कल्प वृक्ष  तो मिल गया है लेकिन हमें उसके नीचे क्या बैठकर सोचना चाहिए क्या नहीं सोचना है यह हम पर निर्भर है।दिनभर शुभ अच्छा सोच सकते हैं उससे धीरे-धीरे परिस्थितियां बदल जाएगी। हमें बेहतर संकल्प लेना होगा कि मुझे जो भी दिखे उसके बारे में मुझे अच्छा ही सोचना है। गलत भी होता है तो भी फायदेमंद होता है ।बचपन से यह सब सुनते रहे फिर भी क्यों नहीं कर पा रहे ।आज हमें निर्णय करना है। हम क्या चाहते हैं परिवार के सदस्यों से क्या चाहते हैं यही हमें पता नहीं  ।एक बार सब लिख ले। जिन्होंने भी बदलाव किया वही वातावरण को ही बदलने में कामयाब हुए। इसलिए कहते हैं कि महापुरुष जिन्हें परिस्थितियां नहीं बल्कि  वे खुद परिस्थितियो  को बनाते हैं। जो परिस्थितियों का निर्माण करने की ताकत रखते हैं जो चाहते हैं वह मांगे। हम सम्मान चाहते हैं तो हम सम्मान करना सीखें तो हमें मिलना महसूस होगा। हमारे भारत में एक ऐसी विशेष परंपरा है  एक दूसरे को राम-राम बोलते हैं जय जिनेंद्र बोलते हैं। यह विश्व में अलग ही विशेषता है। विश्व में कहीं भी कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है। हम ऐसा बोलकर एक दूसरे के जरिए भगवान को याद कर लेते हैं। और जब हम एक दूसरे में भगवान को देखने लगे तो उसके लिये ग़लत विचार कैसे ला सकते है ?अगर हम किसी के ज्यादा तारीफ कर दे तो वह हमारे साथ चाह कर भी गलत करना चाहे तो कर नहीं पाता।  एक गलत मान्यता  हमारी हो चुकी है कि वक्त पर कोई काम नहीं आता। तो वैसे ही होने लगता है। अगर हम सोचेंगे कि वक्त पर सभी मेरे काम आते हैं तो वक्त पर सब खड़े हो जाएंगे  ।यही नियम है।

आज पूरा जगत इस बात को स्वीकार कर रहा। सिर्फ हमें विचारों को थोड़ा सा बदलना है। सकारात्मक रहना है। मुझे जो भी दिखे अब अच्छा सोच अच्छा दिखे जो भी दिमाग में कचरा डालने के लिए कोशिश करें उनसे थोड़ी समय के लिए दूर हो जाए। जब हम मन की शक्ति को समझ पाएंगे और सही उपयोग करने की ललक आएगी तो हमारे आसपास की परिस्थितियों का सदुपयोग करेगी। और हमें समझा देगी इसलिए हमें जो भी मिले इसकी एक तारीफ करने का प्रयास करना है। क्योंकि वह तारीफ हमें उसके निकट ले आती है। गलत बातों को  अच्छे विचारों से तुरंत हटाए। धीरे-धीरे गलत आना बंद हो जाएगा। ना हमें गलत सुनना है, ना बोलना है, ना देखना है। किसी चीज को कठिन भी नहीं मानना है। कठिन कहने का मतलब है हम उसे करना नहीं चाहते। जो हम पढ़ना नहीं चाहते थे उसे हम कठिन मान लेते हैं। जो करना नहीं चाहते उसे कठिन मान लेते हैं। कौन सी चीज हमें कठिन लगती है। परिवार को संभालना बहुत कठिन कार्य है ऐसा सोच लेते हैं। पर भीतर झांक कर देखें कि शायद आप संभालना ही नहीं चाहते हैं।महसूस करिए कि यह शब्द कहां से आ रहे हैं। जहां  चाहत नहीं होती है वहां आसान चीज भी कठिन हो जाती है और जहां चाहते हैं वहां सब आसान हो जाता है। अगर मुझे जगत को सुधारना है तो जितना आप सोच कर गलत रास्ते पर चले गए तो वापस लौट आइए और सही रास्ते पर चलिए सब ठीक हो जाएगा। गलती हो गई तो रोने  से कोई फायदा नहीं है। सिर्फ मुझे रुकना है और पलटना है ,पलट कर देखिए आपके भाव बदलने लगेंगे। ऐसे बहुत सारे उदाहरण हमारे जीवन में है। आपको अपनी भूल स्वीकार करनी है और जो भी दिखे उन्हें जय जिनेंद्र बोलना है। कोई भी दिखे तो हमें भगवान याद आएंगे। सब में भगवान है। जब हमें किसी के अंदर भगवान दिखेगी तो उसे भी भगवान दिखाई देगा। एक भगवान दूसरे भगवान से अच्छा ही व्यवहार करेंगे, ऐसा सोचने की कोशिश करिए ।ना हमें वाणी से क्रोध करना है ना आंखों से। कई बार हमारी आंखें भी क्रोध कर देते हैं। हम किसी को ऐसी नजर से देखते हैं कि कई दफे वह सामने वाले को चुभ जाता है। इन बातों का भी हमें ध्यान रखना है। वाणी से नकारात्मक बोलना नहीं है ना क्रोध करना है। आंखों से भी कुछ नहीं करना है।  कानों से भी हमें बुरी चीज नहीं सुननी है। मन, हाथों से भी पांव से भी कुछ नहीं करना है। उपरोक्त बातों को ध्यान में रखकर जीने वालों के जीवन में खुशियों को आने से कोई रोक ही नहीं सकता है।

# सड़क का निर्माण कार्य छोड़ दिया अधूरा, ग्रामीणों को करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना

**गंडई पंडरिया,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम लिमो से पेंडरवानी और पेंडरवानी से चिलगुड़ा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लगभग सात किमी लंबाई वाली सड़क का कार्य अधूरा है। सड़क के मध्य पेंडरवानी गांव में सीसी रोड का निर्माण अभितक नहीं किया गया है। ठेकेदार सड़क निर्माण अधूरा छोड़ दिया है। इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।




गंडई तहसील क्षेत्र के ग्राम पेंडरवानी के सरपंच खुमेश कुमार बंजारी ने बताया कि ग्राम लिमो मुख्य सड़क से लेकर चिलगुड़ा तक के लिए वर्ष 2017 - 18 में टी-10 सड़क की स्वीकृत हुई थी। इस दौरान 400 मीटर सड़क ग्राम पेंडरवानी के बीच से होकर गुजरता है, जिसे सी. सी. सड़क बनाया जाना था। ग्राम पेंडरवानी में गली के चौडाई 5.50 मीटर की कमी एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने के विरोध के कारण सी.सी. सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। सड़क पर अतिक्रमण होने का हवाला देकर ठेकेदार ने कार्य करने से मना कर दिया था। 6 किलोमीटर का निर्माण कार्य 28.02.2019 में डामरीकरण सड़क पूर्ण होने के बाद चार बार 2.56, 3.2, 5.1 और 7.5 लाख राशि व्यय कर सड़क का मरम्मत भी किया जा चुका है। सरपंच कुमेश बंजारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत सी.सी. सड़क स्वीकृति की कार्यवाही हेतु आवेदन मूलतः कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण विकास संभाग राजनांदगांव को प्रेषित भी किया गया था। साथ ही आर्नेलाईन जनशिकायत के माध्यम से पत्र क्रमांक 790922030194 दिनांक 23.06.2022 को किया गया था। पत्र के जवाब में कहा गया कि सड़क का रुपए वापस हो गया है। 2025 में सुधार कार्य किया जायेगा तब सी.सी. रोड़ का निर्माण किया जाएगा।

ग्राम पेंडरवानी पुराना सी.सी. सड़क पूरी तरह टूट गया है, गांव का गंदा पानी और खेतों का पानी गली में बहने के कारण बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्ढे इतने बड़े बड़े हैं कि गाड़ियों और पैदल निकलने में भी कठिनाई होती है। जिसके चलते ग्रामीणों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सी.सी. सड़क निर्माण नहीं होने के चलते ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

## प्राथमिक शाला में मेगा बैठक



**देवरी बंगला,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक विद्यालय आतरगांव छोटेपारा में द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति और सरपंच खिलावन माहला के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसमें शाला के बच्चों के साथ- साथ आंगनबाड़ी के बच्चों के उत्तरोत्तर विकास व गुणवत्ता पर खिलावन माहला द्वारा अभिनव प्रयोग करते हुए आंगनबाड़ी के समस्त बच्चो को डिजिटल राईटिंग टैबलेट निःशुल्क प्रदान किया गया, जिसे पाकर सभी बच्चे व पालक गण गदगद हुए ।सरपंच अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे इमारत की नींव के समान होते है और इसी नींव को मजबूजी प्रदान करने मेगा बैठक कर त्रैमासिक आकलन व अन्य शैक्षणिक पहलुओं पर सविस्तार चर्चा परिचर्चा कर पालक को स शिक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान किया । सरपंच द्वारा लोअर और टी शर्ट देने की घोषणा की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक परमानंद देवांगन और शिक्षक रिपुसूदन शाकार और समस्त पालक गण उपस्थित रहे।

## धमधा नपं में स्वच्छता अभियान



**धमधा,** 1 अक्टूबर। श्री साई शिक्षण सेवा समिति द्वारा संचालित ऊँ सांई संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम मन्दिर सिध्द मनोकामना भगवान धन्वंतरि मन्दिर के तत्वाधान में नगर पंचायत धमधा के सीएमओ ओपी के दिशा-निर्देश में वृहद स्वच्छता अभियान में स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत पर जन जागरुपता रैली भी निकाला गया ।स्वच्छता अभियान में धन्वंतरि मंदिर , महामाया मंदिर, राधाकृष्ण मन्दिर, शीतला मंदिर धमधा का किया गया साफ सफाई। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी,देवदास बंजारे ,धन्वंतरि मंदिर समीति अध्यक्ष कल्याण सिंह चौहान के सभी सदस्य,शिक्षण समिति के सदस्य पवन देवांगन,विष्णु ताम्रकार,धर्मेन्द्र ताम्रकार, प्रधानाचार्य नीतू साहू, गायत्री यादव के साथ विद्यालय स्टॉफ,महिला सशक्तिकरण एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष श्वेता शर्मा, पीयुष ताम्रकार,मनहरण साह,नर्सिंग पटेल,नागरिक निर्मलकर,विद्यालय शाला विकास एवम प्रबंध समिति अध्यक्ष चितरेखा योगी सहित विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओ की उपस्थिति रही है।

## मां गंगई मंदिर में प्रज्जवलित किए जाएंगे 6 सौ से भी अधिक मनोकामना ज्योति

**गंडई पंडरिया।** चैत्र नवरात्रि पर गंडई नगर के गंगई मंदिर में छः सौ से भी अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जायेंगे। जिनमें घी के भी ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। गंडई नगर के आसपास के श्रद्धालु ज्योत प्रज्वलित करते है साथ ही अन्य राज्य से श्रद्धालु आकर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करते हैं। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से सबसे अधिक श्रद्धालु मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करा रहे हैं। पुजारी अनुभव दुबे ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता के मंदिर में शारदे नवरात्रि के लिए अबतक श्रद्धालुओं ने घी के 5 मनोकामना ज्योति कलश व तेल के 500 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने के लिए रशीद काटा जा चुका है। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुनः निर्माण का कार्य जारी होने की वजह से ज्योति कलश प्रज्वलित करने के लिए मंदिर के आंगन में सेड का निर्माण किया गया है। जिसमे 613 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने की क्षमता है।



## कस्टम मिलिंग चावल जमा नहीं करने पर 62 पंजीकृत राईस मिलरों को कारण बताओ नोटिस जारी

**बेमेतरा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के दौरान समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही करने पर जिले के 62 पंजीकृत राईस मिलरों को कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला बेमेतरा में कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन का लक्ष्य 257177 मे. टन रखा गया था, जिसके अंतर्गत अब तक केवल 121476 मे. टन चावल का उपार्जन हो पाया है। अभी भी 135340 मे. टन चावल का उपार्जन बाकी है। ज़िला खाद्य अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिले के सभी पंजीकृत राईस मिलरों को शीघ्रता से चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि चावल उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता या देरी होने पर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 और अन्य प्रचलित नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस सख्त कदम का उद्देश्य उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करना और किसानों को उचित समय पर उनके धान का मूल्य दिलाना है।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने जामगांव में प्रशिक्षण शिविर

**दल्लीराजहरा,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। नागरिक सुरक्षा सेवा सगंठन की ओर से दुर्ग जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर के मार्गदर्शन में संचालित जामगाँव आर में सिलाई एवं ब्यूटीपार्लर महिलाओं और युवतियों को स्वावलंबी बनाने और आय उत्पादक गतिविधियों।



## सीएमओ योगी मार्गदर्शन में चिखलाकसा क्षेत्र में लगातार चल रहा स्वच्छता अभियान

**डौण्डी/दल्लीराजहरा,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत चिखलाकासा में सीएमओ अरविंद नाथ योगी के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत् सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन कर स्वच्छता ही सेवा का कार्यक्रम लगातार  किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छता को लेकर प्रेरित भी कर रहे हैं ।साथ ही सीएमओ योगी ने साफ सफाई स्वच्छता को लेकर आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा की अपने आस पास घरों के बाहर सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ रखने के लिए अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने आंचरण व स्वभाव में उतारे ।इस कार्यक्रम में अध्यक्ष भीगी मसिया उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सय्यद इंजिनियर राकेश पाठक श्री राहूल पार्षदगण सफाई कर्मचारी सफाई दीदी एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी नागरिकगण उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री को विवेक मोनू भंडारी ने दी बधाई



**डोंगरगढ़,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को  छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया जिस पर राजनांदगांव जिला खेल संघ जिजत्सु एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब खेल जगत में  राजनांदगांव सहित समूचे प्रदेश के खिलाड़ियों  लिए विभिन्न प्रकार की होने वाली समस्याओं से छुटकारा मिल जायेगा  । इसी तरह मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ,विजय बघेल, हिमांशु द्विवेदी, संजय पिल्ले, गजराज पगारिया ,शरद शुक्ला, रमेश कुमार श्रीवास्तव और सुनील कुमार अग्रवाल तथा महासचिव के पद पर विक्रम सिंह सिसोदिया निर्वाचित हुए। इसी तरह संयुक्त सचिव सर्वश्री राम जाखड़, आर. राजेन्द्रन, मोहम्मद अकरम खान, मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह रघुवंशी, मनोज कुमार अग्रवाल और समीर खान को निर्विरोध चुना गया। संजय मिश्रा संघ के कोषाध्यक्ष चुने गए है राजनांदगांव जिजत्सु एसोसिएशन ऑफ राजनांदगांव जिला संघ सभी ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों को बधाई देता है।

## दुर्ग सेक्टर की टीम ने 3-2 से राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में बनी विजेता

**डोंगरगढ़,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय फुटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रेलवे फुटबाल मैदान आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व विधायक रामजी भारती ,अध्यक्षता समाजसेवी प्रकाश चौरड़िया, एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन चीकू, समाजसेवी महेन्द्र भाई पटेल, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, जैन कुमार मेश्राम, विनित यादव, श्याम तिवारी, अजय यादव, अविनाश टेम्भुरकर उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती ने  कहा कि जीवन में हमें जीत के लिए हमें लक्ष्य निर्धारित कर चौकन्ना रहना अति आवश्यक है अन्यथा हमारी जगह कोई और लेकर जीत हासिल करता है ।  फायनल मैच दुर्ग सेक्टर एवं सरगुजा सेक्टर की टीम के मध्य खेला गया। पेनाल्टी कीक से दुर्ग सेक्टर की टीम ने 3-2 से मैच अपने नाम कर उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता का खिताब अपने नाम कर विजेता रही वही सरगुजा सेक्टर की टीम उपविजेता रही  । प्रतियोगिता के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को विनर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु किया गया मार्ग परिवर्तित

**बालोद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर. भगत के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक राकेश ठाकुर के नेतृत्व में गंगा मैय्या मंदिर झलमला में चांर नवरात्रि पर्व के मद्देनजर रूट डायवर्सन किया गया है। नवरात्रि पर्व कल 3 सितंबर से 12 सितंबर तक ज्योति कलश स्थापना, विभिन्न कार्यक्रमों एवं मेला का आयोजन होना है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, आम नगारिकों एवं दर्शनार्थियों की भीड़-भाड़ होने की संभावना है। चांर नवरात्रि पर्व के मद्देनजर रूट डायवर्सन चार्ट बनाया गया है। धमतरी तरफ से राजहरा राजनांदगावं जाने वाले बड़ी मालवाहक वाहन धमतरी-गुरूर-झलमला तिराहा-पड़कीभाठ बायपॉस-पाररास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। दुर्ग से राजहरा राजनांदगावं जाने वाले बड़ी मालवाहक वाहन दुर्ग-गुण्डरदेही-पड़कीभाठ-बायपास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। राजहरा की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजहरा-कुसुमकसा-बटेरा चौक लोहारा-पाररास बायपॉस-पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजनांदगांव-लोहारा-बटेरा चौक-पाररास बायपॉस-पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। उपरोक्त रूट डायवर्सन चार्ट सभी बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए लागू है। वाहन चालको एवं श्रद्धालुओं के लिए 04 स्थानों में पार्किंग स्थान बनाया गया है। धमतरी गुरूर की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों च्च्पुलिस कॉलोनी परिसरज्ज झलमला में पार्किंग करेंगें। दुर्ग गुण्डरदेही की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों च्च्झलमला बाजार चौकज्ज में पार्किंग करेंगे एवं राजहरा राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन च्चसिवनी मैदान पार्किंगज्ज एवं च्चबालोद बाजारज्ज हीरापुर जाने मोड़ के सामने पार्किंग करेंगे। दर्शनार्थियों एवं आम जनता से बालोद पुलिस की अपील निर्धारित स्थानों में वाहन पार्किंग करें, निर्धारित पार्किंग स्थानों में ही वाहन पर्किंग कर सवारी उतारें। मालवाहक वाहन चालक परिचालक एवं मालिक परिवर्तित मार्ग का ही उपयोग करें, यातायात व्यवस्था बनाने एवं शांतिपूर्ण तरीके से चांर नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, अधिक जानकारी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम बालोद 94791-91160, यातायात कार्यालय बालोद 77492-23817 पर संपर्क करें।

## निधन

### रमेश कुमार सेठ

**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त रमेश कुमार सेठ 72 वर्षीय का आज 1 अक्टूबर को प्रातः 6.30 बजे निधन हो गया। वे कुछ  दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम  यात्रा 2 अक्टूबर उनके निवास प्लाट नंबर- 55, स्ट्रीट-6/ए, मैत्री नगर रिसाली से दोपहर 1.30 बजे रिसाली मुक्तिधाम हेतु निकलेगी। वे अपने पीछे अपनी पत्नी सीमा सेठ, पुत्र नीरज, उमा सेठ पुत्र, दक्ष, रघु, नीरू, मनोज कुमार, अंशु, आशीष दुग्गल को छोड़ गए।



### खेतमल लड्ढ़ा

**महासमुंद,** 1 अक्टूबर। स्थानीय तुमगांव रोड निवासी माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्य खेतमल लड्ढ़ा 86 वर्ष का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जीवन लाल, अशोक कुमार, बद्री नारायण के बड़े भाई व भारतभूषण, दिनेश कुमार लड्ढ़ा के पिता थे।



### अवध ताम्रकार

**धमधा,** 1 अक्टूबर। धमधा तमेर पारा निवासी नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति बर्तन व्यवसायी गोविंद सरल फ्यूल्स व कृषि केन्द्र के संचालक दाऊ अवध ताम्रकार का रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर भावभिनी श्रद्धांजलि दी। वे धमधा के राजेन्द्र ताम्रकार (अतरिया) कौशल ताम्रकार (धमधा), इंद्रविजय ताम्रकार बोरी के भतीजा थे। अहिवारा नगर पंचायत के अध्यक्ष अम्बरीया ताम्रकार के भाई व बर्तन व्यवसायी आषुतोया ताम्रकार एवं पारितोया ताम्रकार के पिता थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### सर्वाधिक ए ग्रेड प्राप्त सम्बद्ध ...

विगत वर्षों में इस विषय पर ऑनलाईन तथा ऑफ्लाईन कार्यशालाएं भी आयोजित की गई है। बताया गया कि नैक द्वारा मूल्यांकन प्रणाली में परिवर्तन संबंधी प्रक्रिया भी प्रक्रियाधीन है आने वाले वर्षों में नैक बाइनरी मूल्यांकन प्रणाली लागू करने जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय को ग्रेड के स्थान पर नैक केवल मूल्यांकित अथवा अमूल्यांकित दर्जा प्रदान करेगा।  कुलदीप ने ऐसे समस्त महाविद्यालय जिन्होंने नैक मूल्यांकन नहीं कराया है उन सभी से आग्रह किया है कि वें शीघ्र नैक मूल्यांकन हेतु प्रयास करें।

### स्कूली बच्चों ने अपने पालकों ...

अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज सुराना कालेज के विशाल मैदान में हजारों छात्राएं शामिल हुए जिन्होंने अपने अभिभावकों के साथ स्वच्छता संबंधी शपथ ली। इस अवसर पर सेठ रतनचंद सुराना कालेज, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दीपक नगर, विश्वदीप सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, आदर्श कन्या शाला, सरस्वती शिशु मंदिर, जेआरडी स्कूल व नेशनल स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### स्वच्छता हर नागरिक का ...

महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर श्री परिहार का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल कश्यप , डॉ अभिनेष सुराना, डॉ अश्विनी महाजन, डॉ एलिजाबेथ भगत उपस्थित थे। स्वागत भाषण कार्यक्रम अधिकारी तरूण साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मीना मान ने दिया। डॉ मान ने कार्यक्रम के अंत में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु भी शपथ दिलाया।  इसके अतिरिक्त वरिष्ठ स्वयंसेवक मोरध्वज, सतेक ,ऋतिक, मिनेश, दीपांकर, द्रविड़, टुकेश्वर, निमिश, साहित्य, निखिल ,देवराज, मो आदिल के साथ महाविद्यालय के  पूर्व स्वयंसेवक दिलेश्वर ,विजय, मयंक, मानसी भी उपस्थित रहे।

### दुर्ग बायपास में ...

से गुजरते समय ट्रक नीचे पलट गई। हादसे में चालक कर्नन की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक में कोई हेल्पर नहीं था।

घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मोहन नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक तमिलनाडू का था। उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। वे कल 2 अक्टूबर तक दुर्ग पहुंच जायेगें। उसके बाद पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मृतक का शव मरच्यूरी में रखा दिया गया है।

### जीत यादव सहित ...

पद पर अनूप यादव को जेल संदर्शक, जितेन्द्र यादव को ब्लाक स्तरीय बाल संरक्षक समिति का सदस्य बनाया गया है। यह विभाग महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत आता है।

### शीतला मंदिर में अमेरिका ...

जायेगी। 8 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से ग्राम करमतरा जिला खैरागढ़ के भूपेन्द्र यादव द्वारा जस झांकी की प्रस्तुति दी जायेगी। 11 अक्टूबर को अष्टमी पर शाम 4 बजे हवन पूजन के पश्चात कन्याभोज कराया जायेगा। मंदिर परिसर की भव्य साज सज्जा की जा रही है।

कार्यक्रम की तैयारियों में मां सतरूपा शीतला मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकार, संयुक्त सचिव चंपा साहू, कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास, सदस्यगण भीखम साहू, आर.के.भटनागर, रणधीर सिंह राजपूत, कृष्णा देशमुख, राजेश साहू, दीनानाथ साहू, राजा सिंह राजपूत, भागवत सिन्हा, श्रीधर भजने, व अन्य सदस्य जुटे हुए है।

## नपं में सफाई व्यवस्था चरमराई



**परपोड़ी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल नगर के 15 वार्डों में ऐसा कोई वर्ड नहीं है जहां गंदगी नहीं है गंदगी नगर का पहचान बनते जा रहा है वार्ड क्रमांक 14 बस स्टैंड को ही देख लीजिए इसके बाद आज नगर प्रवेश करेंगे जहां बस स्टैंड ही इतना गंदा है तो नगर में कितनी गंदगी होगी यह हम अंदाजा लगा सकते हैं बस स्टैंड के सार्वजनिक शौचालय जो की नगर की तालाब से लगा हुआ है शौचालय के पीछे कितना कचरा है यह देख आप नगर की सफाई व्यवस्था का अंदाजा लग जाएगा सभी कचरा झिल्ली कागज एवं अन्य प्रकार के कचरे उड़कर तालाब में जा रहा है जिससे तालाब के चारों ओर पॉलिथीन डिस्पोजल एवं अन्य प्रकार के कचरा पानी में तैरते हुए साफ दिखाई दे देगा नगर के होटल का गंदा पानी तालाब में जाता है यह नगर का एक ऐसा तालाब था जहां सुबह से लेकर देर रात तक नहाने वालों की भीड़ देखी जा सकती थी लेकिन अब होटल का पानी जाकर और नालियों का गंदा पानी मिलने से तालाब में नहाने वाले लोगों को खुजली का शिकार होते हैं किसी के यहां मृत्यु होने पर नहावन का कार्यक्रम इसी तालाब में आज भी संपन्न होता है लेकिन गंदा पानी खुजली युक्त पानी होने के कारण कोई अब इस तालाब में नहाना पसंद नहीं करते हैं नगर में देखा जाए तो सीसी रोड के ऊपर सड़क के किनारे बदबूदार कचरा नजर आएंगे और यह नगर में लाखों रुपए स्वच्छता पर खर्च कर रहे हैं अब यहां यह देखना है कि नगर स्वच्छ ही नहीं है तो लाखों रुपए का खर्च कहां हो रहा है।

## भटगांव स्कूल में स्वच्छता रैली निकाली

**परपोड़ी,** 1 अक्टूबर। शास.प्रा. शा.भटगांव में स्वच्छता की शपथ लेने के पश्चात बच्चों द्वारा स्वच्छता संबंधी चित्र चार्ट बनाई गई ।शिक्षकों ने कक्षा और शाला परिसर की सफाई की ।तत्पश्चात स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। शिक्षकों और ग्रामीण नागरिकों ने भटगांव के चौक चौराहों और गलियों की साफ सफाई में अपनी अपनी हिस्सेदारी निभाई। उक्त स्वच्छता अभियान में प्रा.शाला के हेड मास्टर श्री कन्हैया साव,श्रीमति येशवरी नेताम,श्री देवानंद जंघेल,श्रीमति सविता साहू,श्री कुलेश्वर वर्मा,श्री नीलू साहू( पंचायत प्रतिनिधि) और ग्रामीणों की सहभागिता रही।



## खुशरो आत्मानंद विद्यालय गंडई में स्वच्छता दिवस



**गंडईपंडरिया,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के  स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो आत्मानंद शासकीय स्कूल में विगत दिवस मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमे संस्था में कार्यरत शिक्षकों और विद्यार्थीयो के द्वारा हर सप्ताह 2 घंटे श्रम दान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने का शपथ लिया गया.  इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष  संजय राजपूत, एसएमडीसी सदस्य  अनुराग ताम्रकार की उपस्थिति रही. साथ ही पूर्व नगर अध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार एवं एसएमडीसी  सदस्य के द्वारा विशेष योगदान प्राप्त हुआ. स्वच्छता शपथ के उपरांत शिक्षको और विद्यार्थियों के द्वारा शाला की सफाई करके श्रम दान किया गया. इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियो के द्वारा स्वच्छता के ऊपर रंगोली बनाया गया. स्वच्छता विषय पर बच्चों ने ड्राइंग और पोस्टर बनाया गया.  संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया के  आदेशानुसार उपरोक्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक वी.एन.नागेंद्र(  वरिष्ठ व्याख्याता), आर. डी. दुबे (  वरिष्ठ व्याख्याता), सी. एम. चौबे,  जे. एल. देवांगन, डी. के. शर्मा,  एम. एस. ठाकुर,  वी. एन. रत्नाकर,  आर. आर. शर्मा,  एस. के. आंचले, ओ. पी. निषाद, सुश्री योगेश्वरी तारम,  स्मिता दास, रामकुमार केवट,  मनिज दास, सुश्री स्नेह एक्का,  नंदिनी जांगड़े,  देवेन्द्र वासनिक, भुवनेश्वरी साव, सुरभी उइके,  किरण वर्मा, किरण ठाकुर,  मुकेश यादव,  शुभम सिंह,  निधि चौहान, महिमा गढ़वाल,  ज्योति पोर्ते, श्री हेमंत कुमार,   ममता सोनी,  दिव्या श्रीवास्तव,  डोमार सिंह राजपूत एवं आशुतोष देवांगन की उपस्थिति रही.

# प्रधानमंत्री आवास योजना से हर गरीब परिवार को मिल रहा सुरक्षित पक्का आवास: उपमुख्यमंत्री

**कवर्धा,** 01 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया और वहां के लोगों से मुलाकात कर सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्राम गदहाभाठा, बारदुली, बारदी, गोरखपुर, जिन्दा, दुबहा और मिरमिट्टी का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें सुनीं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जन आंकाक्षाओं की मांग और कबीरधाम जिले के समग्र विकास के लिए 68 लाख 50 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यो की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर गांव को विकास की मुख्यधारा में लाया जाए। आपके सहयोग से हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। ग्रामीण विकास के लिए विष्णुदेव साय की सरकार प्रतिबद्ध है।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यो के लिए लाखों रूपए की सौगात दी। उन्होंने गांव के विकास के लिए ग्राम गदहाभाठा में किचन शेड निर्माण के लिए 01 लाख 50 हजार रूपए, बाउड्रीबाल निर्माण कार्य के लिए 02 लाख रूपए, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपए, शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख 50 हजार रूपए, मुरमीकरण के लिए 02 लाख रूपए, ग्राम बरदुली में मुक्तिधाम शेड निर्माण के लिए 03 लाख रूपए, सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, शौचालय निर्माण के लिए 03.50 लाख रूपए, ग्राम बारदी में समाजिक मंगल भवन के लिए 10 लाख रूपए, शौचालय निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए, स्कूल में आहता निर्माण के लिए 04 लाख रूपए, ग्राम गोरखपुर में सीसी रोड़ के लिए 05 लाख रूपए, मंच निर्माण के लिए 02 लाख रूपए, गर्राझोरी पुलिया के लिए 01 लाख रूपए, सीसीरोड सोसायटी तक के लिए 08 लाख रूपए और पुलिया निर्माण के लिए 01 लाख रूपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इसके साथ ही ग्रामीणों की मांग विभिन्न मांग, शिकायत का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, मनीराम साहू, खिलेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे।

# स्वच्छता दिवस के अवसर पर न्यायालय से निकली रैली, छात्रों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

**कवर्धा,** 01 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम (कवर्धा) श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय कवर्धा में 14 सितंबर 2024 से 01 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।

''स्वच्छता ही सेवा'' विषय पर आज जिला एवं सत्र न्यायालय कबीरधाम से स्वच्छता रैली निकाली गई। श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे प्रधान जिला न्यायाधीश ने रैली को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्रों की इस रैली में स्लोगन एवं बैनर के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों से अपने घर जैसे ही साथ आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने की अपील की। छात्राओं ने अपने संदेश में स्वच्छता पर रोचक नारे लगाये एवं स्लोगन लिखे। स्वच्छता से समाज स्वस्थ होता है। ''स्वच्छता अपनाये भरपूर, रोगों से रहेंगे दूर'', गांव-शहर रखोगे स्वच्छ, देश-दुनिया होगी स्वस्थ। स्वच्छता का एक ही नारा, स्वच्छ रहे हरदम देश हमारा इत्यादि। इस मौके पर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा गया। रैली जिला न्यायालय परिसर से निकलकर कलेक्टोरेट के सामने से होते हुए रेस्टहाउस के रास्ते से करपात्री स्कूल पर समाप्त हुई। ''स्वच्छता ही सेवा'' विषय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय द्वारा निकाली गई इस रैली में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर स्कूल में एक विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों को आधारभूत कानून की जानकारी दी गई। शिविर में मोटर यान अधिनियम, लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल श्रम, शिक्षा का अधिकार, घरेलूं हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को बताया गया कि न्यायालय के अंदर ही विधिक सेवा कार्यालय होता है जहां कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति नि:शुल्क अधिवक्ता एवं नि:शुल्क सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती योगिता विनय वासनिक, अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्रीनिवास तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, न्यायिक मजि. पल्लव रघुवंशी, सुबोध मिश्रा, न्यायिक मजि, सुश्री पूजा मण्डावी प्राधिकरण के सचिव श्री राहुल कुमार, स्कूल के शिक्षकगणएवं पैरालीगल वालिन्टियर्स उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किये।

# केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी से हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के सदस्यों की बैठक



**थान खमरिया,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन जो रक्तदान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरे भारत में निस्वार्थ सेवा प्रदान कर रही है, संस्था द्वारा आगामी एक वृहद एवं भव्य आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है, जिसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी जी से टीम ने उनके आवास पर सौजन्य मुकालत किया एवं उन्हें संस्था द्वारा समाज के प्रति किये जा रहें सेवा कार्यों से अवगत कराया। जिसके लिये केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गड़करी जी ने टीम की प्रशंसा कर पूरी टीम को शुभकामनाएँ दी, संस्था द्वारा मंत्री जी को हेल्पिंग हैंड्स की पीपीटी, राजकीय गमछा और छत्तीसगढ़ स्मृति चिन्ह दे कर उनका अभिवादन किया पीपीटी देखते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि आपकी संस्था बहुत ही उत्कृष्ठ कार्य कर रही हैं और आगे होने वाले विश्व रिकॉर्ड में मैं जरूर शामिल होऊंगा, ऐसा आश्वासन माननीय मंत्री जी ने हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के सदस्यों को दिया, ज्ञात हो कि हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा अभी हाल फिलहाल में ही राखी विथ रक्षक कार्यक्रम में 800 से अधिक पुलिस आर्मी बटालियन रक्षा वाहिनी को रायपुर पुलिस परेड ग्राउंड में सम्मिलित कर एक इतिहास रचा था। वही इस माह में निरंतर हर दिन हेल्थ चेक कैंप एवं ब्लड कैंप का आयोजन पूरे प्रदेश में जारी है।

# शासकीय महाविद्यालय गुरूर में स्वच्छता ही सेवा 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' कार्यक्रम

**गुरूर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के शासकीय महाविद्यालय गुरूर में 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' कार्यक्रम आयोजित की गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महाविद्यालय के छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करें जिससे प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

कार्यक्रम में डॉ. कन्नौजे ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि शासकीय महाविद्यालय गुरूर में 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' कार्यक्रम में स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यकम, रंगोली एवं



ड्राईंग प्रतियोगिता सहित विविध कार्यक्रम आयोजित की गई। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता रैली भी निकाली गई।

सीईओ डॉ. कन्नौजे ने स्वच्छता पर आधारित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में में वृक्षारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में गुरूर एसडीएम सुश्री प्राची ठाकुर, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नंन्दकिशोर शर्मा, उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे, शासकीय महाविघालय गुरूर के प्राचार्य खेमलाल रावटे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अग्रसेन जयंती के अवसर पर प्रतिदिन हर्षोल्लास का माहौल, अलग अलग गतिविधियों से मना रहे पर्व

**थान खमरिया,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज के तत्वाधान में मथुरादास गुलाबचंद सिंघानिया धर्मशाला में अग्रसेन जयंती महोत्सव शुरू हुआ हैं। अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल द्वारा प्रतिदिन अलग अलग आयोजन एवं प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है, जिसमें 01 अक्टूबर को ख्यालों की कड़ी, महिला वर्ग में फूरसत के पल, हौजी और नोट गिनों कार्यक्रम संपन्न हुआ। सायं कालीन श्री अग्रसेन जयंती भोज का कार्यक्रम भी रखा गया जिसके प्रभारी पुरूषोत्तम अग्रवाल, आशीष बंसल, प्रतीक सिंघानिया, जिवेश डोकानिया, साकेत अग्रवाल,आयुष अग्रवाल, रौनक मुरारका रहे।



**3 अक्टूबर को मनायेंगे महाराजा श्री अग्रसेन जयंती:**देशबंधु प्रतिनिधि से भेंटवार्ता के दौरान अग्रवाल समाज व्यवस्थापक प्रमुख आशीष बंसल ने बताया कि 03 अक्टूबर को अग्रवंश के संस्थापक, परम पूज्य श्री श्री 1008 भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु हम सब कटिबद्ध हैं. इस गौरवशाली परम्परा को निरंतर जारी रखते हुए इस वर्ष सभी मिलकर महाराजाश्री अग्रसेन की 5193वीं जयंती अश्विन शुक्ल 1 संवत् 2081, दिनांक 03 अक्टुबर 2024, गुरुवार को मनाने जा रहे हैं इस पुनीत अवसर पर अपने आशीर्वचन व मार्गदर्शन हेतु मुख्य अतिथि श्रीमान युगबोध अग्रवाल जी( डायरेक्टर: - प्रबोध एण्ड कंपनी प्रा.लि.) ( राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्वदेशी जागरण मंच आर.एस.एस.)अध्यक्षता श्रीमान प्रेम सिंघानिया जी( उपाध्यक्ष छ.ग. प्रदेश क्रांति अग्रवाल संगठन) (पूर्व अध्यक्ष छ.ग. गौ सेवा आयोग) विशेष अतिथि श्रीमति तितली गौरव बिंदल जी( अध्यक्ष:- नगर पंचायत, थानाखम्हरिया) उपस्थित रहेंगे।

# दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह की मूर्ति अनावरण को लेकर कांग्रेस की बैठक

- दशहरा के दिन होगा प्रतिमा का अनावरण
- बुद्ध जीवियों ने रखा विचार लिया गया अहम निर्णय



**खैरागढ़,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ के पूर्व विधायक दिवंगत देवव्रत सिंह की सिविल लाईन के दुर्गा चौक में लगी प्रतिमा के अनावरण को लेकर जिला प्रशासन व नगर पालिका की उदासीनता को लेकर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के निवास में कांग्रेस की बैठक रखी गई बैठक में दिवंगत देवव्रत सिंह के समर्थको सहित जिले के बुद्धजीवी वर्ग मौजूद थे। बैठक की शुरुवात दिवंगत देवव्रत सिंह को नमन करते हुए किया गया बैठक की अध्यक्षता कन्हैया बैस के नेतृत्व में किया गया विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने जिला प्रशासन व नगर पालिका पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिला प्रसाशन और भारती जनता पार्टी नही चाहती कि कांग्रेस शासन में स्वीकृत हुआ कोई भी काम दिवंगत देवव्रत सिंह की मूर्ति को जानबूझकर अनावरण नही किया जा रहा है। किसके इशारे पर अनावरण को रोका जा रहा है पता नहीं पर हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। 2 अक्टूबर को आर्याव्रत सिंह के साथ दशहरा को लेकर बैठक रखी गई है, उस दिन भी जिले भर के लोग मौजूद रहेंगे और उसी दिन बड़ा निर्णय लिया जाएगा कौन सी बड़ी बात रखेंगे यह अभी खुलकर नही बताये है। दिवंगत देवव्रत सिंह की मूर्ति स्थापना के लिए लगभग 1 साल से मूर्ति बनकर रखी हुई है, लगभग ले आउट हो गया उसके बाद भी झिल्ली और कपड़े में लपेट कर रख दिया गया है, कुछ दिन पहले कपड़ा भी निकल गया है जो बहुत ज्यादा शर्मसार करने वाला विषय है। खैरागढ़ जिले के लिए उस विषय को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया था लेकिन मूर्ति का अनावरण अभी तक नही किया गया लगभग तीन माह से अधिक हो समय हो गया है ज्ञापन दिए पर जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा दिवंगत देवव्रत सिंह की मूर्ति का अनावरण नही किया जा रहा है, उस विषय को लेकर जिले भर के वरिष्ठ लोगो का और समर्थकों को बुलाकर बैठक ली गई बैठक में तय किया गया कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर पूरे जिले भर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। हस्ताक्षर की कॉपी को लेकर 3 अक्टूबर को जिला कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को सौपेंगे और अल्टीमेटम देंगे कि जिला प्रसाशन और नगर पालिका 7 दिन के अंदर मूर्ति का अनावरण करे। अगर अनावरण नही किया जाता है। तो दशहरा के दिन राजा का दिन होता है उस दिन लाखो लोग राजा का दर्शन करने आते है और उसी दिन राजा आर्यव्रत सिंह व शताक्षी सिंह के साथ जिले भर के समर्थक अनवारण करेंगे। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी कन्हैया बैस, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, अरुण भारतद्वाज, अब्दुल रज्जाक खान, दीपक देवांगन, दिलीप लहरे, मिहिर झा, गुलशन तिवारी, पलाश सिंह, कपिनाथ महोबिया, किशन रजक, प्रकाश मौर्य, अनुराग तुरे, विष्णुकांत महोबे, नदीम मेमन, राजा सोलंकी, गोविंद देवांगन, यतेंद्रजीत सिंह, रविंद्र सिंह गहरवार, रतन सिंगी, दयाराम पटेल, सूर्यकांत यादव, अजय यादव, गोपी रजक, हरि दर्शन, विनोद सिंह, अजय देवांगन, नरेंद्र सेन, मनोज पटेल,भरत चंद्राकर, पुरन सारथी सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# गुरु बालकदास की जयंती पर निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

**खैरागढ़,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सतनामी समाज के संस्थापक गुरु घासीदास के पुत्र गुरु बालकदास की जन्म जयंती के अवसर पर जिला खैरागढ़ में 29 सितंबर को गुरु बालकदास समिति के तत्वाधान में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई खैरागढ़ में विविध आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतनामी समाज के आरंग विधायक खुशवंत साहेब विधायक व उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्राधिकरण छग शासन उपस्थित रहे। जयंती के उपलक्ष्य में गुरु बालकदास की झांकी को साउंड सिस्टम, पंथी नृत्य व अखाड़ा के साथ दिलीप सिंह मंगल भवन से शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के आंबेडकर चौक से मुख्य मार्ग होते हुए ईतवारी बाजार से वापस रैली नगर भ्रमण कर पुन: यात्रा दिलीप सिंह मंगल भवन पहुंची। शोभा यात्रा में सतनामी समाज के साथ ही सर्वसमाज के नागरिक भी उपस्थित रहे जिन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। यात्रा समाप्त होने के बाद गुरु खुशवंत व समस्त लोगो द्वारा गुरु बालकदास के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण करने के पश्चात गुरु खुशवंत ने सभा को संबोधित किया गुरु खुशवंत ने गुरु बालकदास की जीवनी को लेकर उनके द्वारा सर्वसमाज के लिए किए संघर्ष, उनके राजा बनने से लेकर बलिदान का इतिहास तक को बताया, साथ ही गुरु घासीदास के उपदेशों को बताया। कार्यक्रम में जिले भर से हजारों की संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित हुए थे। सफल कार्यक्रम को लेकर गुरु बालकदास समिति के अध्यक्ष उमेश कोठले ने आयोजक समिति के संरक्षक शत्रुहन घृतलहरे, कमलेश कोठले, संदीप सिरमौर, ज्ञानदास बंजारे, कार्यक्रम प्रभारी यशवंत कोठले, सह प्रभारी गणेश मार्कण्डेय, उपाध्यक्ष पप्पू पात्रे, सचिव दीनू प्रकाश भारती, सह प्रभारी गणेश मार्कण्डेय, राकेश पात्रे, लक्ष्मण लहरे, अजय डहरे के साथ समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।



# आत्मानंद विद्यालय छात्र छात्राओं के द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर रैली निकाली गई





**थान खमरिया,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मानंद विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कुटी मंदिर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया। इधर-उधर बिखरे कचरा को एकत्रित किया और रैली के माध्यम से बैनर पोस्टर के स्लोगन के माध्यम से अपने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई रखने की अपील की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती के पुलिस में 2 अक्टूबर तक स्वच्छता की सेवा अभियान चलाने की अपील की थी इसी के चलते आत्मानंद विद्यालय के छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से जन जागरण किया गया स्वच्छता अभियान को लेकर रैली निकाली गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेश बारामते, अमनदीप कौर, आकांक्षा , श्रेयांश शर्मा की सराहनीय भुमिका रही।

## सेवा परखवाड़ा में विधायक ईश्वर साहू आज नगर में



**थान खमरिया,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में माई मंदिर परिसर में श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है समय दोपहर 12:00 बजे यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन दिवस के अवसर से प्रारंभ हुआ है जिसमें सरकार द्वारा तय किया गया है हम सभी को मिलकर शहर अपने गांव गली को स्वच्छ बनाएंगे जिससे एक शुद्ध और साफ वातावरण का निर्माण हो सके इसी उद्देश्य को लेकर आज कार्यक्रम आयोजित किया गया है प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी राजेश ठाकुर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया उपस्थित रहेंगे उपरोक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव ने दी।

# दीपक बने नपा के नेता प्रतिपक्ष, कहा जनता के हक के लिए मजबूती से लड़ेंगे लड़ाई

**खैरागढ़,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। 27 सितंबर को खैरागढ़ के विधायक निवास में शहर कांग्रेस कमेटी की महती बैठक आयोजित की गई जहां विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा व जिला कांग्रेस कमेटी के अनुशंसा पर शहर अध्यक्ष भिखमचंद छाजेड़ ने दीपक देवांगन को नगर पालिका खैरागढ़ का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। इस दौरान दीपक देवांगन ने कहा कि अब जनता के हक की लड़ाई मिलकर लड़ेंगे कांग्रेस पार्टी के विचारों के अनुसार आगे हम जनता के बीच जाएंगे मौजूदा समय में जनता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। शहर के नालों की सफाइ नही हो रही है, आगे बारिश आने पर बुरा हाल होगा उससे पहले हम सब पार्टी के पार्षद अफसरों को मौका हालात से रूबरू कराएंगे ताकि समय पर सफाई हो सकें हम पार्टी के गाइड लाइन और आमजन के हितों के अनुसार जनता का काम करेंगे जनता के हक के लिए पीछे नहीं रहेंगे उन्होंने कहा कि मैं हमेशा नगर पालिका से जुड़ा रहा हूं जनता के छोटे-छोटे काम के लिए अफसरों के पास आता-जाता रहा हूं अब और अधिक सक्रिय होकर पूरे शहर के लिए काम करेंगे मेरे ऊपर कांग्रेस कमेटी ने जो भरोसा कर जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी को मैं उम्मीद से ज्यादा निर्वाहन करूंगा इस दौरान कांग्रेस के कन्हैया बैस, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नप उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, मीरा गुलाब चोपड़ा, अनुराग तुरे, आरती महोबिया, पुरुषोत्तम वर्मा, शत्रुहन धृतलहरे, सुमन दयाराम पटेल, दिलीप लहरे, टिकेश्वरी पटेल, अरुण भरतद्वाज, यतेंद्रजीत सिंह, राधे पटेल, पुरन सारथी, पलाश सिंह, भरत चंद्राकर, नदीम मेमन, अंकित चोपड़ा, कपिनाथ महोबिया, मनोज बैद, सुबोध पांडे, सोनू ढिमर, किशन रजक, किरण झा, आरती यादव, अमित सिंह, जफ़र उल्लाह खान, गोविन्द देवांगन, समीर कुरैशी, केशव सारथी, अजय देवांगन, रविन्द्र सिंह, नरेश देवांगन, पूनम सिंह, विनोद सिन्हा, हरीदर्शन, गोपी रजक, छोटू रजक, सूरज देवांगन, राजा सोलंकी, रतन सिंगी, वीरेंद्र देवांगन, सूर्यकान्त यादव, कमल टंडन, अनाम भोंडेकर, नरेंद्र सेन, सोहेल खान, मोहित भोंडेकर, चंद्रशेखर वर्मा व रामकुमार जांगड़े सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुए विविध आयोजन, विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



**कुम्हारी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन की 10 वी वर्षगांठ के मौके पर एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम च्स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छताज्ज पर केन्द्रित है विगत 17 सितम्बर को छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई जिसमे नगरपालिका अंतर्गत सांसद प्रतिनिधि सुजीत यादव, सदस्य रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला एवं संस्था के प्राचार्य श्रीमती लता रघुकुमार उपस्थित थे।

इस अभियान में छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा शाला परिसर की साफ सफाई की गई तथा कचरे हटाएं गए, तृतीय दिवस पर नारा व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चतुर्थ दिवस में स्वच्छता रैली व स्वच्छता नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र मधु, तनु, प्रेमदास एवं अन्य विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंचम दिवस में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इस प्रतियोगिता में मधु, विद्या, वेणुका तथा गीतांजलि की मेहंदी श्रेष्ठ रही। इसी प्रकार स्कूल परिसर में श्रमदान छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। स्वच्छता ही सेवा की थीम के अंतर्गत स्कूल के प्रवेश द्वार पर सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया साथ ही शाला में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे एकता सोना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इस रंगोली का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है। प्रश्न-उत्तर मॉडल प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं जागरूकता संदेश व चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

समापन दिवस पर अन्य विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान संस्था के प्राचार्य , शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया गया अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई।

# शहर मे गांजे का पौधा बन रहा है पेड़, पुलिस व आबकारी बे खबर !

■ दीपांकर खोबरागड़े

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। संस्कारधानी मे गांजे का पौधा दिन ब दिन पेड़ बन कर लहलहा रहा है। आश्चर्य इस बात को लेकर है कि अत्यंत सजग राजनांदगांव की पुलिस अनेकों बार उस रास्ते पर दिन और रात गुजरते रहते हुए भी उस गांजे के पेड़ की भनक तक नहीं लगी और पौधा अपने उपजाऊ वातावरण मे हरा भरा होते जा रहा है। जिला छोटा होने के बावजूद पुलिस और आबकारी को यह तक पता नहीं चल पाया और गांजा का पौधा अपनी हरे भरे पत्तियों की हरियाली लिए प्रतिबंधित होते हुए भी भरपूर आजादी से इठला रहा है। मादक पदार्थों और नशे के खिलाफ एनडीपीएस के तहत लाख कार्रवाई करने का दावा पुलिस करती रहे पर यह हरा भरा पौधे से बनता गांजा का पेड़ पुलिस की मुहिम को ठेंगा दिखा रहा है। आश्चर्य की बात क्या है कि रेलवे स्टेशन के करीब ही पौधा पेड़ की शक्ल ले रहा है और उसे रास्ते पर लगातार दिन-रात पुलिस चौकस होकर अप्रिय घटनाओं और अपराध को रोकने जिस कदर सजकता दिखाती है क्या वाकई गांजा के पौधे को पेड़ बनते हुए उसकी हरियाली देखकर ऐसा कहा जा सकता है, यह सवाल वाकई पुलिस की सजकता और खुफिया तंत्र की पोल खोलता हैं। आबकारी विभाग कोई मामले से ज्यादा लेना देना इसलिए नहीं हो जाता क्योंकि आबकारी का संपूर्ण काम तो पुलिसिया जिम्मेदारी का हिस्सा है। जिस शहर मे गांजा का प्रतिबंधित पौधा पेड़ बनने लगे वहां क्या क्या और बढ़ सकता है , इस बातों को समझना लोगों के लिए कोई अबूझ पहेली नहीं। देखना यहां यह है कि क्या इस गांजे के पौधे से पेड़ बन रहे स्थल की खोज करने मे पुलिस सफ़ल हो पायेगी! यह चुनौती पुलिस के लिए बेहद जटिल जान पड़ती हैं।



### गांजे के नशे से बढ़ रहे हैं अपराध

अभी हाल ही तुलसीपुर में एक हत्या के मामले में इस बात को लेकर चर्चा सरगर्म रही की मृतक गांजे का फुटकर विक्रेता था। आए दिन कहीं ना कहीं गांजे और नशे के कारण अपराधों में इजाफा हो रहा है ऐसे में नशे को रोकने हर वो कदम जरूरी है, जिससे अपराधों की रोकथाम की जा सके। राजनांदगांव जिला बॉर्डर से लगा होने के कारण गांजे और नशे सम्बन्धी अपराधों की कड़ी ज्यादा तर कार्यवाहियों में देखने को मिली। गांजे के पेडलर को अगर रोकना है तो कहीं ना कहीं बड़े गांजा के सप्लायर और सफेदपोशो की धरपकड़ करने की दिशा तय करने की जरूरत है।

### शहर मे जब गांजे का पौधा तो ग्रामीण क्षेत्रों में क्या खेती तो नहीं

राजनांदगांव शहर में ही जब गांजे का पौधा उग सकता है ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के अंदर जहां पुलिस महज खाना पूर्ति करती हो क्या ऐसे क्षेत्रों मे

क्या लोग गांजे की खेती तो नहीं कर रहे होंगे आश्चर्य तो इस बात को लेकर है कि लगातार नशे के खिलाफ मुहिम चलाने वाली पुलिस अगर इस तरह की ग्रामीण क्षेत्रों में अपने मुखबिरों के जाल या पुलिस के खुफिया तंत्र के बुते जानकारी जुटाने में थोड़ा रुचिकर होगी तो हो सकता है गांजा के पौधे और खेती करने जैसे अनेक प्रकरण सामने आ सकते हैं बशर्ते पुलिस मामले को संजीदगी से ले।

### गांजा पर लगती है कौन सी धारा

कैनाबिस के पौधे के तने एवं पत्तियों से गांजा तैयार किया जाता है लेकिन एनडीपीएस एक्ट समस्त कैनाबिस के पौधे के संबंध में ही प्रावधान करती है। धारा 20 इससे संबंधित अपराध के मामले में दंड का प्रावधान करती है।

### यह अधिनियम में प्रस्तुत धारा 20 का मूल रूप है

धारा 20. कैनेबिस के पौधे और कैनेबिस के संबंध में उल्लंघन के लिए दंड-जो कोई, इस अधिनियम के किसी उपबंध या इसके अधीन बनाए गए किसी नियम या निकाले गए किसी आदेश या दी गई अनुज्ञप्ति की शर्त के उल्लंघन में,-

(क) किसी कैनबिस के पौधे की खेती करेगा; या (ख) कैनेबिस का उत्पादन, विनिर्माण, कब्जा, विक्रय, क्रय, परिवहन,अंतरराज्यिक आयात, अंतरराज्यिक निर्यात या उपयोग करेगा-(द्व) जहां ऐसा उल्लंघन खंड (क) से संबंधित है वहां, कठोर कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी और जुर्माने से भी, जो एक लाख रुपए तक का हो सकेगा।

# सांसद संतोष पांडे सदस्यता अभियान को सफल बनाने की अपील

**डोंगरगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव लोक सभा के , दूसरी बार निर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के आह्वान पर पूरे देश में चल रहे महा सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु अपने दायित्व का भलीभांति निर्वाहन करते हुए अपने लोक सभा क्षेत्र के सुदूर जिले मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला के निर्धारित कार्यक्रम को संपन्न कर राजनांदगांव लौटते समय डोंगरगांव नगर में कार्यकर्ताओ के आग्रह को स्वीकर करते हुए डोंगरगांव नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण गुप्ता के प्रतिष्ठान में रुक कर नगर के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से मिल कर सभी का कुशल क्षेम लिया, साथ ही सदस्यता अभियान को सफल बनाने विनम्र अपील करते हुए, नगर के पूर्व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व सदस्य खोम राज देवांगन पूनाराम देवांगन को अपने रेफरल कोड़ के माध्यम से सदस्यता दिलाई। साथ ही उपस्थित समस्त जनों से मोदी के इस महा अभियान से जुड़ने वा सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। व्यवस्तम कार्यक्रम के पश्चात भी उनका इस तरह कार्यकर्ताओं के बीच उपस्थित होना आग्रह को स्वीकर करते हुए सरलता से मिलना उनके सरल व्यक्तित्व, व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक व समर्पित होने के साथ अपने दायित्वों को भली भांति निभाने की कुशलता को प्रदर्शित करता है। जरुरत मंद मिलने आए कुछ नागरिकों को अपने तरफ से त्वरित सहायता राशि भी प्रदान करते हुए अपने उदारता का परिचय दिया। ईस दौरान नगर के भाजपा नेता गुलशन हिरवानी , मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, प्रदेश पिछड़ा वर्ग के सदस्य रमजान बडगुजर, विधि प्रकोष्ठ संयोजक सतीष पाण्डेय, नगर के अनिल टावरी, राजेन्द्र ठाकुर, आलोक श्रोती, विकास गुप्ता, सुयश गुप्ता, गोपीचंद नंदेश्वर आदि लोगों ने भेंट की तत्पश्चात सांसद संतोष पाण्डेय ने वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ नीरेंद्र साहू के जन्मदिन के अवसर पर उनसे भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं व बधाईयां भी दी।



# आदतन अपराधी शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ के आरोप में पहुंचा जेल

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रार्थिया ने आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि ग्राम फरहद निवासी गुलशन देवांगन प्रार्थिया को बहुत प्यार करता हूं कहकर बुरी नियत से हाथ बांह पकड़कर मुझसे इसी तरह मिल अपने पति को मत बताना कहकर गंदी-गंदी बात करने लगा, तब प्रार्थिया जाने लगा तब आरोपी द्वारा तुम किसी को कुछ नहीं बताओंगे कहकर परिवार वालों का कसम देने लगा और छोड़ा इन सब घटना के बारे में प्रार्थिया अपने परिवार को बताई तो प्रार्थिया के पति द्वारा गुलशन को फोन कर घर बुलाने पर वह फरसा लेकर घर आया और प्रार्थिया के परिवार वालों को फरसा लेकर जान से मारने के लिए दौड़ाने लगा जिसे प्रार्थिया व उसकी सास बीच बचाव किये जो आरोपी गुलशन द्वारा थाना में रिपोर्ट लिखाओगे तो तुम्हारे पति एवं परिवार को जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा कि रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 444/2024 धारा 74,75,351(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



■ आरोपी द्वारा बुरी नियत से करता था पीड़ित को परेशान

मामला गंभीर प्रकृति का होने से कायमी की सुचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित किया* जाकर दौरान विवेचना के आरोपी *गुलशन देवांगन पिता स्व0 सोहन देवांगन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम फरहद थाना लालबाग को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म श्वीकर करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त फरसा को जप्त कर प्रकरण में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया। आरोपी की गिरफ्तारी की सुचना परिजनो को दिया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक गीतांजली सिन्हा, आर0 राकेश, कमलकिशोर की सराहनीय भूमिका रही।

# 30 टन किताबें राजनांदगांव के गोदाम से बिकी: क्रिष्टोफर पॉल

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कबाड़ में किताब मामलें में अब छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम राजनांदगांव डिपो प्रभारी श्रीमती निलिमा बड़गे भी घेरें में है, क्योंकि सोमवार को जांच अधिकारियों के समक्ष कबाड़ियों ने अपने कथन में बताया है कि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम राजनांदगांव गोदाम से भी उन्होंने लगभग 30 टन किताबें अगस्त माह में खरीदी थी, जिसको लेकर सोमवार को एससीईआरटी ऑफिस रायपुर में राजनांदगांव डिपो प्रभारी श्रीमती निलिमा बड़गे से लगभग दो घंटे गहन पूछताछ कर लिखित कथन दर्ज कराया गया है।



सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार स्टेट स्कूल परिसर में स्थित छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से करीब 2 लाख की किताबें अगस्त माह में कबाड़ियों को बेचे गए थे, इसी गोदाम में संकुलों से बची किताबों को डंपकर प्रतिवर्ष कबाड़ियों को बेचे जा रहे थे, इस गोदाम की चाबी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ किताब प्रभारी निश्चय रामटेके के पास रहती है, इसके आलाव स्टेट स्कूल के कमरा नंबर 10 में भी है किताबें डंप है, इससे पूर्व भी फरवरी 2021 में छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल की लिखित शिकायत पर कार्यवाही हुई थी।

श्री पॉल का कहना है कि, फरवरी 2021 में भी जिले के सभी जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित में यह बताया था कि राजनांदगांव पाठ्य पुस्तक निगम डिपो से छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें कबाड़ियों के जरिए पेपर मिल में बिक रही है, हमारी लिखित शिकायत सही पाया गया, धनलक्ष्मी पेपर मिल डोंगरगांव में राजनांदगांव डिपो की किताबों की जप्ती की गई, तत्कालीन डिपो प्रभारी यशोधरा सरोते को निंलबित किया गया। कुछ माह पश्चात उसे बहाल कर पुन: मुख्य कार्यालय में पदस्थ कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया, लेकिन किताबें कबाड़ियों के जारिए आज तक बिकना बंद नहीं हुआ। अब जब दुर्ग और रायपुर के कबाड़ियों को पकड़ा गया तो उन्होंने राजनांदगांव गोदाम से किताबें खरीदना स्वीकार किया है, तो अब राजनांदगांव डिपो प्रभारी से पूछताछ की जा रही है। हमारी मांग पूर्व में भी यही थी और अब भी यही है कि डिपो प्रभारी और डीईओ कार्यालय के किताब प्रभारी को जेल भेजा जाना चाहिए, और ऐसे लोगों की सेवा समाप्त किया जाना चाहिए, अन्यथा यह खेल चलता ही रखेगा, क्योंकि निलंबन के कुछ महीने पश्चात बहाली हो जाती है और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण व ओबीसी जनगणना के लिए महासभा ने निकाली विशाल मशाल रैली

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई के आव्हान व ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, प्रदेश महासचिव एवं अधिवक्ता महेन्द्र वर्मा, सहसचिव पुनेश्वर देवांगन एवं मनसुखदास साहू, बालोद ब्लाक अध्यक्ष पवन साहू की उपस्थिति में राजनांदगांव जिला ओबीसी महासभा के अध्यक्ष अधिवक्ता नरेश गंजीर व महिला अध्यक्ष श्रीमती कांति मौर्य के नेतृत्व में ऊर्जावान कार्यकर्ताओं एवं सभी ओबीसी समाज के जिला अध्यक्षों, ब्लाक अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दिनांक 30 सितंबर को सांय 5.30 बजे मशाल रैली के साथ जय स्तंभ चौक राजनांदगांव से प्रारंभ कर मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक होते हुए जीई रोड़ चलते हुए भदौरिया चौक से कलेक्टर कार्यालय जाकर कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ओबीसी समाज में से साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू, देवांगन समाज के नगर अध्यक्ष दयावान देवांगन, लोधी समाज के शहर अध्यक्ष चेतन वर्मा, यादव समाज के संरक्षक शीलू यादव, निषाद समाज के संरक्षक विजय लाल निषाद, गडरिया पाल समाज के जिला अध्यक्ष खिलेश्वर पाल, सिन्हा कलार समाज के संरक्षक दीपक ड़डसेना, लोहार विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष राधेलाल विश्वकर्मा, नगर साहू समाज के अध्यक्ष कुलेश्वर दास साहू, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के संयोजक भागवत साहू, लक्ष्मीकांत साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुदेश टीकम, मदन साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, जोहार पार्टी के शहर अध्यक्ष लेखू साहू, महेश कुमार यादव, इंजी. जीआर देवांगन, छगन साहू, नरेंद्र विश्वकर्मा शिवशंकर, संदीप कोलहटकर, प्रहलाद फुले, वासुदेव, कुंती साहू, दिलेश्वरी रावटे, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के हुकुमचंद बांधे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। ओबीसी समाज के लिए दो प्रमुख मांगों जिसमें से छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने एवं ओबीसी समाज का राष्ट्रीय जनगणना कराने का, आजाक्स राजनांदगांव के प्रमुख डॉक्टर प्रोफेसर केएल टांडेकर, सिद्धार्थ चौरे, श्री अनोखे अपने पदाधिकारियों सहित प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर ओबीसी महासभा को समर्थन देते हुए सभा को संबोधित किया।



ओबीसी समाज के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर अजा, अजजा एवं पिछड़ा वर्ग पर हो रहे अत्याचार व हिंसा को रोकने तथा अपने 21 सूत्रीय मांगों की तख्ती लेकर जय ओबीसी-जय संविधान, सारे अजा-अजजा व ओबीसी एक समान, ओबीसी जनगणना कराना होगा, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक में हस्ताक्षर करना होगा, आदि मांगों की नारे व जयकारे के साथ भारी से भारी संख्या में चलकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# भाजपा कर रही अन्याय अत्याचार, कांग्रेस कर रही न्याय यात्रा की बहार: शाहिद भाई

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की अगुवाई में राज्य की भाजपा सरकार के अन्याय अत्याचार और बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जो पदयात्रा प्रारंभ की गई है उसे व्यापक जन समर्थन मिलने का दावा करते हुए छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पदयात्रा में शामिल हुए शाहिद भाई ने कहा कि 9 माह में छ ग की भाजपा सरकार निष्क्रीयता के चलते जिला कार्यालय जलने एवं पुलिस की बर्बरता उजागर हुई है रेत माफिया, अपराधियो के हौसले बुलंद हैं पी एम आवास स्वीकृति होते ही सीमेंट की दरों में बढ़ोतरी, महतारी वंदन के नाम पर धोखा जैसे ज्वलंतशील मुद्दों के कारण भाजपा राज्य में अलोकप्रिय होने के साथ अन्याय अत्याचार कि प्रतीक बन चुकी है जनता को राहत देने और भाजपाई अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का आगाज किया गया है इस यात्रा में राजनांदगांव सांसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनता यात्रा में शामिल होकर जन आवाज बन रहे है छ ग की पवित्र भूमि गिरोधपुरी धाम से यह यात्रा 27 सितम्बर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर को राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आमसभा के साफ संपन्न होगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी जनता के दुख परेशानियों को देखते हुए न्याय पदयात्रा का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया और उस निर्णय में प्रदेश कांग्रेस के सभी शीर्ष नेता अपनी सहभागिता के साथ पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं इससे वह दिन दूर नहीं जब राज्य की जनता के लिए कांग्रेस की न्याय पदयात्रा रूपी आंदोलन से सुख शांति एवं न्याय का मार्ग प्रशस्त होगा



# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के 5वे दिन हफीज हुए शामिल

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के 5वे दिन सारागांव से सड्डू रायपुर पहुंची न्याय यात्रा मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का स्वागत अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता हफीज खान ने साथियो सहित जोरदार न्याय यात्रा का स्वगात फूल माला से किया। साथ ही यात्रा में भाग लेकर न्याययात्रियो के साथ पैदल यात्रा की। न्याय यात्रा मे मुख्य रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, विधायक गण एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन न्याय यात्रा मे आज शामिल रहे।



# निगम के सामान्य सभा की चर्चा उपरांत विषय सर्व सम्मति से पारित, लगातार होता रहा तकरार

राजनांदगांव, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की निगम सभागृह में शेष 7 विषयों पर आज 1 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से आहुत बैठक में 1 विषय प्रक्रिया पूर्ण करने वापस की गयी तथा शेष 6 विषय चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित किया गया।

आज शेष 7 विषयो पर आयोजित बैठक में सभी विषयो में पार्षदों द्वारा क्रमानुसार चर्चाकर निर्णय लिया गया, जिसमें विषय क्रं. 5 में स्वर्ग रथ का शुल्क निर्धारण एवं विषय 6 जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने पर सदस्यों ने चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित किया। वही मिशन क्लीन सिटी परियोजना अंतर्गत उपभोक्ता शुल्क की वसूली संपत्तिकर, समेकितकर के साथ जोड कर वसूली किये जाने संबंधी विषय को प्रक्रिया पूर्ण करने वापस किया गया। शेष विषयों क्रमश: विषय क्रं. 8, 9,10 व 11 में, फ्लाई ओव्हर के नीचे रिक्त स्थल पर वाहन पार्किंग व्यवस्था नियम शर्तो एवं दर की स्वीकृति, लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एवं अनुमोदन तथा रेल्वे स्टेशन पुराने सफाई कार्यालय के दुकानों की स्वीकृति के अलावा अंतिम विषय में हाट बाजार व्यवसायिक परिसर स्थित प्रथम तल की दुकान क्रं. 1 से 14 एवं दुकान क्रं. 16 से 20 तक की प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित की गयी।



सभी विषयों में सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, चर्चा उपरांत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया, उसके पश्चात क्रम से सभी विषय सर्व सम्मति से पारित किया गया। सामान्य सभा की बैठक में दोनो दिन उपस्थिति के लिये निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता ने महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों व पत्रकारों एवं अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक के अंत में पूर्व नामांकित पार्षद झम्मन देवांगन के पुत्र मयंक देवांगन के आकस्मिक स्वर्गवास पर उन्हें दो मिनट की मौन श्रद्धांजली दी गयी।

### आज विधानसभा अध्यक्ष स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता दीदियों का करेंगे सम्मान

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आज विधानसभा के प्रवास पर 11:30 बजे विधानसभा कार्यालय पहुंचेंगे, जहां से दोपहर 11:40 बजे दुर्गा चौक लखोली पहुंचकर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महात्मा गांधी जी की मूर्ति में माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 1 बजे डॉ रमन सिंह गांधी सभागृह,जीई रोड, म्युनिसिपल स्कूल पहुंच कर स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता दीदियों के सम्मान समारोह में शामिल होंगे।



# शहर की 6 वर्षीय सिमरन को बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिये सीएम ने स्वीकृत किये 18 लाख

■ सांय सरकार का प्रशंसनीय कार्य

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा थैलेसेमिया मेजर (रक्त विकार) की गंभीर बिमारी से जूझ रही राजनांदगॉव शहर की 06 वर्षीय मासूम बच्ची सिमरन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अनुशंसा पर बोनमैरो ट्रांन्सप्लांट किये जाने हेतु 18 लाख रूपये की राशि दिनांक 24.09.2024 को स्वीकृत की गई है। उक्त राशि संबंधित अस्पताल न्यू ऐरा चाईल्ड केयर हॉस्पिटल नागपुर के खाते में भुगतान करके पीड़ित निर्धन बालिका के ईलाज एवं बोनमैरो ट्रान्सप्लांट ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। कु. सिमरन के पिता श्री प्रीतम सिंह, वार्ड नं.19, ममता नगर, गली नं.03, गुलमोहर कॉलोनी, के निवासी है, जो साधारण परिस्थिति के कारण अपनी पुत्री के ईलाज का भारीभरकम व्यय सहन करने में असक्षम है। इलाज स्वीकृति आदेश की एक प्रति पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने हॉथों से 06 वर्षीय नन्ही बालिका कु. सिमरन के समक्ष उनके पिता प्रीतम सिंह, बड़े पापा पवन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुपर्ण सिंह बघेल, भाजपा नेता राजेन्द्र जैन (बंटू) की उपस्थिति में प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने कु0 सिमरन को गुलदस्ता भेंट करते हुए उससे हाथ मिलाया और इस नन्ही बालिका को स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखद जीवन के लिये शुभकामना दी। परिजनों के द्वारा इलाज हेतु राज्य शासन से इतनी बड़ी आर्थिक मदद स्वीकृत होने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 रमन सिंह , सांसद संतोष पाण्डे , एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को बारम्बार धन्यवाद देते हुए उनके प्रति कृतज्ञता एवं आभार प्रकट किया गया है। पूर्व सांसद ने बताया की राजनांदगॉव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विगत 03 माह में 5 विभिन्न प्रकरणों में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से कुल राशि 29,47,770 रू. गंभीर रूप से पीड़ित निर्धन मरीजों को संबंधित अस्पताल के लिये जारी कर लाभान्वित किया गया है, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, छ.ग.विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगॉव विधायक डॉ. रमन सिंह जी, सांसद राजनांदगॉव संतोष पाण्डे जी के संयुक्त प्रयासों का नतीजा है। उन्होंने आगे बताया कि संसदीय क्षेत्र की मरीज श्रीमती राजकुमारी सिन्हा पति श्री भुनेश्वर कुमार सिन्हा, ग्राम भोथी पोस्ट जालबांधा, जिला के0सी0जी0 को लीवर संबंधी गंभीर बिमारी के ईलाज हेतु अपोलो हास्पिटल हैदराबाद में चिकित्सा हेतु 24.09.2024 को 257800 रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके पूर्व 13.08.2024 को भी राजनांदगॉव शहर की मरीज कल्याणी यादव, पिता सुदेश यादव निवासी शंकरपुर रामनगर, राजनांदगॉव को संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपुर में इलाज हेतु 3,25,600 रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। दिनांक 13.08.2024 को ही चमेलीबाई साहू, पिता थानसिंह साहू, निवासी ग्राम कुसमी (पारीखुर्द), राजनांदगॉव को 3,26,770 रू. की राशि एम्स रायपुर में हृदय धमनी बाईपास शल्यक्रिया हेतु स्वीकृत की गई है। इसके पूर्व दिनांक 26.07.2024 को शब्बर अली नकवी, आत्मज नियाज अली निवासी गौरीनगर राजनांदगॉव को 2,37,600 रू. की राशि हेमोडायलिसिस उपचार हेतु आरोग्यम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग के नाम से जारी किया गया है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे उक्त सभी मरीजों के परिजनों द्वारा राजनांदगॉव के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से प्रत्यक्ष मुलाकात कर मरीज के इलाज का आवेदन पत्र देते हुए शासन से सहायता उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया था, जिसपर त्वरित कार्यवाही की गई है।



# महाविद्यालय डोंगरगांव में स्वच्छता शपथ

**डोंगरगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जी को नमन करते हुवे भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक, स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया इसी कड़ी में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के निर्देशन व रासेयो प्रभारी बालक डॉ.आशाराम साहू के मार्गदर्शन में आज दिनांक 01/10/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डोंगरगांव के तत्वावधान में प्राचार्य के द्वारा महाविद्यालय में स्वच्छता के संबंध में सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई और उनसे अपेक्षा भी की गई कि वह इस शपथ को सार्थक भी करे और ज्यादा से ज्यादा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव पैदा करे! स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण में डॉ. ए.के.धमगाये रेणुका ठाकुर, गणेश कुमार नेताम शिवनाथ देवांगन ,चंदन कुमार, आशा वर्मा, संध्या मेश्राम, चंदू वर्मा,एकलव्य साहू, खोमू दास शिल्पी वासनिक, नारायण दास आदि सभी विषय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे,कार्यक्रम में रा.से.यो. बालक एवं बालिका दोनों इकाई के अलावा महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई! रा.से.यो.के वरिष्ठ स्वयं सेवक दानेश्वर साहू के अलावा सत्यम वैष्णव,देवनारायण माली, खेमचंद साहू, झनक लाल मुकेश कुमार, पूजा साहू, करीना,मुस्कान,डोमेश्वरी आदि भी उपस्थित थे



# प्रादेशिकी



## संपादकीय

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी चिंतनीय

छत्तीसगढ़ से हाल ही में शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस पर दोबारा हुई पत्थरबाजी चिंताजनक है। दुर्ग से विशाखापतनम तक चलने वाली इस ट्रेन पर ट्रायल रन के दौरान ही पत्थरबाजी हुई थी। महासमुन्द के पास इस पर पत्थर चलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अभी यह मामला ठंडा हुआ भी नहीं हुआ है कि शनिवार की रात को ऐसी ही घटना हो गयी। हालांकि जब इस पर पत्थर चले तब वह पड़ोसी राज्य ओडिशा के नुआपाड़ा जिले में खरियार रोड स्टेशन के पहले थी। कोच क्रमांक ई-2 के सीट नंबर 34-35 की खिड़की पर किन्हीं अज्ञात तत्वों ने पत्थर फेंके। चूंकि उस ट्रेन कोच में केवल दो ही यात्री थे, कोई घायल नहीं हुआ। इससे खिड़की के शीशे तड़क गये। इसकी जानकारी टीटीई को उन्हीं दो यात्रियों ने दी। इसकी शिकायत दर्ज की गयी है और असामाजिक तत्वों की छान-बीन की जा रही है।

प्रदेश से चलने वाली यह दूसरी वंदे भारत ट्रेन है जो बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें विशाखापतनम जाने वाले ज्यादातर इसी प्रदेश के लोग होते हैं। इसे केवल यह कहकर उपेक्षित नहीं किया जा सकता कि पथराव की यह घटना दूसरे राज्य में घटी है। साफ है कि यह हर उस राज्य के नागरिकों की सुरक्षा का मामला है जहां से होकर यह गुजरती है। रेलवे को चाहिये कि जिस मार्ग से यह ट्रेन गुजरती है उस पूरे मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था हो। सुरक्षा के अलावा यह राष्ट्रीय सम्पत्ति का भी मामला है। इसका होने वाला कोई भी नुकसान नागरिकों की अपनी हानि है।

अपराधियों की धरपकड़ इसलिये आवश्यक है क्योंकि यदि ऐसी घटनाएं बार-बार हुई तो लोग इस ट्रेन से यात्रा करने में घबराएंगे। वैसे भी इस ट्रेन का किराया काफी ज्यादा होने से इनमें यात्रियों की संख्या काफी कम होती है। इसी घटना में देखें तो जिस कोच पर पत्थर चलाये गये, उसमें केवल दो ही लोग थे। यदि यह ट्रेन भरी होती तो किसी का घायल होना तय था। यह संदेश लोगों तक नहीं जाना चाहिये। वरना पहले से घाटे में चल रही यह ट्रेन और भी नुकसान उठाकर चलेगी। छग के बिलासपुर से इतवारी तक चलने वाली दूसरी ऐसी ही ट्रेन है। पथराव का असर उस ट्रेन पर भी पड़ेगा और उसमें भी यात्रियों की संख्या घटेगी जिसके चलते उसका भी राजस्व नुकसान बढ़ेगा। अधिक घाटे से यह ट्रेन ही बंद हो सकती है।

देश भर में जितनी भी ऐसी ट्रेनें चल रही हैं, उनमें से कई ट्रेनों पर पथराव हो चुके हैं। सरकार इसे कोई साजिश बतलाती है। ऐसा है तो उसका पर्दाफाश करना और इन ट्रेनों से यात्रा को निरापद बनाना सरकार और रेलवे का ही काम है। यात्रियों को सुरक्षित माहौल में यात्रा की सुविधा देना रेलवे एवं सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।

## उल्टा पुल्टा

बैंक की कैशियर ने खिड़की पर खड़े आदमी को कहा 'पैसे नहीं है'।
ग्राहक- और दो मोदी माल्या को पैसा, सारे पैसे लेकर भाग गए विदेश में
कैशियर ने खिड़की में से हाथ निकाला और उसकी गर्दन दबोच कर कहा 'साले बैंक में तो है तेरे खाते में नहीं है' भिखारी।

## जतमई मार्ग पर सड़क हादसा दो बाइक टकराई मौके पर 1 की मौत, दूसरा अस्पताल में तोड़ा दम



**राजिम/पांडुका,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। रजनकटा पांडुका मार्ग के यादव होटल के पास दो बाइक आपस में टकराई जिसमे। मौके पर एक युवक की मौत हो गयी ।अन्य बाइक वाले गंभीर रूप से घायल हो गए थे घटना बीती रात्रि सोमवार की है लगभग 8 बजे के आसपास बताई जा रही जिसमे। पंडरी तराई के 3 युवक पाण्डुका से अपने गांव जा रहे थे और तीनों लोग एक बाइक में सवार थे ।दूसरी बाइक जो रजनकटा से पाण्डुक तरफआ रही थी जो कोसमी गरियाबंद के रहने वाले थे इस दंपत्ति जो अपने परिवार सहित जिसमें 2 साल की बच्ची भी थी ।

आपस में टकराई बाइक से कोसमी निवासी का 1 युवक का मौके पर मौत हो गया तो वही उसकी बीवी की हालत गंभीर थी जिसे अस्पताल भेजा गया साथ ही उनके दो वर्ष की बच्ची सकुशल थी ।तो वही पंडरी तराई के तीन युवक जो एक बाइक में सवार थे गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें पांडुका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से फिर रायपुर रिफर कर दिया गया जिसमें से बीती रात्रि लोकेश्वर यादव पिता मोतीराम यादव 23 वर्ष का रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया तो दूसरे युवक खुमान साहू पिता तेजराम साहू 21 गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे। जिसका रायपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा है तो तीसरे अभिषेक ध्रुव पिता पंच राम ध्रुव 20 वर्ष नयापारा में इलाज चल रहा है।

इस दुर्घटना को देखने वालों का हुजूम उमर पाड़ा जिसने भी देखा सब की आंखें नम हो गई क्योंकि इस एक्सीडेंट में बच्ची सड़क किनारे दूर फेंका गई थी और जिसके रोने की आवाज सुनकर भीड़ में से किसी ने अपने गोद में लिए था।और उसके पिता का मौके पर मौत हो गया था।

## अवैध शराब की बिक्री को लेकर महिलाएं हुई लामबंद

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसडोल नगर के हड़हाचौक वार्ड नंबर 7 में लगातार अवैध शराब की बिक्री, गांजा, जुआ खेलने को लेकर वार्ड की महिलाएं लामबंद हो गई है। कसडोल नगर में उक्त गतिविधियों के खिलाफरैली निकालकर थाना प्रभारी कसडोल के नाम एएसआई को ज्ञापन सौंपा है।



आपको बता दे कि यहाँ की महिलाओं ने 3 दिनों तक मीटिंग आहूत कर निर्णय लिया कि अगर वार्डो में अवैध शराब की बिक्री की गई तो पहले उसे समझाइस दी गई जब उसके द्वारा अवैध शराब की बिक्री बंद नही की गई तो आज शाम सैकड़ो की संख्या में महिलाएं आक्रोशित होकर थाना पहुँची। और थाना प्रभारी के नाम एएसआई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महिलाओं ने कहा कि वार्ड में कोचियों के द्वारा शराब की सप्लाई किया जा रहा है। साथ ही सुबह-शाम शराब की बिक्री बेधड़क हो रहा है, जिसके कारण वार्ड की वातावरण बद से बत्तर हो गया है। अवैध कारोबार से मासूम बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है, जिसके कारण महिलाएं आक्रोशित है। ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने पुलिस प्रशासन को चेताया कि अगर 24 घंटे के भीतर उचित और अग्रिम कार्रवाई नही की गई तो महिलाओं के द्वारा धरना प्रदर्शन सहित उचित कदम उठायी जायेगी इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कसडोल कौशल किशोर वासनिक पहुँचे और महिलाओं को आश्वस्त किया की अवैध शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफतत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी तरह की समस्या आने पर सीधे उनके पास शिकायत की जा सकती है। इसके बाद महिलाएं शांत हुई।

रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से बुधवारा, नीलिमा यादव, रामबाई, पंचकुशी, मोगरा, रामेश्वरी, सीताबाई, सुमित्रा, केजा, टिकेतीन, कमलेशवरी, सुनीता, सविता कर्ष, रुखमनी, सरिता कर्ष, संगीता, ललिता, गौरीबाई, पुनीबाई, रामकुवार, भूखीनबाई, पूर्णिमा, सुनीता कैवर्त, बोटबाई ध्रुव, रजनी, रामबाई, ननकी बाई, मीराबाई, सुशीला बाई, नारिमाती पटेल, कौशिल्या, इंदुबई, चम्पा, सुनीता, उर्मिला, निरपति, रुक्मणी साहू, चन्द्रिका, सरिता साहू, नेहा, कमल कैवर्त, रामकुमारी, पार्वती, गनेशिया, सरस्वती, लक्ष्मीन, कशरबाई, उमा, समारीन, सुक्रिता, तुलसी, अमरीका, लक्ष्मीन साहू, सुक्रिता बाई, जमुना साहू, अनुराधा सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

**इनका कहना है**-अवैध शराब की बिक्री को लेकर महिलाएं थाना पहुँची हुई थी अवैध शराब बेच रहे कोचियों के खिलाफतत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**-कौशल किशोर वासनिक, एसडीओपी, कसडोल**

## करणी कृपा पॉवर प्लांट प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस

**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह ने प्रबंधन कारखाना मेसर्स करणी कृपा पावर प्लांट, खैरझिटी तहसील व महासमुंद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने नोटिस में कहा है कि 08 सितंबर 2024 को दुर्घटना घटित होने से 03 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुये थे तथा दो श्रमिकों की ईलाज के दौरान क्रमश: 12 सितंबर को भारत वर्मा एवं 14 सितंबर को खिलेश्वर साहू की मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना आपके द्वारा जिला प्रशासन को नहीं दी गई थी। जबकि छग कारखाना नियमावली 1962 के नियम 108 ,2 के अनुसार यदि किसी कारखानें में कोई ऐसी दुर्घटना या अनुसुची में विनिर्दिष्ट की गई कोई ऐसी खतरनाक घटना हो जाए, जिसके परिणाम स्वरूप किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए या किसी व्यक्ति को ऐसी क्षति पहुँचे जिसके परिणाम स्वरूप उसकी मृत्यु होने की संभावना हो तो, उसकी सूचना कारखानें के प्रबंधक द्वारा जिला मजिस्ट्रेट, उपखंडीय अधिकारी एवं निकटतम थानें के पुलिस अधिकारी को दिये जाने का प्रावधान है। उक्त दुर्घटना की जानकारी 22 सितंबर को सोशल मीडिया एवं अखबारों में उक्ताशय की खबर प्रकाशित होने पर जिला प्रशासन को प्राप्त हुई। अत: उक्त दुर्घटना की जानकारी आपके द्वारा नहीं दिये जाने के संबंध में 03 दिवस की भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने व बताने नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न आपके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावे।



### करणी कृपा पावर प्लांट के दुर्घटना क्षेत्र को किया गया सील

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह के आदेश के तहत 30 सितंबर करणी कृपा पावर प्लांट की दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र को सील कर दिया गया है। श्रम पदाधिकारी देवेंद्रनाथ पात्र एवं सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मनीष कुंजाम द्वारा यह कारवाई किया गया। ज्ञात है की 8 सितंबर को घटित गंभीर घटना की पुन: जांच हेतु कारखाने में अधिकारी अपस्थित हुये। दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण में गैस कॉडिंग टावर के चारों ओर लगभग 20 मीटर क्षेत्र को श्रमिकों की सुरक्षा हेतु समस्त उपाय अपनाए जाने एवं उन्हें कार्य अनुरूप आवश्यक सुरक्षा उपकरण श्रमिको को कार्य के दौरान अपनाए जाने तक प्रतिबंधित किया गया है।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेताओं को विधायक सिन्हा ने किया पुरस्कृत

**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला बैडमिंटन संघए खेल एवं युवा कल्याण तथा राज्य बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में योनेक्स सनराइज 23 वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 सितंबर तक बैडमिंटन हॉल फॉरेस्ट विद्यालय महासमुंद में आयोजित किया गया। जिसका समापन समारोह 30 सितंबर को हुआ। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने की। विशिष्ट अतिथि में पारस चोपड़ा, प्रलय थिटे, रिवर्डल वर्ल्ड स्कूल से रविन्द्र तिवारी, शैलेंद्र चोपड़ा, सन्नी लुनिया, अमित चोपड़ा, जितेंद्र चंद्राकर, गिरधर यदु, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, जिला बैडमिंटन संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 13 जिलों के 98 बालक बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। अपने उद्बोधन में खिलड़ियों को आशीर्वचन के रुप में विधायक योगेश्वर राजू सिंहा नें कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, खिलाड़ी जब मैदान में उतरता है तो वो उसकी पहली जीत होती है हार या जीत मायने नहीं रखती है। अतिथियों द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को चेक, ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।




बालक सिंगल में वैभव बिलासपुर एवं बालिका सिंगल में इशिका पोद्दार रायपुर बनीं विजेता

प्रतियोगिता में बालक बालिका कैटेगरी में विजेता खिलाड़ी इस प्रकार है. बॉयज सिंगल में विजेता वैभव सिंह बिलासपुर व उपविजेता दिव्यांश अग्रवाल रायपुर रहें। बॉयज डबल में विजेता दिव्यांश अग्रवाल रायपुर एवं मानस भट्टाचार्य बिलासपुर रहें। गर्ल्स सिंगल में विजेता इशिका पोद्दार रायपुर व उपविजेता रेवा राजे रायपुर बनी। गर्ल्स डबल में विजेता राशि मल एवं श्वेता परदेशी रायपुर व उपविजेता भाव्या सिंह व रेवा राजे दुर्ग रहें। मिक्स डबल में विजेता सौरभ साहू एवं माही सेन रायपुर बने एवं उपविजेता दिव्यांश अग्रवाल व श्वेता परदेशी रायपुर रहें। 30 सितंबर पांचवे दिन खेले गए सभी फ़ाइनल मैच में सर्वप्रथम मिक्स डबल फ़ाइनल मैच में रायपुर के सौरभ साहू एवं माही सेन की जोड़ी ने रायपुर के ही दिव्यांश अग्रवाल व श्वेता परदेसी की जोड़ी को 21.18, 21.23, 21.18 से हराकर विजेता बने, दूसरे गर्ल्स सिंगल के फ़ाइनल मैच में रायपुर के रेवा राजे को रायपुर की इशिका पोद्दार ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 11,21, 21.13, 21.11 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बॉयज सिंगल इवेंट में बिलासपुर के वैभव सिंग ने काफी उलटफेर करते हुए रायपुर के दिव्यांश अग्रवाल को 19.21, 21.05, 21.10 से हराकर फ़ाइनल का खिताब अपने नाम किया। गर्ल्स डबल में रायपुर की राशि मल एवं श्वेता परदेशी की जोड़ी ने दुर्ग के भाव्या सिंग व रेवाराजे की जोड़ी को 21.17, 21.18 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## आवास प्लस के छूटे हुए हितग्राहियों के नाम जोड़े जायेंगे सभी पात्र हितग्राही अपना नाम जुड़ाएं : चंद्रशेखर साहू

**राजिम,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य व राजिम क्षेत्र के भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार सभी पात्र हितग्राहियो को आवास देने के लिए प्रतिबद्ध है इसके लिए 2018 के आवास प्लस की सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियो का भी अब नाम आवास योजना के लाभुकों की श्रेणी में जोड़ा जायेगा जिसके लिए अगले माह से ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव व आवास मित्रों के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि इसके संबंध में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवाज योजना को लेकर अपडेट दिया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में कुछ बदलाव किए हैं। इस बदलाव के बाद हितग्राहियो बड़ा लाभ मिलेगा और छूटे हुए नाम भी जोड़े जाएंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 2018 में आवास प्लस का सर्वे हुआ था। इसमें कई नाम छूट गए थे। ऐसे में छूटे हुए नामों को जोड़ना है। इसके लिए अगले महीने से सर्वे की शुरुआत हो जाएगी। सर्वे में छूटे हुए नामों को फिर से जोड़े जाएंगे। वहीं पीएम आवास के लिए अब चार शर्तों में छूट दी गई है।



इससे गरीब लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। पहले यह था कि जिनके पास बाइक होती थी, उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिलता था। केंद्रीय मंत्री की घोषणा के बाद अब बाइक वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। दूसरी शर्त यह हटा दी गई है कि पहले 10000 से अधिक की कमाई वाले लोगों को पीएम आवास नहीं मिलता था। अब इसकी सीमा बढ़ाकर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हेतु श्रवण कुमार साहू केशकाल में सम्मानित हुए

**राजिम,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानस दर्शन जीवन अर्पण मंच ने अञ्चल के ख्यातिनाम साहित्यकार, शिक्षक,एवम तुलसी के राम मानस परिवार राजिम के व्याख्याकार श्रवण कुमार साहू को सम्मानित कियाद्य 28 एवम 29 सितंबर को केशकाल के बोरगाँव में राज्य स्तरीय मानस दर्शन जीवन अर्पण के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय भव्य मानस सम्मेलन का जिसमें प्रदेश की ख्यातिनाम मानस मंडलियों की भव्य प्रस्तुति हुई,वही अयोध्या से पधारे संत सीताराम शरण महाराज गोलापीठ आश्रम की आध्यात्मिक एवम जीवंत प्रवचन भी सुनने को मिला,इस अवसर पर मानस से जुड़े हुए प्रदेश के विभिन्न हस्तियों को अलग अलग विधाओं के लिए सम्मानित किया गया जिसमें मानस दर्शन जीवन अर्पण 4.0 के तहत जरा याद करो कुर्बानी शीर्षक के अंतर्गत राज्य स्तरीय आन लाइन काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त राजिम के साहित्यकार श्रवण कुमार साहू, संत श्री सीताराम शरण जी महाराज के कर कमलों से,सम्मानित किया गया >> शेष पृष्ठ 9 पर >



## जिन घरों में बुजुर्गों की कद्र नहीं वहां संस्कारों का अभाव : विधायक सिन्हा

**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मंगलवार को जिला मुख्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन खैरा बागबाहरा रोड महासमुंद में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा एवं अन्य अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्य अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरीनंद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती संगीता सिंह मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा सहित अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 20 वरिष्ठजनों एवं सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 600 वृद्धजनों को कम्बल एवं दैनिक उपयोग हेतु किट, 11 वृद्धजनों को श्रवण यंत्र, 25 छड़ी प्रदान की गई। इसी प्रकार खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 20 वृद्धजनों को पुरस्कृत किया गया। विधायक श्री सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धजनों का सम्मान करना पुण्य का काम है। बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। जिस घर में बुजुर्ग माता पिता है उनका चेहरा देखकर निकलने से ही वास्तु दोष समाप्त हो जाता है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष.अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। जिन घरों में बुजुर्गों की कद्र नहीं होती वहां संस्कारों का अभाव रहता है। वहीं जहां बुजुर्गों को सम्मान दिया जाता है वह घर उन्नति के रास्ते पर चलता है। हम सभी को बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। इसकी शुरुआत हर व्यक्ति को अपने आस.पास के मौजूद लोगों से करनी चाहिए। लोगों को यह ध्यान रखना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्तियों को बु ?ापा का सामना करना होता है। इसलिए हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि हम जैसा व्यवहार कर रहे हैंए वैसा ही लोगों से अपने लिए उम्मीद करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में वृद्धों को अत्यंत उच्च एवं आदर्श स्थान प्राप्त है। लेकिन विडंबना है कि आज पूरे परिवार को बरगद की तरह छांव फैलाने वाला व्यक्ति को वृद्धाश्रम में असहाय रहना >> शेष पृष्ठ 9 पर >



वृद्धजन दिवस पर डा. भीमराव अंबेडकर भवन में विविध आयोजन

## जल ही जीवन का आधार है : कलेक्टर नम्रता गांधी

**धमतरी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत त्योहारों की भूमि है। हमारी संस्कृति ने सामुदायिक भावों के माध्यम से प्रकृति का उत्सव मनाया है और उसका सम्मान किया है। चाहे वह उत्तर में लोहड़ी हो, पूर्व में बिहू हो, दक्षिण में ओणम हो, पश्चिम में मकर संक्रांति हो या भारत के हृदयस्थल छत्तीसगढ़ में छेरछेरा हो। इनसे प्रेरणा लेते हुए जल जागर महोत्सव (जल महोत्सव) का विचार अंकुरित हुआ, जो इस जीवन दायिनि जल रुपी शक्ति और 'वर्षा जहाँ भी गिरे, जब भी गिरे, उसे संरक्षित' करने की तत्काल आवश्यकता को पुष्ट करता है।

यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) संख्या 6 और 13 के अनुरूप, जो जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के लिए सामुदायिक भागीदारी पर जोर देता है। एसडीजी लक्ष्यों के प्रति राष्ट्र की प्रतिवद्धता के लिए, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने विश्व जल दिवस 2021 पर जल शक्ति अभियान की शुरुआत की। वर्तमान में यह मिशन अपने तीसरे चरण में है, जिसका विषय है, 'नारी शक्ति से जल शक्ति'। इसका उद्देश्य वर्षा जल के दुरूपयोग को कम करना, जल का पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण करके धरती माता को फिर से जल रुपी शक्ति प्रदान करना है।



जल जगार महोत्सव

इस अभियान के अंतर्गत, केंद्रीय भूजल बोर्ड के मानदंडों का औद्योगिक अनुपालन, शहरी जल निकासी की वैज्ञानिक योजना और वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर को रिचार्ज करने और ओवरड्राफ्ट की जाँच के लिए गहन प्रयास किए गए हैं। कृषि फसल विविधीकरण, वन क्षेत्रों में रिज से वैली नदी बेसिन क्षेत्र उपचार, घरेलू स्तर पर स्वच्छ पेयजल की पहुँच में सुधार और अमृत सरोवर के निर्माण के माध्यम से आजीविका सृजन के लिए केंद्रित प्रयास किए गए। इन संरचनात्मक कदमों के साथ मनोवृत्तिगत सतर्कता को संरेखित करने के लिए इन सामूहिक संसाधनों के प्रति सामुदायिक जिम्मेदारी को निर्वहन करने के लिए फरवरी 2024 में जल जगार का शुभारंभ किया गया। जल जगार महोत्सव प्रभावी रूप से पर्याप्त वृष्टि के बाद और अगली गर्मी शुरू होने से पहले 'वाटर कॉमन्स' की अवधारणा को सुदृढ़ करने का प्रयास है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के जल संसाधनों की बेहतरी के लिए समुदायों को जल शक्ति अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया है। इस महत्वपूर्ण प्रयास में, हमें राष्ट्रीय जल मिशन, भारत सरकार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## बुजुर्गों का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

**बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग द्वारा आज नगर भवन में बुजुर्गो का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न विकासखंड से आएं 155 बुजुर्गो का सम्मान फूल, श्रीफल एवं साल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी उपस्थित रहे। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी वृद्धजनों से मिलकर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई देते हुए उनके हाल चाल का जायजा लिया।



150 से अधिक वृद्धजन हुए शामिल

उक्त कार्यक्रम में सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति अभियान एवं पारिवारिक विवाद के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर 34 किसानों को खरीफ वर्ष का बीमा पालिसी प्रदान किया गया है। इस मौके पर उप संचालक कृषि दिलीप नायक, सखी वह स्टॉप >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद** 1 अक्टूबर (देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से नियमों को शिथिल करते हुए जिले के जरूरतमंद हितग्राही के लिए राशि स्वीकृत किए है। इनमें महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम आमाकोनी, खम्हरिया के थान सिंह दीवान के लिए राशि स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए संबंधित हितग्राही को अपना मतदाता फोटो परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं की दो फोटो एवं अन्य दस्तावेज के साथ संबंधित क्षेत्र के तहसील कार्यालय में तहसीलदार के पास जमा करना होगा। ताकि स्वीकृत राशि का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किया जा सके।



# पोषण माह के अंतिम दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में की गई साफ-सफाई,हितग्राहियों के घर जाकर तैयार किया गया पोषण वाटिका

**महासमुंद** 1 अक्टूबर (देशबंधु)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पिछले एक महीने से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाए जा रहे पोषण माह का समापन स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता और सफाई के महत्व को भी बताया गया। हितग्राहियों के घरों में जाकर पोषण वाटिका तैयार किया गया। साथ ही भारत सरकार द्वारा सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर यहां वेबिनार के माध्यम से कार्यक्रम का श्रवण किया गया। आज शहरी परियोजना अंतर्गत पंचशील वार्ड में सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वच्छता ही सेवा, जागरूकता, पोषण और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर पोषण माह में किए गए गतिविधियों का पुनः वाचन कर उसके उद्देश्यों को स्मरण किया गया। इस दौरान पार्षद मनीष शर्मा, यूनानी, डॉ असफाक अहमद, पर्यवेक्षक शीला प्रधान, कुंती यादव, रीतु सिन्हा, कीर्ति परोहा, राजेश्वरी निषाद,



दुलारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे मौजूद थी। सफाई कार्यक्रम के पश्चात पार्षद मनीष शर्मा ने राष्ट्रीय पोषण माह द्वारा संचालित गतिविधियों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए गए अभियान की सराहना की गई। तत्पश्चात स्थानीय सुशील सैम्युअल वार्ड में हितग्राहियों के घर जाकर पोषण वाटिका तैयार करने की विधि बताई गई और भाजी व अन्य सब्जियों के बीज रोपण कर पोषण वाटिका तैयार किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की शहरी परियोजना की परियोजना अधिकारी श्रीमती शैल नाविक एवं पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने पोषण वाटिका के महत्व को बताया। उन्होंने माह भर संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि पोषण माह मुख्य रूप से महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार पर केंद्रित था। पोषण माह में स्थानीय प्रशासन और सरकारी एजेंसियों के साथ.साथ सामाजिक संगठनों ने भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए विभिन्न जागरूकता अभियान, पोषण पखवाड़े और पोषण थाली जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरानए कुपोषण को कम करने, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने और पोषक आहार के महत्व पर बल दिया गया। पोषण माह के दौरान, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में पोषण संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों पर जोर दिया गया, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ जीवन की नींव प्रदान की जा सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व सेक्टर अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं, सहायिका तथा जनसमुदाय से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है।

# हम सबकी दुलारी, बहुत न्यारी है हिंदी: अनुसुइया

**महासमुंद** 1 अक्टूबर (देशबंधु)। हिंदी कभी प्रयोगकर्ता के समक्ष भ्रम या संकट उत्पन्न नहीं करती,उक्त उद्गार राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना एवं पूना कॉलेज आफआर्ट्स साइंस एंड कोमर्स, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव के अवसर पर प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल डी लिट् प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य



स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद व्यक्त कर रही थी। इस समारोह के साथ ही 'भारतीय भाषाओं की एकता और देवनागरी लिपिरू शक्ति और संभावनाएं' विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं स्व. डॉ शहाबुद्दीन शेख नियाज़ सर की पुण्य स्मृति पर 'हिंदी सेवी सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। डॉ अनुसुइया ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है अपितु हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे जैसा बोला जाता है वैसा ही लिखा जाता है। हिंदी कभी प्रयोगकर्ता के समक्ष भ्रम या संकट उत्पन्न नहीं करती। यहां अंग्रेजी की तरह का उच्चारण पुट और ठनज का उच्चारण बट नहीं होता। यही कारण है कि हिंदी विश्व स्तर पर अत्यंत लोकप्रिय भाषा है और इसे दुनियां भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध शिक्षाविद् स्व. डॉ शहाबुद्दीन नियाज़ मोहम्मद शेख की स्मृति में घोषित 'हिंदी सेवी सम्मान' के लिए प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल डी लिट् के नाम का चयन किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं राशि रुपए 5000 नकद से सम्मानित किया गया।

# भाजपा किसानों की असली हितैषी: अलका चंद्राकर

**बागबाहरा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंहदेव एवं सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के बागबाहरा प्रवास पर मुनगासेर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खोलने एवं किसान आंदोलन के बारे में चर्चा किया गया। जिस पर उन्होंने तत्काल मुख्यमंत्री ,सहकारिता मंत्री, कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर से चर्चा कर तत्काल बैंक खोले जाने की बात कही है।जिस पर तीव्र गति से कार्रवाई करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर द्वारा पत्र के माध्यम से बताया गया कि मुनगासेर में भवन तय किया जा चुका है। नेटवर्क कनेक्टिविटी का ऑर्डर भी बैंक द्वारा दिया जा चुका है। जिसके लिए कम से कम 45 दिन का समय लगता है। इस वर्ष धान खरीदी के राशि का भुगतान मुनगासेर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा से प्रारंभ किया जाएगा । श्रीमती अलका चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला



मोर्चा ने किसान भाइयों की चिंता कर समाधान हेतु यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया है । अलका ने कहा कि भाजपा ही असली किसान हितैषी है । किसान भाइयों से कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु के सुशासन में गांव ,गरीब ,किसान ,महिला एवं युवा वर्गों की चिंता भाजपा ही करती है। छत्तीसगढ़ को भाजपा ने ही बनाया है, और उसे हम ही सवारेंगे। आज महिला बहनों को मातृ वंदना के तहत ?1000 की पहले सप्ताह में भुगतान से महिला बहने बहुत खुश है। किसान भाइयों को भी उनके परिश्रम का उचित मूल्य भाजपा की सरकार में मिल रहा है।

# ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से करना होगा पालन

**बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जारी आदेश का पालन सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से शब्दशः और मूल भावना में करने के निर्देश आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा दिए गए हैं। न्यायलय ने आदेशित किया है कि अधिकारी ध्वनि प्रदूषण के मामले में सकारात्मक कार्यवाही करें। गाड़ियों पर साउंड बॉक्स रखकर डीजे बजाने पर वाहन में साउंड बॉक्स मिलने पर साउंड बॉक्स जब्त कर वाहन का रिकार्ड रखा जाएगा। जब्त साउंड बॉक्स को मजिस्ट्रेट( कलेक्टर) के आदेश के बाद ही छोड़ा जाएगा। द्वितीय बार पकडे जाने पर उस वाहन का परमिट निरस्त किया जाएगा तथा उच्च न्यायलय के आदेश के बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा। नियमों के उल्लंघन करते पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी पर अवमानना कार्यवाही होगी।

उच्च न्यायलय ने कहा है कि जब भी शादियां, जन्मदिन, धार्मिक-सामजिक कार्यक्रम में निर्धारित मापदंडो से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर अधिकारी उस स्थान पर जाकर लोगों की भावनाओ का कद्र करते हुए नम्रतापूर्वक उन्हें उच्च न्यायलय के आदेश का पालन करने कहें, अगर आयोजक विरोध करता है तो उसके विरुद्ध उच्च न्यायलय के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना का प्रकरण उच्च न्यायलय में दायर करें। अगर ध्वनि प्रदूषण यन्त्र टेंट हाउस, साउंड सिस्टम प्रदायकर्ता या डीजे वाले का पाया जाता है तो उसे सीधे जब्त किया जाए। प्रेशर हार्न या मल्टी टोन हार्न लगाने पर- वाहनों में प्रेशर हार्न अथवा मल्टी टोन हार्न पाया जाता है तो अधिकारी तत्काल ही वाहन से निकाल कर नष्ट करेंगे तथा रजिस्टर में दर्ज करेंगे। दोबारा हार्न लगाने पर वाहन जब्त कर उच्च न्यायलय के आदेश के बिना वाहन को नहीं छोड़ा जाएगा। 100 मीटर के दायरे में लाउड स्पीकर बजाने पर- स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट, कार्यालय से 100 मीटर एरियल डिस्टेंस पर लाउड स्पीकर बजने पर प्राधिकृत अधिकारी को ध्वनि प्रदूषण यन्त्र को जब्त करना होगा। बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति के प्रदूषण यन्त्रों को वापस नहीं किया जाएगा। दोबारा गलती करने पर जब्त किये गए प्रदूषण यन्त्रों को उच्च न्यायलय के आदेश के बिना वापस नहीं होगा।

# सम्मानित हुई प्रधान पाठक




**महासमुंद** 1 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के तत्वावधान एवं विधायक राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में तीज मिलन एवं सृजक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला मोरधा संकुल शेर के प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा साहू गजपाल सृजक सम्मान से सम्मानित किया गया।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद** 1 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 02 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार.चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें विकासखंड बागबाहरा के ग्राम तेन्दूकोना के मृतक श्याम लाल निषाद का पानी में डूबने से मृत्यु होने पर एवं चोरभट्टी की मृतिका श्रीमती लच्छीनबाई ध्रुव की मृत्यु गाज गिरने से होने पर उनके निकटतम वारिसानों के लिए चार.चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# तरपोंगी में प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न





**सिमगा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का बहुप्रतीक्षित चुनाव 20 अक्तूबर को होने वाली है। उक्त चुनाव की प्रतीक्षा केवल मनवा कुर्मी समाज ही नही अपितु अन्य समाज के साथ छत्तीसगढ़ के राजनीति से जुड़े हर प्रतिनिधि कर रहे है।छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय निर्वाचन प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा ने सविस्तार जानकारी दिया कि सभी दसों राज में दस सदस्यीय राज निर्वाचन समिति का गठन किया गया है और उसमें से एक को राज सहायक निर्वाचन प्रभारी बनाया गया है।सभी सदस्यों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण विगत दिवस केंद्रीय निर्वाचन कार्यालय स्वर्गीय अनंत राम बरछिहा बहुद्देशीय भवन के सभागार में दिया गया।सबकी उपस्थिति उक्त चुनाव के महत्त्वता को दर्शाती है।सर्वप्रथम ऋषि कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को चुनाव के संदर्भ में संबोधित किया।सहायक निर्वाचन प्रभारी चोवा राम वर्मा ने बारीकी से चुनाव प्रशिक्षण प्रत्येक बिंदु पर दिया।क्या क्या दिक्कतें आ सकती है और उनका निदान किस प्रकार किया जा सकता है ?क्या सावधानियां बरतने की आवश्यकता होगी आदि विषयों पर बात रखा गया।ऋषि कुमार वर्मा ने आवश्यक प्रपत्रों को किस प्रकार भरा जाएगा,उनका संग्रहण किस प्रकार की जाएगी,सारणीयन की क्या प्रक्रिया होगी,अंतिम गोशवारा किस प्रकार बनाया जायेगा जैसे महत्वपूर्ण बिंदु को समझाया गया।उल्लेखनीय है की सैकड़ों स्वजातीय समाज में आजीवन सदस्यता ग्रहण किए हुए हैं वह किस प्रकार से मत डाल सकते हैं,उनका मतदाता पंजी में किस प्रकार संधारण किया जायेगा के विषय पर समिति के सदस्य नरेंद्र वर्मा ने स्पष्ट किया।मतपत्र दूरस्थ अंचल जैसे दंतेवाड़ा,बैलाडीला,कोरबा आदि क्षेत्रों में कैसे पहुंचेगी,वहां से प्रपत्र कैसे संग्रहित होगी इस पर संतोष आडील ने प्रकाश डाला।उक्त प्रशिक्षण में कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर के के नायक के साथ वर्तमान राजप्रधान चिंता राम वर्मा,हरिराम वर्मा,युगल किशोर आडील,पूर्व राजप्रधान श्रीमती दुलारी वर्मा,धर्मेंद्र सरसीहा ,समिति के सदस्य गण अवध राम वर्मा,ललित बिजौरा,श्रीमती रेखा वर्मा,दिनेश आडील,डॉक्टर ए पी नायक की विशेष उपस्थिति रही।प्रशिक्षण प्रारंभ के पूर्व सबको केंद्रीय निर्वाचन समिति की ओर से आईडी कार्ड दिया गया।जिसका सभी ने स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था पहिली बार किया गया है।चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई संदेह या भ्रम की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए बकायदा 15 मिनट का समय प्रश्नकाल का रखा गया।सभी प्रशिक्षण संतुष्ट हुए बिना नहीं रहा।दूसरे चरण का प्रशिक्षण प्रत्येक राज में नियत दिनांक को होगा और यह प्रशिक्षण राज निर्वाचन समिति के सदस्य मतदान दल के पीठासीन सहित अधिकारी क्रमांक 1, 2व 3 को देंगे।अधिकारी क्रमांक 1 मतदाता सूची के चिन्हित प्रति के प्रभारी होंगे,अधिकारी क्रमांक 2 मतदाता पंजी के प्रभारी होंगे जो मतदाता के नाम,सूची में क्रमांक एवम हस्ताक्षर लेंगे,अधिकारी क्रमांक 3 मतपत्र का प्रभारी होंगे तो राजप्रधान एवम केंद्रीय अध्यक्ष के मतपत्र मतदाता को जारी करेंगे।राजप्रधान का मतपत्र सफेद एवम केंद्रीय अध्यक्ष का मतपत्र हल्का नीला रंग का होगा।बूथ प्रभारी(ग्रामप्रमुख),पीठासीन मतपेटी के प्रभारी होंगे जो सतत निगरानी करेंगे कि मतदाता मतपत्र को मतदान पेटी में डाले हैं कि नहीं।अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतपेटी को शील किया जायेगा।केंद्रीय निर्वाचन प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा द्वारा पूरे चुनाव प्रक्रिया को अत्यंत सहज एवम सरलीकरण किया है वहीं अचार संहिता के उलंघन किए जाने पर सामाजिक विधान के अनुसार त्वरित कार्यवाही करने की बात कही है।राज सहायक निर्वाचन प्रभारी नेतू वर्मा,शिवकुमार वर्मा, मंत राम वर्मा,रूपेंद्र कुमार परगनिहा,गणेशराम वर्मा,कामता वर्मा,तुकाराम वर्मा,प्रदीप बघमार, रमा शंकर वर्मा,केदार कश्यप अपने पूरे टीम के साथ उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।उक्ताशय की जानकारी चंद्रशेखर वर्मा मीडिया प्रभारी ने दिया है।

# ओमप्रकाश साव छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न एवं आदर्श शिक्षक से हुए सम्मानित



**सरायपाली,** 1 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान 2024 का आयोजन सरायपाली में रखा गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न अंचलों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया, छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान 2024 में सरायपाली से ओमप्रकाश साव, शिक्षक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी, संकुल सिंघोड़ा, वि.खं. सरायपाली को छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न से सम्मानित किया गया।

शिक्षक ओमप्रकाश साव द्वारा नवाचारी शिक्षण से शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी में एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में अब तक सर्वाधिक 70 छात्रों का चयन एवं इंस्पायर अवार्ड मानक में 9 छात्रों का चयन हो चुका है। विगत कुछ दिन पूर्व ही शिक्षक ओमप्रकाश साव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्वर्गीय डॉक्टर पद्मा डड़सेना आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह 2024 में च्आदर्श शिक्षकज्ज के रूप में सम्मानित किया जा चुका है।

## स्टेनोटाइपिस्ट एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती परीक्षा का मॉडल आंसर जारी

**गरियाबंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा राजस्व विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत 29 सितम्बर को आयोजित स्टेनोटाइपिस्ट एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी कर दिया गया है। मॉडल उत्तर जिला गरियाबंद की आधिकारिक वेबसाईट में प्रदर्शित किया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा-आपत्ति 03 अक्टूबर 2024 दोपहर 12 बजे तक जिला कार्यालय गरियाबंद के कक्ष क्रमांक 05 में स्वयं उपस्थित होकर अथवा ई-मेल आई.डी. के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई माध्यम स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। आपत्तिकर्ता को अपने दावा आपत्ति के प्रमाण के रूप में मान्य संदर्भ पुस्तक का नाम, प्रकाशन दिनांक, लेखक का नाम तथा पृष्ठ क्रमांक अंकित करते हुए उल्लेखित पृष्ठ की प्रति संलग्न करनी होगी। सक्षम प्रमाण के बिना की गई दावा-आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। प्राप्त दावा-आपत्ति के परीक्षण पश्चात् चयन समिति द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा।

# सीनापाली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं और शिकायते

**गरियाबंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली मे जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों के समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 520 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने स्वयं शिविर में शामिल होकर ग्रामीणों की समस्या और शिकायते सुनी। उन्होंने शिविर में। मौजुद सभी अधिकारियों से ग्रामीणों के आवेदनों पर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा ग्रामीण स्तर में लोगों की समस्याओं को सुनने और उसके समाधान के जिला प्रशासन खुद चल कर आपके पास पहुंचा हैं। आप अपनी हर छोटी बड़ी समस्याओं को रख सकते है। प्रशासन आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से स्टाल में पहुंच शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने की अपील की।

इस दौरान शिविर में हितग्राहियों को विभागीय योजना के तहत सामग्री वितरण कर मौके पर ही लाभान्वित किया। कलेक्टर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 2 बच्चों को अन्नप्राशन करवाया, साथ ही 6 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रश्म के तहत पोषण आहार किट भी प्रदान किया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा 3 किसानों को



पावर स्प्रेयर, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं 7 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 4 मछली पालक किसानों को मछली जाल, 03 आईस बॉक्स, राजस्व विभाग द्वारा 8 ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 हितग्राही को श्रवण यंत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में मौजूद लोगों को भी दी।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अपने घर सहित आसपास जगहों को भी स्वच्छ रखे। गांवों में कचरा कलेक्शन के लिए भी ई-रिक्शा भी दिया जा रहा है। जिससे कचरों का व्यवस्थित तरीके से निष्पादन होगा। उन्होंने स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर ने शिविर में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क बीपी, शुगर सहित स्वास्थ्य संबंधी अन्य प्रकार की जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहने एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क ईलाज प्राप्त करने का भी संदेश दिया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनमति यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नेहा सिंघल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री तुलसीदास मरकाम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गरियाबंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगण एवं समस्त तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। तालुका विधिक सेवा समिति, गरियाबंद के अध्यक्ष श्री यशवंत वासनीकर के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के परिसर, न्यायालय कक्षों एवं अनुभागों की साफ-सफाई कराई गई एवं साथ ही समस्त कर्मचारियों को अपने-अपने न्यायालयों एवं अनुभागो को प्रतिदिन साफ एवं स्वच्छ रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगणों, न्यायिक कर्मचारियों एवं नगरपालिका गरियाबंद के सफाई कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# वनांचल के 337 परिवारों की दशा बदलने में मददगार बना संदर्भ केंद्र

## कोकून संग्रहित कर 12 लाख रूपये से अधिक आय अर्जित किया




**धमतरी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। वनांचल क्षेत्र के 337 परिवारों की दशा बदलने एवं उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में 7 गांवों के ग्रामीणों के लिए संदर्भ केन्द्र मददगार बन गया है। इन सात गांवों के ग्रामीणों ने जंगलों को आग से बचाकर पर्यावरण संरक्षित करने और कोकुन उत्पादन में अपनी सहभागिता निभाई। ग्राम मटियाबाहरा को वर्ष 2021 में 1129.659 हेक्टेयर जंगल का सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त हुआ। अधिकार मिलने के बाद सदस्यों ने इसे आजीविका के रूप में विकसित करने पर विचार किया। जिसमें नियम बनाया गया कि प्रतिमाह अनिवार्य रूप से ग्रामसभा आयोजित बैठक में 50 प्रतिशत से अधिक सदस्या उपस्थित होंगे तथा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के 11 सदस्य होंगे। इसी में से अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव नियुक्त किया गया। इसका पाक्षिक बैठक आयोजित करने पर विचार किया गया। ग्राम सभा सदस्यों द्वारा 15 खंडों में 5 साल तक नियम पालन करने और पांच साल पूरा होने के बाद चराई क्षेत्र, जलावन क्षेत्र, संरक्षित क्षेत्र में बदलाव करने का नियम बनाया गया, जिससे जंगल में चारों ओर घनत्व बना रहेगा, जो कम्पार्टमेंट 339, 340, 341 और 345 के अंतर्गत आता है।

ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा हर दिन चार लोग जंगल में अवैध कटाई, अवैध शिकार और आग से बचाने के बारी-बारी से श्रमदान की जरिए रखवाली करने जाते हैं। अब तक यह रख-रखाव प्रक्रिया चल रही है, जिसे स्थानीय भाषा में लोग ठेंगापाली का नाम दिया है। इसके चलते ग्राम भैसामुड़ा, खुदुरपानी, चंदनबाहरा, चारगांव में ठेंगापाली प्रक्रिया चाल रही है और इस साल जंगल में कोकुन का पैदावार खूब बढ़ा है। बता दें कि इस जंगल इससे पहले कभी कोकुन पैदावार नहीं होता था।

**जंगलों को आग से बचाकर किया पर्यावरण संरक्षण**

आग से बचाव के चलते कोकुन का पैदावार बढ़ा, जो ग्रामसभा सदस्यों ने कभी सोचा नहीं था। वनांचल के 7 गांव मटियाबाहरा, भैसामुड़ा, खुदुरपानी, नयापारा चारगांव, पुरानी बस्ती चारगांव, चंदनबाहरा और तुमबाहरा के 337 परिवार को 5 रूपये प्रति कोकुन की दर से 12 लाख 15 हजार 700 रूपये का फायदा हुआ। इसके साथ ही प्रत्येक खंड को जीपीएस से क्षेत्रफल निकाला गया और प्रति हेक्टेयर में एक ग्रीन प्वाईंट तैयार कर सभी खंडों के जंगल के पेड़-पौधों का गणना किया गया। इसमें प्रति हेक्टेयर कितने पेड़ हैं और कितने प्रतिशत कौन-कौन प्रजाति के पेड़ हैं, इन सभी जानकारियों को ग्राम सभा में प्रदर्शित किया गया। इसके बाद ग्राम सभा द्वारा इस भवन को संदर्भ केन्द्र का नाम रखा गया। इस संदर्भ केन्द्र में गांव और जंगल की जानकारी उपलब्ध है।

प्रदेश का पहला प्रयोग धमतरी जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड के वन संसाधन अधिकार वाले गांव मटियाबाहरा में जेएफएमसी (संयुक्त वन प्रबंधन समिति) और मनरेगा की राशि से स्टॉप डेम बनाया गया है। इससे उक्त गांवों के 76 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो रही है। साथ ही जल का संरक्षण में भी अहम् भूमिका निभा रहा है। इस स्टॉप डेम के बन जाने से ग्रामीणों वर्षो पुरानी मांग पूरी हो गयी है। वही किसानो, ग्रामीणों को सिचाई और निस्तारी की भी सुविधा मिल रही है। संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य भानुराम नेताम और सचिव श्री राधेश्याम नेताम के आग्रल पर मटियाबाहरा में 25 साल पुराना बांध का जीर्णोद्धार कर उस पर स्टॉप डेम बनाया गया, जिससे यहां के 40 किसानों के 90 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिल रही है। बांध निर्माण के लिये समिति द्वारा 9 लाख 56 हजार रूपये की राशि और मनरेगा से 2 लाख 76 हजार रूपये, कुल 12 लाख 32 हजार रूपये की लागत से उक्त स्टॉप डेम का निर्माण किया गया।

गौरतलब है कि आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को जल एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जगार महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जल सभा, वाटर ओलंपिक, जल अभिषेक, हाफ मैराथन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आसमान से कहानी इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित ग्रामीण सड़कों का शिवरतन शर्मा के प्रयासों से होगा कायाकल्प



**भाटापारा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण (डामरीकरण कार्य) एवं मरम्मत कराये जाने के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयासों से राज्य सरकार द्वारा चार ग्रामीण क्षेत्रो के लिए 109.483 लाख की मिली स्वीकृति। जिसके तहत खराब हो चुकी पुरानी सड़कों का नवीनीकरण (डामरीकरण) कार्य कराया जायेगा। उक्त स्वकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व पंचायत मंत्री विजय शर्मा के प्रति शिवरतन शर्मा ने आभार व्यक्त किया.।

**109.483 लाख की राशि की मिली सौगात**

विदित है कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से भाटापारा विधानसभा में शिवरतन शर्मा के प्रयासों द्वारा लगातार करोड़ो के विकास कार्यो की सौगात क्षेत्र वासियों को मिल रही है..इसी कड़ी में भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम सेमरिया से मुख्यमार्ग तक 0.78 किलोमीटर के लिए 12.49 लाख, सूरजपुरा से मुख्यमार्ग 0.52 किलोमीटर के लिए 15.733 लाख, बोरसी से पाटन 1.80 किलोमीटर के लिए 37.45 लाख एवं सुमा से तरेंगा 2.70 किलोमीटर के लिए 43.77 लाख की राशि राज्य सरकार द्वारा शिवरतन शर्मा के प्रयासों से प्राप्त कर ली गई है, जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर लिया जायेगा। उक्त स्वीकृत पर चर्चा करते हुए शिवरतन शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र का विकास करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है जिसके लिए डबल इंजन की हमारी सरकार भिन्न-भिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि वर्ष 2000 में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को आरंभ किया था। इस योजना के माध्यम से भारत के प्रत्येक गांव में पक्की सड़क बनवाई जाती है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को शहरी क्षेत्र की सड़कों से जोड़ना है। जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे नागरिकों को शहरों में जाने में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। शिवरतन शर्मा ने आगे बताया कि भाटापारा विधानसभा की सभी सड़को को मुख्यमार्गों से पूर्व में ही जोड़ा जा चुका है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में दिक्कतो का सामना नही करना पड़ता। उक्त स्वीकृति के लिए पार्टी पदाधिकारियों सहित ग्रामीण अंचल के लोगो द्वारा उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# भाटापारा में संगीतावादकों की हुई बैठक, लिए गए अहम निर्णय



**भाटापारा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के स्थानीय वादन कलाकारों के द्वारा आज दिनांक 29 सितंबर को दिन रविवार को जनक नंदिनी धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वादन कलाकारों को हो रही समस्याओ में चर्चा किया गया और उनका निराकरण के लिए कुछ विशेष पहलू पर चर्चा एवं निर्णय लिया गया। इसमें भाटापारा के सभी वादन कलाकार सम्मिलित हुए एवं सभी की सहमति प्राप्त हुई। यह बैठक प्रतिमाह रखा जाएगा7 जिसमें कलाकारों को हो रही परेशानियों के ऊपर चर्चा किया जाएगा एवं समाधान निकाला जाएगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में चली पूरक पोषण आहार कार्यक्रम का समापन

**कटगी/बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय कसडोल के अन्तर्गत आने वाली सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार कार्यक्रम इस वर्ष एक माह चलाया गया, जिसकी आज अमोदी केंद्र में समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी राजेश छिरसागर ने माताओं और बच्चो के स्वास्थ्य स्वच्छता, उम्र के अनुपात वजन को कैसे सही रखा जाय इन सब बातो को बताया और पूरक पोषण के संबंध में लेपटॉप से विडियो दिखाकर शिशुवती, गर्भवती, किशोरी बालिकाओं को जानकारी दिया। इन्होने बताया कि पूरक पोषण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चो, गर्भवती महिलाओ, स्तनपान कराने माताओं के स्वास्थ्य और पोषण स्थिति में सुधार लाना है। जिसमे 6 माह से 6 साल वर्ष आयु के बच्चो, और स्तनपान कराने वाली माताओं को मेन्यू के हिसाब से पूरक पोषण दिया जाना होता हैं।



पूरक पोषण आहार पखवाड़ा में महिलाओं और बच्चो को रेडी टू ईट की गुणवत्ता के बारे में बताया और सभी बच्चो को कुपोषण से बचाने के लिय रेडी टू ईट का सेवन करने के लिए कहा। साथ की कुपोषण से बच्चो को बचाने के लिए गर्भवती और शिशुवती माताओं को हरे सब्जी सब्जी खाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और स्वच्छता पर जोर देते हुए हाथ मुंह को साफधोने और घर और आसपास क्षेत्र को साफसुथरा रखने के लिए रखने को कहा। साथ ही उम्र के हिसाब से वजन और वजन के के बराबर हाइट नाप किया गया। इस कार्यक्रम में सुपवाइजर लक्ष्मी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती कैवर्त्य, प्रेम बाई साहू, सुनीता रात्रा नावापारा, ममता भारती धमलपुर शिशुवती गर्भवती और अन्य महिलाओं में गेंद बाई, मानबाई, दिनेश कुमारी, पुष्पा, सविता, उर्मिला, सरोजनी,सीमा, उर्मिला, नीलम किशोरी बालिका ऋतु दुर्गा, पूनम, रानी, तनुजा मितानिन सुरजा वैष्णव, शांता पैकरा उपस्थिति रहे।

# रामलीला में पंचमी 7 अक्टूबर को 'सत्यवादी राजा हरिशचंद्र' नाटक का होगा मंचन



**भाटापारा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के 105 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक भाटापारा की आदर्श रामलीला नाटक मंडली के मंच पर नवरात्र के पंचमी दिवस 7 अक्टुबर सोमवार को सत्यवादी राजा हरिशचंद्र उर्फ गुलशन का नाग संगीतमय नाटक की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। अत्यंत मार्मिक एवं दिल दहलाने वाली करूणा रस से भरी सत्यवादी राजा हरिशचंद्र की कथा का नाटकीय मंचन जिसमें राजा को अपने सत्यधर्म निभाने एवं अपने पुर्वजो की मर्यादा की रक्षा के लिए अपने परिवार सहित भरे बाजार में बिकने और एक राजा होकर समय की मार को झेलते हुए अपने धर्म का पालन करने तथा अपने पतिव्रत का पालन करते हुए राजा की रानी और अपने पुत्र धर्म को निभाने एवं अपने कुल की मर्यादा को मर्यादित रखने के लिए अपने पिता का साथ देते हुए अपने प्राणो की आहुति देने वाले पुत्र की बहुत की मार्मिक कथा का मंचन किया जाएगा जो निश्चित तौर पर दर्शको को भाव विभोर करते हुए आंखों में आँशु ले आएगा। ऐसी शानदार प्रस्तुति आदर्श रामलीला के वरिष्ठ एवं बाल कलाकारो के द्वारा नवरात्र की पंचमी पर रात्रि 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। नाटक मंचन में रामलीला के अनुभवी एवं वरिष्ठ कलाकार कोमल शर्मा के द्वारा राजा हरिशचंद्र की अदभुत प्रस्तुति रहेगी एवं रानी तारामती का किरदार आयुश तिवारी एवं पुत्र रोहित के रूप में शुभ केशरवानी, विश्वामित्र सागर जायसवाल तथा पंडित काव्यांश शर्मा, चांडाल लव शर्मा, जोहरा धरमपाल सोनी, अन्य किरदारो में आदित्य सोनी, मुकूल शर्मा एवं अन्य कलाकार नजर आएगें।

रामलीला संचालन समिति करेगी रामलीला और नाटको के मंचन की व्यवस्था

संरक्षक मंडल में सत्यनारायण जोशी, कैलाशचंद पुरोहित, शिवरतन शर्मा, संतोष अग्रवाल, बाल गोविंद तिवारी, देवेन्द्र गुप्ता,देवनारायण शर्मा, अनिल चांडक, बजरंग लाल चौरसिया, एवं समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जगदिश वैष्णव, सचिव कोमल शर्मा, हेमंत मल,धनजी जोशी, सूर्यकांत शुक्ला, मनोज गुप्ता, विनय ठाकुर, राहुल तिवारी, शिवनारायण गुप्ता, सिद्धांत जाधव द्वारा व्यवस्थित किया जाएगा।

# आईपीएल कंपनी की सॉलिड फफूंदनाशी पर लगाई जाए प्रतिबंध : मदनलाल साहू



**राजिम,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड की उत्पाद फफूंदनाशी दवाई सॉलिड के छिड़काव से किसानों का धान फसल जलकर नष्ट हो रहा है। ग्राम बेलटुकरी के किसानों दीनदयाल, यादव, राजकुमार साहू, तुलस राम साहू देवनाथ साहू, तेजराम साहू, हरिश्चन्द साहू, ग्राम सुरसाबांधा के किसान रोशन कुमार साहू ने चंद्रा एक कृषि केंद्र बेलटुकरी से आई पी एल कंपनी की फफूंदनाशक दवाई खरीदकर अपने धान फसल में छिड़काव किया था जो पांच दिन बाद झुलसने लगा इसकी जानकारी दवाई विक्रेता दुकानदार डेनिस कुमार साहू के माध्यम से कंपनी के एरिया मैनेजर को दी गई कंपनी द्वारा दूसरे खेत मे लगे धान फसल में प्रदर्शन के रूप में छिड़काव किया गया जो करीब एक सप्ताह में जलना शुरू हो गया। प्रदर्शन डलवाने के बाद कंपनी के लोग आना बंद कर दिए हैं जिससे नाराज होकर बेलटुकरी, सुरसाबांधा के किसानों ने कृषि विभाग में शिकायत किया है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए और बाकी किसानों को कोई नुकसान न हो इसकी जानकारी के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारतीय किसान यूनियन जिला गरियाबंद के संयोजक मदन लाल साहू ने कहा कि इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के सॉलिड 1 लीटर पैकिंग बैचै प्टड 240701 निर्माण तिथि 17 जुलाई 2024 अवसान तिथि 16 जुलाई 2026 पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्ध लगया जाए।

# पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से पार्षद गुनीराम साहू ने की मुलाकात



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर वर्तमान पार्षदों एवं अन्य दावेदारो की सक्रियता इन दिनो बढ गयी है। सभी लोग अपने अपने वार्डो में लोगों से मुलाकात करते हुए लोगों की आवश्यकताऐं एवं समस्याऐं सुनने लगे है। वहीं पार्षद तक पहुचंने के लिए अपने अपने नामो को लेकर अपने आकाओ तक भी मुलाकात एवं आशीर्वाद लेने से नही चुक रहे हैं। इसी कडी में कसडोल नगर पंचायत मे भी सभी राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गयी है।

**नगरीय निकाय चुनाव को लेकर लोगों में बढ़ी सक्रियता**

इसी क्रम में कसडोल विधानसभा के विकाश पुरुष पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर पहुंचकर कसडोल विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कसडोल के सक्रिय पार्षद, अध्यक्ष यूथ कलब समिति कसडोल एवं संरक्षक नगर साहू संघ कसडोल गुनीराम साहू, कसडोल मंडल से अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल महामंत्री एवं नगर पंचायत कसडोल के सक्रिय पार्षद विनोद कुमार बंजारे, जिला उपाध्यक्ष प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना एवं शक्ति केंद्र सह प्रभारी गोपाल प्रसाद साहू, यूथ क्लब कसडोल उपाध्यक्ष एवं भाजपा युवा कार्यकर्ता लोकनाथ साहू (पिंटू साहू) ने सौजन्य भेंट की। जहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से आगामी होने वाली चुनाव के संबध में विस्तृत चर्चा हुई एवं गौरीशंकर अग्रवाल से आशीर्वाद लिया।

# आध्यात्मिकता द्वारा ही स्वस्थ और सुखी जीवन : भगवान भाई

**भाटापारा/तिल्दा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीवन में सफलता के लिए परमात्मा शिव का प्रतिदिन ध्यान आवश्यक है7 आध्यात्मिकता द्वारा ही मनुष्य को तनाव मुक्त, व्यसनमुक्त, सकारात्मक जीवन शैली, संबंधों में मधुरता एवं राजयोग मेडिटेशन द्वारा चरित्र निर्माण विषय पर सशक्त किया जा रहा है 7 स्वस्थ एवं सुखी समाज का निर्माण और इसका एक ही रास्ता है आध्यात्मिक सशक्तिकरण. संस्था से जुड़े लाखों भाई बहनों का अनुभव है राजयोग मेडिटेशन द्वारा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है.7 उक्त उदगार ब्रह्माकुमारी के मुख्यालय माउंट आबू से पधारे हुए बी के भगवान भाई ने कहा स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र पर आध्यात्मिक ज्ञान और सकारात्मक चिंतन से स्वस्थ, सुखी जीवन विषय पर कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि जब कोई अध्यात्म के मार्ग पर जाता है, तो चिंता, भय, नशा के दुख से मुक्त हो जाता है जो हमें पीड़ित कर देते हैं। जाहिर है, यह हमें स्वस्थ, खुश और अधिक शांतिपूर्ण बनाता है। दुनिया में शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। दौड़ती भागती जिंदगी, स्पर्धा के चलते लोग अपना ध्यान नहीं रखते हैं और शरीर बीमारियों का शिकार हो जाता है। साथ ही मानसिक दबाव के चलते तनावग्रस्त हो जाते हैं।



भगवान भाई जी ने कहा कि इस वर्ष की थीम आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वस्थ एवं सुखी समाज को लिया गया है। इसके तहत लोगों को कार्यक्रमों के माध्यम से अध्यात्म का जीवन में महत्व, राजयोग मेडिटेशन, स्वस्थ एवं सुखी समाज बनाने में हमारी क्या भूमिका हो सकती है इस पर जोर दिया जाएगा। आध्यात्मिकता को अपनाने से ही समाज स्वस्थ और सुखी हो सकता है। उन्होंने भाई-बहनों से आह्वान किया कि राजयोगी जीवन में बहुत अनुशासन जरूरी है, तभी हमारी उन्नति होती है। हर चीज जब अनुशासन में चलती है तो हम दूसरों के लिए आदर्श बन जाते हैं। आदर्श जीवन से ही कोई प्रभावित होता है। इसलिए अपना जीवन आदर्श बनाएं।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच द्वारा विपरित परिस्थिति में हलचल से बाख सकते है निराशा में भी आशा की किरण दिखने लगती है। अपनी समस्या को समाप्त करने एवं सफल जीवन जीने के लिए विचारों को सकारात्मक बनाने की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समस्याओं का कारण ढूढने की बजाए निवारण ढूंढे उन्होंने कहा कि समस्या का चिंतन करने से तनाव की उत्पत्ति होती है।

पोहा मिल अध्यक्ष रंजित दावनी जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी द्वारा जो मेडिटेशन सिखाया जाता है वह तनाव मुक्ति का सहज उपाय है ने कहा कि किस प्रकार हम सकारात्मक सोच के तहत सकारात्मक ऊर्जा जन-जन को दे सकते हैं। जिससे एक खुशनुमा वातावरण तो बनता ही है साथ ही हम अपने सदाचरण, व्यवहार व सकारात्मक सोच रखे।

अम्बुज सीमेंट प्लेंट के मेनेजर अनिल गुप्ता जी ने कहा कि सकारात्मक या नकारात्मक तनाव के कारण का करने के लिए मेडिटेशन को अपनाए 7 सकारात्मक सोच का आधार जीवन में आध्यात्मिक चिंतन हो।

स्थानीय ब्रह्माकुमारी संस्था कि प्रभारी बी के मंजू बहन जी ने कहा की वर्तमान समय माहौल तनावपूर्ण होता है तो हमे तनाव से बचने का उपाय करना चाईए आध्यत्मिक चिंतन से हम तनाव से मुक्त बन अपना कर्तव्य भी निर्भयता से कर सकते है। कार्यक्रम कि शुरुवात दीप प्रज्वलन करके किया 7 बी के भगवान भाई जी का स्वागत उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओ ने, छ्ङ्क स्कुल के टीचर्स स्टाफ ने शाल, नारियल और गुलदस्ता देकर किया गया।

कार्यक्रम में बी के रामेश्वरी बहन जी, पूर्व छ्ह्व ओरियन्टल इन्सुरन्स कम्पनी के राजीव अग्रवाल, सत्यम शिवम् सुन्दरम राईस मिल के मालिक ग्यारसी अग्रवाल भी उपस्थित थे। अंत में मनोबल बढ़ाने और तनाव मुक्ति हेतु बी के भगवान भी ने राजयोग मेडिटेशन भी कराया।